

Chapter
# 18
# s एवं p-ब्लॉक के तत्व

## क्षारीय धातुएँ और इनके यौगिक
**(Alkali Metals and Their Compounds)**

आवर्त सारणी के समूह 1 में छह तत्व होते हैं, जिनके नाम लीथियम (*Li*), सोडियम (*Na*), पोटेशियम (*K*), रुबीडियम (*Rb*), सीजियम (*Cs*) एवं फ्रांसियम (*Fr*) हैं। ये सभी तत्व **प्रारुपी धातुएँ** (Typical metals) हैं। लम्बे समय तक जीवित रहने वाले समस्थानिक $^{223}Fr$ के साथ फ्रांसियम एक रेडियोधर्मी धातु है जिसका अर्द्धआयु काल केवल 21 मिनट है। इनको प्रायः क्षारीय धातुओं की तरह संदर्भित करते हैं चूँकि इनके हाइड्रॉक्साइड प्रबल क्षार बनाते हैं।

(1) **इलेक्ट्रॉनिक विन्यास**

| तत्व | खोज | इलेक्ट्रॉनिक विन्यास ($ns^1$) |
|---|---|---|
| $_3$Li | आर्फवेडसन (1817) | $[He]^2\, 2s^1$ |
| $_{11}$Na | डेवी (1807) | $[Ne]^{10}\, 3s^1$ |
| $_{19}$K | डेवी (1807) | $[Ar]^{18}\, 4s^1$ |
| $_{37}$Rb | बुनसन (1861) | $[Kr]^{36}\, 5s^1$ |
| $_{55}$Cs | बुनसन (1860) | $[Xe]^{54}\, 6s^1$ |
| $_{87}$Fr | पर्सी (1939) | $[Rn]^{86}\, 7s^1$ |

(2) **प्राप्ति :** क्षारीय धातुएँ बहुत सक्रिय होती हैं और संयुक्त अवस्था में पायी जाती हैं। क्षारीय धातुओं के महत्वपूर्ण अयस्क नीचे दिये हुए हैं,

(i) ***लीथियम*** : ट्राईफिलाइट, पेटेलाइट, लेपीडोलाइट, स्पोड्यूमीन [*LiAl*(*SiO*)], एमब्लीगोनाइट [*Li*(*Al F*)*PO*]

(ii) ***सोडियम*** : चिली सॉल्ट पीटर (*NaNO*), सोडियम क्लोराइड (*NaCl*), सोडियम सल्फेट (*NaSO*), बोरेक्स (*NaBO*10*HO*), ग्लोबर लवण (*Na SO*.10*HO*)

(iii) ***पोटेशियम*** : स्लाइम (*KCl*), कार्नेलाइट (*KCl.MgCl*.6*HO*) एवं फेल्सपार (*KO.AlO.6SiO*)

(iv) ***रुबीडियम*** : लीथियम अयस्क लेपीडोलाइट, ट्राईफिलाइट में 0.7 से 3% *RbO* उपस्थित होता है।

(v) ***सीजियम*** : लेपीडोलाइट, पोल्यूसाइट में 0.2 से 7% *CsO* उपस्थित होता है।

(3) **क्षारीय धातुओं का निष्कर्षण** (Extraction of alkali metals): क्षारीय धातुओं को निम्न कारणों से धातुओं के निष्कर्षण की सामान्य विधियों द्वारा निष्कर्षित नहीं किया जा सकता हैं,

(i) क्षारीय धातुएँ प्रबल अपचायक होती हैं, इस कारण से उनके ऑक्साइडों और अन्य यौगिकों के अपचयन द्वारा निष्कर्षित नहीं की जा सकती हैं।

(ii) प्रकृति में उच्च धनविद्युतीय होने के कारण यह सम्भव नहीं है कि इन्हें किसी अन्य तत्व द्वारा उनके लवण विलयन से विस्थापित किया जा सके।

(iii) इनके लवणों के जलीय विलयन विद्युतअपघटनी विधि द्वारा निष्कर्षण के लिये उपयोग में नहीं लाये जा सकते हैं क्योंकि क्षारीय धातु आयनों के विपरीत हाइड्रोजन आयन कैथोड पर विसर्जित हो जाता है जबकि क्षारीय धातुओं का विसर्जन विभव उच्च होता है। चूँकि कैथोड पर *Hg* का उपयोग करने पर क्षारीय धातु जमा हो सकती है। क्षारीय धातु *Hg* के साथ शीघ्रता से संयुक्त होकर एमलगम बनाती है जो कि इसकी पुनः प्राप्ति मुश्किल करती है। इनके गलित लवण का विद्युतअपघटन सामान्यतः क्लोराइड ही एक सफल विधि है। सामान्यतः दूसरे धातु क्लोराइड उनके गलन ताप को कम करने के लिये मिलाये जाते हैं।

गलित $NaCl : NaCl \xrightarrow{\text{गलन}} Na^+ + Cl^-$

गलित लवण का विद्युत अपघटन : एनोड $: 2Cl^- \rightarrow Cl_2 + 2e^-$

कैथोड $: 2Na^+ + 2e^- \rightarrow 2Na$

(4) **मिश्रधातु का निर्माण** (Alloy formation)

(i) क्षारीय धातुएँ अपने साथ-साथ दूसरी धातुओं के साथ भी मिश्रधातुओं का निर्माण करती हैं।

(ii) क्षारीय धातुएँ ऊष्मा के उत्सर्जन के साथ एमलगम बनाने के लिये मरकरी में भी घुल जाती हैं एवं अमलगमीकरण उच्च ऊष्माक्षेपी होता है।

## भौतिक गुण

### (1) भौतिक अवस्था

(i) सभी धातुएँ चांदी जैसी श्वेत, मृदु एवं हल्की ठोस हैं। ये चाकू की सहायता से काटी जा सकती हैं। जब ताजा काटी जाती हैं, तो ये उज्जवल होती हैं जो सतही ऑक्सीकरण के कारण तुरन्त मलिन पड़ जाती हैं।

(ii) ये प्रतिचुम्बकीय रंगहीन आयनों का निर्माण करती हैं चूँकि इन आयनों में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन उपस्थित नहीं होते हैं, (जैसे कि *M ns* विन्यास रखता है) इसी कारण क्षारीय धातुओं के लवण रंगहीन एवं प्रतिचुम्बकीय होते हैं।

### (2) परमाण्विक एवं आयनिक त्रिज्यायें

(i) समान आवर्त का अनुसरण करने वाली अन्य समूहों के क्रमिक तत्वों की अपेक्षा क्षारीय धातुओं की बड़ी आयनिक एवं परमाण्विक त्रिज्याऐं होती हैं।

(ii) क्षारीय धातुओं की परमाण्विक एवं आयनिक त्रिज्याऐं समूह में नीचे जाने पर नई ऊर्जा कोश के क्रमिक योग के कारण बढ़ती हैं।

इसमें कोई शंका नहीं है कि समूह में नीचे जाने पर नाभिकीय आवेश भी बढ़ता है, किन्तु ऊर्जा कोश के योग का प्रभाव अधिक प्रभावी होता है।

| | *Li* | *Na* | *K* | *Rb* | *Cs* | *Fr* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परमाण्विक त्रिज्याऐं (pm) | 152 | 186 | 227 | 248 | 265 | 375 |
| $M^+$ आयन की आयनिक त्रिज्या (pm) | 60 | 95 | 133 | 148 | 169 | – |

### (3) घनत्व

(i) सभी धातुएँ हल्की हैं, *Li*, *Na* एवं *K* का घनत्व जल से कम होता है। घनत्व का कम मान इसलिये होता है कि बड़े परमाण्विक आकार के कारण धातुओं का उच्च परमाण्विक आयतन होता है। समूह में नीचे जाने पर परमाण्विक आकार के साथ-साथ परमाण्विक भार भी बढ़ता है किन्तु परमाण्विक भार में वृद्धि परमाण्विक आकार या परमाण्विक आयतन की वृद्धि पर प्रभावी होती है एवं इसलिये भार/आयतन अनुपात अर्थात् घनत्व समूह में नीचे जाने पर धीरे-धीरे बढ़ता है।

(ii) *Li* से *Cs* तक घनत्व धीरे-धीरे बढ़ता है, *Li* सभी धातुओं में सबसे हल्की धातु है।

$20^\circ C$ पर $Li = 0.534$, $Na = 0.972$, $K = 0.86$, $Rb = 1.53$ एवं $Cs = 1.87\ g/ml$

(iii) अपने असामान्य बड़े परमाण्विक आकार के कारण *K, Na* से हल्की होती है।

(iv) ठोस अवस्था में ये अंतः केन्द्रीय घनीय जालक होते हैं।

### (4) गलनांक एवं क्वथनांक

(i) दूसरे समूह के सदस्यों की तुलना में इन सभी तत्वों का गलनांक एवं क्वथनांक कम होता है।

| | *Li* | *Na* | *K* | *Rb* | *Cs* | *Fr* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गलनांक (K) | 453.5 | 370.8 | 336.2 | 312.0 | 301.5 | – |
| क्वथनांक (K) | 1620 | 1154.4 | 1038.5 | 961.0 | 978.0 | – |

(ii) बड़े परमाण्विक आकार के कारण धात्विक क्रिस्टलीय जालक में इन परमाणुओं की जालक ऊर्जा कम होती है और इस प्रकार समूह में नीचे जाने पर गलनांक एवं क्वथनांक कम होते हैं। परमाण्विक आकार बढ़ता है और क्रिस्टलीय जालक में उनके परमाणुओं की बंधक ऊर्जा कम होती है जिसके परिणामस्वरुप गलनांक कम हो जाता है।

(iii) *Li* से *Cs* तक जालक ऊर्जा घटती है और इस प्रकार *Li* से *Cs* तक गलनांक और क्वथनांक भी घटते हैं।

### (5) आयनन ऊर्जा एवं धनविद्युतीय या धात्विक गुण

(i) *ns* उपकोश में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन के कारण एवं उनके बड़े आकार के कारण बाहरी इलेक्ट्रॉन नाभिक से दूर रहते हैं, इसीलिए इलेक्ट्रॉन का निष्कासन आसान होता है एवं ये आयनन ऊर्जा (*I.E.*) के मान को कम करते हैं।

(ii) इन धातुओं की आयनन ऊर्जा *Li* से *Cs* तक घटती है

| आयनन ऊर्जा | *Li* | *Na* | *K* | *Rb* | *Cs* | *Fr* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $IE_1$ | 520 | 495 | 418 | 403 | 376 | – |
| $IE_2$ | 7296 | 4563 | 3069 | 2650 | 2420 | – |

द्वितीय आयनन ऊर्जा में इतनी अधिक वृद्धि की व्याख्या निम्न प्रकार से कर सकते हैं,

$$Li : 1s^2 2s^1 \xrightarrow[\text{निष्कासन}]{\text{2S इलेक्ट्रॉन का}} Li^+ : 1s^2 \xrightarrow[\text{निष्कासन}]{\text{1S इलेक्ट्रॉन का}} Li^{2+} : 1s^1$$

*Li* एवं पूर्ण पूरित अभिविन्यास से *1s* इलेक्ट्रॉन के निष्कासन को अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है तथा इसीलिए द्वितीय आयनन ऊर्जा में इतनी अधिक वृद्धि होती है।

(iii) आयनन ऊर्जा का मान जितना कम होगा, उतनी ही अधिक उसकी प्रवृति *ns* इलेक्ट्रॉन को खोकर *M* आयन में परिवर्तन की होगी। (अर्थात् $M \rightarrow M + e$) और इस प्रकार धनविद्युतीय गुण प्रबलतम होता है।

(iv) *Li* से *Cs* तक धनविद्युतीय गुण बढ़ता है।

इनके प्रबल धनविद्युतीय गुण के कारण, ये इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित करते हैं और जब इन्हें प्रकाश में रखा जाता है तो ये **प्रकाश विद्युत प्रभाव** दर्शाते हैं। ये गुण प्रकाश विद्युतीय सेल में *Cs* और *K* के उपयोग के लिये उत्तरदायी होता है।

### (6) ऑक्सीकरण संख्या एवं संयोजकता

(i) आयनन ऊर्जा के कम मान के कारण क्षारीय धातुएँ प्रकृति में एकलसंयोजी होती हैं और आयनिक यौगिकों का निर्माण करती हैं। हालांकि लीथियम लवण सहसंयोजी हैं।

(ii) *M* आयन स्थायी नोबल गैस अभिविन्यास प्राप्त कर लेता है। *M* आयन के बाहरी कोश से आगे वाले कोश से एक अतिरिक्त (और अन्य) इलेक्ट्रॉन को बाहर निकालने के लिये इसे ऊर्जा की अत्यंत उच्च मात्रा की आवश्यकता होती है और इसलिये इनकी द्वितीय आयनन ऊर्जा का मान अत्यन्त उच्च होता है। इसी प्रकार सामान्य परिस्थितियों में इन धातुओं के लिये *M* आयन को निर्मित करना सम्भव नहीं है। और इस प्रकार वे +1 ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाते हैं।

(iii) चूँकि *M* आयन के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं होते हैं। इसी कारण क्षारीय धातु लवण प्रतिचुम्बकीय और रंगहीन होते हैं। केवल वही क्षारीय धातु लवण रंगीन होते हैं जिनमें रंगीन ऋणायन उपस्थित होते हैं। जैसे $K_2Cr_2O_7$ नारंगी है क्योंकि $Cr_2O_7^{2-}$ आयन नारंगी रंग का होता है, बैंगनी रंग के $MnO_4^{1-}$ आयन के कारण $KMnO_4$ बैंगनी है।

### (7) आयनों का जलयोजन

(i) जल में पदार्थों के वियोजन के लिये जलयोजन प्रदर्शित किया जाता है जिसमें जल के अणु दुर्बल संयोजी बलों द्वारा अधिशोषित होते हैं। आयनों का जलयोजन ऊष्माक्षेपी प्रक्रम है (जलयोजन के दौरान ऊर्जा निष्कासित होती है)। जब आयन वियोजित होते हैं तो जल, जलयोजित होता है।

(ii) जब आयन का 1 मोल गैसीय अवस्था में जल में जलयोजित होने के लिये घुलता है तो निष्कासित ऊर्जा को जलयोजन ऊर्जा कहते हैं।

$$M_{(g)}{}^+ + Aq \rightarrow M^+{}_{(aq)} ; \Delta H = -ve.$$

(iii) धनायन जितना छोटा होगा, जलयोजन की कोटी उतनी ही अधिक होगी। जलयोजन ऊर्जा का क्रम है,

$Li > Na > K > Rb > Cs$

(iv) *Li* आकार में छोटा होने के कारण इसकी जलयोजन की कोटि अधिक होती है और इसी कारण से लीथियम लवण अधिकतर जलयोजित होते हैं। विद्युतीय क्षेत्र के प्रभाव में $LiCl.\ 2H_2O$ तथा लीथियम आयन बहुत अधिक जलयोजित होकर बहुत धीरे चलायमान होते हैं और इसीलिए क्षारीय धातु आयन विद्युत धारा के कमजोर चालक हैं। इस प्रकार ये निष्कर्ष निकलता है कि जलयोजन की कोटि के साथ-साथ आयनों का आकार भी आयनों के द्वारा धारा प्रवाह के लिये उत्तरदायी होता है।

| | |
|---|---|
| आपेक्षिक आयनिक त्रिज्याएँ | $Cs^+ > Rb^+ > K^+ > Na^+ > Li^+$ |
| आपेक्षिक जलयोजित आयनिक त्रिज्याएँ | $Li^+ > Na^+ > K^+ > Rb^+ > Cs^+$ |
| आपेक्षिक चालक शक्ति | $Cs^+ > Rb^+ > K^+ > Na^+ > Li^+$ |

**(8) ऋणविद्युतता, धनविद्युतता एवं धात्विक गुण**

(i) ये धातुएँ उच्चतम धनविद्युतीय होती हैं और इस प्रकार ऋणविद्युतता का मान कम होता है। *Li* से *Cs* तक धात्विक गुण और धनविद्युतीय गुण बढ़ता है, ($Li < Na < K < Rb < Cs$)

(ii) क्षारीय धातुओं की ऋणविद्युतता समूह में नीचे जाने पर घटती है, पाउलिंग स्केल पर ऋणविद्युतता के सांख्यिक मान निम्नवत् हैं,

| | *Li* | *Na* | *K* | *Rb* | *Cs* | *Fr* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋणविद्युतता | 0.98 | 0.93 | 0.82 | 0.82 | 0.79 | – |

*Fr* रेडियोधर्मी तत्व है और इसीलिए इस तत्व के भौतिक गुणों का अध्ययन सीमित है।

(9) **विशिष्ट ऊष्मा :** यह *Li* से *Cs* की तरफ घटती है,

| | *Li* | *Na* | *K* | *Rb* | *Cs* | *Fr* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशिष्ट ऊष्मा (कैलोरी/ग्राम) | 0.941 | 0.293 | 0.17 | 0.08 | 0.049 | – |

(10) **चालकता शक्ति :** सभी ऊष्मा और विद्युत के अच्छे चालक हैं, इसका कारण दुर्बलता से जुड़े हुए संयोजी इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति है।

**(11) मानक ऑक्सीकरण विभव एवं अपचयन गुण**

(i) चूँकि क्षारीय धातुएँ आसानी से *ns* इलेक्ट्रॉन खो देती हैं और इसीलिए ये ऑक्सीकरण विभव के उच्च मान रखती हैं। इस प्रकार,

$$M + aq \rightarrow M^+_{(aq)} + e$$

(ii) क्षारीय धातुओं के मानक ऑक्सीकरण विभव (वोल्ट में) इस प्रकार हैं,

| *Li* | *Na* | *K* | *Rb* | *Cs* |
|---|---|---|---|---|
| +3.05 | +2.71 | +2.93 | +2.99 | +2.99 |

(iii) ऑक्सीकरण विभव जितना अधिक होगा, उतनी आसानी से ये ऑक्सीकृत होंगे और इसीलिए जलीय माध्यम में अपचयन प्रकृति अधिक प्रबल होती है और इस कारण क्षारीय धातुएँ $H_2O$ और *HCl* से $H_2$ उत्सर्जित करती है।

$$2H_2O + 2M \rightarrow 2MOH + H_2\ ;\ 2HCl + 2M \rightarrow 2MCl + H_2$$

(iv) क्षारीय धातुओं के लिये आयनन ऊर्जा का परीक्षण दर्शाता है कि *Li* की इलेक्ट्रॉन खोने की प्रवृत्ति कम होनी चाहिए और इस प्रकार इसकी अपचयन प्रकृति भी कम होनी चाहिए। जलीय माध्यम में *Li* की अधिकतम अपचयित प्रकृति, *Li* आयन की अधिकतम जलयोजन ऊर्जा के कारण होती है। लीथियम के लिये,

$Li_{(s)} \rightarrow Li_{(g)}$;   $\Delta H_1$ = ऊर्ध्वपातन ऊष्मा, $\Delta H_s$

$Li_{(g)} \rightarrow Li^+_{(g)} + e$;  $\Delta H_2 = IE_1$

$Li^+_{(g)} \rightarrow Li^+_{(aq)}$;   $\Delta H_3$ = – जलयोजन की ऊष्मा, $\Delta H_h$

$$Li_{(s)} + H_2O \rightarrow Li^+_{(aq)} + e; \Delta H = \Delta H_1 + \Delta H_2 + \Delta H_3 = \Delta H_s + IE_1 - \Delta H_h$$

इसी प्रकार, सोडियम के लिये,

$$Na_{(s)} + H_2O \rightarrow Na^+_{(aq)} + e; \Delta H = \Delta H_{(s)} + IE_1 - \Delta H_h$$

*Li* के लिये $\Delta H_h$ > *Na* के लिये $\Delta H_h$ । इसीलिए *Li* के प्रकरण में अधिक ऋणात्मक $\Delta H$ के मान प्रेक्षित किये जाते हैं और यह *Li* के स्वऑक्सीकरण की अधिक संभावना को दर्शाता है या अपचयन प्रकृति रखता है।

(12) **अभिलाक्षणिक ज्वाला रंग :** क्षारीय धातुएँ एवं उनके लवण बुनसन ज्वाला को विशेष रंग देते हैं। ज्वाला ऊर्जा बाहरी कोश के इलेक्ट्रॉन का उत्तेजन करती है जो अपनी मूल अवस्था में आने पर, अवशोषित ऊर्जा को दृश्य प्रकाश की तरह देता है। ये रंग एक-दूसरे से अलग होते हैं। *Li* –चमकीला लाल, *Na*–सुनहरा पीला, *K* – पीला बैंगनी, *Rb*-लाल बैंगनी एवं *Cs*–नीला बैंगनी। ये विभिन्न रंग क्षारीय धातुओं के भिन्न-भिन्न आयनिक ऊर्जा के कारण होते हैं। *Li* के प्रकरण में उत्सर्जित ऊर्जा कम होती है और निम्न क्रम में बढ़ती है।

उत्सर्जित ऊर्जा : $Li^+ < Na^+ < K^+ < Rb^+ < Cs^+$

λ उत्सर्जित : $Li^+ > Na^+ > K^+ > Rb^+ > Cs^+$

उत्सर्जित आवृत्ति : $Li^+ < Na^+ < K^+ < Rb^+ < Cs^+$

**रासायनिक गुण**

**(1) ऑक्साइडों और हाइड्रॉक्साइडों का निर्माण**

(i) ये अत्यधिक सक्रिय धातुएँ हैं और इनमें ऑक्सीजन के लिये प्रबल बंधुता होती है तथा इनके पृष्ठ पर शीघ्रता से ऑक्साइड फिल्म बनने के कारण ये मलिन पड़ जाती हैं। इस कारण इनको हवा से बचाने के लिये मिट्टी के तेल या पैराफीन तेल में रखा जाता है।

$$M + O_2 \rightarrow \underset{\text{ऑक्साइड}}{M_2O} \longrightarrow \underset{\text{परॉक्साइड}}{M_2O_2}$$

(ii) जब इन्हें वायु ($O_2$) में गर्म करते हैं तो लीथियम, लीथियम ऑक्साइड ($Li_2O$) बनाता है, सोडियम, सोडियम परॉक्साइड ($Na_2O_2$) बनाता है और दूसरी क्षारीय धातुएँ सुपर ऑक्साइड निर्मित करती हैं ($MO_2$ अर्थात् $KO_2$, $RbO_2$ या $CsO_2$)

$$2Li + \frac{1}{2}O_2 \rightarrow \underset{\text{लीथियम ऑक्साइड}}{Li_2O}\ ;\ 2Na + O_2 \rightarrow Na_2O_2$$

$$K + O_2 \rightarrow \underset{\text{पोटेशियम सुपर ऑक्साइड}}{KO_2}$$

विभिन्न ऑक्साइड बनाने के लिये ऑक्सीजन के प्रति क्षारीय धातुओं की सक्रियता प्रत्येक क्षारीय धातु धनायन के चारों ओर उपस्थित प्रबल धनात्मक क्षेत्र के कारण होती है। छोटा होने के कारण *Li* प्रबल धनात्मक क्षेत्र दर्शाता है और फिर छोटे ऋणायन $O^{2-}$ के साथ संयुक्त होकर स्थायी यौगिक $Li_2O$ बनाता है। *Na* एवं *K* आपेक्षिक रूप से बड़े होते हैं और इसलिये अपने चारों और कम प्रबल धनात्मक क्षेत्र उत्पन्न करते हैं और इस तरह बड़े ऑक्सीजन ऋणायन के साथ अभिक्रिया करते हैं, अर्थात् $O_2^{2-}$ एवं $O_2^{1-}$ जिनसे स्थायी ऑक्साइड बनते हैं।

मोनोऑक्साइड, परऑक्साइड एवं सुपरऑक्साइड क्रमशः $O_2$ एवं $O_2^{2-}, O_2^{1-}$ आयन होते हैं। प्रत्येक की संरचना है,



मोनोऑक्साइड ($O_2$)   परॉक्साइड ($O_2^{2-}$)   सुपर ऑक्साइड ($O_2^-$)

$O_2^{-1}$ आयन में तीन इलेक्ट्रॉन सहसंयोजी बन्ध होते हैं और एक अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होता है। इसी कारण से सुपरऑक्साइड अनुचुम्बकीय और रंगीन होते हैं, $KO_2$ हल्का पीला और अनुचुम्बकीय पदार्थ है।

(iii) क्षारीय धातुओं के ऑक्साइड और धातु स्वयं ऊष्मा के उत्सर्जन के साथ जल में प्रबल क्षारीय विलयन देते हैं।

$$M + H_2O \rightarrow MOH + \frac{1}{2}H_2; \qquad \Delta H = -ve$$

$$Li_2O + H_2O \rightarrow 2LiOH; \qquad \Delta H = -ve$$

$$Na_2O_2 + 2H_2O \rightarrow 2NaOH + H_2O_{2(l)}\ ; \qquad \Delta H = -ve$$

$$2KO_2 + 2H_2O \rightarrow 2KOH + H_2O_{2(l)} + O_{2(g)}; \qquad \Delta H = -ve$$

$H_2O_2$ के निर्माण के कारण परऑक्साइड और सुपरऑक्साइड प्रबल ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार करते हैं।

(iv) हवा एवं जल के प्रति क्षारीय धातुओं की सक्रियता *Li* से *Cs* तक बढ़ती है। इसी कारण से लीथियम 25°C पर $H_2O$ को बहुत धीमे विघटित करता है जबकि *Na* इसे शीघ्रता से विघटित कर देता है, *K* अभिक्रिया करके ज्वाला उत्पन्न करता है तथा *Rb, Cs* इसे विस्फोट के साथ विघटित करते हैं।

$$M + H_2O \rightarrow MOH + \frac{1}{2}H_2$$

(v) क्षारीय धातुओं के ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड का क्षारीय गुण $Li$ से $Cs$ तक बढ़ता है। यह क्षारीय धातु हाइड्रॉक्साइडों के आयनिक लक्षणों में समूह में नीचे आने पर हुई वृद्धि के कारण होता है जो पूर्ण वियोजन को अग्रित करता है एवं $OH$ आयनों की सान्द्रता में वृद्धि को अग्रित करता है।

(2) **हाइड्राइड**

(i) ये धातुएँ $H$ के साथ संयोजित होकर सफेद क्रिस्टलीय आयनिक हाइड्राइड देती हैं जिसका सामान्य सूत्र $MH$ है।

(ii) इनके हाइड्राइड बनाने की प्रवृत्ति, क्षारीय गुण और स्थायित्व $Li$ से $Cs$ तक घटता है क्योंकि धनवैद्युतीय गुण $Cs$ से $Li$ तक घटता है।

$2M + H_2 \rightarrow 2MH$ ; $H_2$ के प्रति क्रियाशीलता का क्रम है

$Cs < Rb < K < Na < Li$

(iii) धातु हाइड्राइड जल के साथ क्रिया कर $MOH$ और $H_2$ देते हैं;

$$MH + H_2O \rightarrow MOH + H_2$$

(iv) हाइड्राइडों की आयनिक प्रकृति $Li$ से $Cs$ तक बढ़ती है क्योंकि इन हाइड्राइडों में हाइड्रोजन $H^-$ की तरह उपस्थित होता है एवं छोटा धनायन, ऋणायन का अधिक ध्रुवीकरण उत्पन्न करेगा (फजान नियम के अनुसार) एवं अधिक सहसंयोजी गुण विकसित करेगा।

(v) गलित हाइड्राइडों का वैद्युतअपघटन एनोड पर $H_2$ देता है। $NaH_{\text{गलित}}$ में $Na^+$ एवं $H^-$ आयन होते हैं। अर्थात्

कैथोड पर : $Na^+ + e^- \rightarrow Na$ ; एनोड पर : $H^- \rightarrow \frac{1}{2}H_2 + e^-$

(vi) क्षारीय धातुएँ भी हाइड्राइड का निर्माण करती हैं जैसे $NaBH_4$, $LiAlH_4$ जो कि अच्छे अपचायक होते हैं।

(3) **कार्बोनेट एवं बाइकार्बोनेट**

(i) कार्बोनेट ($M_2CO_3$) एवं बाइकार्बोनेट ($MHCO_3$) ऊष्मा के प्रति अधिक स्थायी होते हैं, जहाँ $M$ क्षारीय धातु के लिए है।

(ii) इनके लवणों का स्थायित्व $Li$ से $Cs$ तक धनवैद्युतीय गुण बढ़ने के साथ बढ़ता है। $Li_2CO_3$ गर्म होने पर विघटित हो जाता है, $Li_2CO_3 \rightarrow Li_2O + CO_2$

(iii) बाइकार्बोनेट कम ताप पर विघटित हो जाते हैं,

$$2MHCO_3 \xrightarrow{300^0C} M_2CO_3 + H_2O + CO_2$$

(iv) कार्बोनेट आयन और बाइकार्बोनेट आयन के जलअपघटन के कारण कार्बोनेट और बाइकार्बोनेट दोनों जल में विलेय होकर क्षारीय विलयन देते हैं।

(4) **हैलाइड**

(i) क्षारीय धातुएँ हैलोजन के साथ सीधे संयुक्त होकर आयनिक हैलाइड $M^+X^-$ का निर्माण करती हैं।

(ii) क्षारीय धातु के हैलाइड बनाने की प्रवृत्ति, $Li$ से $Cs$ तक उनके धनविद्युतीय लक्षण के बढ़ने के कारण बढ़ती है।

(iii) किन्तु लीथियम हैलाइड की अधिक सहसंयोजी प्रकृति होती है। धनायन का आकार जितना छोटा होगा ऋणायन की विकृति उतनी ही अधिक होगी और इस तरह यौगिक में सहसंयोजी प्रकृति अधिक होती है। लीथियम हैलाइडों के बीच, लीथियम आयोडाइड अधिक सहसंयोजी प्रकृति रखता है यह बड़े ऋणायन के कारण होता है जो कि धनायन के द्वारा आसानी से विकृत हो जाता है। इस प्रकार लीथियम हैलाइड में सहसंयोजी गुण है, $LiI > LiBr > LiCl > LiF$

(iv) ये जल में शीघ्रता से विलेय होते हैं। जबकि लीथियम फ्लोराइड कम विलेय है। $LiF$ की कम विलेयता छोटे $Li$ और छोटे $F$ आयन के बीच उच्च आकर्षण बल के कारण होती है (उच्च जालक ऊर्जा)।

(v) आयनिक प्रकृति वाले हैलाइडों का गलनांक अधिक होता है एवं ये विद्युत धारा के अच्छे चालक होते हैं। हैलाइडों के गलनांक निम्न क्रम दर्शाते हैं, $NaF > NaCl > NaBr > NaI$

(vi) पोटेशियम, रूबीडियम एवं सीजियम के हैलाइडों में अतिरिक्त हैलोजन परमाणु के साथ संयुक्त होकर बहुहैलाइड निर्मित करने का गुण होता है।

$KI + I_2 \rightarrow KI_3$ ; In $KI_3$ में $K^+$ एवं $I_3^-$ आयन उपस्थित होते हैं।

(5) **द्रव $NH_3$ में विलेयता**

(i) ये धातुएँ द्रवीय $NH_3$ में घुलकर नीले रंग का विलयन उत्पन्न करती हैं, जो कि एक निश्चित कोटि तक विद्युत संचालित करती हैं।

(ii) अमोनिया की सान्द्रता बढ़ने के साथ नीला रंग धात्विक कॉपर के रंग में परिवर्तित होना शुरू कर देता है जिसके बाद $NH_3$ में क्षारीय धातु का वियोजन रूक जाता है।

(iii) धातु परमाणु अमोनियाकृत धातु में परिवर्तित हो जाते हैं जैसे $M(NH_3)_x$ एवं मुक्त इलेक्ट्रॉन $NH_3$ अणु के साथ संयुक्त होकर अमोनिया विलायकित इलेक्ट्रॉन उत्पन्न करते हैं।

$$Na + (x+y)NH_3 \rightarrow \underset{\text{अमोनीकृत धनायन}}{[Na(NH_3)_x]^+} + \underset{\text{अमोनीकृत इलेक्ट्रॉन}}{[e(NH_3)_y]^-}$$

(iv) अमोनियाकृत इलेक्ट्रॉन अमोनिया विलयन में क्षारीय धातुओं के नीले रंग, अनुचुम्बकीय प्रकृति एवं अपचायक शक्ति के लिये उत्तरदायी होते हैं। वैसे भी अमोनिया में इन धातुओं की चालकता में वृद्धि अमोनियाकृत धनायन और अमोनिया विलायकित इलेक्ट्रॉन की उपस्थिति के कारण होती है।

(v) धातु-अमोनिया विलयन का स्थायित्व $Li$ से $Cs$ तक घटता है।

(vi) नीले रंग का विलयन रखा रहने पर अथवा गर्म होने पर धीरे-धीरे हाइड्रोजन उत्सर्जित करता है, $2M + 2NH_3 \rightarrow 2MNH_2 + H_2$

सोडामाइड ($NaNH_2$) मोमीय ठोस है और विभिन्न सोडियम यौगिकों के निर्माण में उपयोगी है।

(6) **नाइट्रेट :** क्षारीय धातुओं के नाइट्रेट ($MNO_3$) जल में विलेय होते हैं और गर्म करने पर विघटित हो जाते हैं। $LiNO_3$ विघटित होकर $NO_2$ और $O_2$ देता है एवं शेष सभी के नाइट्रेट विघटित होकर नाइट्राइट और ऑक्सीजन देते हैं।

$2MNO_3 \rightarrow 2MNO_2 + O_2$ ($Li$ को छोड़कर)

$4LiNO_3 \rightarrow 2Li_2O + 4NO_2 + O_2$

(7) **सल्फेट**

(i) क्षारीय धातुओं के सल्फेट का सामान्य सूत्र $M_2SO_4$ होता है।

(ii) $Li_2SO_4$ को छोड़कर शेष सभी जल में विलेय होते हैं।

(iii) कार्बन के साथ गलित होने पर ये सल्फेट, सल्फाइड निर्मित करते हैं, $M_2SO_4 + 4C \rightarrow M_2S + 4CO$

(iv) क्षारीय धातुओं के सल्फेट ($Li$ को छोड़कर) त्रिसंयोजी धातुओं जैसे $Fe$, $Al$, $Cr$ इत्यादि के सल्फेट के साथ द्विक लवण बनाते हैं। द्विक लवण जल अणुओं की अधिक संख्या के साथ क्रिस्टलीय हो जाते हैं जैसे, फिटकरी $K_2SO_4 . Al_2(SO_4)_3 . 24H_2O$

(8) **अधातुओं के साथ अभिक्रिया**

(i) अधातुओं के लिये इनमें अधिक बन्धुता होती है। कार्बन और नाइट्रोजन को छोड़कर ये हाइड्रोजन, हैलोजन, सल्फर, फॉस्फोरस इत्यादि के साथ प्रत्यक्ष रूप से अभिक्रिया कर गर्म होने पर संगत यौगिक बनाते हैं।

$2Na + H_2 \xrightarrow{300^0C} 2NaH$ ; $2K + H_2 \rightarrow 2KH$

$2Na + Cl_2 \rightarrow 2NaCl$ ; $2K + Cl_2 \rightarrow 2KCl$

$2Na + S \rightarrow Na_2S$ ; $2K + S \rightarrow K_2S$

$3Na + P \rightarrow Na_3P$ ; $3K + P \rightarrow K_3P$

(ii) $Li$ कार्बन और नाइट्रोजन के साथ प्रत्यक्ष रुप से अभिक्रिया करके कार्बाइड और नाइट्राइड का निर्माण करता है।

$2Li + 2C \rightarrow Li_2C_2$ ; $6Li + 2N_2 \rightarrow 2Li_3N$

(iii) इन धातुओं के नाइट्राइड जल के साथ अभिक्रिया करके $NH_3$ देते हैं।

$$M_3N + 3H_2O \rightarrow 3MOH + NH_3$$

(9) **अम्लीय हाइड्रोजन के साथ अभिक्रिया :** क्षारीय धातुएँ अम्लों और दूसरे यौगिकों के साथ जो कि अम्लीय हाइड्रोजन रखते हैं (जैसे कि $H$ परमाणु $F, O, N$ एवं त्रिबंधित कार्बन परमाणु से जुड़े रहते हैं, उदाहरण के लिये, $HF, H_2O, ROH, RNH_2, CH \equiv CH$) से अभिक्रिया कर $H_2$ उत्सर्जित करती हैं।

$$M + H_2O \rightarrow MOH + \frac{1}{2}H_2 \;;\; M + HX \rightarrow MX + \frac{1}{2}H_2$$

$$M + ROH \rightarrow ROH + \frac{1}{2}H_2 ;\; M + RNH_2 \rightarrow RNHNa + \frac{1}{2}H_2$$

(10) **संकुल आयन निर्माण :** एक धातु संकुल निर्माण तभी दर्शाती है जब वह निम्नलिखित लक्षण प्रदर्शित करती है, (i) छोटा आकार (ii) उच्च नाभिकीय आवेश (iii) इलेक्ट्रॉन युग्म प्राप्त करने के लिये खाली कक्षकों की उपस्थिति। छोटे आकार के कारण क्षारीय धातुओं में केवल लीथियम कुछ संकुल आयनों का निर्माण करता है। शेष सभी क्षारीय धातुओं में संकुल आयन निर्माण की प्रवृत्ति नहीं होती है।

### लीथियम का अपसामान्य व्यवहार

लीथियम का अपसामान्य व्यवहार लीथियम के अत्यंत छोटे आकार के कारण होता है। इसके धनायन के छोटे आकार एवं उच्च नाभिकीय आवेश के आधार पर लीथियम, ऋणायन पर अन्य सभी क्षार धातुओं की अपेक्षा उच्च ध्रुवण प्रभाव उत्पन्न करता है। फलस्वरूप लीथियम आयन विलायकन के लिये वर्णन करने योग्य प्रवृत्ति उत्पन्न करता है एवं अपने यौगिकों में सहसंयोजक लक्षण विकसित करता है। लीथियम अन्य क्षारीय धातुओं से निम्न सन्दर्भों में भिन्न है,

(1) यह अन्य क्षारीय धातुओं से तुलनात्मक रूप से कठोर है। $Li$ को मिट्टी के तेल में संग्रहित नहीं कर सकते क्योंकि इसके बहुत कम घनत्व के कारण ये तल में तैरता रहता है। $Li$ को सामान्यतः पैराफीन मोम में लपेटा जाता है।

(2) यह अपनी चमक खोये बिना शुष्क हवा में गलित हो सकता है।

(3) दूसरी क्षारीय धातुओं से भिन्न, लीथियम सभी में कम क्रियाशील है। ये निम्नलिखित गुणों द्वारा सूचित किया जाता है,

(i) यह वायु के द्वारा प्रभावित नहीं होती। (ii) यह जल को बहुत धीमें विघटित करके $H_2$ उत्सर्जित करती है। (iii) यह ब्रोमीन के साथ बड़ी मुश्किल से अभिक्रिया करती है जबकि अन्य क्षारीय धातुएँ बहुत तेजी से अभिक्रिया करती हैं।

(4) लीथियम अकेली ऐसी क्षारीय धातु है जो नाइट्रोजन से प्रत्यक्ष रुप से अभिक्रिया करके लीथियम नाइट्राइड ($Li_3N$) निर्मित करती है

(5) जब $NH_3$ में लीथियम को गर्म करते हैं तो यह एमाइड $Li_2NH$ बनाती है जबकि अन्य धातुएँ एमाइड $MNH_2$ निर्मित करती हैं।

(6) जब वायु में गर्म करते हैं, तो लीथियम $Li_2O$ निर्मित करती है, सोडियम $Na_2O$ एवं $Na_2O_2$ निर्मित करती है, दूसरी क्षारीय धातुएँ मोनोऑक्साइड, परॉक्साइड एवं सुपरऑक्साइड निर्मित करती हैं।

(7) $Li_2O$ दूसरी क्षारीय धातुओं की अपेक्षा जल में कम विलेय हैं एवं कम क्षारीय है।

(8) $NaOH$ या $KOH$ की तुलना में $LiOH$ दुर्बल क्षार है और गर्म करने पर विघटित हो जाता है।

$$2LiOH \xrightarrow{\Delta} Li_2O + H_2O$$

(9) $LiHCO_3$ द्रव है जबकि अन्य धातुओं के बाइकार्बोनेट ठोस होते हैं।

(10) केवल $Li_2CO_3$ गर्म होने पर विघटित होता है।

$$Li_2CO_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} Li_2O + CO_2$$

$Na_2CO_3, K_2CO_3$ इत्यादि गर्म होने पर विघटित नहीं होते हैं।

(11) $LiNO_3$ एवं दूसरी क्षार धातुओं के नाइट्रेट गर्म करने पर भिन्न उत्पाद देते हैं।

$4LiNO_3 = 2Li_2O + 4NO_2 + O_2$ ; $2NaNO_3 = 2NaNO_2 + O_2$

(12) $LiCl$ और $LiNO_3$ एल्कोहल और अन्य कार्बनिक विलायकों में विलेय हैं। दूसरी क्षारीय धातुओं के ये लवण कार्बनिक विलायकों में अविलेय होते हैं।

(13) $LiCl$ आर्द्रताग्राही होता है जबकि $NaCl, KBr$ इत्यादि नहीं होते हैं। लीथियम क्लोराइड क्रिस्टल क्रिस्टलीकरण के जल के दो अणु रखते हैं ($LiCl.2H_2O$) | $NaCl\ KBr, KI$ इत्यादि के क्रिस्टल, क्रिस्टलीकरण में जल अणु नहीं रखते हैं।

(14) $Li_2SO_4$ दूसरी क्षारीय धातुओं की तरह फिटकरी का निर्माण नहीं करता है।

(15) $Li$ कमरे के ताप पर जल के साथ धीरे-धीरे अभिक्रिया करता है, $Na$ तीव्रता से करता है जबकि $K, Rb$ एवं $Cs$ ज्वलन के साथ अभिक्रिया करते हैं।

(16) $Li, Br_2$ के साथ धीरे अभिक्रिया करता है। दूसरी क्षारीय धातुओं की $Br_2$ के साथ अभिक्रिया तेजी से होती है।

(17) $LiCO_3, LiCO_3, LiF, Li_3PO_4$ ऐसे क्षारीय धातु लवण हैं जो जल में अविलेय या कम विलेय हैं।

### $Li$ का $Mg$ के साथ विकर्ण सम्बन्ध

लीथियम अपने छोटे आकार के कारण दूसरी क्षारीय धातुओं से भिन्न होती है जबकि $Mg$ के साथ इसका आकार समान है। इसकी $Mg$ के साथ समानता विकर्ण सम्बन्ध कहलाती है। सामान्यतः आवर्तीय गुण समूह अथवा आवर्त के साथ या दोनों के साथ बढ़ती हुई या घटती हुई प्रवृत्ति का प्रदर्शन करते हैं, जो विकर्ण स्थित तत्वों को उनके मानों के नजदीक लाती है। दर्शाने योग्य लक्षण निम्नलिखित हैं,

| आवर्त | समूह I | समूह II |
|---|---|---|
| 2 | $Li$ ↘ | $Be$ |
| 3 | $Na$ | $Mg$ |

(1) $Li$ और $Mg$ दोनों अपने समूहों की दूसरी धातुओं की तुलना में उच्च गलनांक रखती हैं एवं कठोर होती हैं।

(2) सहसंयोजी प्रकृति के कारण, $Li$ एवं $Mg$ दोनों के क्लोराइड आर्द्रताग्राही होते हैं एवं एल्कोहल और पिरीडीन में विलेय होते हैं जबकि दूसरी क्षारीय धातुओं के क्लोराइड ऐसे नहीं होते हैं।

(3) $Li$ और $Mg$ के फॉस्फेट और फ्लोराइड जल में कम विलेय होते हैं जबकि दूसरी क्षारीय धातुओं के फॉस्फेट और फ्लोराइड जल में विलेय होते हैं।

(4) $Li$ और $Mg$ के कार्बोनेट गर्म होने पर विघटित होते हैं और $CO_2$ उत्सर्जित करते हैं। दूसरी क्षारीय धातुओं के कार्बोनेट ऊष्मा के प्रति स्थायी होते हैं और केवल गलित होने पर विघटित होते हैं।

$Li_2CO_3 \rightarrow Li_2O + CO_2$ ; $MgCO_3 \rightarrow MgO + CO_2$

(5) $Li$ और $Mg$ दोनों के हाइड्रॉक्साइड एवं नाइट्रेट्स गर्म होने पर विघटित होकर ऑक्साइड देते हैं। $Li$ और $Mg$ के हाइड्रॉक्साइड दुर्बल क्षारीय होते हैं।

$4LiNO_3 \rightarrow 2Li_2O + 4NO_2 + O_2$

$2Mg(NO_3)_2 \rightarrow 2MgO + 4NO_2 + O_2$

$2LiOH \rightarrow Li_2O + H_2O$ ; $Mg(OH)_2 \rightarrow MgO + H_2O$

अन्य क्षारीय धातुओं के हाइड्रॉक्साइड ऊष्मा के प्रति स्थायी होते हैं जबकि उनके नाइट्रेट, $O_2$ एवं नाइट्राइट देते हैं।

$2KNO_3 \rightarrow 2KNO_2 + O_2$

(6) $Li$ और $Mg$ दोनों $N_2$ के साथ प्रत्यक्ष रुप से संयुक्त होकर नाइट्राइड $Li_3N$ एवं $Mg_3N_2$ देते हैं। अन्य क्षारीय धातुएँ उच्च ताप पर संयुक्त

होती हैं। $6Li + N_2 \rightarrow 2Li_3N$; $3Mg + N_2 \rightarrow Mg_3N_2$ दोनों के नाइट्राइड जल के द्वारा विघटित होकर $NH_3$ देते हैं।

$$Li_3N + 3H_2O \rightarrow 3LiOH + NH_3 ;$$

$$Mg_3N_2 + 6H_2O \rightarrow 3Mg(OH)_2 + 2NH_3$$

(7) $Li$ और $Mg$ के बाइकार्बोनेट, कार्बोनेटों की तुलना में जल में अधिक विलेय होते हैं जबकि क्षारीय धातुओं के कार्बोनेट अधिक विलेय होते हैं।

(8) $Li$ और $Mg$ दोनों गर्म होने पर कार्बन के साथ संयुक्त होती हैं।

$$2Li + 2C \rightarrow Li_2C_2 \; ; \; Mg + 2C \rightarrow Mg\,C_2$$

(9) $Li$ और $Mg$ के आवर्तीय गुण तुलना योग्य हैं

| | $Li$ | $Mg$ |
|---|---|---|
| ऋणविद्युतता | 1.0 | 1.2 |
| परमाणु त्रिज्या | 1.23 | 1.36 |
| आयनिक त्रिज्या | 0.60($Li$) | 0.65($Mg^{2}$) |
| परमाण्विक आयतन | 12.97 c.c | 13.97 c.c |

(10) दोनों की ध्रुवण शक्ति उच्च होती है

ध्रुवण शक्ति = आयनिक आवेश / (आयनिक त्रिज्या)$^2$

(11) $Li$ और $Mg$ ऑक्सीजन में गर्म करने पर केवल मोनोऑक्साइड निर्मित करते हैं।

$$4Li + O_2 \rightarrow 2\,Li_2O \; ; \; 2Mg + O_2 \rightarrow 2\,MgO$$

(12) $Li_2SO_4$, $MgSO_4$ के समान फिटकरी का निर्माण नहीं करता है।

(13) $Li$ और $Mg$ के बाइकार्बोनेट ठोस अवस्था में अस्तित्व नहीं रखते हैं, वे सिर्फ विलयन अवस्था में पाये जाते हैं।

(14) $Li$ और $Mg$ के एल्किल मूलक (R. $Li$ एवं R.$MgX$) कार्बनिक विलायकों में विलेय होते हैं।

(15) लीथियम क्लोराइड एवं $MgCl_2$ दोनों आर्द्रताग्राही हैं एवं उनके जलीय विलयनों से हाइड्रेटेड क्रिस्टल की तरह पृथक होते हैं, $LiCl.\,2H_2O$ एवं $MgCl_2\,.\,2H_2O$

## लीथियम के उपयोग

(1) यह $Cu$ और $Ni$ के धातुकर्म में डीऑक्सीकारक की तरह प्रयुक्त होता है।

(2) यह मिश्रधातु की तरह निम्न के साथ प्रयुक्त होता है,

(i) $Pb$ को कठोरता प्रदान करने में।

(ii) $Al$ को उच्च प्रबलता प्रदान करता है, $Al$-मिश्रधातु वायुयान बनाने में उपयोगी है।

(iii) $Mg$ (14% $Li$) कठोर एवं संक्षारण प्रतिरोधी मिश्र धातु बनाता है। जिसका उपयोग अन्तरिक्ष में आर्मर प्लेट के लिये होता है।

## सोडियम एवं इसके यौगिक

(1) **सोडियम के अयस्क** : $NaCl$ (साधारण लवण), $NaNO_3$ (चिली साल्ट पीटर), $Na_2SO_4.10H_2O$ (ग्लोबर लवण), बोरेक्स (सोडियम टेट्राबोरेट या सोडियम बोरेट) ($Na_2B_4O_7.10H_2O$)

(2) **सोडियम का निष्कर्षण** : इसे ग्रेफाइट एनोड एवं लौह कैथोड के उपयोग से, $KF$ एवं $CaCl_2$ की उपस्थिति में गलित सोडियम क्लोराइड के विद्युतअपघटन द्वारा निर्मित किया जाता है। इस विधि को **डाउन विधि** कहते हैं

$$NaCl \rightleftharpoons Na^+ + Cl^- .$$

कैथोड पर : $Na^+ + e^- \rightarrow Na$ ;

एनोड पर : $Cl^- \rightarrow Cl + e^-$ ; $Cl + Cl \rightarrow Cl_2 \uparrow$

सोडियम को जलीय $NaCl$ से निष्कर्षित नहीं किया जा सकता है क्योंकि $E^0_{H_2O/H_2}$ ($-0.83V$) ; $E^0 Na^+/Na$ ($-2.71V$) से ज्यादा होता है।

$Na$ एवं $Cl_2$ की अभिक्रिया रोकने के लिये, एनोड और कैथोड को तार की जाली के द्वारा पृथक किया जाता है।

(3) **सोडियम के यौगिक**

(i) ***सोडियम क्लोराइड*** : यह सामान्यतः समुद्र जल से सूर्य की रोशनी द्वारा वाष्पीकृत करने से प्राप्त होता है। वैसे भी प्राप्त $NaCl$ में $CaSO_4, CaCl_2$ एवं $MgCl_2$ जैसी अशुद्धियाँ होती हैं जो कि लवण को आर्द्रताग्राही बनाती हैं। इसे फिर $NaCl$ के अशुद्ध संतृप्त विलयन से $HCl$ गैस गुजारकर शुद्ध किया जाता है। $Cl^-$ आयन की सान्द्रता बढ़ जाती है और इसके फलस्वरूप $NaCl$ समआयन प्रभाव द्वारा अवक्षेपित हो जाता है।

(ii) ***सोडियम हाइड्रॉक्साइड NaOH (कास्टिक सोडा)***

**बनाने की विधि**

(a) *गॅसेज विधि* :

$$\underset{(10\%\ \text{विलयन})}{Na_2CO_3} + Ca(OH)_2 \rightarrow 2NaOH \downarrow + CaCO_3$$

(b) *वैद्युतअपघटनी विधि* : कास्टिक सोडा सान्द्रित $NaCl$ विलयन के वैद्युतअपघटन से निर्मित होता है।

एनोड पर: $Cl^-$ मुक्त हो जाता है; कैथोड पर: $Na^+$ मुक्त हो जाता है।

(c) *कास्टनर – कैलेनर सेल (मर्करी कैथोड विधि)* : ब्राइन के जलीय विलयन के वैद्युतअपघटन द्वारा $NaOH$ प्राप्त करते हैं। सेल आयताकार लौह टैंक का बना होता है जो तीन भागों में विभाजित होता है।

बाहरी भाग – इसमें ब्राइन विलयन का वैद्युतअपघटन होता है।

मध्य भाग – 2% $NaOH$ विलयन एवं $H_2$

**गुण** : यह सफेद क्रिस्टलीय ठोस है जो जल में अधिक विलेय होता हैं। यह केवल एल्कोहल में कम विलेय होता है।

(a) *लवण के साथ अभिक्रिया* :

$$FeCl_3 + 3NaOH \rightarrow \underset{(\text{अविलेय हाइड्रॉक्साइड})}{Fe(OH)_3} \downarrow + 3NaCl$$

$$HgCl_2 + 2NaOH \rightarrow 2NaCl + \underset{\text{अस्थायी}}{Hg(OH)_2} \rightarrow H_2O + \underset{\text{पीला}}{HgO} \downarrow$$

$$AgNO_3 + 2NaOH \rightarrow 2NaNO_3 + 2AgOH \rightarrow \underset{\text{भूरा}}{Ag_2O} \downarrow + H_2O$$

$Zn, Al, Sb, Pb, Sn$ एवं $As$ अविलेय हाइड्रॉक्साइड निर्मित करते हैं जो कि $NaOH$ (उभयधर्मी हाइड्रॉक्साइड) की अधिकता में घुलनशील हैं।

$$NH_4Cl + NaOH \xrightarrow{\text{गर्म}} NaCl + NH_3 \uparrow + H_2O$$

(b) *हैलोजन के साथ अभिक्रिया* :

$$X_2 + 2NaOH \ (\text{ठण्डा}) \rightarrow NaX + \underset{\text{सोडियम हाइपोहैलाइट}}{NaXO} + H_2O$$

$$3X_2 + 6NaOH \ (\text{गर्म}) \rightarrow 5NaX + \underset{\text{सोडियम हैलेट}}{NaXO_3} + 3H_2O \ ;$$

$(X = Cl, Br, I)$

(c) *धातुओं के साथ अभिक्रिया* : दुर्बल धनवैद्युतीय धातुएँ जैसे $Zn, Al$ एवं $Sn$ इत्यादि।

$$Zn + 2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2 \uparrow$$

(d) *बालू या $SiO_2$ के साथ अभिक्रिया* :

$$2NaOH + SiO_2 \rightarrow \underset{\text{सोडियम सिलिकेट (काँच)}}{Na_2SiO_3} + H_2O$$

(e) *CO के साथ अभिक्रिया* :

$$NaOH + CO \xrightarrow[5-10\ atm]{150-200^oC} \underset{\text{सोडियम फॉर्मेट}}{HCOONa}$$

**कास्टिक गुण :** सोडियम हाइड्रॉक्साइड त्वचा की प्रोटीन को गलाव युक्त पदार्थ में तोड़ देती है, इस कारण से सामान्यतः इसे कास्टिक सोडा के नाम से भी जाना जाता है।

**उपयोग :** सोडियम हाइड्रॉक्साइड निम्न में उपयोग किया जाता है

(a) सोडियम धातु, साबुन (तेलों और वसा से), रेयॉन, पेपर, रंजक और दवाईयों आदि के निर्माण में होता है।

(b) कपड़ों को सिलवटहीन बनाने के लिये कॉटन के मर्सरीकरण में उपयोग होता है।

(c) प्रयोगशाला में अभिकर्मक के रूप में उपयोगी है।

(iii) ***सोडियम कार्बोनेट या धावन सोडा,*** $Na_2CO_3$

यह विभिन्न रूपों में पाया जाता है जैसे निर्जलीय सोडियम कार्बोनेट $Na_2CO_2$ (सोडा-ऐश); मोनोहाइड्रेट $Na_2CO_3.H_2O$ (क्रिस्टल कार्बोनेट); हैप्टाहाइड्रेट $Na_2CO_3.7H_2O$ एवं डेकाहाइड्रेट $Na_2CO_3.10H_2O$ (धावन सोडा या सेल सोडा)।

**बनाने की विधि : सॉल्वे विधि :** इस विधि में ब्राइन $(NaCl)$, $NH_3$ एवं $CO_2$ कच्चे पदार्थ होते हैं।

$$NH_3 + CO_2 + H_2O \to NH_4HCO_3$$

$$NH_4HCO_3 + NaCl \xrightarrow{30^oC} NaHCO_3 \downarrow + NH_4Cl$$

$$2NaHCO_3 \xrightarrow{250^oC} Na_2CO_3 + H_2O + CO_2$$

$$2NH_4Cl + \underset{\text{बुझा हुआ चुना}}{Ca(OH)_2} \to CaCl_2 + 2H_2O + 2NH_3$$

ऊपरी अभिक्रिया में प्राप्त $CaCl_2$ सॉल्वे विधि का सहउत्पाद है।

**गुण**

(a) $\underset{\text{डेकाहाइड्रेट}}{Na_2CO_3.10H_2O} \xrightarrow{\text{शुष्क वायु}} \underset{\text{मोनोहाइड्रेट}}{Na_2CO_3.H_2O} + 9H_2O$

$$Na_2CO_3.H_2O \xrightarrow{\Delta} Na_2CO_3$$

यह लाल गर्म होने पर भी आगे विघटित नहीं होता है (गलनांक 853°C)

(b) यह ऊष्मा की विचारणीय उत्पत्ति के साथ जल में विलेय है।

$$Na_2CO_3 + H_2O \to \underset{\text{दुर्बल अम्ल}}{H_2CO_3} + 2Na^+ + 2OH^-$$

(c) $CO_2$ गैस की उत्पत्ति के साथ यह अम्लों के द्वारा आसानी से विघटित हो जाता है।

(d) $Na_2CO_3 + H_2O + CO_2 \to 2NaHCO_3$

**उपयोग :** पेट्रोल शोधन और वस्त्र उद्योग में, काँच के निर्माण में, साबुन, पाउडर इत्यादि के निर्माण में उपयोग होता है।

(iv) ***सोडियम परॉक्साइड*** $(Na_2O_2)$

**बनाने की विधि :** यह वायु में ($CO_2$ मुक्त) एल्यूमीनियम पट्टी पर सोडियम धातु को गर्म करने पर प्राप्त होता है।

$$2Na + O_2\ (\text{वायु}) \xrightarrow{\Delta} Na_2O_2$$

**गुण :** (a) शुद्ध होने पर यह रंगहीन होता है। व्यवसायिक उत्पादों का हल्का पीला रंग सुपरऑक्साइड $(NaO_2)$ की कम मात्रा की उपस्थिति के कारण होता है।

(b) नम वायु के साथ सम्पर्क में आने पर यह $NaOH$ एवं $Na_2CO_3$ के निर्माण के कारण सफेद हो जाता है।

$$2Na_2O_2 + 2H_2O \to 4NaOH + O_2\ ;$$

$$2NaOH + CO_2 \to Na_2CO_3 + H_2O$$

(c) यह शक्तिशाली ऑक्सीकारक है। यह $Cr$ (III) हाइड्रॉक्साइड को सोडियम क्रोमेट, $Mn$ (II) को सोडियम मैंग्नेट एवं सल्फाइड को सल्फेट में ऑक्सीकृत करता है।

**उपयोग :** ब्लीचिंग कारक के रूप में एवं पनडुब्बी जैसी बंद जगह में वायु के शुद्धीकरण के लिये उपयोग होता है। क्योंकि यह $CO_2$ के साथ संयुक्त होकर $Na_2CO_3$ एवं ऑक्सीजन देता है, $2CO_2 + 2Na_2O_2 \to 2Na_2CO_3 + O_2$

(v) ***माइक्रोकॉस्मिक लवण*** $[Na(NH_4)HPO_4.4H_2O]$

जल में $Na_2HPO_4$ एवं $NH_4Cl$ की समअणुक मात्रा को 1 : 1 अनुपात में घोलकर तत्पश्चात् क्रिस्टलीकरण द्वारा बनाते हैं।

$$NH_4Cl + Na_2HPO_4 \longrightarrow Na(NH_4)HPO_4 + NaCl$$

$\downarrow$ क्रिस्टलीकरण

$$\underset{\text{रंगहीन क्रिस्टल}}{Na(NH_4)HPO_4.4H_2O}$$

**रासायनिक गुण :**

माइक्रोकॉस्मिक लवण गर्म करने पर, $NaPO_3$ निर्मित करता है। संक्रमण धातुओं के ऑक्साइडों के साथ $NaPO_3$ रंगीन बीड्स निर्मित करते हैं।

$$Na(NH_4)HPO_4 \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{(सोडियम मेटा फॉस्फेट)}}{NaPO_3} + H_2O + NH_3$$

$$\underset{\text{(पारदर्शी काँच जैसी बीड)}}{NaPO_3} + CuO \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{(नीली बीड)}}{CuNaPO_4}$$

$$NaPO_3 + CoO \longrightarrow CoNaPO_4\ \text{(नीली बीड)}$$

$$NaPO_3 + MnO \longrightarrow NaMnO_4\ \text{(नीली बीड)}$$

**उपयोग :** (a) सोडियम मेटा फॉस्फेट एवं कॉपर सोडियम फॉस्फेट के निर्माण में उपयोगी है।

(b) रंगीन आयनों के आँकलन के लिये उपयोगी है।

(c) इसका उपयोग मुख्य रूप से सिलिका के परीक्षण में किया जाता है, जिसके द्वारा सिलिका की धुंध युक्त बीड प्राप्त होती है जिसमें तैरने का गुण होता है।

(vi) ***सोडियम बाइकार्बोनेट ( $NaHCO_3$, बेकिंग सोडा )***

**बनाने की विधि :** सॉल्वे विधि द्वारा सोडियम कार्बोनेट के निर्माण में यह मध्यवर्ती यौगिक है।

$$NaCl + NH_3 + CO_2 + H_2 \longrightarrow NaHCO_3 + NH_4Cl$$

**गुण :** $2NaHCO_3 \xrightarrow{50-100^oC} Na_2CO_3 + H_2O + CO_2$

यह उभयप्रोटिक (एम्फीप्रोटिक) होता है,

$$HCO_3^- + H^+ \rightleftharpoons H_2CO_3$$

$$HCO_3^- \rightleftharpoons H^+ + CO_3^{2-}$$

**उपयोग :** (a) बेकिंग पाउडर में जिसमें $NaHCO_3$, $Ca(H_2PO_4)_2$ एवं स्टार्च होते हैं।

अच्छी किस्म के बेकिंग पाउडर में जिसमें 40% स्टार्च, 30% $NaHCO_3$, 20% $NaAl(SO_4)_2$ एवं 10% $CaH_2(PO_4)$ होता है।

(b) दवा उद्योग में (एन्टासिड इत्यादि)

(c) अग्निशामक के रूप में उपयोगी है।

(vii) ***सोडियम सल्फेट $Na_2SO_4$ या लवण केक***

**बनाने की विधि :** यह $HCl$ उद्योग का सहउत्पाद है।

$$2NaCl + H_2SO_4 \longrightarrow Na_2SO_4 + HCl$$

**गुण :** जब $Na_2SO_4$ का जलीय विलयन $32^oC$ के नीचे ठंडा किया जाता है, तो ग्लोबर लवण $(Na_2SO_4.10H_2O)$ क्रिस्टलीकृत हो जाता है और यदि $12^oC$ तक ठंडा करते हैं, तो $Na_2SO_47H_2O$ के क्रिस्टल निर्मित होते हैं।

$$Na_2SO_4.10H_2O \xrightarrow{\text{(शुष्क वायु में)}} Na_2SO_4 + 10H_2O$$

**उपयोग :** पेपर उद्योग, अपमार्जक एवं ग्लास निर्माण में $Na_2SO_4$ का उपयोग किया जाता है।

## क्षारीय मृदा धातुएँ एवं इनके यौगिक
## (Alkaline Earth Metals and Their Compounds)

आवर्त सारणी के समूह-2 में छः धात्विक तत्व होते हैं। ये हैं, बेरिलियम (*Be*), मैग्नीशियम (*Mg*), कैल्शियम (*Ca*), स्ट्रॉन्शियम (*Sr*), बेरियम (*Ba*) एवं रेडियम(*Ra*)। बेरिलियम (*Be*) को छोड़कर ये सभी क्षारीय मृदा धातुएँ कहलाती हैं, क्योंकि इनके ऑक्साइड क्षारीय होते हैं और भू-पर्त में पाये जाते हैं।

(1) **इलेक्ट्रॉनिक विन्यास**

| तत्व | इलेक्ट्रॉनिक विन्यास ($ns^2$) |
|---|---|
| $_4Be$ | $[He]2s^2$ |
| $_{12}Mg$ | $[Ne]3s^2$ |
| $_{20}Ca$ | $[Ar]4s^2$ |
| $_{38}Sr$ | $[Kr]5s^2$ |
| $_{56}Ba$ | $[Xe]6s^2$ |
| $_{88}Ra$ | $[Rn]7s^2$ |

रेडियम मैडम क्यूरी द्वारा पिच ब्लेंडी अयस्क से खोजा गया था। यह प्रकृति में रेडियोधर्मी होता है।

(2) **प्राप्ति :** ये मुख्यतः संयुक्त अवस्था में पाये जाते हैं जैसे ऑक्साइड, कार्बोनेट एवं सल्फेट। *Mg* और *Ca* प्रकृति में प्रचुरता से पाये जाते हैं। *Be* इतनी प्रचुरता में नहीं पाया जाता, *Sr* और *Ba* कम प्रचुर होते हैं। *Ra* दुर्लभ तत्व है। क्षारीय मृदा धातुओं के कुछ महत्वपूर्ण अयस्क नीचे दिये हुए हैं।

(i) ***बेरिलियम :*** बेरिल ($3BeO.Al_2O_3.6SiO_2$); फेनासाइट ($Be_2SiO_4$)

(ii) ***मैग्नीशियम :*** मैग्नेसाइट ($MgCO_3$); डोलोमाइट ($CaCO_3.MgCO_3$); एप्सोमाइट ($MgSO_4.7H_2O$); कार्नेलाइट ($MgCl_2.KCl.6H_2O$); एस्बेस्टस $[CaMg_3(SiO_3)_4]$

(iii) ***कैल्शियम :*** चूना पत्थर ($CaCO_3$); जिप्सम ($CaSO_4.2H_2O$); एनहाइड्राइट ($CaSO_4$); फ्लोरएपेटाइट $[(3Ca_3(PO_4)_2CaF_2)]$ फॉस्फोराइट चट्टान $[Ca_3(PO_4)_2]$

(iv) ***बेरियम :*** बेराइट्स ($BaSO_4$); विदराइट ($BaCO_3$)

(v) ***रेडियम :*** पिच ब्लेंडी ($U_3O_8$); (सूक्ष्म मात्रा में *Ra*); दूसरे रेडियम धनी तत्व कार्नोटाइट $[K_2UO_2)_2](VO_4)_2.8H_2O$ एवं ऐण्टामाइट $[Ca(UO_2)_2]$

(3) **क्षारीय मृदा धातुओं का निष्कर्षण**

(i) *Be* एवं *Mg* को इनके ऑक्साइडों से कार्बन के साथ अपचयन द्वारा प्राप्त करते हैं,

$$BeO + C \rightarrow Be + CO \;;\; MgO + C \rightarrow Mg + CO$$

(ii) क्षारीय मृदा धातुओं का निष्कर्षण, क्षारीय धातुओं द्वारा उनके ऑक्साइडों के अपचयन से या उनके गलित लवणों के वैद्युतअपघटन द्वारा भी होता है।

(4) **मिश्रधातु निर्माण :** ये मर्करी में घुलकर अमलगमों का निर्माण करती हैं।

### भौतिक गुण

(1) **भौतिक अवस्था :** सभी स्लेटी-सफेद, हल्की, आघातवर्धनीय एवं तन्य धातु हैं जिनके साथ धात्विक चमक होती है। इनकी कठोरता परमाणु क्रमांक में वृद्धि के साथ क्रमिक रूप से घटती है। यद्यपि ये काफी मृदु हैं किन्तु क्षारीय धातुओं की अपेक्षा कठोर हैं।

(2) **परमाण्विक एवं आयनिक त्रिज्याएँ**

(i) क्षारीय धातुओं की तरह क्षारीय मृदा धातुओं की परमाण्विक एवं आयनिक त्रिज्याएँ भी समूह में नीचे जाने पर नये ऊर्जा कक्षकों के क्रमिक योग के कारण बढ़ती है।

| | *Be* | *Mg* | *Ca* | *Sr* | *Ba* | *Ra* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परमाण्विक त्रिज्या (pm) | 112 | 160 | 197 | 215 | 222 | – |
| $M^{2+}$ आयन की आयनिक त्रिज्या (pm) | 31 | 65 | 99 | 113 | 135 | 140 |

(ii) किन्तु क्षारीय मृदा धातुओं की परमाण्विक त्रिज्याएँ समान आवर्त के उनके संगत क्षारीय धातुओं से कम होती हैं। यह इस कारण से होता है कि क्षारीय मृदा धातुओ में, क्षारीय धातुओं से अधिक नाभिकीय आवेश होता है जो कक्षकीय इलेक्ट्रॉनों को नाभिक के प्रति अधिक प्रभावी ढंग से खींचता है जिससे आकार घटता है।

(3) **घनत्व**

(i) घनत्व *Ca* तक धीरे-धीरे घटता है फिर उसके बाद बढ़ता है। *Be* से *Ca* तक घनत्व में कमी *Mg* एवं *Ca* के ठोस जालक में परमाणुओं की कम बन्द संकुलता के कारण हो सकती है।

| *Be* | *Mg* | *Ca* | *Sr* | *Ba* | *Ra* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.84 | 1.74 | 1.55 | 2.54 | 3.75 | 6.00 |

(ii) क्षारीय मृदा धातुएँ, क्षारीय धातुओं से अधिक कठोर, भारी एवं अधिक घनत्व वाली होती हैं। क्षारीय मृदा धातुओं का अधिक घनत्व उनके छोटे परमाण्विक आकार एवं प्रबल अन्तरधात्विक बन्धों के कारण होता है जो क्षारीय धातुओं की तुलना में उनके क्रिस्टलीय जालक में अधिक बंद संकुलन प्रदान करता है।

(4) **गलनांक एवं क्वथनांक**

(i) क्षारीय मृदा धातुओं के गलनांक एवं क्वथनांक कोई नियमित क्रम नहीं दर्शाते हैं।

| | *Be* | *Mg* | *Ca* | *Sr* | *Ba* | *Ra* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गलनांक (K) | 1560 | 920 | 1112 | 1041 | 1000 | 973 |
| क्वथनांक (K) | 2770 | 1378 | 1767 | 1654 | 1413 | – |

(ii) किन्तु ये मान क्षारीय धातुओं से अधिक होते हैं। ये क्षारीय मृदा धातुओं के क्रिस्टलीय जालक में परमाणुओं के बंद संकुलन के कारण हो सकता है।

(5) **आयनन ऊर्जा एवं धनवैद्युतीय या धात्विक गुण**

(i) चूँकि आवर्त के साथ परमाण्विक आकार घटता है एवं नाभिकीय आवेश बढ़ता है और इस तरह नाभिक की ओर इलेक्ट्रॉन अधिक दृढ़ता से बन्धे रहते हैं इसलिये क्षारीय मृदा धातुओं की आयनन ऊर्जा क्षारीय धातुओं

की अपेक्षा अधिक होती है। किन्तु *p*-ब्लॉक तत्वों की तुलना में कम आयनन ऊर्जा होती है।

(ii) क्षारीय मृदा धातुओं की आयनन ऊर्जा *Be* से *Ba* तक घटती है।

| | Be | Mg | Ca | Sr | Ba | Ra |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम आयनन ऊर्जा ($kJ\ mol^{-1}$) | 899 | 737 | 590 | 549 | 503 | 509 |
| द्वितीय आयनन ऊर्जा ($kJ\ mol^{-1}$) | 1757 | 1450 | 1146 | 1064 | 965 | 979 |

(iii) द्वितीय आयनन ऊर्जा का उच्च मान इस तथ्य के कारण होता है कि संयोजी कोश से एक इलेक्ट्रॉन हटने के बाद शेष बचे हुए इलेक्ट्रॉन धनायन के नाभिक से अधिक दृढ़ता से बन्धे रहते हैं और इस तरह एकल संयोजी धनायन से एक और इलेक्ट्रॉन खींचने के लिये अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

(iv) इसमें कोई संदेह नहीं कि क्षारीय मृदा धातुओं की प्रथम आयनन ऊर्जा क्षारीय धातुओं से अधिक होती है किन्तु क्षारीय एवं क्षारीय मृदा धातुओं की द्वितीय आयनन ऊर्जा देखने पर पाया जाता है कि क्षारीय धातुओं की द्वितीय आयनन ऊर्जा अधिक होती है।

| | Li | Be |
|---|---|---|
| प्रथम आयनन ऊर्जा ($kJ\ mol^{-1}$) | 520 | 899 |
| द्वितीय आयनन ऊर्जा ($kJ\ mol^{-1}$) | 7296 | 1757 |

यह इस प्रकार दर्शाया जा सकता है कि,

$$Li: 1s^2, 2s^1 \xrightarrow[\text{पृथक्करण}]{2s\ \text{इलेक्ट्रॉन का}} Li^+: 1s^2 \xrightarrow[\text{पृथक्करण}]{1s\ \text{इलेक्ट्रॉन का}} Li^{2+}: 1s^1$$

$$Be: 1s^2, 2s^2 \xrightarrow[\text{पृथक्करण}]{2s\ \text{इलेक्ट्रॉन का}} Be^+: 1s^2, 2s^1 \xrightarrow[\text{पृथक्करण}]{2s\ \text{इलेक्ट्रॉन का}} Be^{2+}: 1s^2$$

उपरोक्त उदाहरण के अनुसार क्षारीय धातुओं से द्वितीय इलेक्ट्रॉन 1*s* उपकोश से हटता है जो कि नाभिक के अधिक नजदीक होता है और 1*s* इलेक्ट्रॉन कोर रोकने के लिये अधिक नाभिकीय आवेश उत्पन्न करता है, जबकि क्षारीय मृदा धातुओं से द्वितीय इलेक्ट्रॉन 2s उपकोश से हटता है। उपकोश नाभिक के जितना नजदीक होगा, इलेक्ट्रॉन नाभिक से उतनी दृढ़ता से बन्धे होंगे एवं इस तरह इलेक्ट्रॉन पृथक करने के लिये अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

(v) ये सभी प्रबल धनवैद्युत गुण रखते हैं जो *Be* से *Ba* तक बढ़ता है।

(vi) इनका धनवैद्युत गुण क्षारीय धातुओं से कम होता है जबकि बाद वालों की कम आयनन ऊर्जा होती हैं।

### (6) ऑक्सीकरण संख्या एवं संयोजकता

(i) इन धातुओं के $IE_2$ की अपेक्षा $IE_1$ बहुत कम होते हैं और इस तरह ये प्रदर्शित होता है कि इन धातुओं को द्विसंयोजी आयनों की अपेक्षा एकल संयाजी आयनों का निर्माण करना चाहिए, किन्तु वास्तविकता में ये सभी द्विसंयोजी आयन देते हैं। यह इस कारण से होता है कि $M^{2+}$ आयन की जलयोजन की उच्च कोटि होती है या $M^{2+}$ आयन शीघ्रता से जलयोजित होकर $[M(H_2O)_x]^{2+}$ बनाते हैं, जो जलयोजित हैं। यह ऊर्जा की बहुत अधिक मात्रा उत्सर्जित करता है जो द्वितीय आयनन ऊर्जा का उच्च मान संतुलित कर देता है।

$$M \rightarrow M^{2+},\ \Delta H = IE_1 + E_2$$

$$M^{2+} + xH_2O \rightarrow [M(H_2O)_x]^{2+};\ \Delta H = -\ \text{जलयोजन ऊर्जा}$$

(ii) इन धातुओं की द्विसंयोजी धनायन की तरह उत्पन्न होने की प्रवृत्ति इस आधार पर दी जाती है,

(a) इन धातुओं के द्विसंयोजी धनायन उत्कृष्ट गैस या स्थायी अभिविन्यास दर्शाते हैं।

(b) द्विसंयोजी धनायन की प्रबल जालक संरचना के कारण, द्विसंयोजी धनायन जालक के निर्माण में ऊर्जा उत्सर्जित होती है जो इन धातुओं की द्वितीय आयनन ऊर्जा के उच्च मानों के लिये सुगमता प्रदान करती है।

(c) विलयन अवस्था में इन धातुओं के द्विसंयोजी आयनों के अस्तित्व के लिये, द्विसंयोजी धनायन की उच्च जलयोजन ऊष्मा आधार बनाती है।

### (7) आयनों का जलयोजन

(i) क्षारीय मृदा धातुओं के द्विसंयोजी धन आयनों की जलयोजन ऊर्जाएँ एकलसंयोजी धनायन की जलयोजन ऊर्जा से अधिक होती है।

| | $Mg^+$ | $Mg^{2+}$ |
|---|---|---|
| जलयोजन ऊर्जा या जलयोजन की ऊष्मा ($kJ\ mol^{-1}$) | 353 | 1906 |

क्षारीय मृदा धातुओं के द्विसंयोजी धनायनों के लिये जलयोजन ऊष्मा के असामान्य उच्च मान उनकी द्विसंयोजी प्रकृति के लिये उत्तरदायी होते हैं। ऊर्जा की अधिक मात्रा में निष्कासन के साथ $MgCl_2$ निर्माण पाया जाता है और इस तरह से $MgCl_2$ अधिक स्थायी है।

(ii) $M^{2+}$ आयनों की जलयोजन ऊर्जाएँ आयनिक त्रिज्याओं की वृद्धि के साथ घटती हैं।

| | $Be^{2+}$ | $Mg^{2+}$ | $Ca^{2+}$ | $Sr^{2+}$ | $Ba^{2+}$ |
|---|---|---|---|---|---|
| जलयोजन ऊष्मा $kJ\ mol^{-1}$ | 2382 | 1906 | 1651 | 1484 | 1275 |

(iii) जलयोजन ऊष्मा क्षारीय धातु आयनों से अधिक होती है और इस तरह क्षारीय मृदा धातुओं के यौगिक क्षारीय धातुओं की अपेक्षा अत्याधिक जलयोजित होते हैं जैसे कि $MgCl_2$ और $CaCl_2$ $MgCl_2.6H_2O$ एवं $CaCl_2.6H_2O$ की तरह उत्पन्न होते हैं। *NaCl* एवं *KCl* इस तरह के हाइड्रेट निर्मित नहीं करते हैं।

(iv) इसलिये जलयोजित आयन के आकार घटने से आयनिक गति *Be* से *Ba* तक बढ़ती है।

### (8) ऋणविद्युतता

(i) क्षारीय मृदा धातुओं की ऋणविद्युतता भी कम होती है किन्तु क्षारीय धातुओं की अपेक्षा अधिक होती है।

(ii) *Be* से *Ba* तक घटती हुई ऋणविद्युतताएँ नीचे दर्शायी गई हैं,

| | Be | Mg | Ca | Sr | Ba |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋणविद्युतता | 1.57 | 1.31 | 1.00 | 0.95 | 0.89 |

(9) **चालकता शक्ति :** ऊष्मा एवं विद्युत के अच्छे चालक होते हैं।

### (10) मानक ऑक्सीकरण विभव एवं अपचायक गुण

(i) मानक ऑक्सीकरण विभव (वोल्ट में) हैं,

| Be | Mg | Ca | Sr | Ba |
|---|---|---|---|---|
| 1.69 | 2.35 | 2.87 | 2.89 | 2.90 |

(ii) ये सभी धातुएँ $M^{2+}$ आयन देने के लिये दो इलेक्ट्रॉन खोने की प्रवृत्ति दर्शाती हैं एवं अपचायक की तरह प्रयुक्त होती हैं।

(iii) अपचायक गुण *Be* से *Ba* तक बढ़ता है किन्तु ये क्षारीय धातुओं की तुलना में कम शक्तिशाली अपचायक होती हैं।

(iv) बेरिलियम का अपेक्षाकृत कम ऑक्सीकरण विभव होता है और इस तरह यह अम्लों से $H_2$ उत्सर्जित नहीं करती है।

### (11) लाक्षणिक ज्वाला रंग

दर्शाये जाने वाले लाक्षणिक ज्वाला रंग हैं : *Ca* – ईंट जैसा लाल; *Sr* –क्रिमसन; *Ba*-सेब जैसा हरा एवं *Ra*–क्रिमसन।

## रासायनिक गुण

### (1) ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड का निर्माण

(i) *Ba* एवं *Ra* को छोड़कर सभी तत्व वायु में जलने पर आयनिक प्रवृत्ति के ऑक्साइड, *MO* देते हैं जो प्रकृति में क्रिस्टलीय होते हैं किन्तु

*Ba* और *Ra* परऑक्साइड देते हैं। उच्च ऑक्साइड बनाने की प्रवृत्ति *Be* से *Ra* तक बढ़ती है।

$2M + O_2 \rightarrow 2MO \quad (M \rightarrow Be, Mg$ या $Ca)$

$2M + O_2 \rightarrow MO_2 \quad (M \rightarrow Ba$ या $Sr)$

(ii) इनकी सक्रियता क्षारीय धातुओं से कम होती है, ये इस तथ्य द्वारा प्रमाणित होता है कि ये वायु से विस्फोटिक होने पर धीरे-धीरे ऑक्सीकृत होती हैं किन्तु समूह में नीचे जाने पर ऑक्सीजन के प्रति इन धातुओं की क्रियाशीलता बढ़ती है।

(iii) इन धातुओं के ऑक्साइड उच्च जालक ऊर्जा के कारण बहुत अधिक स्थायी होते हैं।

(iv) *BeO* एवं *MgO* को छोड़कर इन धातुओं के ऑक्साइड जल में घुलकर भास्मिक हाइड्रॉक्साइड बनाते हैं एवं ऊष्मा की अधिक मात्रा उत्सर्जित करते हैं, अर्थात् *BeO* और *MgO* उच्च जालक ऊर्जा दर्शाते हैं और इस तरह ये जल में अविलेय होते हैं।

(v) *BeO* अम्ल और क्षार दोनों में घुलकर लवण देता है, अर्थात् *BeO* प्रकृति में उभयधर्मी होता है।

$BeO + 2NaOH \rightarrow Na_2BeO_2 + H_2O \; ; \; BeO + 2HCl \rightarrow BeCl_2 + H_2O$
सोडियम बेरिलेट बेरिलियम क्लोराइड

(vi) क्षारीय मृदा धातुओं के ऑक्साइडों की क्षारीय प्रकृति *Be* से *Ra* तक बढ़ती है क्योंकि धनविद्युती गुण *Be* से *Ra* तक बढ़ता है।

(vii) इन धातुओं की जल से अभिक्रिया करने की प्रवृत्ति धनवैद्युत गुण में वृद्धि के साथ बढ़ती है, अर्थात् *Be* से *Ra* तक।

(viii) जल के साथ *Be* की अभिक्रिया निश्चित नहीं होती, मैग्नीशियम केवल गर्म जल के साथ अभिक्रिया करता है, जबकि अन्य दूसरी धातुएँ ठण्डे जल के साथ अभिक्रिया करती हैं किन्तु अभिक्रिया क्षारीय धातुओं की तुलना में कम ऊर्जादायी एवं धीमी गति से होती है।

(ix) *Be* एवं *Mg* की जल के प्रति निष्क्रियता धातु के तल पर हाइड्रॉक्साइड की रक्षीय पतली परत के निर्माण के कारण होती है।

(x) हाइड्रॉक्साइड की क्षारीय प्रकृति *Be* से *Ra* तक बढ़ती है। ऐसा समूहों में नीचे जाने पर आयनिक त्रिज्या में वृद्धि के कारण होता है जिसके परिणामस्वरूप $M-(OH)_2$ में $M-O$ बन्ध की प्रबलता घट जाती है इसके द्वारा हाइड्रॉक्साइड का अधिक वियोजन एवं अधिक क्षारीय गुण प्रदर्शित होता है।

(xi) क्षारीय मृदा धातुओं के हाइड्रॉक्साइड की विलेयता उनके संगत क्षारीय धातु हाइड्रॉक्साइडों की अपेक्षा कम होती है। क्षारीय मृदा धातुओं के हाइड्रॉक्साइड की विलेयता *Be* से *Ba* तक बढ़ती है। $Be(OH)_2$ एवं $Mg(OH)_2$ लगभग अविलेय होते हैं, $Ca(OH)_2$ (प्रायः चूने का पानी कहलाता है) कम विलेय होता है जबकि $Sr(OH)_2$ एवं $Ba(OH)_2$ (प्रायः बैरायटा जल कहलाता है) जल में अधिक विलेय होते हैं।

इन हाइड्रॉक्साइडों की विलेयता का चलन इन हाइड्रॉक्साइडों की जलयोजन ऊर्जा एवं जालक ऊर्जा के मानों पर निर्भर करता है। जलयोजन ऊर्जा का परिमाण प्रायः समान रहता है जबकि जालक ऊर्जा समूह में नीचे जाने पर घटती है। समूह में नीचे जाने पर $\Delta H_{\text{विलयन}}$ के मान $-ve$ होते हैं।

$$\Delta H_{\text{विलयन}} = \Delta H_{\text{जालक ऊर्जा}} + \Delta H_{\text{जलयोजन ऊर्जा}}$$

$\Delta H_{\text{विलयन}}$ का मान जितना ऋणात्मक होगा, उतनी ही अधिक यौगिकों की विलेयता होगी।

(xii) क्षारीय मृदा धातुओं के हाइड्रॉक्साइड एवं ऑक्साइडों के क्षारीय गुण उनके संगत क्षारीय धातुओं के हाइड्रॉक्साइडों एवं ऑक्साइडों से कम होते हैं।

(xiii) चूने के पानी $[Ca(OH)_2]$ का जलीय या बैरायटा जल $[Ba(OH)_2]$ का उपयोग कार्बन डाईऑक्साइड की गुणात्मक पहचान एवं भारात्मक आँकलन में होता है क्योंकि दोनों ही अविलेय $CaCO_3$ या $BaCO_3$ के निर्माण के कारण $CO_2$ के साथ सफेद अवक्षेप देते हैं।

$Ca(OH)_2 + CO_2 \rightarrow CaCO_3 + H_2O \; ; \; Ba(OH)_2 + CO_2 \rightarrow BaCO_3 + H_2O$
(सफेद अवक्षेप) (सफेद अवक्षेप)

$SO_2$ को भी चूने के पानी अथवा बैरायटा जल से गुजारने पर यह $CaSO_3$ या $BaSO_3$ का सफेद अवक्षेप देती है, किन्तु अधिक मात्रा में $CO_2$ गुजारने पर अविलेय कार्बोनेटों का सफेद गंदलापन घुलकर विलेय बाइकार्बोनेट के निर्माण के कारण साफ विलयन देता है।

$CaCO_3 + H_2O + CO_2 \rightarrow Ca(HCO_3)_2$

(2) **हाइड्राइड**

(i) *Be* को छोड़कर, सभी क्षारीय मृदा धातुएँ $H_2$ के साथ प्रत्यक्ष गर्म होने पर हाइड्राइड (*MH*$_2$) का निर्माण करती हैं, $M + H_2 \rightarrow MH_2$.

(ii) $BeCl_2$ पर $LiAlH_4$ के प्रभाव के द्वारा $BeH_2$ निर्मित होता है,

$2BeCl_2 + LiAlH_4 \rightarrow 2BeH_2 + LiCl + AlCl_3$

(iii) $BeH_2$ एवं $MgH_2$ सहसंयोजी होते हैं जबकि दूसरे हाइड्राइड आयनिक होते हैं।

(iv) *Ca, Sr, Ba* के आयनिक हाइड्राइड एनोड पर $H_2$ एवं कैथोड पर धातु उत्सर्जित करते हैं।

$CaH_2 \xrightleftharpoons{\text{गलन}} Ca^{2+} + 2H^-$

एनोड : $2H^- \rightarrow H_2 + 2e^-$ कैथोड : $Ca^{2+} + 2e^- \rightarrow Ca$

(v) हाइड्राइड की स्थायित्वता *Be* से *Ba* तक घटती है।

(vi) हाइड्राइडों जिनकी जल के लिये उच्च क्रियाशीलता होती हैं, वे जल में आसानी से घुल जाते हैं एवं हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करते हैं।

$CaH_{2(s)} + 2H_2O \rightarrow Ca(OH)_2 + 2H_2\uparrow$

(3) **कार्बोनेट एवं बाइकार्बोनेट**

(i) ये सभी धातु कार्बोनेट ($MCO_3$) उदासीन माध्यम में अविलेय हैं किन्तु अम्लीय माध्यम में विलेय होते हैं। इन धातुओं के विलयन में क्षारीय धातु या अमोनियम कार्बोनेट विलयन मिलाने पर ये अवक्षेपित होते हैं।

$(NH_4)_2CO_3 + CaCl_2 \rightarrow 2NH_4Cl + CaCO_3$

$Na_2CO_3 + BaCl_2 \rightarrow 2NaCl + BaCO_3$

(ii) जब कार्बन डाईऑक्साइड की परिकलित मात्रा को क्षारीय धातु हाइड्रॉक्साइड के विलयन से गुजारा जाता है तो सफेद अवक्षेप के रूप में क्षारीय मृदा धातु कार्बोनेट प्राप्त होते हैं।

$M(OH)_{2(aq)} + CO_{2(g)} \rightarrow MCO_{3(s)} + H_2O_{(l)}$

क्षारीय मृदा धातुओं के लवण के विलयन में जैसे कि $CaCl_2$ में सोडियम या अमोनियम कार्बोनेट मिलाते हैं,

$CaCl_{2(aq)} + Na_2CO_{3(aq)} \rightarrow CaCO_{3(s)} + 2NaCl_{(aq)}$

(iii) समूह में नीचे जाने पर इन धातुओं के कार्बोनेटों की विलेयता भी जलयोजन ऊर्जा के घटने के साथ घटती है। सल्फेट के प्रकरण में जालक ऊर्जा प्रायः अपरिवर्तित रहती है।

(vi) इन धातुओं के कार्बोनेट गर्म करने पर विघटित होकर ऑक्साइड देते हैं। विघटन ताप *Be* से *Ba* तक बढ़ता है। बेरिलियम कार्बोनेट अस्थायी होता है।

$$MCO_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} MO + CO_2$$

(4) **हैलाइड**

(i) क्षारीय मृदा धातुएँ हैलोजन के साथ उपयुक्त ताप पर प्रत्यक्ष रूप से संयुक्त होकर हैलाइड ($MX_2$) का निर्माण करती हैं। ये हैलाइड धातुओं, धातु ऑक्साइड हाइड्रॉक्साइड एवं कार्बोनेट पर हैलोजन अम्लों की क्रिया द्वारा भी निर्मित हो सकते हैं।

$M + 2HX \rightarrow MX_2 + H_2 \; ; \; MO + 2HX \rightarrow MX_2 + H_2O$

$M(OH)_2 + 2HX \rightarrow MX_2 + 2H_2O$

$MCO_3 + 2HX \rightarrow MX_2 + CO_2 + H_2O$

किन्तु बेरिलियम क्लोराइड, ऑक्साइड से प्राप्त होते हैं।

$$BeO + C + Cl_2 \xrightarrow{870-1070\,K} BeCl_2 + CO$$

(ii) $BeCl_2$ सहसंयोजी है, $MgCl_2$, $CaCl_2$, $SrCl_2$ एवं $BaCl_2$ आयनिक हैं। जैसे-जैसे धातु आयन का आकार बढ़ता है, आयनिक गुण बढ़ता है। ये प्रमाण निम्नलिखित तथ्यों द्वारा दिये जाते हैं,

(a) बेरिलियम क्लोराइड आपेक्षिक रूप से कम गलनांक वाला एवं वाष्पशील होता है जबकि $BaCl_2$ अधिक गलनांक वाला एवं स्थायी होता है।

(b) बेरिलियम क्लोराइड कार्बनिक विलायकों में विलेय है।

(iii) इस समूह के हैलाइड सदस्य जल में विलेय हैं एवं उदासीन विलयन उत्पन्न करते हैं जिनसे $MgCl_2\,6H_2O$, $CaCl_2.6H_2O$. $BaCl_2\,2H_2O$ जैसे हाइड्रेट क्रिस्टलीकृत हो सकते हैं। हाइड्रेटेड हैलाइडों के निर्मित होने की प्रवृत्ति धातु आयनों के आकार बढ़ने के साथ घटती है।

(iv) $BeCl_2$ जल के साथ अम्लीय विलयन बनाने के लिये आसानी से जलअपघटित हो जाता है।

$BeCl_2 + 2H_2O \rightarrow Be(OH)_2 + 2HCl.$

(v) उच्च जालक ऊर्जाओं के कारण फ्लोराइड, क्लोराइडों की अपेक्षा तुलनात्मक रूप से कम विलेय होते हैं। $BeCl_2$ एवं $MgCl_2$ को छोड़कर क्षारीय मृदा धातुओं के क्लोराइड ज्वाला में लाक्षणिक रंग दर्शाते हैं।

| $CaCl_2$ | $SrCl_2$ | $BaCl_2$ |
|---|---|---|
| ईंट जैसा लाल रंग | क्रिमसन रंग | घास जैसा हरा रंग |

***$BeCl_2$* की संरचना** : ठोस प्रावस्था में $Be$-Cl-$Be$ सेतु संरचना के साथ तीन केन्द्रीय दो इलेक्ट्रॉन बन्धन के साथ बहुलकीय श्रृंखला संरचना नीचे दर्शायी हुई है,




वाष्पीय प्रावस्था में ये क्लोरो सेतु द्विलक निर्मित करने की प्रवृत्ति बताते हैं जो 1200 $K$ के उच्च ताप पर रैखीय त्रिपरमाण्विक एकलक में वियोजित हो जाता है।

(5) **जलीय अमोनिया में विलेयता** : क्षारीय धातुओं की तरह क्षारीय मृदा धातुएँ भी रंगीन विलयन बनाने के लिये जलीय अमोनिया में विलेय होती हैं। जब ये विलयन वाष्पित होते हैं तो हैक्साअमोनिएट $M(NH_3)_6$ निर्मित होते हैं।

(6) **नाइट्राइड**

(i) सभी क्षारीय मृदा धातुएँ $N_2$ के साथ प्रत्यक्ष रुप से संयुक्त होकर नाइट्राइड $M_3N_2$ देती हैं,

(ii) किन्तु नाइट्राइड के निर्माण की सुगमता $Be$ से $Ba$ तक घट जाती है।

(iii) ये नाइट्राइड जल से अपघटित होकर $NH_3$ उत्सर्जित करते हैं,

$M_3N_2 + 6H_2O \rightarrow 3M(OH)_2 + 2NH_3$

(7) **सल्फेट्स**

(i) ये सभी $M\,SO_4$ प्रकार के सल्फेट निर्मित करती हैं जो धातुओं, उनके ऑक्साइडों, कार्बोनेट या हाइड्रॉक्साइडों पर $H_2SO_4$ के प्रभाव द्वारा बनते हैं

$M + H_2SO_4 \rightarrow MSO_4 + H_2$ ; $MO + H_2SO_4 \rightarrow MSO_4 + H_2O$

$MCO_3 + H_2SO_4 \rightarrow MSO_4 + H_2O + CO_2$

$M(OH)_2 + H_2SO_4 \rightarrow MSO_4 + 2H_2O$

(ii) समूह में नीचे जाने पर जल में सल्फेट की विलेयता घटती है। $BeSO_4$ एवं $MgSO_4$ जल में आसानी से विलेय होते हैं जबकि $BaSO_4$ पूर्णतः अविलेय हैं। यह समूह में नीचे जाने पर सल्फेटों की जालक ऊर्जा में वृद्धि के कारण होता है जो जलयोजन ऊष्मा की अपेक्षा प्रभावी होता है।

(iii) सल्फेट ऊष्मा के प्रति स्थायी होते हैं किन्तु कार्बन के साथ गर्म करने पर सल्फाइड में अपचयित हो जाते हैं,

$MSO_4 + 2C \rightarrow MS + 2CO_2$

(8) **कार्बन के साथ क्रिया** : क्षारीय मृदा धातुएँ ($Be$, $Mg$ को छोड़कर) कार्बन के साथ गर्म होकर $MC_2$ प्रकार का कार्बाइड निर्मित करती हैं। ये कार्बाइड एसीटलाइड भी कहलाते हैं क्योंकि जलअपघटन पर ये एसीटिलीन उत्सर्जित करते हैं।

$MC_2 + 2H_2O \rightarrow M(OH)_2 + C_2H_2$

(9) **सल्फर एवं फॉस्फोरस के साथ क्रिया** : क्षारीय मृदा धातुएँ जब सल्फर एवं फॉस्फोरस के साथ गर्म की जाती हैं तो ये प्रत्यक्ष रुप से संयुक्त होकर क्रमशः $MS$ प्रकार के सल्फाइड एवं $M_3P_2$ प्रकार के फॉस्फाइड निर्मित करती हैं।

$M + S \rightarrow MS$ ; $3M + 2P \rightarrow M_3P_2$

सल्फाइड जलअपघटन पर $H_2S$ उत्सर्जित करते हैं जबकि फॉस्फाइड जलअपघटन पर फॉस्फीन उत्सर्जित करते हैं।

$MS$ + तनु अम्ल $\rightarrow H_2S$ ; $M_3P_2$ + तनु अम्ल $\rightarrow PH_3$

सल्फाइड चमकीले होते हैं एवं जल के द्वारा विघटित हो जाते हैं।

$2MS + 2H_2O \rightarrow M(OH)_2 + M(HS)_2$

(10) **नाइट्रेट्स** : इन धातुओं के नाइट्रेट जल में विलेय होते हैं। गर्म होने पर ये नाइट्रोजन डाईऑक्साइड एवं ऑक्सीजन के मिश्रण की उत्पत्ति के साथ इनके संगत ऑक्साइडों में विघटित हो जाते हैं।

$$M(NO_3)_2 \rightarrow MO + 2NO_2 + \left(\frac{1}{2}\right)O_2$$

(11) **संकुलों का निर्माण**

(i) संकुल आयन निर्माण को दर्शाने की प्रवृत्ति छोटे आकार, उच्च नाभिकीय आवेश एवं इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने के लिये खाली कक्षकों पर निर्भर करती है। चूँकि क्षारीय मृदा धातुएँ ये गुण नहीं दर्शाती हैं और इस तरह ये संकुल आयन निर्माण नहीं करती हैं।

(ii) किन्तु $Be^{2+}$ छोटे आकार के आधार पर कई संकुल निर्मित करता है जैसे कि $(BeF_3)^{1-}$, $(BeF_4)^{2-}$

## बेरिलियम का अपसामान्य व्यवहार

बेरिलियम अन्य क्षारीय मृदा धातुओं से इसके छोटे परमाण्विक आकार एवं उच्च ऋणविद्युतता के कारण भिन्न होता है। $Be^{2+}$, ऋणायनों पर उच्च ध्रुवण प्रभाव उत्पन्न करता है और इस तरह इसके यौगिकों में सहसंयोजी प्रकृति उत्पन्न करता है। बेरिलियम के अन्य क्षारीय मृदा धातुओं से अन्तर निम्नलिखित हैं,

(1) $Be$ सबसे हल्की क्षारीय मृदा धातु है।

(2) $Be$ का समूह के अन्य तत्वों से अधिक गलनांक एवं क्वथनांक होता है।

(3) $BeO$ प्रकृति में उभयधर्मी है जबकि समूह के अन्य सदस्यों के ऑक्साइड प्रबल क्षार हैं।

(4) यह शुष्क वायु से आसानी से प्रभावित नहीं होती और साधारण ताप पर जल को विघटित नहीं करती है।

(5) $BeSO_4$ जल में विलेय है।

(6) $Be$ और $Mg$ के कार्बोनेट $NH_4Cl$ की उपस्थिति में $(NH_4)_2CO_3$ द्वारा अवक्षेपित नहीं होते हैं।

(7) $Be$ और $Mg$ के लवण ज्वाला में रंग नहीं देते हैं।

(8) $Be$ अन्य क्षारीय मृदा धातुओं की तरह परऑक्साइड निर्मित नहीं करती है।

(9) यह अन्य क्षारीय मृदा धातुओं की तरह अम्लों से आसानी से हाइड्रोजन उत्सर्जित नहीं करती है।

(10) इसमें संकुल यौगिक निर्मित करने की प्रबल प्रवृत्ति होती है।

(11) $Be_3N_2$ वाष्पशील है जबकि अन्य क्षारीय मृदा धातुओं के नाइट्राइड अवाष्पशील होते हैं।

(12) इसके लवण में क्रिस्टलीकरण जल के चार अणुओं से अधिक नहीं होते हैं क्योंकि इसके संयोजी कोशों में केवल चार कक्षक उपलब्ध होते हैं।

(13) बेरिलियम कार्बाइड जल से अभिक्रिया करके मेथेन देता है जबकि मैग्नीशियम कार्बाइड एवं कैल्शियम कार्बाइड क्रमशः प्रोपाइन एवं एसीटिलीन देते हैं।

$$Be_2C + 4H_2O \rightarrow 2Be(OH)_2 + CH_4$$

$$Mg_2C_3 + 4H_2O \rightarrow 2Mg(OH)_2 + C_3H_6$$

$$CaC_2 + 2H_2O \rightarrow Ca(OH)_2 + C_2H_4$$

### *Be* का *Al* के साथ विकर्ण सम्बन्ध

*Be* अपने छोटे आकार के कारण अन्य क्षारीय मृदा धातुओं से भिन्न है किन्तु अपने कई गुणों में *Al* के साथ विकर्ण सम्बन्ध के कारण समानता दर्शाती है।

(1) *Be* एवं *Al* के लगभग समान एवं छोटे आकार होते हैं और इस तरह सहसंयोजी बन्धुता के लिये पक्षधर होते हैं।

(2) ये दोनों कार्बनिक विलायकों में विलेय हैं एवं कम गलनांक वाले सहसंयोजी यौगिक निर्मित करती हैं।

(3) दोनों की ऋणविद्युतता का मान समान होता है। (अर्थात्, 1.5)

(4) इन तत्वों के मानक ऑक्सीकरण विभव एक दूसरे के लगभग समान होते हैं। *Be*=1.69 वोल्ट एवं *Al*= 1.70 वोल्ट

(5) दोनों ठण्डे एवं सान्द्र $HNO_3$ के साथ अभिक्रिया करने से अक्रिय बन जाती हैं।

(6) दोनों कई स्थायी संकुलों का निर्माण करती हैं जैसे कि $(BeF_3)^-$, $(AlH_4)^-$.

(7) *BeO* की तरह $Al_2O_3$ प्रकृति में उभयधर्मी है। दोनों ही उच्च गलनांक वाले ठोस हैं।

$$Al_2O_3 + 2NaOH \rightarrow 2NaAlO_2 + H_2O$$

$$Al_2O_3 + 6HCl \rightarrow 2AlCl_3 + 3H_2O$$

(8) *Be* और *Al* दोनों *NaOH* के साथ अभिक्रिया कर $H_2$ उत्सर्जित करती हैं एवं बैरिलेट्स तथा एल्यूमीनेट्स का निर्माण करती हैं।

$$Be + 2NaOH \rightarrow Na_2BeO_2 + H_2$$

$$2Al + 6NaOH \rightarrow 2Na_3AlO_3 + 3H_2$$

(9) $Be_2C$ एवं $Al_4C_3$ दोनों जल के साथ क्रिया करके $CH_4$ देते हैं।

$$Be_2C + 2H_2O \rightarrow CH_4 + 2BeO$$

$$Al_4C_3 + 6H_2O \rightarrow 3CH_4 + 2Al_2O_3$$

(10) दोनों प्रकृति में बैरिल अयस्क के रूप में एक साथ पायी जाती हैं, $3BeO.Al_2O_3.6SiO_2$.

(11) अन्य क्षारीय मृदा धातुओं से विपरीत किन्तु एल्यूमीनियम की तरह, बेरिलियम वायु द्वारा आसानी से आक्रमित नहीं होती है (*Mg* भी वायु द्वारा आक्रमित नहीं होती है)।

(12) *Be* एवं *Al* दोनों ही तनु *HCl* के साथ धीरे-धीरे क्रिया करके $H_2$ उत्सर्जित करती हैं।

(13) *Be* और *Al* दोनों ही बहुलकीय सहसंयोजी हाइड्राइड निर्मित करती हैं जबकि अन्य क्षारीय मृदा धातुओं के हाइड्राइड आयनिक होते हैं।

(14) $BeCl_2$ एवं $AlCl_3$ दोनों समान तरह से निर्मित होते हैं।

$$BeO + C + Cl_2 \rightarrow BeCl_2 + CO$$

$$Al_2O_3 + 3C + 3Cl_2 \rightarrow 2AlCl_3 + 3CO$$

(15) $BeCl_2$ एवं $AlCl_3$ दोनों कार्बनिक विलायकों में विलेय हैं और फ्रीडल-क्रॉफ्ट अभिक्रिया में उत्प्रेरक की तरह व्यवहार करते हैं।

(16) $Be(OH)_2$ एवं $Al(OH)_3$ दोनों उभयधर्मी हैं जबकि अन्य क्षारीय मृदा धातुओं के हाइड्रॉक्साइड प्रबल क्षारीय हैं।

(17) *Be* एवं *Al* के लवण अत्याधिक जलयोजित होते हैं।

(18) $BeCl_2$ एवं $AlCl_3$ दोनों की सेतु बहुलकीय संरचना होती है।

(19) *Be* एवं *Al* दोनों विलयन अवस्था में फ्लोरो संकुल आयनों $[BeF_4]^{2-}$ एवं $[AlF_6]^{3-}$ का निर्माण करते हैं जबकि 2nd समूह के अन्य सदस्य ऐसे संकुल नहीं बनाते हैं।

### मैग्नीशियम एवं इसके यौगिक

(1) **मैग्नीशियम के अयस्क :** मैग्नेसाइट $(MgCO_3)$, डोलोमाइट $(MgCO_3.CaCO_3)$, एप्सोमाइट (एप्सम लवण) $(MgSO_4.7H_2O)$ कार्नेलाइट $(MgCl_2.KCl.6H_2O)$, एस्बेस्टस $(CaMg_3(SiO_3)_4)$, टेल्क $(Mg_2\ (Si_2O_5)_2.Mg(OH)_2)$ ।

(2) **मैग्नीशियम का निष्कर्षण :** यह गलित मैग्नीशियम क्लोराइड के वैद्युत अपघटन से प्राप्त होता है जो कार्नेलाइट एवं मैंग्नेसाइट से प्राप्त होता है।

कार्नेलाइट $(MgCl_2.KCl.6H_2O)$ गर्म होकर निर्जलीय $MgCl_2$ में प्रक्षेप परिवर्तित नहीं हो सकता है क्योंकि क्रिस्टलीकरण का पूरा जल गर्म करके नहीं हटाया जा सकता है। जब इसे अधिक गर्म किया जाये तो यह $MgO$ में परिवर्तित हो जाता है।

$$MgCl_2 + 2H_2O \xrightarrow{\Delta} MgO + 2HCl + H_2O$$

डाऊ प्रक्रम में मैग्नीशियम क्लोराइड, $MgCl_2.6H_2O$ के रुप में समुद्री जल से प्राप्त होता है। यह शुष्क $HCl$ गैस की धारा में गर्म होने पर निर्जलीय हो जाता है। निर्जलीय मैग्नीशियम क्लोराइड $NaCl$ के साथ गलित होता है। (विद्युतअपघट्य को चालकता प्रदान करने के लिये एवं निर्जलीय $MgCl_2$ का गलित ताप कम करने के लिये) और फिर $700^oC$ पर वैद्युत अपघटित होता है।

(3) **मैग्नीशियम के यौगिक**

(i) ***मैग्नीशिया (MgO) :*** यह मैग्नीशिया सीमेन्ट की तरह प्रयुक्त होता है। यह $MgO$ और $MgCl_2$ का मिश्रण है। यह सोरेल सीमेन्ट भी कहलाता है।

(ii) ***मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड :*** इसका जलीय सस्पेंशन दवाईयों में एन्टेसिड की तरह उपयोगी है। इसका चिकित्सकीय नाम मिल्क ऑफ मैग्नीशिया है।

(iii) ***मैग्नीशियम सल्फेट या एप्सम लवण*** $(MgSO_4.7H_2O)$: यह $ZnSO_4.7H_2O$. के साथ समरुपी है। यह दवाईयों में जुलाब की तरह, रंजको में रंगबन्धक की तरह एवं बाइल के उत्सर्जन को बढानें हेतु उत्तेजनाकारी की तरह उपयोगी है।

(iv) ***मैग्नीशियम क्लोराइड*** $(MgCl_2.6H_2O)$: यह जलनिर्मोची ठोस है। वायु में गर्म करने पर जलयोजित लवण का आंशिक जलअपघटन होता है।

$$MgCl_2.6H_2O \xrightarrow{\text{गर्म}} Mg(OH)Cl + HCl + 5H_2O.$$

### कैल्शियम एवं इसके यौगिक

(1) **कैल्शियम के अयस्क :** चूने का पत्थर या मार्बल या चॉक $(CaCO_3)$, जिप्सम $(CaSO_4.2H_2O)$, डोलोमाइट $(CaCO_3.MgCO_3)$, फ्लोरस्पार $(CaF_2)$, फॉस्फोराइट $Ca_3(PO_4)_2$ इत्यादि। कैल्शियम फॉस्फेट हड्डियों और दाँतों का मौलिक अंश है।

(2) **निर्माण :** $700^oC$ पर कुछ कैल्शियम फ्लोराइड युक्त कैल्शियम क्लोराइड के गलित मिश्रण के विद्युतअपघटन द्वारा इसे निर्मित किया जाता है। कैल्शियम क्लोराइड सॉल्वे विधि के सहउत्पाद के रूप में प्राप्त होता है।

(3) कैल्शियम के यौगिक

(i) ***कैल्शियम ऑक्साइड या बुझा हुआ चूना*** (*CaO*) : यह जलीय सस्पेंशन है एवं बुझे हुए चूने के नाम से जाना जाता है

$$CaO + H_2O \xrightarrow{\text{सनसनाहट ध्वनि}} \underset{\text{बुझा हुआ चूना}}{Ca(OH)_2} + \text{ऊष्मा}$$

जब ऑक्सीहाइड्रोजन ज्वाला में स्फोटित करते हैं तब यह प्रकाश उत्सर्जित करना प्रारम्भ कर देता है जिसे चूने का प्रकाश कहते हैं।

$CaO$ क्षारीय फ्लक्स की तरह, जल की कठोरता हटाने के लिये, शुष्कीकारक की तरह ($NH_3$ गैस के लिये), मोर्टार के निर्माण के लिये (*CaO*+ बालू + जल) उपयोगी है।

**मोर्टार** : इमारत निर्माण में उपयोगी मोर्टार 1 : 3 अनुपात में बालू और चूने (*CaO*) का मिश्रण है जिसमें इसको गाढ़ा पेस्ट बनाने के लिये पर्याप्त जल मिलाया जाता है। जब मोर्टार को ईंटों के बीच में रखा जाता है तो यह वायु से धीरे-धीरे $CO_2$ अवशोषित कर लेता है एवं बुझा हुआ चूना पुनः $CaCO_3$ में परिवर्तित हो जाता है।

$$Ca(OH)_2(s) + CO_2(g) \rightarrow CaCO_3(s) + H_2O(l)$$

यद्यपि मोर्टार में उपस्थित बालू रासायनिक रूप से अक्रिय है। दानें एक दूसरे से कैल्शियम कार्बोनेट के कणों द्वारा बंधे रहते हैं और परिणामस्वरूप एक कठोर पदार्थ निर्मित होता है।

(ii) ***कैल्शियम क्लोराइड*** ($CaCl_2.6H_2O$): गलित $CaCl_2$ अच्छा शुष्कीकारक है। यह एल्कोहल या अमोनिया को शुष्क करने के लिये प्रयुक्त नहीं हो सकता क्योंकि यह उनके साथ योगात्मक उत्पादों को निर्मित करता है।

(iii) ***कैल्शियम कार्बोनेट*** (*CaCO*$_3$)

$$Ca(OH)_2 + CO_2 \rightarrow CaCO_3 + H_2O\ .$$

यह $CO_2$ की उपस्थिति में कैल्शियम बाइकार्बोनेट के निर्माण के कारण घुल जाता है।

$$CaCO_3 + H_2O + CO_2 \rightarrow Ca(HCO_3)_2$$

यह समुद्री जन्तुओं के रक्षा कवच का घटक है

(iv) ***कैल्शियम सल्फेट्स, $CaSO_4.2H_2O$ (जिप्सम)***

आंशिक जल अपघटन पर यह प्लास्टर ऑफ पेरिस उत्पन्न करता है

$$\underset{\text{जिप्सम}}{CaSO_4.2H_2O} \xrightarrow{120\,^oC} \underset{\text{प्लास्टर ऑफ पेरिस}}{CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O} + 1\frac{1}{2}H_2O$$

***प्लास्टर ऑफ पेरिस*** :

$$\underset{\text{प्लास्टर ऑफ पेरिस}}{CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O} \xrightarrow[\text{जमना}]{H_2O} \underset{\text{ऑर्थोरोम्बिक}}{CaSO_4.2H_2O} \xrightarrow{\text{कठोरता}} \underset{\text{मोनोक्लिनिक (जिप्सम)}}{CaSO_4.2H_2O}$$

$$\underset{\text{जिप्सम}}{CaSO_4.2H_2O} \xrightarrow{200^oC} \underset{\text{मृत जला हुआ प्लास्टर}}{CaSO_4\text{(निर्जल)}}$$

जिप्सम को जब लगभग $200^oC$ पर गर्म करते हैं तो यह निर्जलीय कैल्शियम सल्फेट में बदल जाता है। निर्जल रूप (एनहाइड्राइट) को मृत जला हुआ प्लास्टर कहते हैं, क्योंकि जब इसे जल के साथ मिलाया जाता है तो यह प्लास्टर ऑफ पेरिस की तरह नहीं जमता है।

(v) ***कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड*** $Ca(OH)_2$ (बुझा हुआ चूना)

$$CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$$

$$Ca(OH)_2 + CO_2 \rightarrow CaCO_3 + Ca(HCO_3)_2$$

जल में $Ca(OH)_2$ के निलम्बन को चूने का दूध कहते हैं

$$Ca(OH)_2 + Cl_2 \rightarrow CaOCl_2 + H_2O$$

(vi) ***सीमेन्ट*** : (a) यह चूने के पत्थर और चिकनी मिट्टी का मिश्रण है। यह पोर्टलेण्ड सीमेन्ट भी कहलाता है, क्योंकि जल की उपस्थिति में यह कठोर पत्थर जैसे पदार्थ में जम जाता है जो कि प्रसिद्ध पोर्ट लेण्ड चट्टान के साथ समानता रखता है जो कि इंग्लेण्ड का प्रसिद्ध इमारती पत्थर है। सीमेन्ट के संघटक हैं

| | |
|---|---|
| कैल्शियम ऑक्साइड ($CaO$) | 50 – 60 % |
| सिलिका ($SiO_2$) | 20 – 25% |
| एल्यूमिना ($Al_2O_3$) | 5 – 10% |
| मैंग्नीशिया ($MgO$) | 1 – 3% |
| फैरिक ऑक्साइड ($Fe_2O_3$) | 1 – 3% |

ऊपर दिये हुए यौगिक दो कच्चे पदार्थो द्वारा दिये जाते हैं जो चूने का पत्थर (जो $CaO$ देता है) एवं चिकनी मिट्टी हैं जो $SiO_2, Al_2O_3$ एवं $Fe_2O_3$ देते हैं। सीमेन्ट में चूने की लगभग सारी मात्रा संयुक्त अवस्था में उपस्थित होती है जैसे, कैल्शियम सिलिकेट ($2CaO.SiO_2$ एवं $3CaO.SiO_2$) एवं कैल्शियम एल्यूमीनेट ($3CaO.Al_2O_3$ एवं $4CaO.Al_2O_3$)।

(b) सीमेन्ट जिसमें चूने की अधिक मात्रा होती है जमाव के दौरान चटकती है जबकि सीमेन्ट जिसमें चूने की कम मात्रा होती है प्रबलता में दुर्बल होती है।

(c) सीमेन्ट जिसमें सिलिका की अधिकता होती है कम जमाव वाली होती है और जिसमें एल्यूमिना की अधिकता होती है शीघ्र जमने वाली होती है।

(d) सीमेन्ट जिसमें आयरन ऑक्साइड नहीं होता वह सफेद होता है, किन्तु जलने पर कठोर होता है।

सीमेन्ट दो प्रक्रमों द्वारा निर्मित होती है, शुष्क और गीला प्रक्रम। जिप्सम की कुछ मात्रा (2–3%) मिलाने पर सीमेन्ट का जमाव धीमा हो जाता है और ये पर्याप्त कठोर हो जाता है। सीमेन्ट का जमाव ऊष्माक्षेपी प्रक्रम है एवं इसमें कैल्शियम एल्युमिनेट और कैल्शियम सिलिकेट का जलयोजन होता है।

## बोरॉन परिवार (Boron Family)

आवर्त सारणी के दीर्घ रुप के समूह 13 में (प्रारम्भ में मेण्डलीफ आवर्त सारणी के अनुसार समूह III A की तरह सूचित किये गये थे) बोरॉन (*B*) ; एल्यूमीनियम (*Al*), गेलियम (*Ga*), इन्डियम (*In*) एवं थैलियम (*Tl*) शामिल हैं। आवर्त सारणी के 13 वें समूह का प्रथम सदस्य बोरॉन है एवं इस समूह की एकमात्र अधातु है। शेष सभी सदस्य धातु हैं। बोरॉन की अधात्विक प्रकृति उसके छोटे आकार एवं उच्च आयनन ऊर्जा के कारण होती है। इस परिवार के सदस्यों को सामूहिक रुप से बोरॉन परिवार एवं कभी-कभी एल्यूमीनियम परिवार कहते हैं। इस समूह के सदस्य IA (क्षारीय धातु) एवं IIA (क्षारीय मृदा धातु) के तत्वों की अपेक्षा कम धात्विक होते हैं।

(1) इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास

| तत्व | इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास ($ns^2\ np^1$) |
|---|---|
| $_5B$ | $[He]2s^2 2p^1$ |
| $_{13}Al$ | $[Ne]3s^2 3p^1$ |
| $_{31}Ga$ | $[Ar]3d^{10} 4s^2 4p^1$ |
| $_{49}In$ | $[Kr]4d^{10} 5s^2 5p^1$ |

| | |
|---|---|
| $_{81}Tl$ | $[Xe]4f^{14}5d^{10}6s^2 6p^1$ |

(2) **प्राप्ति :** इस समूह के तत्वों के प्रमुख अयस्क नीचे दिये गये हैं

***बोरॉन*:** बोरेक्स (टिंकल) ($Na_2B_4O_7.10H_2O$), कोलेमेनाइट ($Ca_2B_6O_{11}.5H_2O$) बोरासाइट ($2Mg_3B_8O_{15}.MgCl_2$), बोरॉनेट्रो केल्साइट ($CaB_4O_7.NaBO_2.8H_2O$), केरनाइट ($Na_2B_4O_7.4H_2O$), बोरिक अम्ल ($H_3BO_3$)

***एल्यूमीनियम* :** कोरण्डम ($Al_2O_3$), डायस्पोर ($Al_2O_3.H_2O$), बॉक्साइट ($Al_2O_3.2H_2O$) एवं क्रायोलाइट ($Na_3AlF_6$)।

### भौतिक गुण

(1) समूह में नीचे जाने पर घनत्व में एक नियमित वृद्धि परमाणु आकार में वृद्धि के कारण होती है।

(2) गलनांक नियमित रुप से नहीं बदलते एवं $B$ से $Ga$ तक घटते हैं और उसके बाद बढ़ते हैं।

(3) बोरॉन का गलनांक अति उच्च होता है क्योंकि ये ठोस एवं द्रव दोनों अवस्था में एक वृहद सहसंयोजी बहुलक के रुप में उत्पन्न होता है।

(4) $Ga$ (29.8°$C$) का निम्न गलनांक इस तथ्य के कारण होता है कि इसमें केवल $Ga_2$ अणु होते हैं, यह 2000°$C$ तक द्रव की तरह उत्पन्न होता है और इसलिये यह उच्च ताप की तापमिती में प्रयुक्त होता है।

(5) किन्तु इन तत्वों के क्वथनांक समूह में नीचे जाने पर एक नियमित कमी दर्शाते हैं।

(6) $Al$ की परमाणु त्रिज्या में अचानक वृद्धि, $B$ (इसके उपान्तिम कोश में 2 इलेक्ट्रॉन होते हैं) की अपेक्षा $Al$ (इसके उपान्तिम कोश में 8 इलेक्ट्रॉन होते हैं) में अधिक परिरक्षण प्रभाव के कारण होती है।

(7) 13 वें समूह के तत्वों की परमाण्विक त्रिज्या संगत s-ब्लॉक तत्वों की अपेक्षा छोटी होती है। यह इस तथ्य के कारण होता है कि जब हम आवर्त के साथ बढ़ते हैं, तो नया आने वाला इलेक्ट्रॉन वही कोश घेरता है जहाँ नाभिकीय आवेश नियमित रुप से बढ़ते हुए नाभिक के इलेक्ट्रॉन कोश की ओर अधिक प्रभावी खिंचाव को प्रदर्शित करता है। यह अन्ततः परमाणु आकार को कम कर देता है।

(8) $Ga$ की परमाण्विक त्रिज्या $Al$ की अपेक्षा कुछ कम होती है क्योंकि $Al$ से $Ga$ की ओर चलने पर, $Ga$ में इलेक्ट्रॉन पहले ही $3d$ उपकोश घेर लेते हैं। इन मध्यवर्ती इलेक्ट्रॉनों का परिरक्षण प्रभाव बहुत कम होता है और प्रभावी नाभिकीय आवेश को कम करने के लिये इनका प्रभाव कम होता है, इसलिये $Ga$ में इलेक्ट्रॉन नाभिक की ओर अधिक आकर्षण बल अनुभव करते हैं जिसके परिणामस्वरुप $Al$ की अपेक्षा $Ga$ का निम्न आकार होता है।

(9) **ऑक्सीकरण अवस्था**

(i) सभी +3 ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करते हैं एवं अपने अष्टक को या तो सहसंयोजी या आयनिक संघ द्वारा पूर्ण करते हैं।

(ii) बोरॉन छोटा आकार होने के कारण $B$ आयन बनाने के लिये अपने संयोजी इलेक्ट्रॉन नहीं खो सकता और यह प्रायः +3 सहसंयोजकता प्रदर्शित करता है इसलिये +3 सहसंयोजकता प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति समूह में नीचे जाने पर घटती है बल्कि $Al$ अपने अधिकांश यौगिकों में +3 सहसंयोजकता दर्शाता है।

(iii) निम्न तत्व +1 आयनिक अवस्था भी प्रदर्शित करते हैं, उदाहरण $Tl^+$, $Ga^+$ यह अक्रिय युग्म प्रभाव के कारण होता है। वह घटना जिसमें बाहरी कोश के '$s$' इलेक्ट्रॉन ($ns$), ($n$-1) $d$-इलेक्ट्रॉन में प्रविष्ट हो जाते हैं और इस तरह नाभिक के नजदीक आ जाते हैं तथा नाभिक को अधिक प्रभावी रुप से खींचते हैं। इसके परिणामस्वरुप बन्धन के लिये $ns$ इलेक्ट्रॉनों की उपलब्धता कम हो जाती है अथवा $ns$ इलेक्ट्रॉन युग्म अक्रिय बन जाता है। अक्रिय युग्म प्रभाव $n \geq 4$ के बाद शुरु होता है और $n$ के मान में वृद्धि के साथ बढ़ता है।

(iv) $M^+$ आयन बनाने की प्रवृत्ति समूह में नीचे जाने पर बढ़ती है $Ga^+ < Tl^+$

(10) **जलीय आयन :** सभी धातु आयन जलीय अवस्था में उत्पन्न होते हैं।

(11) **आयनन ऊर्जा**

(i) नाभिक में अधिक आवेश एवं छोटे आकार के बाद भी, इस समूह के तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जा संगत $s$- ब्लॉक के तत्वों की अपेक्षा कम होती है। यह इस तथ्य पर आधारित है कि $p$- कक्षकों से इलेक्ट्रॉन का निष्कासन (नाभिक से अत्याधिक दूर होते हैं और इस तरह $s$-कक्षकों की अपेक्षा कम प्रभावी रुप से बन्धे होते हैं) $s$-कक्षकों की अपेक्षा अधिक आसान है।

(ii) इस समूह के तत्वों की आयनन ऊर्जा, अन्य समूह के तत्वों की तरह आकार में वृद्धि के कारण, समूह में नीचे जाने पर घटती है।

(iii) परन्तु, $Ga$ की आयनन ऊर्जा $Al$ की अपेक्षा अधिक होती है क्योंकि $Ga$ में $3d$ इलेक्ट्रॉनों के कम प्रभावी परिरक्षण के कारण $Ga$ का परमाणु आकार छोटा होता है। इस तरह, $Ga$ में संयोजी कोश अधिक प्रभावी नाभिकीय आवेश उत्पन्न करते हुए उच्च आयनन ऊर्जा प्रदर्शित करता है।

(12) **धनविद्युती लक्षण**

(i) धनविद्युती लक्षण $B$ से $Tl$ तक बढ़ता है

(ii) बोरॉन अर्द्धधातु है, अधात्विक प्रकृति के अधिक नजदीक होता है जबकि शेष सभी सदस्य शुद्ध धातु है।

(iii) इसके अलावा, छोटे आकार एवं उच्च आयनन ऊर्जा के कारण ये तत्व $s$-ब्लॉक तत्वों की अपेक्षा कम धनविद्युती होते हैं।

(13) **ऑक्सीकरण विभव**

(i) इन तत्वों के मानक ऑक्सीकरण विभव अति उच्च होते हैं और नीचे दिये गये हैं,

| | $B$ | $Al$ | $Ga$ | $In$ | $Tl$ |
|---|---|---|---|---|---|
| $M \rightarrow M^{3+} + 3e$ के लिये $E^0$op | – | +1.66 | +0.56 | +0.34 | +1.26 |
| $M \rightarrow M^+ + e$ के लिये $E^0$op | – | +0.55 | – | +0.18 | +0.34 |

(ii) किन्तु बोरॉन जलीय विलयन में धनायन नहीं बनाता और इसका निम्न ऑक्सीकरण विभव होता है।

(iii) मानक ऑक्सीकरण विभव का उच्च मान, जलयोजन की उच्च ऊष्मा के कारण होता है, जो त्रिसंयोजी धनायन के छोटे आकार पर आधारित है।

(iv) एल्यूमीनियम एक प्रबल अपचायक है और उन ऑक्साइडों को अपचयित कर सकता है जो कार्बन द्वारा भी अपचयित नहीं होते। यह कार्बन की अपेक्षा एल्यूमीनियम की कम आयनन ऊर्जा के कारण होता है। इन तत्वों की अपचयन प्रकृति का क्रम है $Al > Ga > In > Tl$.

(14) **संकुल निर्माण :** इनके छोटे आकार एवं अधिक नाभिकीय आवेश तथा इलेक्ट्रॉन को ग्रहण करने के लिये रिक्त $d$- कक्षक के आधार पर, इन तत्वों में $s$- ब्लॉक तत्वों की अपेक्षा संकुल बनाने की अधिक प्रवृत्ति होती है।

### रासायनिक गुण

(1) **हाइड्राइड**

(i) 13 वें समूह के तत्व हाइड्रोजन के साथ सीधे ही क्रिया नहीं करते किन्तु कई बहुलक हाइड्राइड ज्ञात हैं एवं अस्तित्व में हैं।

(ii) बोरॉन कई वाष्पशील सहसंयोजी हाइड्राइड बनाता है, जिन्हें बोरेन कहते हैं उदाहरण, $B_2H_6$, $B_4H_{10}$, $B_5H_{11}$, $B_6H_{10}$ सामान्य सूत्र $B_nH_{n+4}$ एवं $B_nH_{n+6}$ की दो बोरॉन श्रेणी अधिक महत्वपूर्ण हैं।

(iii) बोरेन इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक होते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि यद्यपि $BX_3$ अच्छी तरह ज्ञात है, किन्तु $BH_3$ ज्ञात नहीं है। ये इस तथ्य के कारण होता है कि $BH_3$ में हाइड्रोजन परमाणु पर $p\pi - p\pi$ पश्च बन्ध बनाने के लिये कोई मुक्त इलेक्ट्रॉन नहीं होता और इस तरह बोरॉन में अपूर्ण

अष्टक होता है एवं इसलिये $BH_3$ अणु द्विलकित होकर $B_2H_6$ बनाता है जिसमें सहसंयोजी और तीन केन्द्रीय बन्ध होते हैं।

(iv) $Al$ केवल एक बहुलकी हाइड्राइड $(AlH_3)_n$ बनाता है जिसे सामान्यतः ऐलेन कहते हैं। इसमें $Al.....H.....Al$ सेतु होते हैं।

(v) $Al$ एवं $Ga$ ऋणायनिक हाइड्राइड बनाते हैं उदाहरण, $LiAlH_4$ तथा $LiGaH_4$

$$4LiH + AlCl_3 \xrightarrow{\text{ईथर}} Li[AlH_4] + 3LiCl$$

(2) **वायु के प्रति क्रियाशीलता**

(i) सामान्य ताप पर शुद्ध बोरॉन लगभग अक्रिय है। जब इसे गर्म किया जाता है तो यह वायु से क्रिया कर $B_2O_3$ बनाता है। यह जल के साथ क्रिया नहीं करता है $Al$ ऊष्मा उत्सर्जित करते हुए वायु में जलती है और $Al_2O_3$ देती है।

(ii) $Ga$ एवं $In$ वायु द्वारा तब भी प्रभावित नहीं होती जब इन्हें गर्म किया जाता है जबकि $Tl$ कुछ अधिक क्रियाशील है और अपनी सतह पर एक ऑक्साइड पर्त भी बनाती है। नम वायु में, $Tl\,(OH)$ की एक पर्त बनती है।

(iii) $Al$, $H_2O$ को विघटित करती है और सामान्य ताप पर वायु में शीघ्रता से क्रिया कर अपने ऑक्साइड की एक रक्षात्मक पर्त बनाती है जो इसे इसके आगे होने वाली क्रिया से रक्षित करती है।

(3) **ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड**

(i) बोरॉन परिवार के सदस्य क्रमशः सामान्य सूत्र $M_2O_3$ एवं $M\,(OH)_3$ के ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड बनाते हैं।

(ii) ऑक्साइडों एवं हाइड्रॉक्साइडों की अम्लीय प्रकृति अम्ल से क्षार की ओर उभयधर्मी होते हुए परिवर्तित होती है यह परिवर्तन $B$ से $Tl$ तक होता है।

$B_2O_3$ और $B(OH)_3$ > $Al_2O_3$ और $Al(OH)_3$ >
(अम्लीय) (उभयधर्मी)

$Ga_2O_3$ और $Ga(OH)_3$ > $In_2O_3$; $In\,(OH)_3$ > $Tl_2O$; $Tl(OH)$
(उभयधर्मी) (क्षारीय) (प्रबल क्षारीय)

$B(OH)_3$ अथवा $H_3BO_3$ दुर्बल एकक्षारीय लुईस अम्ल है

(iii) बोरिक अम्ल, $B(OH)_3$ जल में विलेय है यह इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण कर लुईस अम्ल की तरह कार्य करता है। 13 वें समूह के अन्य हाइड्रॉक्साइड जल में घुलकर जिलेटिन युक्त अवक्षेप बनाते हैं।

$$B(OH)_3 + H_2O \rightarrow B(OH)_4^- + H^+$$

(iv) उभयधर्मी होने के कारण $Al_2O_3$ अम्ल एवं क्षार दोनों में विलेय है।

$$Al_2O_3 + 3H_2SO_4 \rightarrow Al_2\,(SO_4)_3 + 3H_2O$$

$$Al_2O_3 + 2NaOH \xrightarrow{\text{गलन}} \underset{\text{सोडियम मेटा एल्यूमिनेट}}{2NaAlO_2} + H_2O$$

(v) एल्यूमिना $(Al_2O_3)$ का एक क्रिस्टलीय रुप कोरण्डम कहलाता है। यह अत्यन्त कठोर होता है एवं घर्षक की तरह प्रयुक्त होता है। यह $Al_2O_3$ के अक्रिस्टलीय रुप को 2000 $K$ तक गर्म करके प्राप्त किया जाता है।

(4) **अम्लों की क्रिया**

(i) बोरॉन अनॉक्सीकारक अम्लों के साथ क्रिया नहीं करता, किन्तु यह नाइट्रिक अम्ल में घुलकर बोरिक अम्ल बनाता है।

(ii) Al, $Ga$ एवं $In$ अम्लों में घुलकर अपने त्रिसंयोजी धनायन बनाते हैं, किन्तु $Al$ एवं $Ga$ ऑक्साइड की सुरक्षा पर्त बनने के कारण अक्रिय हो जाते हैं।

(iii) थैलियम अम्लों में घुलकर एक संयोजी धनायन बनाता है और जल में अविलेय $TlCl$ बनने के कारण, $HCl$ में निष्क्रिय हो जाता है।

(5) **क्षारों की क्रिया**

(i) बोरॉन केवल गलित क्षारों में विलेय है

$2B + 6NaOH$ (गलित) $\rightarrow 2Na_3BO_3 + 3H_2$

(ii) $Al$ एवं $Ga$ गलित तथा जलीय क्षारों में विलेय है,

$2Al + 2\,NaOH + 2H_2O \rightarrow 2NaAlO_2 + 3H_2$

(iii) इन्डियम गर्म करने पर भी क्षारों में अप्रभावित रहता है।

(6) **हैलाइड**

(i) 13वें समूह के सभी तत्व ट्राईहैलाइड बनाते हैं, $MX_3$ सीधे ही हैलोजन के साथ संयोजन से बनते हैं।

$$M + X_2 \rightarrow MX_3$$

(ii) 13 वें समूह के तत्वों के सभी ट्राईहैलाइड ज्ञात हैं केवल $Tl$ (III) आयोडाइड को छोड़कर

(iii) बोरॉन के छोटे आकार एवं उच्च ऋणविद्युतता के कारण, सभी बोरॉन हैलाइड सहसंयोजी एवं लुईस अम्ल होते हैं। ये एकलक अणु की तरह उत्पन्न होते हैं जिनकी समतल त्रिकोणीय ज्यामिती ($sp^2$ संकरण) होती है।

(iv) $BF_3$ के अलावा सभी बोरॉन ट्राईहैलाइड बोरिक अम्ल में जलअपघटित होते हैं।

$BX_3 + 3H_2O \rightarrow B(OH)_3 + 3HX$;  $[X = Cl, Br, I]$

किन्तु $BF_3$ जल के साथ एक योगात्मक उत्पाद बनाता है।

$BF_3 + H_2O \rightarrow H^+\,[BF_3OH]^- \xrightarrow{H_2O} H_3O^+[BF_3OH]^-$.

$BF_3$ में जलअपघटन एवं लुईस अम्ल प्रकृति के लिये कम प्रवृत्ति होती है, यह कार्बनिक अभिक्रियाओं में उत्प्रेरक की तरह अत्यधिक प्रयुक्त होता है उदाहरण, फ्रीडल क्रॉफ्ट अभिक्रिया ।

(v) $BX_3$ में, बोरॉन परमाणु में बाहरी कोश में छः इलेक्ट्रॉन होते हैं और इस तरह ये अपने अष्टक को पूर्ण करने के लिये $NH_3$ जैसे दाता अणु से इलेक्ट्रॉन का जोड़ा ग्रहण कर सकते हैं इसलिये बोरॉन हैलाइड अत्यन्त दक्ष लुईस अम्लों के समान कार्य करता है। बोरॉन ट्राईहैलाइड की आपेक्षिक लुईस अम्ल प्रकृति इस क्रम का पालन करते हुए पाई गई; $BI_3 > BBr_3 > BCl_3 > BF_3$.

किन्तु, उपरोक्त क्रम हैलोजनों की आपेक्षिक ऋणविद्युतताओं के आधार पर, सामान्य अनुमानित क्रम के बिल्कुल विपरीत होता है। फ्लोरीन को सर्वाधिक ऋणविद्युती होने के कारण, बोरॉन पर अधिकतम इलेक्ट्रॉन न्यूनता उत्पन्न करना चाहिये और इस तरह $BF_3$ में $B$ को अन्य बोरॉन ट्राईहैलाइड की अपेक्षा दाता से अत्यन्त तीव्रता से इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करना चाहिये। किन्तु यह सत्य नहीं है।

इस अपसामान्य व्यवहार को हैलोजन परमाणु की उस आपेक्षिक प्रवृत्ति के आधार पर समझाया जाता है जिसके द्वारा ये अपने अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनों को बोरॉन परमाणु के रिक्त $p$ कक्षको में पश्च दान (बेक डोनेट) करते हैं। बोरॉन ट्राईफ्लोराइड में, प्रत्येक फ्लोरीन में पूर्ण भरे अप्रयुक्त $2p$ कक्षक होते हैं जबकि बोरॉन में रिक्त $p$ कक्षक होते हैं। अब चूँकि ये दोनों कक्षक समान ऊर्जा स्तर $(2p)$ का अनुसरण करते हैं इसलिये ये प्रभावी रुप से अतिव्यापित होते हैं जिसके परिणामस्वरुप फ्लोरीन इलेक्ट्रॉन बोरॉन के रिक्त $2p$ कक्षक में स्थानान्तरित हो जाते हैं फलस्वरुप एक अतिरिक्त $p\pi - p\pi$ बन्ध का निर्माण होता है। इस प्रकार का बन्ध निर्माण **पश्च बन्धन** (**Back bonding**) **या पश्च दान (बेक डोनेशन)** कहलाता है। इस तरह $B-F$ बन्ध में कुछ द्विबन्ध लक्षण होता है। पश्च बन्धन बोरॉन एवं तीन फ्लोरीन परमाणुओं के बीच भाग ले सकता है और इस तरह बोरॉन ट्राईफ्लोराइड को कुछ संरचनाओं के अनुनादी संकर की तरह प्रदर्शित करते हैं।

बोरॉन ट्राईफ्लोराइड में अनुनाद इस तथ्य के द्वारा भी प्रमाणित होता है कि तीन बोरॉन-फ्लोरीन बन्ध समरुप होते हैं एवं सामान्य एकल बोरॉन फ्लोरीन बन्ध की अपेक्षा छोटे होते हैं। पश्चबन्धन के परिणामस्वरुप, बोरॉन की इलेक्ट्रॉन न्यूनता कम होती है और इसलिये लुईस अम्ल प्रकृति घटती है। पश्च बन्धन ($p\pi$- $p\pi$ बन्ध) निर्माण की प्रवृत्ति $BF_3$ में अधिकतम होती है एवं $BF_3$ से $BI_3$ तक तीव्रता से घटती है। ये सम्भवतः इस तथ्य के कारण होता है कि बोरॉन के रिक्त $2p$ कक्षक का अतिव्यापन उच्च ऊर्जा स्तर के $p$-कक्षक ($Cl$ में $3p$, $Br$ में $4p$ एवं आयोडीन में $5p$) के साथ आसानी

से नहीं हो सकता। इस तरह $BF_3$ की अपेक्षा $BI_3Br_3$ एवं $BCl_3$ प्रबल लुईस अम्ल हैं।

(vi) 13वें समूह के तत्वों के हैलाइडों की लुईस अम्ल प्रकृति इस क्रम में घटती है, $B > Al > Ga > In$.

(vii) बोरॉन हैलाइड, $[BF_4^-]$ प्रकार के, संकुल हैलाइड बनाता है, जिसमें बोरॉन परमाणु अपने रिक्त *p*-कक्षक के उपयोग द्वारा अपनी उपसहसंयोजन संख्या चार तक विस्तारित करता है। यह *d*-कक्षकों की अनुपस्थिति के कारण अपनी उपसहसंयोजन संख्या चार से अधिक विस्तारित नहीं कर सकता। किन्तु इस समूह के अन्य ट्राईहैलाइड, $(AlF_6)^{3-}$, $(GaCl_6)^{3-}$ एवं $(InCl_6)^{3-}$ आदि प्रकार के संकुल हैलाइड बनाते हैं जहाँ केन्द्रीय परमाणु *d*-कक्षकों के उपयोग द्वारा अपनी उपसहसंयोजन संख्या 6 तक विस्तारित करते हैं।

(viii) $Al$, $Ga$ $In$ एवं $Tl$ के फ्लोराइड आयनिक होते हैं और इनके उच्च गलनांक होते हैं। धातु फ्लोराइडों के उच्च गलनांक इस आधार पर समझा सकते हैं कि इनके धनायन पर्याप्त रुप से बड़े होते हैं और इनमें अपेक्षाकृत छोटे फ्लोरीन परमाणु की ओर उपसहसंयोजन संख्या छः प्राप्त करने लिये रिक्त *d*-कक्षक होते हैं।

(ix) $Al$, $Ga$, $In$ एवं $Tl$ के अन्य हैलाइड निर्जल अवस्था में अधिक सहसंयोजी होते हैं और निम्न गलनांक उत्पन्न करते हैं। ये हैलाइड पश्चबन्धन प्रदर्शित नहीं करते क्योंकि तत्वों के आकार में वृद्धि होती है। किन्तु, उपसहसंयोजी बन्ध द्वारा रिक्त *p*-कक्षकों का उपयोग करते हैं अर्थात्, धातु परमाणु द्विमर निर्माण द्वारा अपना अष्टक पूर्ण करते हैं। इस तरह वाष्प अवस्था एवं अध्रुवीय विलायक दोनों में एल्यूमीनियम क्लोराइड, एल्यूमीनियम ब्रोमाइड एवं इन्डियम आयोडाइड द्विमर की तरह उत्पन्न होते हैं।

$Al_2Cl_6$ के लिये द्विमर संरचना निम्न तथ्यों द्वारा प्रमाणित होती है।

(a) एल्यूमीनियम क्लोराइड का वाष्प घनत्व $400^\circ C$ पर मापित किया गया जो सूत्र $Al_2Cl_6$ के संगत था।

(b) सेतु निर्मित करने वाले एल्यूमीनियम एवं क्लोरीन के बीच की बन्ध दूरी (2.21Å) अन्त में उपस्थित एल्यूमीनियम एवं क्लोरीन के बीच की बन्ध दूरी (2.06 Å) की अपेक्षा अधिक होती है। जब हैलाइड जल में घुलता है तब द्विलक संरचना विलुप्त हो जाती है। यह जलयोजन की उच्च ऊष्मा के कारण होता है जो द्विलक संरचना को $[M(H_2O)_6]^{3+}$ एवं $3X^-$ आयनों में विपाटित कर देती है एवं विलयन विद्युत का सुचालक बन जाता है।

$Al_2Cl_6 + 2H_2O \rightarrow 2[Al(H_2O)_6]^{3+} + 6Cl^-$ ; इसलिये $Al_2Cl_6$ जल में आयनित होता है।

द्विलक संरचना दाता अणु के साथ अभिक्रिया द्वारा भी विपाटित हो सकती है उदाहरण $R_3N$। यह $R_3NAlCl_3$ प्रकार के संकुलों के निर्माण के कारण होता है। $Al_2Cl_6$ की द्विलक संरचना $473K$ के नीचे वाष्प अवस्था में उत्पन्न होती है और उच्च ताप पर ये त्रिकोणीय समतल $AlCl_3$ अणु में वियोजित हो जाती है।

बोरॉन परमाणु के छोटे आकार के कारण, बोरॉन हैलाइड द्विलक की तरह उत्पन्न नहीं होते जो इसे चार बड़े आकार के हैलाइड आयनों से उपसहसंयोजित करने में क्षमताहीन बनाता है।

(x) $BF_3$ एवं $AlCl_3$ कई औद्योगिक प्रक्रमों में उत्प्रेरक एवं लुईस अम्ल के समान कार्य करते हैं।

## बोरॉन का अपसामान्य व्यवहार

$Li$ एवं $Be$, के समान बोरॉन – 13वें समूह का प्रथम सदस्य है और अन्यन्त छोटे आकार, उच्च नाभिकीय आवेश/आकार अनुपात, उच्च ऋणविद्युतता एवं *d*-इलेक्ट्रॉनों की अनुपलब्धता के कारण अपसामान्य व्यवहार प्रदर्शित करता है। विभिन्नता के मुख्य बिन्दु हैं,

(1) बोरॉन एक प्रारुपी अधातु है जबकि अन्य सदस्य धातु हैं।

(2) बोरॉन विद्युत का कुचालक है जबकि अन्य सदस्य सुचालक हैं।

(3) बोरॉन अपररुपता दर्शाता है और दो रुपों में उत्पन्न होता है क्रिस्टलीय एवं अक्रिस्टलीय। एल्यूमीनियम एक मृदु धातु है और विभिन्न रुपों में नहीं पाई जाती है।

(4) अन्य अधातुओं के समान, बोरॉन के गलनांक एवं क्वथनांक 13वें समूह के अन्य तत्वों की अपेक्षा बहुत अधिक होते हैं।

(5) बोरॉन केवल सहसंयोजी यौगिक बनाता है जबकि एल्यूमीनियम एवं 13वें समूह के अन्य तत्व आयनिक यौगिक भी बनाते हैं।

(6) बोरॉन के ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड अम्लीय प्रकृति के होते हैं जबकि अन्य सदस्यों के ऑक्साइड एवं हाइड्रॉक्साइड उभयधर्मी एवं क्षारीय होते हैं।

(7) बोरॉन के ट्राईहैलाइड $(BX_3)$ एकलक की तरह उत्पन्न होते हैं। दूसरी ओर एल्यूमीनियम हैलाइड द्विलक $(Al_2X_6)$ की तरह उत्पन्न होते हैं।

(8) बोरॉन के हाइड्राइड अर्थात, बोरेन अत्यन्त स्थायी होते हैं जबकि एल्यूमीनियम के हाइड्राइड अस्थायी होते हैं।

(9) तनु अम्लों की बोरॉन पर कोई क्रिया नहीं होती जबकि अन्य तत्व अम्लों से हाइड्रोजन उत्सर्जित करते हैं।

(10) एल्यूमिनेट की अपेक्षा बोरेट अधिक स्थायी है।

(11) बोरॉन अधिकतम सहसंयोजकता चार प्रदर्शित करता है उदाहरण $BH_4^-$ आयन, जबकि अन्य सदस्य अधिकतम सहसंयोजकता छः प्रदर्शित करते हैं उदाहरण, $[Al(OH)_6]^{3-}$।

(12) बोरॉन भाप को अपघटित नहीं करता जबकि अन्य सदस्य ऐसा करते हैं।

(13) बोरॉन धातुओं से संयोजित होकर बोराइड देते हैं उदाहरण $Mg_3B_2$ अन्य सदस्य साधारणतः मिश्रधातु बनाते हैं।

(14) सान्द्र नाइट्रिक अम्ल बोरॉन को बोरिक अम्ल में ऑक्सीकृत करता है किन्तु इस तरह की कोई भी अभिक्रिया समूह के अन्य सदस्यों द्वारा प्रदर्शित नहीं होती है।

$$B + 3HNO_3 \rightarrow H_3BO_3 + 3NO_2$$

## बोरॉन एवं सिलिकॉन के बीच विकर्ण सम्बन्ध

छोटा आकार एवं समान आवेश/भार अनुपात के कारण, बोरॉन 13वें समूह के अन्य सदस्यों से भिन्न होता है, किन्तु ये 14वें समूह के दूसरे तत्व सिलिकॉन से समानता दर्शाते हुए विकर्ण सम्बन्ध प्रदर्शित करता है। बोरॉन एवं सिलिकॉन के बीच कुछ महत्वपूर्ण समानताएँ नीचे दी गई हैं।

(1) बोरॉन एवं सिलिकॉन दोनों प्रारुपी अधातु हैं जिनके गलनांक एवं क्वथनांक उच्च होते हैं और लगभग समान घनत्व होते हैं ($B$=2.35*gml* $S$=2.34 *g//ml*) इनके परमाण्विक आयतन कम होते हैं और ये विद्युत धारा के कुचालक होते हैं किन्तु ये दोनों अर्द्धचालक की तरह प्रयुक्त होते हैं।

(2) ये दोनों ही धनायन नहीं बनाते एवं केवल सहसंयोजी यौगिक बनाते हैं।

(3) दोनों ही क्रिस्टलीय एवं अक्रिस्टलीय अवस्था में उत्पन्न होते हैं और अपररुपता प्रदर्शित करते हैं।

(4) दोनों ही लगभग समान ऋणविद्युतता मान दर्शाते हैं ($B$=2.0; $Si$=1.8).

(5) दोनों ही कई वाष्पशील हाइड्राइड बनाते हैं जो वायु में स्फोटन पर तत्काल ज्वाला पकड़ते हैं और आसानी से जल अपघटित होते हैं।

(6) दोनों ही के क्लोराइड द्रव हैं, नम वायु में धूम्र देते हैं एवं जल द्वारा शीघ्रता से जलअपघटित होते हैं।

$$BCl_3 + 3H_2O \rightarrow B(OH)_3 + 3HCl$$

$$SiCl_4 + H_2O \rightarrow Si(OH)_4 + 4HCl$$

(7) दोनों ही दुर्बल अम्ल बनाते हैं जैसे $H_3BO_3$ तथा $H_2SiO_3$.

(8) दोनों ही कई धातुओं के साथ द्विलक यौगिक बनाकर बोराइड एवं सिलिसाइड देते हैं। ये बोराइड एवं सिलिसाइड $HPO$ के साथ क्रिया कर बोरेन एवं सिलेन का मिश्रण देते हैं।

$3Mg+2B \rightarrow MgB$; $MgB+HPO \rightarrow$ बोरेन का मिश्रण
(मेग्निशियम बोराइड)

$2Mg + Si \rightarrow MgSi$ ; $MgSi + HPO \rightarrow$ सिलेन का मिश्रण
(मेग्निशियम सिलिकाइड)

(9) बोरॉन एवं सिलिकॉन दोनों के कार्बाइड ($BC$ एवं $SiC$) अत्यन्त कठोर होते हैं और घर्षक की तरह प्रयुक्त होते हैं।

(10) दोनों ही के ऑक्साइड अम्लीय होते हैं और $Mg$ की सीमित मात्रा द्वारा अपचयित हो सकते हैं। $Mg$ के आधिक्य में बोराइड एवं सिलिसाइड बनते हैं।

$BO+3Mg \rightarrow 3MgO+2B$ ; $SiO+2Mg \rightarrow 2MgO+Si$

(11) दोनों धातुएँ एवं इनके ऑक्साइड, क्षारों में शीघ्रता से विलेय हैं।

$2B + 6NaOH \rightarrow 2NaBO + 3H \uparrow$
(बोरेट)

$Si + 2NaOH + HO \rightarrow NaSiO + 2H \uparrow$
(सिलिकेट)

$BO + 6NaOH \rightarrow 2NaBO + 3HO$

$SiO + 2NaOH \rightarrow NaSiO + HO$

बोरेट एवं सिलिकेट दोनों में ही चतुष्फलकीय संरचनात्मक इकाई क्रमशः $BO_4^{n-}$ एवं $SiO_4^{n-}$ होती है। बोरोसिलिकेट ज्ञात है जिसमें बोरॉन त्रिविमीय जालक में सिलिकॉन को प्रतिस्थापित करता है इसलिये बोरॉन समतलीय $BO$ इकाईयाँ बना सकता है।

(12) इन दोनों तत्वों के अम्ल, सान्द्र $HSO$ की उपस्थिति में एल्कोहल के साथ गर्म करने पर वाष्पशील एस्टर बनाते हैं।

$B(OH) + 3ROH \rightarrow B(OR) + 3HO$

$Si(OH) + 4ROH \rightarrow Si(OR) + 4HO$

## बोरॉन एवं इसके यौगिक

बोरॉन आवर्त सारणी के 13 वें समूह (IIIA) का प्रथम सदस्य है। बोरॉन एक अधातु है। इसका छोटा आकार एवं उच्च आयनन ऊर्जा होती है जिसके कारण ये $B^{+3}$ आयन बनाने के लिये अपने संयोजी इलेक्ट्रॉन नहीं खो सकता । इसके यौगिक विशेषतः हाइड्राइड एवं हैलाइड इलेक्ट्रॉन न्यून होते हैं एवं लुईस अम्ल की तरह व्यवहार करते हैं।

(1) **बोरॉन के अयस्क**

(i) ***बोरेक्स अथवा टिंकल***: $Na BO . 10HO$

(ii) ***कर्नाइट अथवा रेसोराइट***: $Na BO . 4HO$

(iii) ***कोलेमानाइट***: $Ca BO . 5HO$

(iv) ***ऑर्थोबोरिक अम्ल***: $HBO$ (यह भाप के होजों में पाया जाता है जिसे सोफिओनी कहते हैं जो टस्केनी के ज्वालामुखी क्षेत्र में तल से निकलते हैं)। बोरॉन अत्यन्त कम मात्रा में (0.001%) भूपर्पटी में उपस्थित है।

(2) **विगलन :** गहरे भूरे पाउडर के रुप मे तत्वीय बोरॉन या तो वायु की अनुपस्थिति में प्रबल वैद्युत धनात्मक धातुओं जैसे $K$, $Mg$, $Al$, $Na$, के साथ बोरिक ऑक्साइड के अपचयन द्वारा प्राप्त होता है या उच्च ताप पर हाइड्रोजन के साथ बोरॉन हैलाइडों से प्राप्त होता है।

$BO + 6K \xrightarrow{\text{गर्म}} 2B + 3KO$

$2BCl + 3H \xrightarrow{1270\ K} 2B + 6HCl.$

बोरॉन हाइड्राइड को गर्म करके या रक्त तप्त टंगस्टन तन्तु के ऊपर बोरॉन ट्राई आयोडाइड के ऊष्मीय विघटन द्वारा प्राप्त होता है,

$2BI \xrightarrow{\text{गर्म}} 2B + 3I$ ; $BH \xrightarrow{\text{गर्म}} 2B + 3H$

(3) **बोरॉन के गुण :** यह मुख्यतः दो अपररुपों में पाया जाता है अर्थात, अक्रिस्टलीय गहरा भूरा चूर्ण तथा क्रिस्टलीय काला अत्यन्त कठोर ठोस। यह दो समस्थानिक रुपों में पाया जाता है, अर्थात $_5B^{10}$ (20% प्रचुरता) एवं $_5B^{11}$ (80% प्रचुरता)। वायु के साथ, 973$K$ पर बोरॉन $B_2O_3$ एवं $BN$ बनाता है, हैलोजन के साथ, ट्राईहैलाइड ($BX_3$) बनाता है, धातुओं के साथ बोराइड बनाता है। उदाहरण,

$4B + 3O_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2B_2O_3$
बोरॉन ट्राईऑक्साइड

$2B + N_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2BN$
बोरॉन नाइट्राइड

$2B + 3X_2 \longrightarrow 2BX_3$
बोरॉन ट्राईहैलाइड

$3Mg + 2B \xrightarrow{\text{गर्म}} Mg_3B_2$
मैग्नीशियम बोराइड

जल, भाप एवं $HCl$ की $B$ पर कोई क्रिया नहीं होती है। ऑक्सीकारक अम्ल ($HNO_3$, $H_2SO_4$) बोरॉन को $H_3BO_3$ में बदलते हैं।

$B + 3HNO_3 \longrightarrow H_3BO_3 + 3NO_2$

$2B + 3H_2SO_4 \longrightarrow 2H_3BO_3 + 3SO_2$

गलित क्षार ($NaOH$, $KOH$) बोरॉन को अपने में घोलकर बोरेट बनाते हैं, और हाइड्रोजन उत्सर्जित करते हैं ।

$2B + 6KOH \xrightarrow{\text{गलन}} 2K_3BO_3 + 3H_2$

(4) **बोरॉन के उपयोग :** बोरॉन परमाण्विक संयत्रको में रक्षी कवच एवं नियन्त्रण छडों की तरह प्रयुक्त होता है, इस्पात उद्योगों में इस्पात की कठोरता बढ़ाने के लिये, इलेक्ट्रोनिक युक्तियों को बनाने के लिये अर्द्धचालक की तरह एवं वायुयानों के लिये हल्के संयोजी पदार्थ बनाने में ।

(5) **बोरॉन के यौगिक**

(i) ***बोरॉन हाइड्राइड***

बोरॉन $B_nH_{n+4}$ एवं $B_nH_{n+6}$ प्रकार के हाइड्राइड बनाता है जिन्हें बोरेन कहते हैं। डाईबोरेन सरलतम बोरॉन हाइड्राइड है जो $BH_3$ का द्विलक है।

***बनाने की विधियाँ***

(a) $8BF_3 + 6LiH \xrightarrow{450\ K} B_2H_6 + 6LiBF_4$

(b) $4BCl_3 + LiAlH_4 \longrightarrow 2B_2H_6 + 3AlCl_3 + 3LiCl$

(c) प्रयोगशाला में, इसे सोडियम बोरोहाइड्राइड के $I_2$ के साथ ऑक्सीकरण द्वारा बनाया जाता है।

$2NaBH_4 + I_2 \xrightarrow{\text{पॉलीईथर}} B_2H_6 + 2NaI + H_2$

***गुण*** : (a) चूँकि बोरेन में बोरॉन अपने इलेक्ट्रॉनों का अष्टक कभी भी पूर्ण नहीं करता इसलिये सभी बोरेन इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक अथवा लुईस अम्ल कहलाते हैं।

(b) सभी बोरेन ऑक्सीजन की उपस्थिति में आग पकड़ते हैं और ऊष्मा ऊर्जा की अत्याधिक मात्रा उत्सर्जित करते हैं। इस तरह ये उच्च ऊर्जा ईंधन की तरह भी प्रयुक्त हो सकते हैं।

$B_2H_6 + 3O_2 \longrightarrow 2B_2O_3 + 3H_2O; \Delta H = -1976\ KJ/mole$

(c) बोरेन शीघ्रता से जल द्वारा जलअपघटित होते हैं।

$B_2H_6 + 6H_2O \longrightarrow 2H_3BO_3 + 6H_2$

(d) कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ

$B_2H_6 + 2CO \longrightarrow (BH_3 \leftarrow CO)_2$

(e) बोरेन का उपयोग $LiBH_4$ या $NaBH_4$ जैसे हाइड्रोबोरेट अथवा बोरोहाइड्राइड बनाने में होता है, जो कार्बनिक संश्लेषण में अत्यधिक प्रयुक्त होते हैं

$$2LiH + B_2H_6 \xrightarrow{\text{डाईएथिल ईथर}} 2Li^+[BH_4]^-$$

$$2NaH + B_2H_6 \xrightarrow{\text{डाईएथिल ईथर}} 2Na^+[BH_4]^-$$

**डाईबोरेन की संरचना :** $B_2H_6$ में तीन केन्द्रीय इलेक्ट्रॉन युग्म बन्ध होते हैं जिसे बनाना (केला) आकार का बन्ध भी कहते हैं।

(a) $B-H_t$ : यह एक सामान्य सहसंयोजी बन्ध है (दो केन्द्रीय इलेक्ट्रॉन युग्म बन्ध अर्थात्, $2c-2e$) ।

(b) $B-H_b$ : यह तीन परमाणुओं के बीच बन्ध है, $B-H_b-B$, (तीन केन्द्रीय इलेक्ट्रॉन युग्म बन्ध अर्थात्, $3c-2e$),




डाईबोरेन की संरचना ($B_2H_6$)

अन्य

(ii) ***बोरॉन हैलाइड***

बोरॉन हैलोजन के साथ तीव्रता से गर्म करने पर बोरॉन हैलाइड बनाता है

$$2B + 3X_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2BX_3 (X = F, Cl, Br, I)$$

$BF_3$ एवं $BCl_3$ गैसें हैं, $BBr_3$ एक वाष्पशील द्रव है जबकि $BI_3$ एक ठोस है।

इन हैलाइडों में, केन्द्रीय बोरॉन परमाणु में हैलोजन परमाणुओं के साथ तीन साझित इलेक्ट्रॉन के युग्म होते हैं इसलिये, इनमें अष्टक की अपेक्षा दो इलेक्ट्रॉन कम होते हैं और ये इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक होते हैं। ये लुईस अम्ल के समान कार्य करते हैं।

$$\underset{\text{लुईस अम्ल}}{\begin{array}{c} F \\ | \\ F-B \\ | \\ F \end{array}} + \underset{\text{लुईस क्षार}}{\begin{array}{c} H \\ | \\ :N-H \\ | \\ H \end{array}} \longrightarrow \begin{array}{ccc} F & & H \\ | & & | \\ F-B & \longleftarrow & N-H \\ | & & | \\ F & & H \end{array}$$

बोरॉन ट्राईहैलाइड की आपेक्षिक अम्लीय प्रबलता इस तरह से घटती है : $BI_3 > BBr_3 > BCl_3 > BF_3$.

(iii) ***बोरेक्स*** ($Na_2B_4O_7.10H_2O$)

यह प्रकृति में **टिंकल (सुहागा)** की तरह पाया जाता है जिसमें लगभग 50% बोरेक्स होता है यह भूमि, झीलों में उपस्थित होता है। इसे खनिज कोलेमानाइट से भी प्राप्त किया जाता है जिसमें कोलेमानाइट को $Na_2CO_3$ विलयन के साथ उबालते हैं।

$$\underset{\text{कोलेमानाइट}}{Ca_2B_6O_{11}} + 2Na_2CO_3 \longrightarrow \underset{\text{बोरेक्स}}{Na_2B_4O_7} + 2CaCO_3 + 2NaBO_2$$

***गुण*** : (a) इसका जलीय विलयन जलअपघटन के कारण क्षारीय होता है।

$$Na_2B_4O_7 + 7H_2O \longrightarrow 2NaOH + 4H_3BO_3.$$

(b) गर्म करने पर बोरेक्स अपने क्रिस्टलीकरण का जल खो देता है एवं फूलकर फफोलेदार भुरभुरा पदार्थ बनाता है। और आगे गर्म करने पर यह पिघलता है तथा स्वच्छ द्रव देता है जो पारदर्शी काँच जैसे पदार्थ में ठोसीकृत होता है जिसमें सोडियम मेटाबोरेट ($NaBO_2$) एवं बोरिक एनहाइड्राइड ($B_2O_3$) होते हैं।

$$Na_2B_4O_7.10H_2O \xrightarrow[-10H_2O]{\Delta} Na_2B_4O_7 \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{बोरेक्स बीड}}{2NaBO_2 + B_2O_3}$$

***बोरेक्स बीड*** का उपयोग बोरेक्स बीड परीक्षण के नाम से रंगीन भास्मिक मूलकों के निर्धारण के लिये होता है।

*बोरेक्स बीड परीक्षण* : बोरेक्स बीड $NaBO_2$ एवं $B_2O_3$ का मिश्रण है। गर्म करने पर $B_2O_3$ शीघ्रता से कई रंगीन संक्रमण धातु ऑक्साइडों के साथ संयोजित होकर संगत मेटाबोरेट बनाता है जैसे *Co, Ni, Cr, Cu, Mn* आदि के ऑक्साइड। ये मेटाबोरेट विशिष्ट रंग उत्पन्न करते हैं,

$$CoSO_4 \xrightarrow{\Delta} CoO + SO_3 \;;\; CoO + B_2O_3 \longrightarrow \underset{\text{कोबाल्ट मेटा बोरेट (नीला)}}{Co(BO_2)_2}$$

**कुछ महत्वपूर्ण मेटाबोरेट के रंग हैं :** क्यूप्रिक मेटाबोरेट, $Cu(BO_2)_2$ गहरा नीला है, क्रोमियम मेटाबोरेट $Cr(BO_2)_2$ हरा है, निकिल मेटाबोरेट $Ni(BO_2)_2$ भूरा है एवं मैंग्नीज मेटाबोरेट, $Mn(BO_2)_2$ गुलाबी बैंगनी हैं।

(c) जब इसे $C_2H_5OH$ एवं सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म किया जाता है तो यह ट्राईएथिल बोरेट की वाष्पशील वाष्पें देता है जो हरी ज्वाला के साथ जलती हैं।

$$Na_2B_4O_7 + H_2SO_4 + 5H_2O \longrightarrow Na_2SO_4 + 4H_3BO_3$$

$$H_3BO_3 + 3C_2H_5OH \longrightarrow \underset{\text{ट्राईएथिल बोरेट}}{B(OC_2H_5)_3} + 3H_2O$$

इस अभिक्रिया का उपयोग गुणात्मक विश्लेषण में बोरेट मूलक के परीक्षण में होता है।

***उपयोग*** : (a) प्रकाशीय एवं कठोर काँचों के निर्माण में, (b) प्रयोगशाला में बोरेक्स बीड परीक्षण के लिये, (c) जल के मृदुकरण में, (d) अपनी पूर्तिरोधी प्रवृत्ति के कारण औषधिय साबुनों के निर्माण में प्रयुक्त होता है।

(iv) ***बोरिक अम्ल अथवा ऑर्थोबोरिक अम्ल*** ($H_3BO_3$)

इसे बोरेक्स को तनु *HCl* अथवा तनु $H_2SO_4$ के साथ अभिकृत कर प्राप्त करते हैं,

$$Na_2B_4O_7 + 2HCl + 5H_2O \longrightarrow 2NaCl + 4H_3BO_3$$

इसे खनिज कोलेमानाइट से भी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें उबले जल में बने चूर्ण खनिज के मिश्रण से $SO_2$ गैस के प्रवाहन द्वारा इसे प्राप्त किया जाता है,

$$Ca_2B_6O_{11} + 4SO_2 + 11H_2O \longrightarrow 2Ca(HSO_3)_2 + 6H_3BO_3$$

***गुण*** : (a) यह अत्यन्त दुर्बल एक क्षारीय अम्ल है, जो प्रोटोन दाता के समान कार्य नहीं करता किन्तु लुईस अम्ल के समान व्यवहार करता है अर्थात् यह $H_2O$ के $OH^-$ आयन से इलेक्ट्रॉन का युग्म ग्रहण करता है।

$$H_3BO_3 + H_2O \longrightarrow [B(OH)_4]^- + H^+$$

यह ग्लिसरॉल, मेनीटॉल आदि जैसे पॉलीहाइड्रॉक्सी यौगिकों की उपस्थिति में प्रबल अम्ल के समान कार्य करता है और प्रबल क्षारों के विरुद्ध अनुमापित किया जा सकता है।

(b) *NaOH* के साथ यह, सोडियम मेटाबोरेट बनाता है।

$$H_3BO_3 + NaOH \longrightarrow NaBO_2 + 2H_2O$$

(c) $C_2H_5OH$ एवं सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ यह ट्राईएथिल बोरेट देता है।

$$H_3BO_3 + 3C_2H_5OH \xrightarrow{\text{सान्द्र } H_2SO_4} B(OC_2H_5)_3 + 3H_2O$$

(d) *ऊष्मा की क्रिया* : बोरिक अम्ल पर ऊष्मा की पूर्ण क्रिया निम्न प्रकार से लिखी जा सकती है,

$$\underset{\text{बोरिक अम्ल}}{H_3BO_3} \xrightarrow{373\,K} \underset{\text{मेटा बोरिक अम्ल}}{HBO_2} \xrightarrow{433\,K} \underset{\text{टेट्राबोरिक अम्ल}}{H_2B_4O_7} \xrightarrow{\text{रक्त तप्त}} \underset{\text{बोरॉन ऑक्साइड}}{B_2O_3}$$

**संरचना** : बोरिक अम्ल में, समतलीय $BO_3^{-3}$ इकाईयाँ हाइड्रोजन बन्ध द्वारा जुड़कर तलीय संरचना देती हैं।

***उपयोग*** : (a) खाद्य संरक्षक की तरह, (b) बोरिक लोशन के नाम से आँखो को धोने के लिये दुर्बल पूर्तिरोधी की तरह, (c) चीनी मिट्टी में चमक एवं कवच के निर्माण के लिये ।

(v) ***बोराजीन अथवा बोराजोल अथवा ट्राईबोरीन ट्राईएमीन*** ($B_3N_3H_6$)

यह *B*, *N* एवं *H* का एक यौगिक है। यह एक रंगहीन द्रव है जिसे अकार्बनिक बेन्जीन भी कहते हैं।

$$2B_2H_6 + 6NH_3 \xrightarrow{180^oC} 2B_3N_3H_6 + 12H_2 .$$

इसमें एकान्तरित *B* एवं *N* परमाणुओं की छः सदस्यीय वलय होती है, इनमें से प्रत्येक एक अन्य *H*-परमाणु द्वारा भी जुड़ता है।



**बोराजीन**

(vi) ***बोरॉन नाइट्राइड (BN)***

इसे $NH_3$ के आधिक्य को $BCl_3$ के साथ अभिकृत कर बनाते हैं और परिणामी मिश्रण का $750^oC$ पर $NH_3$ के वातावरण में विखण्डन करते हैं।

$$BCl_3 + NH_3 \longrightarrow [H_3N \longrightarrow BCl_3] \xrightarrow[\text{आधिक्य } NH_3]{750^oC} BN + 3HCl .$$

यह रंगहीन, अच्छा कुचालक, प्रतिचुम्बकीय एवं लगभग अक्रिय ठोस है।

## एल्यूमीनियम एवं इसके यौगिक

(1) **एल्यूमीनियम के अयस्क** : बॉक्साइट ($Al_2O_3.2H_2O$), क्रायोलाइट ($Na_3AlF_6$), फेल्सपार ($KAlSi_3O_8$), काओलिनाइट ($Al_2O_3.2SiO_2.2H_2O$) माइका ($K_2O.3Al_2O_3.6SiO_2.2H_2O$), कोरण्डम ($Al_2O_3$), डायस्पोर ($Al_2O_3.H_2O$), एल्यूनाइट अथवा एलम स्टोन $[K_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.\ 4Al(OH)_3]$.

(2) **निष्कर्षण** : गलित क्रायोलाइट में विलेय ऑक्साइडों (एल्युमिना) के वैद्युत अपघटन से एल्यूमीनियम प्राप्त होता है। इसमें निम्न पद शामिल हैं।

**अयस्क का शुद्धिकरण**

(i) ***बेयर की विधि*** *(Baeyer's process)*

$$\underset{\substack{\text{महीन चूर्ण}\\(\text{लाल})}}{\text{बॉक्साइट}} \xrightarrow[FeO \to Fe_2O_3]{\text{भर्जित}} \text{भर्जित अयस्क} \xrightarrow[\substack{\text{उच्च दाब }(150^oC,\ 80\ atm)\\ \text{छनित, } Fe_2O_3 \text{ अवक्षेप की तरह}}]{+\text{ कास्टिक सोडा विलयन}}$$

$$\underset{(\text{सोडियम एल्यूमिनेट})}{\text{छनित्र}} \xrightarrow[CO_2]{Filtered} \text{शुद्ध } Al_2O_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} Al(OH)_3$$

(ii) ***हॉल की विधि*** *(Hall's process)*

$$\underset{\substack{\text{महीन चूर्ण}\\ \text{लाल}}}{\text{बॉक्साइट}} \xrightarrow[\substack{\text{गलित जल के साथ}\\ Fe_2O_3 \text{ अवक्षेप}}]{+Na_2CO_3} \text{विलयन} \xrightarrow[\substack{50\text{-}60^oC \text{ एवं छानते हैं}\\ \text{छनित } (Na_2CO_3)}]{CO_2}$$

$$\text{अवक्षेप } Al(OH)_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} \text{शुद्ध } Al_2O_3$$

(iii) ***सरपेक की विधि*** *(Serpek's process)*

$$\underset{\substack{(\text{महीन चूर्ण})\\(\text{सफेद})}}{\text{बॉक्साइट}} \xrightarrow[\substack{1800^oC\\ \text{तक गर्म}}]{\text{कोक}+N_2} \underset{\text{होती है जो वाष्पशील है}}{\text{सिलिका Si में अपचयित}} + \underset{\text{नाइट्राइड बनाती हैं}}{\text{एल्यूमिना एल्यूमीनियम}} \quad AlN$$

$$\xrightarrow{\text{जल अपघटन}} \text{शुद्ध } Al_2O_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} Al(OH)_3$$

(iv) ***हॉल एवं हेराल्ट विधि*** : यह एल्यूमीनियम के निष्कर्षण के लिये प्रयुक्त होती है। इस विधि में एल्यूमिना (20%), क्रायोलाइट (60%) एवं फ्लोरस्पार (20%) के गलित मिश्रण का विद्युत अपघटन करते हैं जिसमें कार्बन इलेक्ट्रोड प्रयुक्त होता है। यहाँ क्रायोलाइट $Al_2O_3$ को सुचालक बनाता है तथा फ्लोरस्पार एल्यूमिना के गलनांक को कम करता है।

एल्यूमिना को हूप विद्युत अपघटनी प्रक्रम द्वारा शोधित करते हैं।

### (3) एल्यूमीनियम के यौगिक

(i) ***एल्यूमीनियम ऑक्साइड अथवा एल्यूमिना*** ($Al_2O_3$) : यह प्रकृति में रंगहीन कोरण्डम एवं कई रंगीन खनिजों जैसे रुबी (माणिक लाल), टोपाज (पुखराज पीला), सेफायर (नीलम नीला), एमेथिस्ट (बैंगनी) तथा एमेराल्ड (हरा) की तरह पाया जाता है। इन खनिजों को **बहुमूल्य पत्थर (नग)** की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(ii) ***एल्यूमीनियम क्लोराइड*** ($Al_2Cl_6$) : यह एल्यूमीनियम पाउडर के ऊपर शुष्क क्लोरीन को गुजारने से प्राप्त होता है।

$$Al_2O_3 + 3C + 3Cl_2 \to \underset{(\text{निर्जलीय})}{2AlCl_3} + 3CO(g)$$

यह वाष्प अवस्था में एवं अक्रिय कार्बनिक विलायकों में द्विलक $Al_2Cl_6$, की तरह अस्तित्व रखता है। यह निर्वात में $100\,^oC$ पर ऊर्ध्वपातित होता है। जब $AlCl_3$ जल में विलेय होता है तो द्विलकीय संरचना अदृश्य हो जाती है। यह प्रकृति में आर्द्रताग्राही है एवं वायु में स्फोटित करने पर नमी अवशोषित कर लेता है।

(iii) **थर्माइट** : 1 : 3 अनुपात में $Fe_2O_3$ एवं एल्यूमीनियम पाउडर का मिश्रण होता है। यह लोहे की वेल्डिंग के लिये उपयोगी है। *Al* एवं $Fe_2O_3$ के बीच अभिक्रिया अधिक ऊष्माक्षेपी होती है।

$$Al + Fe_2O_3 \to Al_2O_3 + Fe + \text{ऊष्मा}$$

(iv) ***एल्यूमीनियम सल्फेट*** $[Al_2(SO_4)_3]$ : इसका उपयोग फिटकरी के निर्माण में होता है। उदाहरण, पोटाश एलम $Al_2(SO_4)_3.K_2SO_4.24H_2O$ इसका उपयोग अग्निसह वस्त्रों के निर्माण में भी होता है।

(iv) ***फिटकरी*** *(Alum)* : सामान्य रुप से, फिटकरी शब्द $M_2SO_4.M_2'(SO_4)_3.24H_2O$ प्रकार के द्विक सल्फेट को दिया जाता है जहाँ $M$ एक एकसंयोजी धनायन है जैसे $Na^+, K^+$ एवं $NH_4^+, M'$ एक त्रिसंयोजी धनायन है जैसे $Al^{3+}, Fe^{3+}$ एवं $Cr^{3+}$ ।

फिटकरी के बारे में नोट करने लायक कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु हैं,

(a) सामान्य सूत्र $M_2SO_4.M_2'(SO_4)_3.24H_2O$ है।

$M$ = एकसंयोजी धातु; $M'$ = त्रिसंयोजी धातु

फिटकरी के क्रिस्टल में, 6 जल अणु एकसंयोजी आयन द्वारा बन्धे होते हैं, 6 जल अणु त्रिसंयोजी आयन द्वारा बन्धे होते हैं। 12 जल अणु क्रिस्टल संरचना में बन्धे रहते हैं।

(b) सभी फिटकरियाँ समरुपी हैं। फिटकरी का जलीय विलयन त्रिसंयोजी धनायन के धनायनिक जल अपघटन के कारण अम्लीय होता है।

(c) अपने क्रिस्टलों में 24 जल अणुओं के साथ द्विसंयोजी आयन एवं त्रिसंयोजी आयनों के द्विक सल्फेट सधूम फिटकरी कहलाते हैं। इनका सामान्य सूत्र $MSO_4.M'_2(SO_4)_3.24H_2O$ है।

$M$ = द्विसंयोजी धातु, $M'$ = त्रिसंयोजी धातु

(d) सधूम फिटकरी, फिटकरी के साथ समरुपी नहीं है।

(e) पंख (feather) फिटकरी या 'केश लवण' (hair salt) $Al_2SO_4.18H_2O$, एल्यूमीनियम सल्फेट का मूल रुप है ।

(f) पोटाश फिटकरी का उपयोग चमड़े को पकाने में, रंजन एवं केलिको प्रिन्टिंग में रंगबन्धक की तरह, कागज साइजिंग की तरह, रक्त प्रवाह को रोकने में अवरोधक की तरह एवं जल के शुद्धिकरण में होता है।

**कुछ महत्वपूर्ण फिटकरियाँ हैं**

पोटाश फिटकरी $K_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$

सोडियम फिटकरी $Na_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$

अमोनियम फिटकरी $(NH_4)_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$

क्रोम फिटकरी $K_2SO_4.Cr_2(SO_4)_3.24H_2O$

## कार्बन परिवार (Carbon Family)

कार्बन 14 वें या IVA समूह का प्रथम सदस्य है। यह पाँच तत्वों कार्बन ($C$), सिलिकॉन ($Si$), जर्मेनियम ($Ge$), टिन ($Sn$) और लैड ($Pb$) से बना है। कार्बन और सिलिकॉन अधातु हैं, जर्मेनियम उपधातु तथा टिन और लैड धातु हैं।

(1) **इलेक्ट्रॉनिक विन्यास**

| तत्व | इलेक्ट्रॉनिक विन्यास ($ns^2\ np^2$) |
|---|---|
| $_6C$ | $[He]2s^2 2p^2$ |
| $_{14}Si$ | $[Ne]3s^2 3p^2$ |
| $_{32}Ge$ | $[Ar]3d^{10} 4s^2 4p^2$ |
| $_{50}Sn$ | $[Kr]4d^{10} 5s^2 5p^2$ |
| $_{82}Pb$ | $[Xe]4f^{14} 5d^{10} 6s^2 6p^2$ |

**भौतिक गुण**

(1) **अधात्विक प्रकृति** : समूह में नीचे जाने पर अधात्विक प्रकृति घटती है।

| C Si | Ge | Sn | Pb |
|---|---|---|---|
| अधातु | उपधातु | धातु | धातु |

(2) **प्राप्ति** : भूपर्पटी में कार्बन और सिलिकॉन प्रचुरता में पाये जाने वाले तत्व हैं जबकि जर्मेनियम केवल अल्प मात्रा में पाया जाता है। टिन तथा लैड भी सूक्ष्म मात्रा में पाये जाते हैं। केवल कार्बन मुक्त अवस्था जैसे कोल, हीरा तथा ग्रेफाइट के रूप में तथा संयुक्त अवस्था में कार्बोनेट, $CO$, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस के रूप में पाया जाता है। भूपर्पटी पर ऑक्सीजन के बाद दूसरा तत्व जो बहुत अधिक प्रचुरता में पाया जाता है वह सिलिकॉन है, जो सिलिकेट और सिलिका के रूप में पाया जाता है। जर्मेनियम सूक्ष्म मात्रा में कोल तथा निश्चित जमाव में पाया जाता है, यह चालक और ट्रांजिस्टर बनाने में प्रयुक्त होने वाला प्रमुख घटक है। टिन का प्रमुख अयस्क टिन स्टोन ($SnO$) या कैसिटेराइट है। लैड गैलेना ($PbS$), एंग्लेसाइट ($PbSO$) और सेरुसाइट ($PbCO$) के रूप में पाया जाता है।

(3) **घनत्व** : इन तत्वों का घनत्व समूह में नीचे जाने पर बढ़ता है।

| तत्व | C | Si | Ge | Sn | Pb |
|---|---|---|---|---|---|
| घनत्व (g/ml) | 3.51 (हीरे के लिये)<br>2.22 (ग्रेफाइट के लिये) | 2.34 | 5.32 | 7.26 | 11.34 |

(4) **गलनांक तथा क्वथनांक**

(i) इस समूह के तत्वों के गलनांक तथा क्वथनांक समूह में नीचे जाने पर घटते हैं।

| तत्व | C | Si | Ge | Sn | Pb |
|---|---|---|---|---|---|
| गलनांक($K$) | 4373 | 1693 | 1218 | 505 | 600 |
| क्वथनांक ($K$) | – | 3550 | 3123 | 2896 | 2024 |

(ii) किन्तु समूह 14 के तत्वों के गलनांक तथा क्वथनांक पास वाले समूह 13 के तत्वों से अधिक होते हैं। यह चार सहसंयोजक बन्ध बनने के कारण होता है जो इनके संयोजक कोश में 4 इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति पर आधारित होता है जिसके परिणामस्वरूप ठोस तथा द्रव अवस्था में इनके परमाणुओं के बीच प्रबल बन्धक बल होते हैं।

(5) **परमाण्विक त्रिज्या और परमाण्विक आयतन**

(i) समूह में नीचे जाने पर परमाण्विक त्रिज्या तथा परमाण्विक आयतन दोनों बढते हैं। इसका कारण सदस्य दर सदस्य अतिरिक्त कोश के जुड़ने का प्रभाव है।

| | C | Si | Ge | Sn | Pb |
|---|---|---|---|---|---|
| परमाण्विक त्रिज्या (pm) | 0.77 | 111 | 122 | 141 | 144 |
| परमाण्विक आयतन ($ml$) | 3.4 | 11.4 | 13.6 | 16.3 | 18.27 |

(ii) समूह 14 के तत्वों की परमाण्विक त्रिज्या समूह 13 के तत्वों से कम होती है। इसका कारण समान आवर्त में नाभिकीय आवेश का बढ़ना है।

(iii) इस समूह के तत्व जिनकी उपसहसंयोजकता संख्या छः है की कुछ आयनिक त्रिज्याएँ निम्न हैं,

| | C | Si | Ge | Sn | Pb |
|---|---|---|---|---|---|
| pm में आयनिक त्रिज्या ($M$) | – | – | 73 | 118 | 119 |
| pm में आयनिक त्रिज्या ($M$) | – | 40 | 53 | 69 | 78 |

(6) **ऋणविद्युतता** : $C$ से $Si$ तक ऋणविद्युतता घटती है और फिर स्थिर हो जाती है।

| | C | Si | Ge | Sn | Pb |
|---|---|---|---|---|---|
| पॉलिंग पैमाने पर ऋणविद्युतता | 2.5 | 1.8 | 1.8 | 1.7 | 1.6 |

सिलिकॉन से आगे ऋणविद्युतता प्रायः स्थिर रहती है या बहुत धीरे-धीरे घटती है। इसका कारण $Ge$ और उसके आगे के तत्वों में $d$ इलेक्ट्रॉनों का परिरक्षण प्रभाव है।

(7) **आयनन ऊर्जा**

(i) आयनन ऊर्जा समूह में नीचे जाने पर क्रमशः घटती है; किन्तु *Pb*, *Sn* की तुलना में अन्तः *f*-कक्षकों के दुर्बल परिरक्षण प्रभाव के कारण उच्च मान प्रदर्शित करता है जिसके परिणामस्वरुप *Pb* में बाहरी कोश इलेक्ट्रॉनों द्वारा अनुभवित प्रभावी नाभिकीय आवेश अधिक हो जाता है।

| | | C | Si | Ge | Sn | Pb |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आयनन ऊर्जा | $IE_1$ | 1086 | 786 | 761 | 708 | 715 |
| ($kJ\ mol^{-1}$) | $IE_2$ | 2352 | 1577 | 1537 | 1411 | 1450 |

(ii) समूह 14 के तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जाएँ समूह 13 के तत्वों से अधिक होती हैं क्योंकि इनका आकार छोटा होता है।

(iii) इन तत्वों का विद्युत धनात्मक गुण समूह में नीचे जाने पर बढ़ता है क्योंकि आयनन ऊर्जा घटती है।

(8) **ऑक्सीकरण अवस्था**

(i) इन तत्वों के संयोजकता कोश का विन्यास संकेत करता है कि ये तत्व उत्कृष्ट गैस विन्यास प्राप्त करने के लिये 4 इलेक्ट्रॉन मुक्त कर सकते हैं या ग्रहण कर सकते हैं। इसका अर्थ है, ये सिद्धान्तीय रूप से $M^{4+}$ या $M^{4-}$ आयन बना सकते हैं जो आयनिक प्रकृति प्रदर्शित करते हैं या स्थायी विन्यास प्राप्त करने के लिये चार इलेक्ट्रॉन युग्मों से साझा कर चतुष्फलकीय सहसंयोजक प्रकृति प्रदर्शित करते हैं।

(ii) $M^{4+}$ या $M^{4-}$ आयन के निर्माण के लिये बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है जो सामान्यतः अभिक्रिया के दौरान प्राप्त नहीं होती है इसलिये ये तत्व $M^{4+}$ या $M^{4-}$ आयन सामान्यतः नहीं बनाते हैं लेकिन ये सामान्यतः सहसंयोजकता चार वाले यौगिक बनाते हैं।

(iii) अक्रिय युग्म प्रभाव के कारण *Ge*, *Sn* और *Pb* भी +2 ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करते हैं।

(iv) $Sn^{2+}$ और $Pb^{2+}$ आयनिक प्रकृति प्रदर्शित करते हैं।

(v) अक्रिय युग्म प्रभाव के कारण समूह में नीचे जाने पर +2 आयनिक अवस्था बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती है।

(9) **श्रृंखलन** (Catenation)

(i) किसी तत्व द्वारा समरूप परमाणुओं की लम्बी श्रृंखला या बंद परमाणु श्रृंखला बनाने का अद्भुत गुण होता है इसे श्रृंखलन कहते हैं।

(ii) श्रृंखलन का गुण कार्बन में अधिकतम होता है और समूह में नीचे जाने पर घटता है।

(iii) यह श्रृंखलन की उच्च बन्ध ऊर्जा के कारण होता है।

(iv) केवल कार्बन परमाणु ही स्वयं से द्विबन्ध या त्रिबन्ध बनाता है जिसमें $p\pi - p\pi$ बहुबन्ध पाया जाता है।

$> C = C <; - C \equiv C -$

(v) कार्बन में *O*, *S* और *N* परमाणुओं के साथ बंद श्रृंखला यौगिक बनाने की प्रवृत्ति भी होती है। इसके साथ-साथ इसमें अन्य तत्वों विशेषकर नाइट्रोजन, ऑक्सीजन तथा सल्फर के साथ $p\pi$-$p\pi$ बहुबन्ध बनाने की प्रवृत्ति भी होती है, उदाहरण: $C=O$; $C=N$; $C \equiv N$; $C=S$ क्रियात्मक समूह जो इस कारण की वजह से कई अणुओं में उपस्थित रहते हैं।

(vi) कार्बन 20 या अधिक कार्बन परमाणुओं से युक्त श्रृंखला बनाते हैं। सिलिकॉन(*Si*) तथा जर्मेनियम(*Ge*) 6 इकाईयों से लम्बी श्रृंखला नहीं बना सकते, जबकि टिन(*Sn*) तथा लैड(*Pb*) एक या दो परमाणुओं से अधिक से युक्त श्रृंखला नहीं बनाते हैं।

(vii) समूह में अन्य तत्वों की अपेक्षा कार्बन की श्रृंखलन प्रवृत्ति अधिक होने का कारण इस तथ्य द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है कि $C - C$ बन्ध ऊर्जा, अन्य तत्वों तथा *C* के मध्य बन्ध ऊर्जाओं के परिमाण के लगभग समान होती हैं। दूसरी ओर $Si - Si$ बन्ध, *Si* तथा अन्य तत्वों के मध्य बन्धों से दुर्बल होता है।

| बन्ध | बन्ध ऊर्जा ($kJ/mol$) | बन्ध | बन्ध ऊर्जा ($kJ/mol$) |
|---|---|---|---|
| $C-C$ | 348 | $Si-Si$ | 180 |
| $C-O$ | 315 | $Si-O$ | 372 |
| $C-H$ | 414 | $Si-H$ | 339 |
| $C-Cl$ | 326 | $Si-Cl$ | 360 |
| $C-F$ | 439 | $Si-F$ | 536 |

(10) **अपररूपता** (Allotropy)

एक रासायनिक तत्व का दो या दो से अधिक रूपों में मिलना जो भौतिक गुणों में भिन्न हैं लेकिन रासायनिक गुणों में समान हैं, अपररूप कहलाते हैं तथा यह गुण अपररूपता कहलाता है। यदि एक तत्व या यौगिक दो या अधिक रूपों में पाया जाता है तब इसे बहुरूपता कहते हैं। उदाहरण: जिंक ब्लेंडी और कर्ट्जाइट *ZnS* के बहुरूप हैं।

***अपररूपता के प्रकार*** : अपररूपता तीन प्रकार की होती है,

(i) ***प्रतिबिम्बरूपता*** *(Enantiotropy)* : सामान्य दाब और निश्चित ताप पर जब एक ठोस के दो रूप एक साथ साम्यावस्था में एक दूसरे के साथ पाये जाते हैं तब इसे प्रतिबिम्बरूपता कहते हैं।

उदाहरण के लिये, सामान्य दाब एवं $368.6\,K$ से $285\,K$ ताप पर, सल्फर (ठोस) दो रूपों में उत्पन्न होता है जो कि $S_R$ (रोम्बिक सल्फर) एवं $S_M$ (मोनोक्लिनिक सल्फर) हैं और ये दोनों रूप एक दूसरे के साथ साम्य में हैं $S_R \rightleftharpoons S_M$

(ii) ***एकलरूपता*** *(Monotropy)* : यह अपररूपता का वह प्रकार है जिसमें सामान्य परिस्थितियों में केवल एक ही अपररूप स्थायी होता है लेकिन अन्य रूप अस्थायी होते हैं। उदाहरण: हीरा और ग्रेफाइट, ऑक्सीजन और ओजोन आदि।

(iii) ***गतिकरूपता*** *(Dynamictropy)* : यह अपररूपता का वह प्रकार है जिसमें दो अपररूपों के मध्य सत्य साम्य होता है। अपररूप एक दूसरे में समान वेग से परिवर्तित होते हैं। दोनों अपररूप ताप के बृहद पैमाने पर स्थाई होते हैं।

उदाहरण के लिये, द्रव सल्फर दो रूपों में उत्पन्न होता है, हल्का पीला गतिमान रूप जिसे $S_\lambda$ कहते हैं एवं गहरा श्यान रूप जिसे $S_\mu$ कहते हैं दोनों ही एक दूसरे के साथ साम्य में रहते हैं $S_\lambda \rightleftharpoons S_\mu$

ताप में वृद्धि के साथ, पहले रूप के विस्तार पर बाद का रूप बनता है किन्तु जब द्रव अवस्था को ठण्डा किया जाता है तो उत्क्रमणीय परिवर्तन पाया जाता है। इस तरह सल्फर प्रतिबिम्बरूपी और गतिकरूपता दोनों को प्रदर्शित करता है।

***अपररूपता के कारण*** : (i) ठोस पदार्थ में अपररूपता सामान्यतः क्रिस्टलीय संरचना में अन्तर के कारण होती है। (ii) यह परमाणुओं की विभिन्न संख्या में उपस्थिति के कारण भी हो सकती है। उदाहरण: $O_2$ और $O_3, S_8, S_2$ आदि। (iii) यह नाभिकीय चक्रण में भिन्नता के कारण भी हो सकती है। उदाहरण: ऑर्थो और पैरा हाइड्रोजन।

***विभिन्न अपररूप*** : लैड को छोड़कर सभी तत्व अपररूपता प्रदर्शित करते हैं।

(i) कार्बन के दो क्रिस्टलीय अपररूप हैं अर्थात् हीरा और ग्रेफाइट। हीरे में *C* परमाणु $sp^3$ संकरित होता है और इसकी त्रिविमीय संरचना होती है। चूँकि कोई संयोजी इलेक्ट्रॉन उपलब्ध नहीं होता है इसलिये हीरा विद्युत का कुचालक है। किन्तु ग्रेफाइट में *C* परमाणु $sp^2$ संकरित होता है और इसमें विस्थानीकृत $\pi$-इलेक्ट्रॉन बादल पाये जाते हैं जो इसकी

उच्च विद्युत चालकता के लिये उत्तरदायी हैं। यह याद रखने योग्य है कि सामान्य ताप पर हीरा ऊष्मागतिक रूप से ग्रेफाइट से कम स्थायी होता है।

(ii) सिलिकॉन के क्रिस्टलीय और अक्रिस्टलीय रूप दोनों होते हैं।

(iii) टिन निम्न साम्य तापक्रमों पर तीन क्रिस्टलीय रूपों में पाया जाता है।

$$\underset{(\text{स्लेटी})}{\alpha-\text{टिन}} \underset{}{\overset{15.2^\circ C}{\rightleftharpoons}} \underset{(\text{सफेद})}{\beta-Sn} \overset{161^\circ C}{\rightleftharpoons} \underset{(\text{रोम्बिक})}{\gamma-Sn} \overset{232^\circ C}{\rightleftharpoons} \text{द्रव टिन}$$

सफेद टिन का स्लेटी टिन में रूपांतरण आयतन में वृद्धि द्वारा किया जाता है और बाद वाला अत्यंत भंगुर होने के कारण आसानी से महीन चूर्ण में पिस जाता है। इस घटना को टिन रोग या टिन पेस्ट या टिन प्लेग कहते हैं।

### रासायनिक गुण

(1) **हाइड्राइड :** समूह 14 के सभी तत्व हाइड्रोजन के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़कर सहसंयोजक हाइड्राइड, $MH_4$ ($M$ = $C$, $Si$, $Ge$, $Sn$ या $Pb$) बनाते हैं। हाइड्राइडों की संख्या और इनके बनने की सुगमता क्रोमियम से लैड तक जाने पर घटती है।

सिलिकॉन के हाइड्राइडों को सिलेन कहते हैं जिनका सामान्य सूत्र $Si_nH_{2n+2}$ होता है। जर्मेनियम के हाइड्राइडों को जर्मेन्स जबकि टिन के हाइड्राइडों को स्टेनेन्स कहते हैं। केवल लैड अस्थायी हाइड्राइड बनाता है जिसका सूत्र $PbH_4$ है इसे प्लंबेन कहते हैं।

जर्मेनियम के तीन हाइड्राइड अर्थात् $GeH_4, Ge_2H_6$ और $Ge_3H_8$ और टिन के केवल दो हाइड्राइड अर्थात् $SnH_4$ और $Sn_2H_6$ सर्वज्ञात हैं।

(2) **ऑक्साइड :** कार्बन पाँच ऑक्साइड $CO, CO_2, C_3O_2$ (कार्बन सबऑक्साइड), $C_5O_2$ और $C_{12}O_9$ बनाता है। $C_3O_2$ मैलोनिक अम्ल का निर्जलीय रुप है और $CO_2$, $H_2CO_3$ (कार्बोनिक अम्ल) का निर्जलीय रुप है। $C$ की ऑक्सीजन के साथ $p\pi-p\pi$ बहुबन्ध बनाने की अधिकतम प्रवृत्ति के कारण $CO_2$ अध्रुवीय रैखीय अणु है। $Si$, $SiO_2$ बनाता है। $Pb$ बहुत से ऑक्साइड बनाता है। $Pb(NO)_2$ को गर्म करके $PbO$ प्राप्त कर सकते हैं,

$$Pb(NO_3)_2,\ \ 2Pb(NO_3)_2 \xrightarrow{\text{Heat}} 2PbO + 4NO_2 + O_2$$

$PbO$ के लाल रूप को **लिथार्ज** कहते हैं और पीले रूप को **मेसीकोट** कहते हैं। $Pb_3O_4$ (लाल लैड या सिंदूर) को $470°C$ पर वायु में लिथार्ज को गर्म करके बनाते हैं,

$$6PbO + O_2 \xrightarrow{470^oC} 2Pb_3O_4,$$

$Pb_3O_4$, $PbO_2.2PbO.Pb_2O_3$ का मिश्रित ऑक्साइड है। इसे लैड सेसक्यूऑक्साइड कहते हैं, $GeO_2, SnO_2$ आदि भी ठोस जाल हैं।

$CO_2$ और $SiO_2$ अम्लीय, $GeO_2$ दुर्बल अम्लीय जबकि $SnO_2$ और $PbO_2$ प्रकृति में उभयधर्मी हैं।

सिलिकॉन को छोड़कर समूह 14 के सभी तत्व मोनोऑक्साइड बनाते हैं। उदाहरण: $CO, GeO, SnO$ और $PbO$। इन मोनोऑक्साइडों में से केवल $CO$ उदासीन है जबकि अन्य सभी मोनोऑक्साइड क्षारीय हैं।

(3) **हैलाइड :** समूह 14 के तत्व हैलोजनों से सीधे क्रिया कर चतुष्फलकीय और सहसंयोजक हैलाइड बनाते हैं। अपवाद कार्बन है जहाँ इसके हैलाइड हैलोजन की हाइड्रोकार्बन पर क्रिया द्वारा बनते हैं। $PbBr_4$ और $PbI_4$ नहीं पाये जाते हैं क्योंकि $Pb^{4+}$ प्रबल ऑक्सीकारक है और $Br^-$ तथा $I^-$ प्रबल अपचायक हैं। इसलिये $Pb^{4+}$ आयन का प्रबल अपचायक $Br^-$ और $I^-$ की उपस्थिति में अस्तित्व में रहना कठिन है और यह तुरन्त $Pb^{2+}$ में अपचयित हो जाता है।

(4) **कार्बाइड :** कार्बाइड, कार्बन के साथ कम या समान ऋणविद्युतता वाले तत्वों से बने द्विअंगी यौगिक हैं।

**बनाने की विधियाँ :** कार्बाइड सामान्यतः तत्वों को या उनके ऑक्साइडों को कार्बन के साथ या हाइड्रोकार्बनों के साथ बहुत उच्च ताप पर गर्म करके बनाते हैं।

$$Ca + 2C \longrightarrow BaC_2;\ \ 2Li + 2C \longrightarrow Li_2C_2$$

$$CaO + 3C \longrightarrow CaC_2 + CO$$

$$4Li + C_2H_2 \longrightarrow Li_2C_2 + LiH$$

रासायनिक बन्धुता के आधार पर कार्बाइडों को तीन प्रकारों में बाँटा गया है,

(1) **कार्बाइड जैसे लवण :** ये कार्बाइड, समूह IA, IIA, IIIA (बोरॉन को छोड़कर), सिक्का धातुएँ, जिंक, कैडमियम और कुछ लैन्थेनाइडों की धातुओं के द्वारा बनते हैं।

(i) ***एसीटिलाइड्स :*** ये आयनिक कार्बाइड हैं जो जलअपघटन पर एसीटिलीन देते हैं। क्षारीय धातुएँ और कॉपर, सिल्वर तथा गोल्ड $MC_2$ प्रकार के यौगिक बनाते हैं। ये $C_2^{2-}$ आयन रखते हैं।

(ii) ***मेथेनॉइड्स :*** ये कार्बाइड जलअपघटन पर मेथेन देते हैं। $Al_4C_3, Be_2C, Mn_3C$ आदि कुछ मेथेनॉइड हैं। ये $C^{4-}$ समूह रखते हैं।

(iii) ***एलीलाइड्स :*** ये कार्बाइड जलअपघटन पर एलिलीन देते हैं। इस प्रकार का कार्बाइड केवल $Mg_2C_3$ है। ये $C_3^{4-}$ समूह रखते हैं।

(2) **मिश्रित कार्बाइड :** ये कार्बाइड जलअपघटन पर हाइड्रोकार्बनों का मिश्रण देते हैं। आयरन समूह के कार्बाइड, $UC_2$ और $ThC_2$ इसी समूह से सम्बन्धित हैं।

(3) **सहसंयोजक कार्बाइड :** $SiC$ (कार्बोरेंडम) तथा $B_4C, B_{13}C_2$ आदि सत्य सहसंयोजक कार्बाइड हैं। ये रासायनिक रूप से अक्रिय होते हैं इसलिये कठोर होते हैं।

कठोरता के आधार पर ये घर्षक की तरह प्रयुक्त होते हैं।

(4) **धात्विक या अन्तरकाशी कार्बाइड :** इन कार्बाइडों में धात्विक चमक होती है ये उच्च विद्युत चालक होते हैं और रासायनिक रूप से अक्रिय होते हैं। ये हीरे की तरह बहुत कठोर होते हैं और बहुत उच्च गलनांक वाले होते हैं।

**संकुल बनाने की क्षमता :** समूह 14 के तत्वों की संकुल बनाने की क्षमता उनके उच्च आवेश, छोटा आकार और सही ऊर्जा के खाली कक्षकों की उपलब्धता द्वारा समर्थित होती है। यौगिक जिसमें कार्बन चार सहसंयोजकता प्रदर्शित करता है, में अक्रिय गैसों का बन्द कोश इलेक्ट्रॉनिक विन्यास पाया जाता है और इसलिये कार्बन संकुल नहीं बनाता है। किन्तु सिलिकॉन और अन्य भारी तत्व, ऊर्जायुक्त उपर्युक्त खाली $d$-कक्षकों की उपलब्धता के कारण संकुल बना सकते हैं और इन संकुलों में समन्वय संख्या छः पायी जाती हैं। उदाहरण के लिये, $[SiF_6]^{2-}$ के निर्माण

में, $sp^3d^2$ संकरण के परिणामस्वरूप चार सहसंयोजक और दो उपसहसंयोजक बन्ध बनते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आयन की अष्टफलकीय ज्यामिती होती है। अतः तत्व जैसे $Si, Ge, Sn$ और $Pb$ में इनकी उपसहसंयोजक संख्या चार से छः तक बढ़ाने की क्षमता होती है। हैक्सा उपसहसंयोजक प्रजाति के अन्य उदाहरण हैं, $[GeF_6]^{2-}, [SnCl_6]^{2-}, [PbCl_6]^{2-}$ आदि।

### कार्बन का अपसामान्य व्यवहार

कार्बन समूह 14 के अन्य सदस्यों से बहुत से गुणों में भिन्न है। इसके निम्न कारण हैं, (i) इसका छोटा आकार (ii) इसकी उच्च ऋणविद्युतता (iii) इसका श्रृंखलन गुण (iv) इसमें $d$-कक्षकों की अनुपस्थिति

कुछ गुण जिसमें अन्य सदस्य कार्बन से भिन्न हैं,

(1) परिवार के अन्य सदस्यों से कार्बन के गलनांक तथा क्वथनांक बहुत उच्च होते हैं।

(2) कार्बन हीरें के रूप में ज्ञात कठोरतम पदार्थ है।

(3) इसमें श्रृंखलन की अधिकतम प्रवृत्ति होती है।

(4) कार्बन में अन्य तत्वों जैसे नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, सल्फर आदि के साथ $p\pi - p\pi$ बहुबन्ध बनाने की उच्च प्रवृत्ति होती है। परिवार के अन्य सदस्य $p\pi - d\pi$ बन्ध बनाते हैं और कम सीमा तक $p\pi - p\pi$ बन्ध भी बनाते हैं।

(5) $CO_2$ गैस है जबकि अन्य सदस्यों के डाईऑक्साइड ठोस हैं।

(6) कार्बन क्षारों द्वारा प्रभावित नहीं होता है जबकि अन्य सदस्य गलन पर क्रिया करते हैं। उदाहरण के लिये, सिलिकॉन सिलिकेट बनाता है, $Si + 2NaOH + 1/2\,O_2 \rightarrow \underset{\text{सोडियम सिलिकेट}}{Na_2SiO_3} + H_2$.

### सिलिकॉन और इसके यौगिक

सिलिकॉन समूह – 14 का दूसरा सदस्य है। कार्बन की तुलना में इसका आकार बहुत बड़ा तथा ऋणविद्युतता बहुत कम होती है। इसके परिणामस्वरूप सिलिकॉन स्वयं के साथ या ऑक्सीजन के साथ द्विबन्ध नहीं बनाता है। अतः $SiO$ बन्ध $Si-Si$ और $Si-H$ बन्ध की तुलना में बहुत प्रबल होता है। सिलिकॉन के संयोजकता कोश में रिक्त $3d$-कक्षक पाये जाते हैं जिसके कारण यह अपनी सहसंयोजकता चार से पाँच और छः तक विस्तारित कर सकता है।

(1) **प्राप्ति :** सिलिकॉन ऑक्सीजन के बाद भूपर्पटी पर पाया जाने वाला दूसरा प्रचुर तत्व है, (27.7%)। यह मुक्त अवस्था में नहीं पाया जाता है। यह मुख्यतः सिलिका और सिलिकेट के रूप में पाया जाता है। सिलिकेट प्रायः चट्टानों और मिट्टी में $Mg, Al, K$ या $Fe$ के सिलिकेटों के रूप में पाये जाते हैं। उदाहरण : फेल्डस्पार $K_2Al_2O_3.6SiO_2$, काओलिनाइट $Al_2O_3.2SiO_2.2H_2O$

(2) **बनाने की विधियाँ :** सिलिका के आधिक्य का उपयोग कर विद्युत भट्टी में सिलिका के शुद्ध कोक के साथ अपचयन द्वारा धात्विक सिलिकॉन प्राप्त होता है। उदाहरण,

$$SiO_2 + 2C \longrightarrow Si + 2CO$$

अर्द्धचालक बनाने के लिये बहुत शुद्ध सिलिकॉन की आवश्यकता होती है। यह $SiCl_4$ या $SiHCl_3$ का हाइड्रोजन के साथ अपचयन कर तथा फिर जोन रिफाइनिंग द्वारा शुद्ध कर प्राप्त किया जाता है। उदाहरण,

$$SiCl_4 + 2H_2 \longrightarrow Si + 4HCl\ ;\ SiHCl_3 + H_2 \longrightarrow Si + 3HCl$$

(3) **गुण :** (i) सिलिकॉन के तीन समस्थानिक रूप पाये जाते हैं, $_{14}Si^{29}$ (अधिक सामान्य), $_{14}Si^{30}$ उच्च ताप पर वायु के साथ $SiO_2$ बनाता है,

$$Si + O_2 \longrightarrow SiO_2.$$

(ii) जब भाप के साथ, $Si$ की क्रिया कराते हैं तथा लाल होने तक गर्म करने पर हाइड्रोजन निकलती है,

$$Si + 2H_2O \xrightarrow{\text{लाल तप्त}} SiO_2 + 2H_2.$$

(iii) अधिक ताप पर $Si$ की क्रिया हैलोजन के साथ कराने पर $SiX_4$ बनता है लेकिन फ्लोरीन कमरे के ताप पर क्रिया करती है।

(iv) सिलिकॉन $C$ के साथ $2500K$ पर संयोग कर सिलिकॉन कार्बाइड ($SiC$) बनाता है जिसे कार्बोरंडम कहते हैं (एक बहुत कठोर पदार्थ),

$$Si + C \xrightarrow{2500\,K} SiC.$$

(v) यह विद्युत आर्क भट्टी में धातु जैसे $Ca, Mg$ से क्रिया कर सिलिसाइड बनाता है ($Ca_2Si, Mg_2Si$ आदि)

(vi) सिलिकॉन गर्म जलीय क्षारीय विलयन में घोलने पर हाइड्रोजन उत्सर्जित करता है,

$$Si + 4NaOH \xrightarrow{\text{गर्म}} Na_4SiO_4 + 2H_2\uparrow$$

(vii) यह गलित $Na_2CO_3$ में भी घुलकर कार्बन को विस्थापित करता है। $Na_2SiO_3 + C$.

(4) **सिलिकॉन के उपयोग :** (i) इसे फैरोसिलिकॉन ($Fe$ और $Si$ की मिश्रधातु) की तरह स्टील में मिलाते हैं जिससे इस्पात में अम्ल के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न होता हैं। (ii) इसको शुद्ध रूप में सिलिकॉन बहुलक (सिलिकॉन्स) के बनाने में प्रारंभिक पदार्थ के रूप में प्रयुक्त किया जाता है।

(5) **सिलिकॉन के यौगिक**

(i) ***सिलिकेट* :** सिलिकेट, सिलिसिक अम्ल ($H_4SiO_4$) के धात्विक व्युत्पन्न हैं। सभी सिलिकेटों की आधार इकाई $SiO_4^{4-}$ ऋणायन है। $SiO_4^{4-}$ ऋणायन में, $Si$, $sp^3$ – संकरित होता है और यह चार ऋणआवेशित ऑक्सीजन परमाणु के साथ चार सहसंयोजक बन्ध बनाता है। ऋणायन की आकृति चतुष्फलकीय होती है।




क्षारीय धातु सिलिकेट को सामान्यतः धातु ऑक्साइड या धातु कार्बोनेट को रेत ($SiO_2$) के साथ उच्च ताप पर गलित कराके प्राप्त करते हैं। उदाहरण के लिये, सोडियम सिलिकेट को बनाने के लिये सोडियम कार्बोनेट को रेत के साथ गलित करते हैं।

$$Na_2CO_3 + \underset{\text{रेत}}{SiO_2} \xrightarrow{\text{गलन}} \underset{\text{सोडियम सिलिकेट}}{Na_2SiO_3} + CO_2(g)$$

**सारणी 18.1 सिलिकेटों का वर्गीकरण**

| $SiO_4$ के कोनों की | सामान्य ऑक्सीजन परमाणुओं | संरचना ● सिलिकॉन ○ ऑक्सीजन | सिलिकेट संरचना में कुल आवेश | उदाहरण |
|---|---|---|---|---|

| संख्या चतुष्फल-कीय साझित | की संख्या | चित्र और व्याख्या | और एनायन | |
|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य |  सतत् $SiO_4^{2-}$ऋणायन | $Si = +4$<br>$O = -8$<br>कुल = −4<br>$SiO_4^{4-}$ | ऑर्थो-सिलिकेट $Mg_2SiO_4$ |
| 1 | 1 |  आईसलेण्ड संरचना | $Si = +8$<br>$O = -14$<br>कुल = −6<br>$(Si_2O_7)^{6-}$ | पायरो-सिलिकेट |
| 2 | 2 | वलय ऋणायन | $Si = +12$<br>$O = -18$<br>कुल = −6<br>$(Si_3O_9)^{6-}$ | वोलेस-टोनाइट $Ca_3Si_3O_9$ |
| 2 | 2 |  वलय ऋणायन | $Si = +24$<br>$O = -36$<br>कुल = −12<br>$(Si_6O_{18})^{12-}$ | बेरिल, $Be_3Al_2Si_6O_{18}$ |
| 2 | 2 |  श्रृंखला ऋणायन | $Si = +4$<br>$O = -6$<br>कुल = −2<br>$(SiO_3^{2-})_n$ | पाइरोक्सेन्स उदाहरण $MgCaSi_2O_6$ एस्बेस्टस |
| 3 | 3 |  द्विविमिय चीदर संरचना | $Si = +8$<br>$O = -10$<br>कुल = −2<br>$(Si_2O_5^{2-})_n$ | मिट्टी, टेल्क, काओलिनाइट |
| 4 | 4 | – त्रिविमीय जालक | $Si = +4$<br>$O = -4$<br>$(SiO_3)_n$ | क्वार्ट्ज, ट्रिडीमाइट और क्रिस्टो-बेलाइट |

(ii) ***सिलिका या सिलिकॉन डाईऑक्साइड*** ( $SiO_2$ )

यह प्रकृति में बहुत से रूपों जैसे सेंड, क्वार्ट्ज और फिलंट के रूप में पाया जाता है। यह बहुत सी चट्टानों का संघटक भी है। यह कमरे के ताप पर ठोस है। यह जल में अविलेय है।

सिलिका की त्रिविमीय संरचना होती है जिसमें प्रत्येक $Si$ चार ऑक्सीजन परमाणु से बंधित होता है जो सिलिकॉन परमाणु के चारों ओर चतुष्फलकीय रूप से व्यवस्थित रहते हैं। प्रत्येक $O$ परमाणु दो $Si$ परमाणुओं से साझित रहता है। यह याद रखने योग्य है कि $CO_2$ गैस है, जबकि $SiO_2$ कठोर ठोस है जिसका गलनांक उच्च होता है।

$$SiO_2 + 4HF \longrightarrow SiF_4 + 2H_2O$$

$$SiF_4 + 2HF \longrightarrow \underset{\text{(हाइड्रोफ्लोरो सिलिसिक अम्ल)}}{H_2SiF_6}$$

$HF$ सिलिका को तेजी से घोलता है इसलिये $HF$ को सिलिका युक्त ग्लास की बोतल में संग्रहित नहीं कर सकते हैं।

इसका उपयोग अधिकतर मोर्टार जो इमारत बनाने में प्रयोग होता है के निर्माण में किया जाता है। इसका उपयोग ग्लास और लैंस बनाने में भी किया जाता है।

(iii) ***सिलिकॉन्स*** : बहुलीकृत कार्ब-सिलिकॉन यौगिक जिनमें $Si-O-Si$ बन्ध उपस्थित होते हैं सिलिकॉन्स कहलाते हैं। इनका सामान्य सूत्र $(R_2SiO)_n$ होता है। जहाँ $R-CH_3$-समूह (प्रायः) या $C_6H_5$-समूह है।

**बनाने की विधियाँ** : सिलिकॉन्स सामान्यतः डाईएल्किलडाईक्लोरोसिलेन $(R_2SiCl_2)$ या डाईएरिलडाईक्लोरोसिलेन $(Ar_2SiCl_2)$ के जलअपघटन द्वारा बनाये जाते हैं, जिन्हें सिलिकॉन पर $570\,K$ पर कॉपर उत्प्रेरक की उपस्थिति में $RCl$ या $ArCl$ की वाष्पों को प्रवाहित करके बनाते हैं।

$$2RCl + Si \xrightarrow{Cu,\,570\,K} R_2SiCl_2$$

$$R_2SiCl_2 \xrightarrow[-HCl]{+H_2O} -O-\underset{R}{\overset{R}{\underset{|}{\overset{|}{Si}}}}-O-\underset{R}{\overset{R}{\underset{|}{\overset{|}{Si}}}}-O-\underset{R}{\overset{R}{\underset{|}{\overset{|}{Si}}}}-O-$$

सिलिकॉन तेल, रबर अथवा रेजिन के रूप में प्राप्त हो सकता है। यह बहुलीकरण की सीमा पर निर्भर करता है जो अभिक्रिया की परिस्थितियों और एल्किल समूह की प्रकृति पर निर्भर करता है।

**गुण और उपयोग :** सिलिकॉन्स जल प्रतिकर्षी हैं और रासायनिक रूप से अक्रिय हैं। ये ऑक्सीकरण, ऊष्मीय विघटन और कार्बनिक अभिकर्मकों के आक्रमण का प्रतिरोध करते हैं। ये अच्छे विद्युत कुचालक और झाग विरोधी कारक हैं। इनके निम्नलिखित उपयोग हैं,

(a) सिलिकॉन्स का उपयोग जलरोधी कागज, ऊन, कपड़े, काष्ठ आदि बनाने में किया जाता है। जिसमें इन वस्तुओं को सिलिकॉन के साथ आवरित करते हैं।

(b) सिलिकॉन्स की श्यानता ताप में परिवर्तन के साथ परिवर्तित नहीं होती, इसलिये इनका उपयोग सभी मौसमों में स्नेहक के रूप में होता है।

(c) औद्योगिक प्रक्रमों में झाग विरोधी कारक के रूप में।

(d) रबर उद्योग में ढाले गये पदार्थों को सांचे से निकालने में। यह साँचे से चिपकने की क्रिया दूर करता है।

(e) अपनी अक्रिय प्रकृति के कारण कॉस्मेटिक शल्य चिकित्सा में शरीर की आकृतियों को बनाने के लिये।

(f) सिलिकॉन को अब पेण्टों में जलरोधी एवं नमी रहित करने में प्रयुक्त करते हैं।

(g) अपनी जल प्रतिरोधी प्रकृति और उच्च डाइलेक्ट्रिक स्थिरांक के कारण, सिलिकॉन्स का उपयोग विद्युत कन्डेंसरों में होता है।

(iv) ***सिलिका जैल :*** लवण अम्ल (जैसे $HCl$) को जब सिलिकेट के सान्द्र विलयन में मिलाते हैं तब जलीय सिलिका (सिलिसिक अम्ल) का जिलेटिन युक्त सफेद अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$Na_2SiO_3 + 2HCl \longrightarrow 2NaCl + SiO_2.xH_2O$$

इस प्रकार प्राप्त सफेद अवक्षेप को गर्म करने पर जल निकलता है। जब जल का संघटन बहुत कम हो जाता है, तब ठोस उत्पाद को सिलिका जैल कहते हैं। इसमें अपने छिद्रित व्यवहार के कारण अवशोषण का गुण होता है और इसी कारण इसका उपयोग आर्द्रता के अवशोषण में किया जाता है तथा क्रोमेटोग्राफी में अवशोषक के रूप में किया जाता है।

(v) ***सिलेन*** : सिलिकॉन के हाइड्राइडों को सिलेन कहते हैं। उदाहरणार्थ: $SiH_4$ सिलेन, $Si_2H_6$ डाईसिलेन, $Si_3H_8$ ट्राईसिलेन, $Si_4H_{10}$ टेट्रासिलेन।

सिलेन विषैले होते हैं। ये संगत एल्केन की अपेक्षा बहुत कम स्थायी होते हैं और $450^oC$ के ऊपर गर्म करने पर तत्वों में विघटित हो जाते हैं। इनका ऊष्मीय स्थायित्व आण्विक द्रव्यमान के बढ़ने के साथ घटता है। एल्केन के विरूद्ध सिलेन अपचायक है।

(vi) ***काँच*** *(Glass)*

काँच अक्रिस्टलीय और पारदर्शी ठोस है जो पोटेशियम और कैल्शियम के विभिन्न सिलिकेट और बोरेट को ठोस करके बनाया जाता है।

**बनाने की विधियाँ :** सामान्य ग्लास सोडियम और कैल्शियम के सिलिकेटों का मिश्रण है और 1700K पर भट्टी में सोडियम कार्बोनेट, कैल्शियम ऑक्साइड और सिलिकॉन डाईऑक्साइड (सिलिका) के मिश्रण को गलित करके बनाया जाता है।

$$Na_2CO_3 + SiO_2 \longrightarrow Na_2SiO_3 + CO_2 \uparrow$$

$$CaO + SiO_2 \longrightarrow CaSiO_3$$

लगातार गर्म करने पर $CO_2$ की सम्पूर्ण मात्रा बाहर निकल जाती है और साफ श्यान गलित पदार्थ प्राप्त होता है। इसे सांचों में ढालकर विभिन्न प्रकार की वस्तुएँ बनाते हैं जिन्हें धीर-धीरे ठण्डा होने दिया जाता है।

इस प्रकार के काँच को सोडा काँच या नर्म काँच कहते हैं जिसका अनुमानित संघटन होता है, $Na_2SiO_3, CaSiO_3, 4SiO_2$.

**काँच की विभिन्न किस्में :** काँच की विभिन्न किस्में और उनके विशिष्ट संघटन नीचे दिये गये हैं,

**सारणी 18.2**

| काँच का प्रकार | संघटन | विशिष्ट उपयोग |
|---|---|---|
| मृदु काँच | $Na_2CO_3, CaCO_3, SiO_2$ | खिड़की की फट्टी के लिये सामान्य काँच, परखनली, बोतल आदि |
| कठोर काँच | $K_2CO_3, CaCO_3, SiO_2$ | दहन ट्यूब और रासायनिक काँच के सामानों में |
| उच्च परावर्तित काँच, फ्लिंट काँच | लेड ऑक्साइड, $K_2CO_3$ | लैंसों के कट काँच बनाने में |
| पायरेक्स काँच | $Na_2CO_3, Al_2O_3, B_2O_3$ या बोरेक्स, सेंड | उच्च किस्म के काँच के उपकरण एवं बर्तन बनाने में |
| क्रुक्स काँच | $K_2CO_2, PbCO_3, CeO_2$, सेंड | पराबैंगनी किरणों के अवशोषण में एवं लैंस बनाने के लिये |
| जेना काँच | जिंक और बेरियम बोरो सिलिकेट | यह ऊष्मा के झटकों और सामान्य अभिकर्मकों के प्रति प्रतिरोधी है। अच्छे किस्म के काँच के बर्तन बनाने में |

**रंगीन काँच :** संक्रमण धातु यौगिकों को काँच में मिलाने पर रंगीन काँच बनता है। *Cr*(III), *Mn*(IV), *Co*(II) और *Fe*(III) की सूक्ष्म मात्राएँ क्रमशः हरा, बैंगनी या भूरा रंग देती हैं।

**सारणी 18.3**

| मिलाया गया यौगिक – प्रदर्शित रंग | मिलाया गया यौगिक – प्रदर्शित रंग |
|---|---|
| कोबाल्ट ऑक्साइड ( $CoO$) – नीला | क्रोमियम ऑक्साइड ($CrO$) – हरा |
| क्यूप्रस ऑक्साइड ($CuO$) – लाल | ऑरिक क्लोराइड ($AuCl$) – रूबी |
| कैडमियम सल्फाइड ($CdS$) – पीला | मैंग्नीज डाईऑक्साइड ($MnO$) – जामुनी |

**काँच की इचिंग** (Etching of glass) **:** काँच हाइड्रोक्लोरिक अम्ल द्वारा प्रभावित होता है। काँच के इस गुण का उपयोग काँच की इचिंग में किया जाता है। काँच जिसकी इचिंग करनी है उसे मोम की पर्त से ढँकते हैं और सुई की सहायता से खुरचकर आकृति बनाते हैं। खुरचें हुए भाग पर $HF$ के जलीय विलयन को डालते हैं। कुछ समय बाद इसे गर्म जल में डालते हैं और सतह से मोम को हटा देते हैं। खुरचें हुये भाग पर आकृति उभर आती है।

## टिन एवं इसके यौगिक

(1) **प्रमुख अयस्क :** कैसीटेराइट (टिन स्टोन) $SnO_2$

### (2) टिन स्टोन से टिन का निष्कर्षण

(i) ***सान्द्रण*** **:** चूर्ण टिन स्टोन को गुरुत्वीय पृथक्करण द्वारा सान्द्रित करते हैं और चुम्बकीय अशुद्धियाँ जैसे वॉलफ्रेमाइट आदि को चुम्बकीय पृथक्कारकों द्वारा टिन स्टोन से पृथक् करते हैं।

(ii) ***भर्जन*** **:** सान्द्रित अयस्क को वायु की धारा में तब तक गर्म करते हैं जब तक की $S$ और $As$ जैसी अशुद्धियाँ वाष्पित $SO_2$ और $As_2O_3$ में ऑक्सीकृत न हो जावें। आयरन पाइरिटीज अपने ऑक्साइड और सल्फेट में परिवर्तित हो जाता है।

(iii) ***प्रक्षालन और धावन*** **:** भर्जित अयस्क को जल से तब तक अभिकर्मित कराते हैं जब तक कि $CuSO_4$ और $FeSO_4$ मुख्य अयस्क से धुलकर अलग ना हो जायें। जल्द ही हल्का फैरिक ऑक्साइड घुलकर अलग हो जाता है और भारी अयस्क कण जिन्हें काला टिन कहते हैं जिसमें 60 से 70%, $SnO_2$ उपस्थित होता है, बच जाते हैं।

$$SnO_2 + 2C \longrightarrow Sn + 2CO$$

$$\underset{\text{गालक}}{CaCO_3} \longrightarrow CaO + CO_2\,;\; CaO + SiO_2 \longrightarrow \underset{\text{धातुमल}}{CaSiO_3}$$

गलित टिन को साँचों में एकत्रित कर लेते हैं। इसमें 99.5 प्रतिशत टिन धातु उपस्थित होती है और इसे ब्लॉक टिन कहते हैं।

**टिन का शोधन :** इसे लिक्वेशन, दण्ड क्रिया (Poling) और विद्युतअपघटनी शोधन द्वारा शुद्ध करते हैं।

अधिक शुद्धता के लिये इसे विद्युतअपघटनी विधि द्वारा शुद्ध करते हैं। विद्युतअपघट्य टिन सल्फेट का बना होता है जिसमें कुछ मात्रा में हाइड्रोफ्लोरोसिलिसिक अम्ल ($H_2SiF_6$) और सल्फ्यूरिक अम्ल पाया जाता है। अशुद्ध टिन का एनोड बनाते हैं जबकि शुद्ध टिन की पट्टी कैथोड की तरह कार्य करती है।

### (3) टिन के यौगिक

(i) ***स्टेनिक ऑक्साइड, SnO*** **:** इसे टिन को वायु में तीव्रता से गर्म करके बनाते हैं, $Sn + O_2 \longrightarrow SnO_2$

इसे मैटास्टेनिक अम्ल को गर्म करके भी बना सकते हैं जो कि टिन पर सान्द्र $HNO_3$ की क्रिया द्वारा बनता है।

$$Sn + 4HNO_3(\text{सान्द्र}) \longrightarrow H_2SnO_3 + 4NO_2 + H_2O$$

$$H_2SnO_3 \xrightarrow{\Delta} SnO_2 + H_2O$$

यह प्रकृति में टिन स्टोन के रूप में पाया जाता है। यह सफेद ठोस है जो जल में अविलेय है और प्रकृति में उभयधर्मी है। $NaOH$ के साथ यह $Na_2SnO_3$ बनाता है। इसका उपयोग टाइल्स और पोर्टी आदि को भराव एवं चमक देने के लिये किया जाता है। इसका उपयोग पॉलिश चूर्ण की तरह भी किया जाता है।

(ii) ***स्टैनस ऑक्साइड, SnO :*** इसे स्टैनस ऑक्जेलेट को गर्म करके बनाया जाता है, $SnC_2O_4 \xrightarrow{\Delta} SnO + CO + CO_2$

$SnO$ का $SnO_2$ में ऑक्सीकरण $CO$ द्वारा रोका जाता है। यह स्लेटी ठोस है जो वायु में गर्म करने पर तेजी से $SnO_2$ में ऑक्सीकृत हो जाता है, $2SnO + O_2 \longrightarrow 2SnO_2$

यह प्रकृति में उभयधर्मी है और अम्ल तथा क्षार दोनों से क्रिया करता है। $NaOH$ के साथ यह $Na_2SnO_2$ बनाता है।

(iii) ***स्टेनस सल्फाइड, SnS :*** यह जल में अविलेय है लेकिन गर्म सान्द्र $HCl$ में विलेय है। पीले अमोनियम पॉलीसल्फाइड में यह अमोनियम थायोस्टैनेट $(NH_4)_2SnS_3$ में परिवर्तित हो जाता है।

(iv) ***स्टैनस क्लोराइड, $SnCl_2$ :*** जब $Sn$ को $HCl$ (सान्द्र) के साथ गर्म करते हैं तब $SnCl_2$ बनता है।

$$Sn(s) + HCl(\text{सान्द्र}) \longrightarrow SnCl_2(aq) + H_2(g)$$

परिणामी विलयन के सान्द्रण पर, $SnCl_2.2H_2O$ के क्रिस्टल प्राप्त होते हैं। जब इसे गर्म किया जाता है तब क्षारीय टिन क्लोराइड बनता है।

$$SnCl_2.2H_2O(s) \xrightarrow{\Delta} Sn(OH)Cl + HCl + H_2O$$

निर्जलीय $SnCl_2$ प्राप्त करने के लिये, $Sn$ को शुष्क $HCl$ गैस के साथ गर्म करते हैं।

$$Sn + 2HCl \xrightarrow{\Delta} SnCl_2 + H_2$$

(a) यह निर्जलीय (सफेद चूर्ण, गलनांक = $520\,K$, रोहम्बिक ठोस) और डाइहाइड्रेट $SnCl_2.2H_2O$ (सफेद, गलनांक = $480\,K$, मोनोक्लिनिक) रूप में पाया जाता है। इसका उपयोग प्रयोगशाला में सान्द्र $HCl$ की उपस्थिति में अपचायक की तरह होता है। $SnCl_2$, $HgCl_2$ को भी अपचयित करता है।

$$2HgCl_2 + SnCl_2 \longrightarrow Hg_2Cl_2 + SnCl_4$$

$$Hg_2Cl_2 + SnCl_2 \longrightarrow 2Hg + SnCl_4$$

(b) क्षार द्वारा यह हाइड्रॉक्साइड के रूप में अवक्षेपित होता है।

(c) $NH_3$ के साथ यह योगात्मक यौगिक जैसे $SnCl_2.NH_3$ और $SnCl_2.2NH_3$ बनाता है।

(v) ***स्टैनिक क्लोराइड, $SnCl_4$ :*** $Cl_2$ की गलित $Sn$ पर क्रिया द्वारा यह प्राप्त होता है।

$$Sn + 2Cl_2 \longrightarrow SnCl_4$$

इसे टिन को मरक्यूरिक क्लोराइड के साथ संघनित करके भी बना सकते हैं।

$$Sn + 2HgCl_2 \longrightarrow SnCl_4 + 2Hg$$

(a) यह रंगहीन सधूम द्रव (क्वथनांक $388\,K$) है जो जल में विलेय है। यह प्रयोगशाला में प्रबल अपचायक के रूप में प्रयुक्त होता है।

रंजक उद्योग में इसका उपयोग रंगबंधक की तरह भी होता है।

(b) यह $SnCl_4.5H_2O$ के रूप में उत्पन्न होता है और जल के आधिक्य के साथ यह जलअपघटित होकर क्षारीय क्लोराइड बनाता है जो अंततः स्टेनिक अम्ल $(H_2SnO_4)$ देता है।

$$SnCl_4 + H_2O \longrightarrow Sn(OH)Cl + HCl$$

$$Sn(OH)Cl + 3H_2O \longrightarrow Sn(OH)_4 \text{ या } H_2SnO_4 + 3HCl$$

इसके जलअपघटन को $HCl$ द्वारा रोक सकते हैं जो संकुल ऋणायन $[SnCl_6]^{2-}$ बनाता है।

(c) यह $NH_3, N_2O, PCl_5$ के साथ द्विक लवण बनाता है। उदाहरण, $SnCl_4.4NH_3$

यह रंगबंधक और टिनिंगकारक के रूप में उपयोग होता है।

(vi) ***स्टैनस फ्लोराइड, $SnF_2$ :*** यह $SnO$ को $HF$ में घोलकर प्राप्त होता है।

$$SnO + 2HF \longrightarrow SnF_2 + H_2O$$

यह सफेद क्रिस्टलीय ठोस है जो जल में अविलेय है। दाँतों के क्षय को रोकने के लिये टूथ पेस्ट में उपयोग होता है।

**टिनिंग :** भोजन पकानें के दौरान भोज्य पदार्थों में उपस्थित कार्बनिक अम्ल बर्तनों पर (तांबे के बने हुए) वायु की उपस्थिति में क्रिया करते हैं चूँकि टिन पर अम्लों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता इसलिये टिनिंग करते हैं।

## लैड

### (1) कुछ प्रमुख अयस्क

गैलेना $-PbS$ (मुख्य); सेरूसाइट $-PbCO_3$

एन्लेसाइट $-PbSO_4$ ; लेरेरकाइट $PbO.PbSO_4$

### (2) गैलेना से निष्कर्षण

(i) ***सान्द्रण :*** महीन चूर्णित अयस्क को झाग प्लावन प्रक्रम द्वारा सान्द्रित करते हैं।

(ii) ***अपचयन प्रक्रम***

(a) *स्वतः अपचयन प्रक्रम*

• **भर्जन :** सान्द्रित अयस्क को वायु में गर्म करते हैं। लैड सल्फाइड आंशिक रूप से लैड ऑक्साइड और लैड सल्फेट में परिवर्तित होता है।

$$2PbS + 3O_2 \xrightarrow{\Delta} 2PbO + 2SO_2$$

$$PbS + 2O_2 \xrightarrow{\Delta} PbSO_4$$

• **स्वतः अपचयन :** वायु के प्रवाह को रोकते हैं और घान को गलाने के लिये ताप बढ़ाते हैं। गैलेना, $PbO$ और $PbSO_4$ दोनों को धात्विक लैड में अपचयित करता है।

$$PbS + 2PbO \xrightarrow{\Delta} 3Pb + SO_2$$

$$PbS + PbSO_4 \xrightarrow{\Delta} 2Pb + 2SO_2$$

(b) *कार्बन अपचयन प्रक्रम*

• **भर्जन :** चूर्णित अयस्क को चूने के साथ मिलाते हैं और वायु के आधिक्य में भर्जित करते हैं। $S$ और $As$ जैसी अशुद्धियाँ इनके वाष्पित ऑक्साइडों में ऑक्सीकृत हो जाती हैं जबकि $PbS$, $PbO$ में परिवर्तित हो जाता है।

$$S + O_2 \xrightarrow{\Delta} SO_2 \; ; \; 4As + 3O_2 \xrightarrow{\Delta} 2As_2O_3$$

$$2PbS + 3O_2 \xrightarrow{\Delta} 2PbO + 2SO_2$$

• **प्रगलन :** भर्जित अयस्क को कोक तथा चूने (गालक) के साथ मिलाते हैं और वात्या भट्टी में प्रगलित करते हैं। $PbO$ का $Pb$ में अपचयन होता है।

$$PbO + C \xrightarrow{\Delta} Pb + CO \; ; \; PbO + CO \xrightarrow{\Delta} Pb + CO_2$$

$$\underset{\text{चूना}}{CaCO_3} \xrightarrow{\Delta} CaO + CO_2 \; ; \; CaO + SiO_2 \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{धातुमल}}{CaSiO_3}$$

(iii) ***शुद्धिकरण :*** यह विद्युतअपघटनी रूप से शुद्ध किया जाता है। विद्युतअपघट्य लैड सिलिकोफ्लोराइड ($PbSiF_6$) और हाइड्रोफ्लोरोसिलिसिक अम्ल का बना होता है। अशुद्ध लैड एनोड बनाता है और शुद्ध लैड की चादर कैथोड की तरह कार्य करती है।

**लैड के गुण**

लैड ऑक्सीजन के साथ ऑक्साइड बनाता है। क्लोरीन के साथ यह क्लोराइड $PbCl_2$ बनाता है। सल्फर के साथ यह सल्फाइड $PbS$ बनाता है और $H_2SO_4$ के साथ संगत सल्फेट $PbSO_4$ बनाता है। $NaOH$ के साथ यह प्लंबेट बनाता है।

$$Pb + 2NaOH \longrightarrow Na_2PbO_2 + H_2$$

(3) **लैड के यौगिक**

(i) ***लैड ऑक्साइड (लिथार्ज), PbO :*** इसे नाइट्रेट को गर्म करके बनाया जाता है।

$$2Pb(NO_3)_2 \xrightarrow{\Delta} 2PbO + 4NO_2 + O_2$$

यह दो रूपों पीला रूप (मैसीकोल) और लाल रूप (लिथार्ज) में पाया जाता है। पीला रूप लैड को वायु में गर्म करके जबकि लाल रूप को लैड के गलाने पर प्राप्त किया जाता है। यह जल में अविलेय और प्रकृति में उभयधर्मी है।

यह $NaOH$ में घुलकर सोडियम प्लंबाइट बनाता है।

$$PbO + 2NaOH \longrightarrow Na_2PbO_2 + H_2O$$

इसे बहुत से अपचायकों ($C, H_2, CO$ आदि) द्वारा लैड में अपचयित कर सकते हैं।

इसे पेन्ट, वार्निश, फ्लिंट ग्लास बनाने में प्रयुक्त करते हैं, लैड (II) लवण बनाने और पोर्टी को चमक देने में प्रयुक्त किया जाता है।

(ii) ***लैड डाइऑक्साइड, PbO₂ :*** यह $Pb_3O_4(2PbO + PbO_2)$ को तनु $HNO_3$ के साथ गर्म करके बनाते हैं।

$$Pb_3O_4 + 4HNO_3 \xrightarrow{\Delta} 2Pb(NO_3)_2 + 2H_2O + PbO_2$$

यह प्रकृति में उभयधर्मी है और $NaOH$ में घुलकर सोडियम प्लंबेट बनाता है।

$$2NaOH + PbO_2 \longrightarrow Na_2PbO_3 + H_2O$$

यह प्रबल ऑक्सीकारक है। यह सान्द्र $HCl$ के साथ गर्म करने पर क्रिया कर $PbCl_4$ देता है।

$$PbO_2 + 4HCl \xrightarrow{\text{गर्म}} PbCl_4 + H_2O$$

यह चॉकलेटी भूरे रंग का ठोस है जो जल और नाइट्रिक अम्ल में अघुलनशील है। यह प्रबल ऑक्सीकारक है। यह उभयधर्मी प्रकृति का है और सीसा संचायक बैटरी और माचिस में प्रयुक्त किया जाता है।

(iii) ***मिनियम या सिंदूर या रेड लैड, Pb₃O₄ :*** यह $PbO$ को वायु में $673K$ के ऊपर गर्म करने पर बनता है।

$$6PbO + O_2 \xrightarrow{673\,K} 2Pb_3O_4$$

यह लाल क्रिस्टलीय ठोस है जो जल में अविलेय है।

यह मिश्रित ऑक्साइड $PbO_2 + 2PbO$ है और $HNO_3$ से क्रिया कर $Pb(NO_3)_2$ और $PbO_2$ बनाता है।

$$2PbO.PbO_2 + 4HNO_3 \rightarrow Pb(NO_3)_2 + 2H_2O + PbO_2$$

यह प्रबल ऑक्सीकारक है। यह सान्द्र $HCl$ के साथ क्लोरीन तथा सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ $O_2$ उत्सर्जित करता है।

$$Pb_3O_4 + 8HCl \longrightarrow 3PbCl_2 + 4H_2O + Cl_2$$

$$2Pb_3O_4 + 6H_2SO_4 \longrightarrow 6PbSO_4 + 6H_2O + O_2$$

यह लोहे, इस्पात के संरक्षण में पेण्ट की तरह, और रजत दर्पण और काँच उद्योग में प्रयुक्त किया जाता है।

(iv) ***लैड क्लोराइड, PbCl₂ :*** इसे लैड के लवण को तनु $HCl$ के साथ अभिकृत कर बना सकते हैं।

$$Pb(NO_3)_2 + 2HCl \longrightarrow PbCl_2 + 2HNO_3$$

इसे $HCl$ में, लैड (II) ऑक्साइड को लैड (II) कार्बोनेट मेंघोलकर प्राप्त कर सकते हैं। यह गर्म जल में विलेय है लेकिन ठण्डे जल में अवक्षेपित होता है। यह सान्द्र $HCl$ में संकुल, टेट्राक्लोरोप्लंबेट (II) आयन के बनने के कारण विलेय है।

$$PbCl_2 + 2HCl \longrightarrow H_2[PbCl_4]$$

यह गर्म चूने के पानी से क्रिया कर $Pb(OH)Cl$ देता है जो सफेद वर्णक के रूप में प्रयुक्त होता है।

$$PbCl_2 + Ca(OH)_2 \longrightarrow Pb(OH)Cl + CaO + HCl$$

(v) ***लैड टेट्राक्लोराइड, PbCl₄:*** इसे $PbO_2$ को सान्द्र $HCl$ के साथ गर्म करके प्राप्त करते हैं।

यह पीला तैलीय सधूम द्रव है जो $373K$ पर $PbCl_2$ में अपघटित होता है।

$$PbCl_4 \xrightarrow{373\,K} PbCl_2 + Cl_2$$

यह $HCl$ के साथ भी संयोग करके हैक्साक्लोरोप्लंबेट (IV) आयन संकुल बनाता है।

$$PbCl_4 + 2HCl \longrightarrow H_2[PbCl_6]$$

## नाइट्रोजन परिवार (Nitrogen Family)

नाइट्रोजन आवर्त सारणी के समूह 15 या VA का प्रथम सदस्य है। इस समूह में पाँच तत्व होते हैं। नाइट्रोजन (*N*), फॉस्फोरस (*P*), आर्सेनिक (*As*), एण्टीमनी (*Sb*) एवं बिस्मथ (*Bi*)। इस समूह के तत्व संयुक्त रूप से **निकोजन** (Pnicogens) कहलाते हैं एवं इनके यौगिक निकोनाइड्स कहलाते हैं। यह नाम ग्रीक शब्द से निकाला गया है जिसका मतलब घुटन होता है। निकोनाइड $M^{3-}$ प्रजाति रखते हैं।

(1) **इलेक्ट्रॉनिक विन्यास एवं प्राप्ति**

| तत्व | इलेक्ट्रॉनिक विन्यास ($ns^2\ np^3$) |
|---|---|
| $_7N$ | $[He]2s^2 2p^3$ |
| $_{15}P$ | $[Ne]3s^2 3p^3$ |
| $_{33}As$ | $[Ar]3d^{10} 4s^2 4p^3$ |
| $_{51}Sb$ | $[Kr]4d^{10} 5s^2 5p^3$ |
| $_{83}Bi$ | $[Xe]4f^{14} 5d^{10} 6s^2 6p^3$ |

**भौतिक गुण**

(1) **भौतिक अवस्था :** नाइट्रोजन-(गैस), फॉस्फोरस-(ठोस) (आसानी से वाष्पित हो जाता है), *As, Sb, Bi*– ठोस।

नाइट्रोजन वायुमण्डल में सर्वाधिक प्रचुर गैस है। यह वायुमण्डल का आयतन द्वारा लगभग 78% भाग निर्मित करती है। फॉस्फोरस इस समूह का सर्वाधिक क्रियाशील तत्व है और इसका पीला रूप हमेशा जल में रखा जाता है।

(2) **परमाण्विक त्रिज्याएँ :** समूह में नीचे जाने पर परमाणु संख्या के साथ परमाणु त्रिज्याएँ भी बढ़ती हैं। इसका तात्पर्य है कि प्रत्येक आगे वाले

तत्वों में अतिरिक्त प्रमुख कोश के योग के कारण *N* से *Bi* तक परमाण्विक त्रिज्या बढ़ती है।

(3) **आयनन ऊर्जा :** परमाणु आकार में क्रमिक वृद्धि के कारण समूह में नीचे जाने पर इस समूह के तत्वों के आयनन मान कम होते हैं।

(4) **ऋणविद्युतता :** सामान्यतः नाइट्रोजन परिवार के तत्वों की ऋणविद्युतता का अधिक मान होता है। यह मान नाइट्रोजन से बिस्मथ तक समूह में नीचे जाने पर घटता क्रम दर्शाता है।

(5) **अधात्विक एवं धात्विक गुण :** नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस अधातुएँ हैं, आर्सेनिक एवं एण्टीमनी उपधातुएँ हैं और बिस्मथ प्रारूपी धातु है।

(6) **आण्विक अवस्था :** नाइट्रोजन शीघ्रता से त्रिबंध निर्मित करती है (दो $p\pi - p\pi$ बंध) एवं कमरे के ताप पर अनिरन्तर द्विपरमाण्विक गैसीय अणु $(N \equiv N)$ के रुप में उत्पन्न होती है। फॉस्फोरस, आर्सेनिक एवं एण्टीमनी अनिरन्तर चतुष्क परमाण्विक अणुओं के रूप में उत्पन्न होते हैं, जैसेकि $P_4, As_4, Sb_4$ जिनमें परमाणु एक दूसरे से एकल बन्ध द्वारा जुड़े रहते हैं।

(7) **गलनांक एवं क्वथनांक :** समूह 15 के तत्वों के गलनांक एवं क्वथनांक एक नियमित क्रम नहीं दर्शाते हैं।

गलनांक पहले *N* से *As* तक बढ़ता है और फिर *As* से *Bi* तक कम होता है। क्वथनांक *N* से *Sb* तक बढ़ता है। *Bi* का क्वथनांक *Sb* से कम होता है।

(8) **अपररूपता :** *Bi* को छोड़कर समूह 15 के सभी तत्व अपररूपता की घटना दर्शाते हैं।

(i) नाइट्रोजन दो ठोस एवं एक गैसीय अपररूपी रूप में उत्पन्न होती है।

(ii) फॉस्फोरस कई अपररूपों में उत्पन्न होता है जैसेकि सफेद,लाल,स्कारलेट, बैंगनी एवं काला रूप।

(a) *सफेद या पीला फॉस्फोरस :* सफेद फॉस्फोरस, चट्टानी फॉस्फेट $Ca_3(PO_4)_2, SiO_2$ एवं कोक से निर्मित होता है जिन्हें भट्टी में विद्युतीय रुप से गर्म करते हैं।

$$2Ca_3(PO_4)_2 + 6SiO_2 \xrightarrow{\Delta} 6CaSiO_3 + P_4O_{10};$$

$$P_4O_{10} + 10C \xrightarrow{\Delta} P_4 + 10CO$$

प्रकाश में स्फोटित करने पर यह पीला रंग देता है।

(b) *लाल फॉस्फोरस :* यह किसी अक्रिय गैस की उपस्थिति में $240-250°C$ के बीच पीले फॉस्फोरस को गर्म करके प्राप्त होता है। पीला फॉस्फोरस लाल फॉस्फोरस से *NaOH* (जलीय) या *KOH* (जलीय) के साथ अभिक्रिया द्वारा पृथक हो सकता है जिसमें पूर्व का तत्व अभिक्रिया करता है और बाद का अक्रिय बना रहता है।

(iii) आर्सेनिक भूरा,पीला और काला तीन अपररूपों में उत्पन्न होता है। एण्टीमनी भी तीन रूपों में पाया जाती है जैसेकि धात्विक, पीला और विस्फोटक।

(9) **ऑक्सीकरण अवस्था :** समूह 15 के सदस्य कई धनात्मक एवं ऋणात्मक ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करते हैं।

(i) ***धनात्मक ऑक्सीकरण अवस्था :*** इन तत्वों के संयोजी कोशों के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $(ns^2np^3)$ दर्शाते हैं कि ये तत्व +3 एवं +5 ऑक्सीकरण अवस्था रख सकते हैं। इस समूह में नीचे जाने पर +3 ऑक्सीकरण अवस्था का स्थायित्व बढ़ता है। यह दर्शाया जा सकता है कि नाइट्रोजन +5 ऑक्सीकरण अवस्था नहीं रखती है क्योंकि रिक्त *d*-कक्षकों की अनउपलब्धता के कारण यह अपना अष्टक प्रसारित नहीं कर पाती है।

(ii) ***ऋणात्मक ऑक्सीकरण अवस्था :*** उदाहरण के लिये नाइट्रोजन की ऑक्सीकरण अवस्था –3 है। *N* से *Bi* तक समूह में नीचे जाने पर तत्वों की –3 ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाने की प्रवृत्ति कम होती है।

(10) **श्रृंखलन** (स्वबन्धी) **:** समूह 15 के तत्व भी श्रृंखलन की कुछ प्रवृत्ति दर्शाते हैं। यह प्रवृत्ति इनकी बन्ध (*M–M*) ऊर्जाओं में क्रमिक कमी के कारण समूह में नीचे जाने पर घटती है।

## रासायनिक गुण

(1) **हाइड्राइड :** सभी सदस्य $AH_3$ प्रकार के वाष्पशील हाइड्राइड निर्मित करते हैं। सभी हाइड्राइड आकृति में पिरामिडीय होते हैं। बन्ध युग्म-बन्ध युग्म प्रतिकर्षण में कमी के कारण बन्ध कोण, समूह में नीचे जाने पर घटते हैं।

$$\underset{107^o}{NH_3} \quad \underset{94^o}{PH_3} \quad \underset{92^o}{AsH_3} \quad \underset{91^o}{SbH_3} \quad \underset{90^o}{BiH_3}$$

हाइड्राइड की क्षारीय प्रबलता का घटता क्रम इस तरह है, $NH_3 > PH_3 > AsH_3 > SbH_3 > BiH_3$

क्वथनांक का बढ़ता क्रम इस तरह है,

$$PH_3 < AsH_3 < NH_3 < SbH_3.$$

$NH_3$ ऊष्मीय रूप से अधिक स्थायी है एवं $BiH_3$ कम स्थायी है। यह $NH_3$ में *N* परमाणु के छोटे आकार के कारण, *N – H* सहसंयोजी बन्ध की प्रबलता के कारण होता है इसलिये $NH_3$ का विघटन ताप अधिक होगा। अपचयन गुण का बढ़ता क्रम निम्न है,

$$NH_3 < PH_3 < AsH_3 < SbH_3 < BiH_3.$$

(2) **हैलाइड :** इस परिवार के सदस्य ट्राईहैलाइड $(MX_3)$ और पेण्टाहैलाइड $(MX_5)$ निर्मित करते हैं। ट्राईहैलाइड पिरामिडीय आकृति एवं विकृत चतुष्फलकीय ज्यामिति के साथ $sp^3$-संकरित होते हैं जबकि पेण्टाहैलाइड $sp^3d$ -संकरित होते हैं एवं आकृति में त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय होते हैं। ट्राईहैलाइड जल द्वारा जलअपघटित होते हैं और समूह में नीचे जाने पर जलअपघटन की सुगमता घटती है इसलिये $NCl_3$ आसानी से जलअपघटित होता है किन्तु $SbCl_3$ और $BiCl_3$ आंशिक एवं उत्क्रमणीय रूप से जलअपघटित होते हैं। नाइट्रोजन में रिक्त *d*-कक्षकों की कमी के कारण $NF_3$ जलअपघटित नहीं होता है। $PF_3$ और $PF_5$ भी जलअपघटित नहीं होते हैं क्योंकि *P – F* बन्ध *P – O* सहसंयोजी बन्ध से अधिक प्रबल होता है। हैलाइड के जलअपघटित उत्पाद निम्न हैं,

$$NCl_3 + 3H_2O \rightarrow NH_3 + 3HOCl$$

$$PCl_3 + 3H_2O \rightarrow H_3PO_3 + 3HCl$$

$$2AsCl_3 + 3H_2O \rightarrow As_2O_3 + 6HCl$$

$$SbCl_3 + H_2O \rightarrow SbOCl + 2HCl$$

$$BiCl_3 + H_2O \rightarrow BiOCl + 2HCl$$

इनका क्षारीय गुण इस घटते क्रम का अनुसरण करता है $NI_3 > NBr_3 > NCl_3 > NF_3$, $NF_3$ को छोड़कर नाइट्रोजन के ट्राईहैलाइड अस्थायी होते हैं एवं विस्फोट के साथ विघटित होते हैं। $NF_3$ स्थायी एवं अक्रिय होता है। $NCl_3$ अत्यन्त विस्फोटक होता है। फॉस्फोरस एवं एण्टीमनी के ट्राईफ्लोराइड और ट्राईक्लोराइड लुइस अम्ल की तरह व्यवहार करते हैं। समूह में नीचे जाने पर अम्लीय प्रबलता घटती है। उदाहरण के लिये ट्राईक्लोराइड की अम्ल प्रबलता का क्रम है, $PCl_3 > AsCl_3 > SbCl_3$.

नाइट्रोजन रिक्त *d*-कक्षकों की अनउपलब्धता के कारण पेण्टाहैलाइड निर्मित नहीं करता है। फॉस्फोरस का पेण्टाक्लोराइड बहुत अधिक स्थायी नहीं होता है क्योंकि अक्षीय बन्ध निरक्षीय बन्ध से बड़े होते हैं इसलिये $PCl_5$ विघटित होकर $PCl_3$ एवं $Cl_2$ देता है,

$$PCl_5 \rightleftharpoons PCl_3 + Cl_2$$

$PCl_5$ की अस्थायित्वता इसे बहुत अच्छा क्लोरीनीकारक बनाती है। सभी पेण्टाहैलाइड लुईस अम्ल की तरह व्यवहार करते हैं क्योंकि ये हैलाइड आयन से एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म स्वीकार कर सकते हैं।

चूँकि $PCl_5$ एक आयनिक यौगिक है जिसमें $[PCl_4]^+$ $[PCl_6]^-$, होते हैं $[PCl_4]^+$ की चतुष्फलकीय (Tetrahedral) संरचना होती है जबकि $[PCl_6]^-$ की अष्टफलकीय (Octahedral) संरचना होती है।

चूँकि $PCl_5$ नमी के साथ शीघ्रता से अभिक्रिया करता है इसलिये इसे अच्छी तरह से बन्द बोतलों में रखते हैं।

फॉस्फोरस और आयोडीन के बीच कम ऋणवैद्युत अन्तर एवं *I* परमाणु के बड़े आकार के कारण $PI_5$ अस्तित्व में नहीं होता है।

समूह में नीचे जाने पर अक्रिय युग्म प्रभाव के कारण पेण्टाहैलाइड निर्मित करने की प्रवृत्ति घटती है। उदाहरण, $BiF_5$ उत्पन्न नहीं होता है।

(3) **ऑक्साइड :** ये तत्व $X_2O_3, X_2O_4$ एवं $X_2O_5$ प्रकार के ऑक्साइड निर्मित करते हैं।

ऑक्साइड की अम्लीय प्रबलता :

$$N_2O < NO < N_2O_3 < N_2O_4 < N_2O_5 .$$

समूह 15 के ऑक्साइडों की स्थायित्वता का घटता क्रम इस तरह से है, $P_2O_5 > As_2O_5 > Sb_2O_5 > Bi_2O_5$

समूह 15 के तत्वों के ऑक्साइडों की प्रकृति इस तरह से है, $N_2O_3$ और $P_2O_3$ (अम्लीय); $As_2O_3$ और $Sb_2O_3$ (उभयधर्मी); $Bi_2O_3$ (क्षारीय)।

(4) **ऑक्सी अम्ल :** इस समूह के $N_2$ और $P_4$ ऑक्सी अम्ल निर्मित करते हैं जो इस अध्याय के अंत में व्याखित किये जायेंगे।

### नाइट्रोजन का अपसामान्य व्यवहार

नाइट्रोजन अपने परिवार के दूसरे सदस्यों से निम्नलिखित कारणों से भिन्न होती है,

(1) इसका छोटा आकार (2) इसकी उच्च ऋणविद्युतता, (3) इसकी उच्च आयनन ऊर्जा, (4) संयोजी कोश में *d*-कक्षकों की अनउपलब्धता, (5) $p\pi–p\pi$ गुणित बन्धों को निर्मित करने की क्षमता।

भिन्नता के प्रमुख बिन्दु हैं,

(i) नाइट्रोजन गैस है जबकि दूसरे सदस्य ठोस हैं।

(ii) नाइट्रोजन द्विपरमाण्विक है जबकि दूसरे तत्व जैसे फॉस्फोरस एवं आर्सेनिक चतुष्क परमाण्विक अणुओं का निर्माण करते हैं $(P_4, As_4)$ ।

(iii) नाइट्रोजन पाँच ऑक्साइड $(N_2O, NO, N_2O_3, N_2O_4$ और $N_2O_5)$ निर्मित करती है जबकि परिवार के दूसरे सदस्य दो ऑक्साइड (ट्राई एवं पेण्टा ऑक्साइड) निर्मित करते हैं।

(iv) नाइट्रोजन के हाइड्राइड *H*-बन्धुता दर्शाते हैं जबकि दूसरे तत्व नहीं दर्शाते।

(v) *d*-कक्षकों की अनुपस्थिति के कारण नाइट्रोजन पंचसहसंयोजकता नहीं दर्शाती है, जबकि सभी दूसरे सदस्य पंचसहसंयोजकता दर्शाते हैं।

(vi) नाइट्रोजन *d*-कक्षकों की अनुपस्थिति के कारण संकुलों का निर्माण नहीं करती है जबकि दूसरे तत्व संकुल निर्माण दर्शाते हैं। उदाहरण, $[PCl_6]^-, [AsCl_6]^-$ इत्यादि।

(vii) नाइट्रोजन का हाइड्राइड $(NH_3)$ प्रकृति में उच्च क्षारीय है जबकि दूसरे तत्वों के हाइड्राइड कम क्षारीय होते हैं।

(viii) $NF_3$ को छोड़कर, नाइट्रोजन के दूसरे हैलाइड जैसे $NCl_3, NBr_3$ एवं $NI_3$ अस्थायी हैं।

### नाइट्रोजन और उसके यौगिक

$N_2$ को **डेनियल रदरफोर्ड** द्वारा खोजा गया था। यह आवर्त सारणी में समूह 15 का प्रथम सदस्य है।

**प्राप्ति :** $N_2$, मुक्त अवस्था के साथ साथ संयुक्त अवस्था में भी प्राप्त होती है। वायुमण्डल में $N_2$ मुक्त अवस्था में 78% तक पायी जाती है। $N_2$ कई यौगिकों में उपस्थित होती है जैसे पोटेशियम नाइट्रेट (नाइटर), सोडियम नाइट्रेट (चिली सॉल्ट पीटर) और कई अमोनियम यौगिक। $N_2$ संयुक्त अवस्था में पादपों और पौधों में प्रोटीन का प्रमुख संघटक है।

**निर्माण :** यह निम्नलिखित विधियों द्वारा निर्मित की जाती है,

(1) **प्रयोगशाला विधि :** प्रयोगशाला में $N_2$ को एक जलीय विलयन जो $NH_4Cl$ और $NaNO_2$ की समतुल्य मात्रा रखता है, को गर्म करके प्राप्त करते हैं।

$$NH_4Cl(aq.) + NaNO_2(aq.) \xrightarrow{\text{गर्म}} N_2(g) + 2H_2O(l) + NaCl$$

(2) **व्यवसायिक निर्माण :** व्यवसायिक रूप से $N_2$ जलीय वायु के प्रभाजी आसवन द्वारा प्राप्त होती है।

**भौतिक गुण :** $N_2$ रंगहीन, गंधहीन एवं स्वादहीन गैस है। यह अविषैली गैस है। इसका वाष्प घनत्व 14 है। इसकी विलेयता जल में बहुत कम होती है।

### रासायनिक गुण

(1) $N_2$ लिटमस के प्रति उदासीन है। यह साधारण ताप पर रासायनिक रूप से अक्रियाशील है। यह न तो ज्वलनशील है और ना ही ज्वलन में सहायक है।

(2) $N_2$ अणु में उपस्थित $N-N$ बन्ध त्रिबन्ध $(N \equiv N)$ है जिसके साथ 109.8 *pm* की बन्ध दूरी और 946 *kJ mol* की वियोजन ऊर्जा होती है।

(3) **यौगिकों के साथ संयोजन :** प्रबलता से गर्म होने पर $N_2$ कुछ यौगिकों के साथ संयुक्त होती है। उदाहरण,

$$\underset{\text{कैल्शियम कार्बाइड}}{CaC_2} + N_2 \xrightarrow{1300\,K} \underset{\text{कैल्शियम सायनामाइड}}{CaCN_2} + C$$

$$\underset{\text{एल्यूमीनियम ऑक्साइड}}{Al_2O_3} + N_2 + 3C \xrightarrow{2100\,K} \underset{\text{एल्यूमीनियम नाइट्राइड}}{2AlN} + 3CO$$

ये दोनों यौगिक जल के साथ उबालने पर जलअपघटित होकर अमोनिया देते हैं।

$$CaCN_2 + 3H_2O \longrightarrow CaCO_3 + 2NH_3$$

$$AlN + 3H_2O \longrightarrow Al(OH)_3 + NH_3$$

इसलिये कैल्शियम साइनामाइड नाइट्रोलिम के नाम से $(CaCN_2 + C)$ उर्वरक की तरह प्रयुक्त होता है।

**नाइट्रोजन के उपयोग :** $N_2$ मुख्यतः $NH_3, HNO_3, CaCN_2$ इत्यादि जैसे यौगिक के निर्माण में उपयोगी है।

### नाइट्रोजन के यौगिक

#### (1) नाइट्रोजन के हाइड्राइड – अमोनिया

**अमोनिया का निर्माण :** प्रयोगशाला में $NH_4Cl$ और बुझे हुये चूने $Ca(OH)_2$ के मिश्रण को गर्म करके अमोनिया निर्मित की जाती है।

$$2NH_4Cl + Ca(OH)_2 \xrightarrow{\Delta} CaCl_2 + 2NH_3 + 2H_2O$$

नम $NH_3$ को बिना बुझे हुये चूने $CaO$ के ऊपर सुखाया जाता है किन्तु इसे सान्द्र $H_2SO_4, P_2O_5$ के ऊपर नहीं सुखा सकते हैं क्योंकि क्षारीय होने के कारण ये उनके साथ लवण निर्मित करती है। निर्जलीय

$CaCl_2$ भी उपयोग नहीं हो सकता क्योंकि यह इसके साथ एक संकुल $CaCl_2.8NH_3$ निर्मित करती है।

***हैबर प्रक्रम द्वारा निर्माण*** : (i) शुद्ध $N_2$ एवं $H_2$ के मिश्रण को (आयतन द्वारा 1 : 3 के अनुपात में) 200 – 1000 वायुमण्डलीय दाब तक संपीडित किया जाता है और सूक्ष्म विभाजित $Fe$ (उत्प्रेरक की तरह) एवं $Mo$ (उपकारी या प्रवर्धक) के ऊपर $750K$ ताप पर गुजारते हैं।

$$N_2 + 3H_2 \xrightleftharpoons{Fe+Mo,\ 750K,\ 200-1000\ atm} 2NH_3 + 93.6\ KJ\ mol^{-1}$$

$NH_3$ के अधिकतम उत्पादन के लिये अच्छी परिस्थितियाँ निम्न हैं।

(a) अभिकर्मकों ( $N_2$ एवं $H_2$ ) की अधिकता, (b) उच्च दाब, (c) कम ताप (d) उत्प्रेरक तथा प्रवर्धक का उपयोग।

(ii) $450K$ पर अतितप्त भाप के साथ कैल्शियम सायनामाइड ($CaCN_2$) के जलअपघटन द्वारा $NH_3$ प्राप्त होती है। $CaCN_2$ को $1270K$ पर $CaC_2$ एवं $N_2$ को गर्म करके प्राप्त किया जाता है।

$$CaC_2 + N_2 \xrightarrow{\Delta} CaCN_2 + C$$

$$CaCN_2 + 3H_2O \xrightarrow{450\ K} CaCO_3 + 2NH_3$$

***$NH_3$ के गुण*** : (a) यह एक रंगहीन एवं तीव्र गंध वाली गैस है जो हाइड्रोजन बन्ध के कारण $H_2O$ में उच्च विलेय है। विलेयता दाब बढ़ने के साथ बढ़ती है और ताप बढ़ने के साथ घटती है एवं प्रकृति में ये क्षारीय होती है। यह दाब के अन्तर्गत ठण्डा होने पर द्रवित होकर जलीय अमोनिया देती है (क्वथनांक $240K$)। गर्म करने पर, यह तीव्र ठण्डक उत्पन्न करती है और इसलिये शीतल संग्रहक और बर्फ उद्योगों में शीतलक की तरह प्रयुक्त होती है।

यह वायु की अधिकता में जलकर $N_2$ और $H_2O$ देती है। जब $1075K$ पर गर्म $Pt$ से गुजारते हैं तब $NO$ में ऑक्सीकृत हो जाती है।

$$4NH_3 + 3O_2 \longrightarrow 2N_2 + 6H_2O$$

$$4NH_3 + 5O_2 \xrightarrow{Pt.1075\ K} 4NO + 6H_2O$$ (ओस्टवॉल्ड प्रक्रम)

यह गर्म $CuO$ को $Cu$ में और $Cl_2$ को $HCl$ में अपचयित करती है (जो $NH_3$ के साथ संयुक्त होकर $NH_4Cl$ देता है)।

$$2NH_3 + 3CuO \xrightarrow{\text{ऊष्मा}} 3Cu + 3H_2O + N_2$$

$$\underset{\text{आधिक्य}}{8NH_3} + 3Cl_2 \longrightarrow 6NH_4Cl + N_2$$

$Cl_2$ की अधिकता में यह $NCl_3$ देती है। $Br_2$ के साथ यह $NH_4Br$ देती है और $N_2$ मुक्त हो जाती है।

$$NH_3 + \underset{\text{आधिक्य}}{3Cl_2} \longrightarrow NCl_3 + 3HCl$$

$$8NH_3 + 3Br_2 \longrightarrow 6NH_4Br + N_2$$

$I_2$ के साथ, यह नाइट्रोजन ट्राईआयोडाइड अमोनिया (भूरा अवक्षेप) देती है जो शुष्क अवस्था में विस्फोटक है और आघात देने पर विघटित हो जाता है।

$$2NH_3 + 3I_2 \longrightarrow NH_3.NI_3 + 3HI$$

$$8NH_3.NI_3 \longrightarrow 5N_2 + 9I_2 + 6NH_4I$$

यह $Na, K$ इत्यादि जैसे सक्रिय धातुओं के साथ एमाइड निर्मित करती है।

$$2Na + 2NH_3 \xrightarrow{575\ K} 2NaNH_2 + H_2$$

यह कई पदार्थों के साथ संकुल निर्मित करती है।

$[Ca(NH_3)_6]\ Cl_2$, $[Co(NH_3)_6]Cl_2, [Cu(NH_3)_4]SO_4$,

$[Ag(NH_3)_2]Cl$, $[Cd(NH_3)_4Cl_2$ इत्यादि।

$OH^-$ आयनों के निर्माण के कारण इसका जलीय विलयन दुर्बल क्षारीय होता है। $NH_3 + H_2O \longrightarrow NH_4^+ + OH^-$

ग्लू या जिलेटिन की उपस्थिति में सोडियम हाइपो क्लोराइट के साथ अमोनिया की अधिकता हाइड्राजीन देती है।

$$2NH_3 + NaOCl \longrightarrow NH_2.NH_2 + NaCl + H_2O$$

यह द्रव अवस्था में स्वआयनित होकर विलायक की तरह व्यवहार करती है। $2NH_3 \longrightarrow NH_4^+ + NH_2^-$

कई ध्रुवीय यौगिक जलीय अमोनिया में विलेय होते हैं।

नेसलर अभिकर्मक ( $K_2HgI_4$ का क्षारीय विलयन) के साथ, मिलन क्षार के निर्माण के कारण अमोनिया और अमोनियम लवण भूरा अवक्षेप देते हैं।

$$K_2HgI_4 \rightleftharpoons 2KI + HgI_2$$

$$HgI_2 + 2NH_3 \longrightarrow I - Hg - NH_2 + NH_4I$$

$$2NH_2 - Hg - I + H_2O \longrightarrow NH_2 - Hg - O - Hg - I + NH_4I$$

या $2K_2HgI_4 + NH_3 + 3KOH \longrightarrow H_2N - Hg - O - Hg - I + 7KI + 2H_2O$

यह शीतलक की तरह उपयोग होती है एवं उर्वरक, नाइट्रिक अम्ल और दूसरे अमोनियम यौगिकों के निर्माण में उपयोगी है।

***$NH_3$ की संरचना*** : $NH_3$ में $N$ परमाणु $sp^3$-संकरित होता है एवं एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म युक्त होता है जिस कारण से $H - N - H$ बन्ध कोण $107.5^o$ होता है। फलस्वरूप $NH_3$ अणु पिरामिडीय होता है।




(2) **नाइट्रोजन के ऑक्साइड** : नाइट्रोजन $O_2$ के साथ विभिन्न परिस्थितियों में संयुक्त होकर कई बाइनरी ऑक्साइड निर्मित करती हैं जो कि नाइट्रोजन परमाणु की ऑक्सीकरण अवस्था से भिन्न होते हैं। $N_2O, NO, N_2O_3, NO_2, N_2O_4$ एवं $N_2O_5$ महत्वपूर्ण ऑक्साइड हैं। $N_2O$ एवं $NO$ दोनों उदासीन हैं। नाइट्रस ऑक्साइड व ( $N_2O$ ) का मीठा स्वाद होता है और इसका प्रमुख उपयोग निश्चेतक की तरह होता है जब यह कम मात्रा में सूंघी जाती है तो हंसी उत्पन्न करती है इसलिये इसे लॉफिंग गैस (हँसने वाली गैस) भी कहते हैं। तनु $H_2SO_4$ को सोडियम नाइट्राइट और फैरस सल्फेट के मिश्रण के साथ अभिकृत करके नाइट्रिक ऑक्साइड ($NO$) को प्राप्त कर सकते हैं। $N_2O_5$ प्रबल ऑक्सीकारक है।

**सारणी : 18.4 नाइट्रोजन के ऑक्साइड**

| ऑक्साइड का नाम एवं ऑक्सीकरण अवस्था | संरचना | भौतिक अवस्था | *निर्माण* |
|---|---|---|---|
| नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) +1 | $N \equiv N \rightarrow O$ | रंगहीन गैस | अमोनियम नाइट्रेट को 240°C तक गर्म करके $NH_4NO_3 \xrightarrow{\Delta} N_2O + 2H_2O$, यह गर्म जल के ऊपर एकत्रित हो जाती है |
| नाइट्रिक ऑक्साइड (*NO*) +2 | $N = O$ | रंगहीन | (a) कॉपर की छीलन पर ठण्डे तनु $HNO_3$ की क्रिया द्वारा (प्रयोगशाला विधि) $3Cu + 8$ तनु $HNO_3 \rightarrow 3Cu(NO_3)_2 + 4H_2O + 2NO$ (b) $FeSO_4$ और $KNO_3$ के मिश्रण पर $H_2SO_4$ की क्रिया द्वारा (4:1) $2KNO_3 + 5H_2SO_4 + 6FeSO_4 \rightarrow 2KHSO_4 + 3Fe_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 2NO$ (c) अमोनिया के उत्प्रेरकीय ऑक्सीकरण द्वारा $4NH_3 + 5O_2 \xrightarrow[850^0C]{Pt} 4NO + 6H_2O$ |
| डाईनाइट्रोजन ट्राईऑक्साइड ($N_2O_3$) +3 |  | नीला द्रव | (a) आर्सेनियस ऑक्साइड पर 50% $HNO_3$ की क्रिया द्वारा $2HNO_3 + As_2O_3 + 2H_2O \rightarrow NO + NO_2 + 2H_3AsO_4$ ↓ 250 *K* $N_2O_3$ |
| डाईनाइट्रोजन टेट्राऑक्साइड ($N_2O_4$) +4 |  | रंगहीन द्रव | (a) भारी धातुओं के नाइट्राइटों को गर्म करके, उदाहरण लैड नाइट्रेट $2Pb(NO_3)_2 \xrightarrow{673\ K} 4NO_2 + 2PbO + 2O$ |
| नाइट्रोजन डाईऑक्साइड ($NO_2$) +4 |  | भूरी गैस | (b) सान्द्र $HNO_3$ के साथ कॉपर की छीलन को गर्म करके $Cu + 4\ HNO_3$ (सान्द्र) $\rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2H_2O + 2NO_2$ |
| डाईनाइट्रोजन पेण्टाऑक्साइड ($N_2O_5$) +5 |  | सफेद ठोस | (a) फॉस्फोरस पेण्टा ऑक्साइड के साथ $HNO_3$ के निर्जलीकरण द्वारा $4HNO_3 + P_4O_{10} \rightarrow 2N_2O_5 + 4HPO_3$ |

(3) **नाइट्रोजन के ऑक्सीअम्ल :** नाइट्रोजन के ऑक्सीअम्ल $HNO_2, HNO_3$, $\underset{\text{नाइट्रोक्सिलिक}}{H_4N_2O_4}$ या $\underset{\text{पर नाइट्रिक अम्ल}}{HNO_4}$ हैं जो विस्फोटक हैं।

(i) ***नाइट्रस अम्ल (HNO2) :*** यह किसी भी नाइट्राइट में $(NaNO_2, Ba(NO_2)_2$ इत्यादि) बहुत ठंडा तनु *HCl* या तनु $H_2SO_4$ मिलाकर निर्मित होता है।

$$NaNO_2 + HCl \longrightarrow NaCl + HNO_2$$

$$2KNO_2 + H_2SO_4 \longrightarrow K_2SO_4 + 2HNO_2$$

यह $H_2S$ को *S* में एवं *KI* को $I_2$ में ऑक्सीकृत करता है और प्रबल ऑक्सीकारक की उपस्थिति में उपचयीकारक की तरह व्यवहार करता है अर्थात् यह अम्लीकृत $KMnO_4, K_2Cr_2O_7, H_2O_2$ इत्यादि को क्रमशः $Mn^{2+}, Cr^{3+}$ एवं $H_2O$ में अपचयित कर देता है।

(ii) ***नाइट्रिक अम्ल (HNO3) :*** $HNO_3$ एक्वा फोर्टिस कहलाता है। यह प्रयोगशाला में सांद्र $H_2SO_4$ के साथ नाइटर के आसवन द्वारा निर्मित होता है।

$$2NaNO_3 + H_2SO_4 \longrightarrow 2HNO_3 + Na_2SO_4 .$$

व्यवसायिक रुप से, यह ओस्टवॉल्ड प्रक्रम द्वारा प्राप्त होता है। इस प्रक्रम में, $NH_3$ पहले *NO* में उत्प्रेरकीय ऑक्सीकृत हो जाती है जो लगभग $300\,K$ पर ठंडा होती है और फिर वायु द्वारा $NO_2$ में ऑक्सीकृत हो जाती है। ऑक्सीजन की उपस्थिति में जल में $NO_2$ का अवशोषण $HNO_3$ प्रदान करता है।

$$4NH_3 + 5O_2 \xrightarrow{Pt.1975\ K} 4NO + 6H_2O$$

$$2NO + O_2 \rightleftharpoons 2NO_2 ; 4NO_2 + 2H_2O + O_2 \longrightarrow 4HNO_3$$

वायु से (बर्कलैण्ड आइड विद्युत आर्क प्रक्रम)

$$N_2 + O_2 \rightleftharpoons 2NO\ ;\ \Delta H_f^o = +135\ kJ\ mol^{-1}$$

$$2NO + O_2 \xrightarrow{50^oC} 2NO_2$$

$$2NO_2 + H_2O \longrightarrow HNO_2 + HNO_3$$

$$3HNO_2 \longrightarrow HNO_3 + H_2O + 2NO$$

**गुण :** यह बहुत प्रबल अम्ल है और सूर्य की रोशनी की उपस्थिति में या उबालने पर विघटित हो जाता है। यह प्रबल ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार करता है। यह अधातुओं और उपधातुओं को उनके संगत ऑक्सी अम्लों में ऑक्सीकृत कर देता है, अर्थात् *C* को $H_2CO_3$ में, *S* को $H_2SO_4$ में, *P* को $H_3PO_4$ में, $I_2$ को $HIO_3$ में, *As* को $H_3AsO_4$ (आर्सेनिक अम्ल) में, और *Sb* को $H_3SbO_4$ (एण्टीमोनिक अम्ल) में, जबकि नाइट्रिक अम्ल स्वयं $NO_2$ में अपचयित होता है।

$$I_2 + 10HNO_3 \longrightarrow 2HIO_3 + 10NO_2 + 4H_2O$$

नाइट्रिक अम्ल धातुओं के साथ नाइट्रेट निर्मित करने के लिये अभिक्रिया करता है और स्वयं $NO, N_2O, NO_2$ या $NH_3$ (जो आगे $HNO_3$ के साथ $NH_4NO_3$ देने के लिये अभिक्रिया करता है) में अपचयित होता है जो अम्ल की सान्द्रता, धातु की सक्रियता और अभिक्रिया के ताप पर निर्भर करता है।

(i) अधिक सक्रिय धातुएँ जैसे *Mn, Mg, Ca* इत्यादि अत्यन्त तनु $HNO_3$ (2%) के साथ अभिक्रिया कर $H_2$ देती हैं।

(ii) कम सक्रिय धातुएँ जैसे $Cu, Hg, Ag, Pb$ इत्यादि तनु $HNO_3$ के साथ $NO$ देती हैं किन्तु तनु $HNO_3$ के साथ जिंक $N_2O$ देता है और अति तनु $HNO_3$ के साथ $NH_4NO_3$ देता है

$$Zn + 10HNO_3(\text{तनु}) \longrightarrow 4Zn(NO_3)_2 + N_2O + 5H_2O$$

$$Zn + 10HNO_3(\text{अति तनु}) \longrightarrow 4Zn(NO_3)_2 + NH_4NO_3 + 3H_2O$$

इसी प्रकार $Fe$ एवं $Sn$ तनु नाइट्रिक अम्ल से अभिक्रिया करके $NH_4NO_3$ देते हैं।

(iii) सान्द्र $HNO_3$ सक्रिय धातुओं ($Zn, Pb$ इत्यादि) और कम सक्रिय धातुओं ($Cu, Hg, Ag$ इत्यादि) दोनों के साथ $NO_2$ देता है।

$$Cu + 4HNO_3(\text{सान्द्र}) \longrightarrow Cu(NO_3)_2 + 2NO_2 + 2H_2O$$

किन्तु टिन सान्द्र $HNO_3$ द्वारा मैटा स्टेनिक अम्ल ($H_2SnO_3$) में ऑक्सीकृत हो जाता है।

$$Sn + 4HNO_3 \longrightarrow H_2SnO_3 + 4NO_2 + H_2O$$

**निष्क्रियता :** $Fe, Cr, Ni$ और $Al$ सान्द्र $HNO_3$ में धातु सतह पर ऑक्साइड की पतली रक्षीय परत के निर्माण के कारण (जो आगे की क्रिया को रोकती है) निष्क्रिय हो जाते हैं (अपनी सामान्य क्रियाशीलता खो देते हैं)। नाइट्रिक अम्ल का उत्क्रष्ट धातुओं ($Au, Pt$) पर कोई प्रभाव नहीं होता लेकिन ये धातुएँ अम्लराज (3 आयतन $HCl$ + 1 आयतन $HNO_3$) में उनके संगत क्लोराइड बनाकर घुल जाती हैं।

$$HNO_3 + 3HCl \longrightarrow 2H_2O + NOCl + 2[Cl]$$

$$Au + 3[Cl] \longrightarrow AuCl_3;\ Pt + 4[Cl] \longrightarrow PtCl_4$$

ये क्लोराइड तत्पश्चात $HCl$ की अधिकता में घुलकर उनके संगत विलेय संकुल बनाते हैं। इस तरह,

$$\underset{\text{ऑरिक क्लोराइड}}{AuCl_3} + HCl \longrightarrow \underset{\text{ऑरोक्लोरिक अम्ल}}{HAuCl_4}$$

$$\underset{\text{प्लेटनिक क्लोराइड}}{PtCl_4} + 2HCl \longrightarrow \underset{\text{क्लोरो प्लेटनिक अम्ल}}{H_2PtCl_6}$$

शर्करा नाइट्रिक अम्ल के साथ ऑक्सीकरण पर ऑक्जेलिक अम्ल देती है। नाइट्रिक अम्ल ग्लिसरीन के साथ अभिक्रिया कर ग्लिसरॉल ट्राई नाइट्रेट या नाइट्रो ग्लिसरीन देता है, टॉलुईन के साथ 2, 4, 6-ट्राईनाईट्रोटॉलुईन (T.N.T.) देता है और सेल्युलोज (कपास) के साथ यह सेल्युलोज ट्राई नाइट्रेट (गन कॉटन) देता है। ये सभी विस्फोटक के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

$$\underset{\text{गन्ने की शर्करा}}{C_{12}H_{22}O_{11}} + \underset{HNO_3\text{से}}{18[O]} \longrightarrow 6\ \underset{\text{ऑक्जेलिक अम्ल}}{\begin{matrix} COOH \\ | \\ COOH \end{matrix}} + 5H_2O$$

**सारणी : 18.5 नाइट्रोजन के ऑक्सी अम्ल**

| ऑक्सीअम्ल का नाम | अणु सूत्र | संरचना | N की ऑक्सीकरण अवस्था | क्षारीयता | $pK_a$ | प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हाइपो नाइट्रस अम्ल | $H_2N_2O_2$ | $\ddot{N}-OH$ <br> ‖ <br> $HO-\ddot{N}$ | +1 | 2(द्विक्षारीय) | बहुत दुर्बल | उच्च विस्फोटी |
| नाइट्रस अम्ल | $HNO_2$ | $H-\underset{\downarrow}{N}=O$ <br> O | +3 | 1 (एकल क्षारीय) | 3.3 | अस्थायी, दुर्बल अम्ल |
| नाइट्रिक अम्ल | $HNO_3$ | $H-O-\underset{\downarrow}{N}=O$ <br> O | +5 | 1 (एकल क्षारीय) | -3.0 | स्थायी, प्रबल अम्ल |
| परनाइट्रिक अम्ल | $HNO_4$ | $O=\underset{\downarrow}{N}-O-O-H$ <br> O | +5 | 1 (एकल क्षारीय) | | अस्थायी और विस्फोटी |

## फॉस्फोरस और इसके यौगिक

यह आवर्त सारणी के समूह 15 (VA) का दूसरा सदस्य है। $P$ के बड़े आकार के कारण यह दूसरे फॉस्फोरस परमाणुओं के साथ स्थायी $p\pi$ - $p\pi$ बन्ध निर्मित नहीं कर सकता है, जबकि नाइट्रोजन $p\pi - p\pi$ बन्ध निर्मित कर सकता है।

(1) **प्राप्ति :** फॉस्फोरस मुख्यतः पृथ्वी की सतह पर फॉस्फेट खनिजों के रूप में पाया जाता है। इनमें से कुछ हैं,

(i) फॉस्फोराइट $Ca_3(PO_4)_2$, (ii) फ्लोरएपेटाइट $Ca_5(PO_4)_3F$, (iii) क्लोरएपेटाइट $3Ca_3(PO_4)_2.CaCl_2$, (iv) (iv) हाइड्रॉक्सी एपेटाइट; $Ca_5(PO_4)_3OH$, फॉस्फेट पौधों और जीवजन्तुओं का आवश्यक घटक है। यह मुख्यतः हड्डियों में उपस्थित होता है जिसमें लगभग 58% कैल्शियम फॉस्फेट होता है।

(2) **पृथक्करण :** तत्वीय फॉस्फेट 1770$K$ ताप पर विद्युत भट्टी में बालू एवं कोक के साथ फॉस्फोराइट चट्टान को गर्म करके पृथक होता है,

$$2Ca_3(PO_4)_2 + 6SiO_2 \longrightarrow \underset{\text{कैल्शियम सिलिकेट}}{6CaSiO_3} + P_4O_{10};$$

$$P_4O_{10} + 10C \longrightarrow P_4 + 10CO$$

(3) **फॉस्फोरस के अपररूप :** फॉस्फोरस मुख्यतः तीन अपररूपों में पाया जाता है,

(i) सफेद फॉस्फोरस, (ii) लाल फॉस्फोरस, (iii) काला फॉस्फोरस

(i) ***सफेद या पीला फॉस्फोरस*** : यह फॉस्फेट चट्टान या फॉस्फोराइट से प्राप्त होता है जैसा कि ऊपर बताया गया है। यह $P_4$ इकाईयों की तरह उत्पन्न होता है। यहाँ चार $P$ परमाणु $\angle PPP = 60^o$ के साथ नियमित चतुष्कफलकों के कोनों पर रहते हैं। प्रत्येक $P$ परमाणु अन्य तीन $P$ परमाणुओं से सहसंयोजी बन्ध द्वारा जुड़ा रहता है। यहाँ कुल छः

बन्ध और चार एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म सफेद फॉस्फोरस के $P_4$ अणुओं में उपस्थित रहते हैं।




**गुण :** $P_4$ अणु में तनाव के कारण सफेद फॉस्फोरस अत्यंत क्रियाशील होता है। यह जहरीला, मृदु, कम गलनांक वाला $(317K)$ ठोस है, $CS_2$, एल्कोहल एवं ईथर में विलेय है। इसकी गन्ध लहसुन जैसी होती है। जो लोग सफेद $P$ के साथ कार्य करते हैं उन्हें फॉसी जॉ नामक बीमारी हो जाती है जिसमें जबड़े की हड्डी गल जाती है। यह प्रकाश में स्फोटिक करने पर पीला हो जाता है इसलिये इसे पीला फॉस्फोरस भी कहते हैं।

यह वायु में हरी रोशनी के साथ तुरन्त आग पकड़ लेता है। यह अंधेरे में दृश्य है $(P_4 + 3O_2 \rightarrow P_4O_6)$, यह घटना फॉस्फोरेसेन्स कहलाती है। इसके बहुत कम ज्वलन ताप $(303K)$ के कारण, यह हमेशा जल में रखा जाता है।

सल्फर के साथ यह विस्फोटी आवाज के साथ टेट्रा फॉस्फोरस ट्राईसल्फाइड देता है जो माचिस में कहीं भी रगड़ के लिये उपयोग किया जाता है।

$$8P_4 + 3S_8 \longrightarrow 8P_4S_3$$

धातुओं के साथ फॉस्फोरस,फॉस्फाइड निर्मित करता है।

उदाहरण के लिये, $P_4 + 6Mg \longrightarrow 2Mg_3P_2$

जलीय क्षारों के साथ गर्म करने पर सफेद फॉस्फोरस फॉस्फीन देता है।

$$\overset{0}{P_4} + 3NaOH + 3H_2O \longrightarrow \underset{\text{(फॉस्फीन)}}{\overset{-3}{PH_3}} + \underset{\text{सोडियम हाइपोफॉस्फाइट}}{3NaH_2\overset{+1}{P}O_2}$$

यह विषमअनुपाती अभिक्रिया का उदाहरण है जहाँ, $PH_3$ में $P$ की ऑक्सीकरण अवस्था 0 से –3 तक घटती है और $NaH_2PO_2$ में +1 तक बढ़ती है।

सफेद फॉस्फोरस प्रबल ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार करता है। यह $HNO_3$ को $NO_2$ में और $H_2SO_4$ को $SO_2$ में अपचयित करता है। यह $Cu, Ag$ और $Au$ लवणों के विलयनों को भी उनके संगत धातुओं में अपचयित करता है। उदाहरण के लिये,

$$P_4 + 8CuSO_4 + 14H_2O \longrightarrow 8Cu + 8H_2SO_4 + 4H_3PO_4$$

$$P_4 + 20AgNO_3 + 16H_2O \longrightarrow 20Ag + 4H_3PO_4 + 20HNO_3$$

(ii) ***लाल फॉस्फोरस :*** यह सफेद फॉस्फोरस को $540 - 570K$ पर वायु सम्पर्क से दूर एक अक्रिय वातावरण ($CO_2$ या कोल गैस) में कई घंटों तक गर्म करने पर प्राप्त होता है।

$$\text{सफेद फॉस्फोरस} \xrightarrow[CO_2 \text{ या कोल गैस}]{540-570K} \text{लाल फॉस्फोरस}$$

लाल फॉस्फोरस $P_4$ चतुष्फलकीय श्रृंखलाओं के रुप में उत्पन्न होता है जो एक बहुलकीय संरचना देने के लिये सहसंयोजी बन्धों द्वारा एक दूसरे से जुड़ी रहती हैं, जैसाकि दर्शाया गया है।



इसकी बहुलकीय संरचना के कारण, लाल फॉस्फोरस कम क्रियाशील होता है और सफेद फॉस्फोरस से अधिक गलनांक वाला होता है।

**गुण :** लाल फॉस्फोरस कठोर, गन्धहीन, अविषैला ठोस है, $CS_2$, एल्कोहल एवं ईथर जैसे कार्बनिक विलायकों में अविलेय होता हैं। इसका ज्वलन ताप सफेद फॉस्फोरस से ज्यादा होता है और इस तरह यह आसानी से आग नहीं पकड़ता है। यह फॉस्फोरेसेन्स नहीं दर्शाता है।

यह गर्म होने पर ऊर्ध्वपातित होकर वाष्पें देता है जो संघनित होकर सफेद फॉस्फोरस देती हैं। यह सफेद फॉस्फोरस से अधिक घना होता है एवं विद्युत का कुचालक होता है।

यह ऑक्सीजन के साथ $565K$ पर ज्वलित होकर फॉस्फोरस पेण्टाऑक्साइड देता है, यह हैलोजन, सल्फर और केवल क्षारीय धातुओं के साथ अभिक्रिया करता है और गर्म करने पर संगत लवण निर्मित करता है।

यह कास्टिक क्षारों के साथ अभिक्रिया नहीं करता है और यह गुण सफेद फॉस्फोरस से लाल फॉस्फोरस को पृथक करने में प्रयुक्त होता है।

(iii) ***काला फॉस्फोरस :*** यह सफेद फॉस्फोरस को अक्रिय वायुमण्डल में उच्च दाब (4000–12000atm) पर $470K$ पर गर्म करके प्राप्त होता है।

$$\text{सफेद फॉस्फोरस} \xrightarrow[4000-12000 \text{ atm.}]{470K} \text{काला फॉस्फोरस}$$

इसकी दो परतीय संरचना होती है। प्रत्येक परत $99^o$ के $P-P-P$ बन्ध कोण के साथ जिग-जेग श्रृंखला की बनी होती है। चूँकि यह अधिक बहुलकीय है, इसलिये इसका उच्च घनत्व होता है। यह फॉस्फोरस का अधिक स्थायी (अक्रिय) रूप है और धात्विक काली चमक वाला होता है। यह ऊष्मा और विद्युत का सुचालक होता है।

### (4) फॉस्फोरस के यौगिक

(i) ***फॉस्फोरस के ऑक्साइड एवं ऑक्सीअम्ल :*** फॉस्फोरस अत्याधिक क्रियाशील है और –3 , +3 और +5 ऑक्सीकरण अवस्था में कई यौगिक निर्मित करता है। फॉस्फोरस दो सामान्य ऑक्साइड निर्मित करता है,

(a) फॉस्फोरस ट्राईऑक्साइड ($P_4O_6$) एवं (b) फॉस्फोरस पेण्टाऑक्साइड ($P_4O_{10}$)

(a) *फॉस्फोरस (III) ऑक्साइड* ($P_4O_6$) :




फॉस्फोरस ट्राईऑक्साइड

जब $P$, वायु की सीमित प्रवाह में गर्म होता है तब $P_4O_6$ निर्मित होता है, $P_4 + \underset{\text{(सीमित)}}{3O_2} \rightarrow P_4O_6$

यह क्रिस्टलीय ठोस है एवं लहसुन जैसी गन्ध वाला होता है। यह ठण्डे जल में घुलकर फॉस्फोरस अम्ल देता है,

$\underset{}{P_4O_6} + \underset{\text{ठण्डा}}{6H_2O} \rightarrow \underset{\text{फॉस्फोरिक अम्ल}}{4H_3PO_3}$ , इसलिये इसे फॉस्फोरस अम्ल का एनहाइड्राइड माना जाता है।

गर्म जल के साथ यह फॉस्फोरिक अम्ल और ज्वलनशील फॉस्फीन देता है,

$$P_4O_6 + 6H_2O\ (\text{गर्म}) \rightarrow \underset{\text{फॉस्फोरिक अम्ल}}{3H_3PO_4} + PH_3$$

यह $Cl_2$ के साथ शीघ्रता से अभिक्रिया करके फॉस्फोरिल क्लोराइड एवं मेटा फॉस्फोरिल क्लोराइड का मिश्रण निर्मित करता है।

$$P_4O_6 + 4Cl_2 \rightarrow \underset{\text{फॉस्फोरिल क्लोराइड}}{2POCl_3} + \underset{\text{मेटाफॉस्फोरिल क्लोराइड}}{2PO_2Cl}$$

(b) *फॉस्फोरस (V) ऑक्साइड* $(P_4O_{10})$:




फॉस्फोरस पेन्टाऑक्साइड

वायु की अधिकता में सफेद फॉस्फोरस को गर्म करके इसे निर्मित करते हैं। $P_4 + 5O_2(\text{आधिक्य}) \rightarrow P_4O_{10}$, यह बर्फ जैसा सफेद ठोस है। यह ठण्डे जल में विलेय होकर मैटाफॉस्फोरिक अम्ल निर्मित करता है।

$P_4O_{10} + \underset{(\text{ठण्डा})}{2H_2O} \rightarrow \underset{\text{मैटाफॉस्फोरिक अम्ल}}{4HPO_3}$ गर्म जल के साथ, यह फॉस्फोरिक अम्ल देता है, $P_4O_{10} + \underset{\text{गर्म}}{6H_2O} \rightarrow \underset{\text{फॉस्फोरिक अम्ल}}{4H_3PO_4}$ .

$P_4O_{10}$ बहुत प्रबल निर्जलीकारक है। यह $H_2SO_4$ एवं $HNO_3$ जैसे कई यौगिकों से जल निष्कर्षित करता है।

$$H_2SO_4 \xrightarrow[-H_2O]{P_4O_{10}} SO_3\,;\ 2HNO_3 \xrightarrow[-H_2O]{P_4O_{10}} N_2O_5$$

$$\underset{\text{एसीटामाइड}}{CH_3CONH_2} \xrightarrow[-H_2O]{P_4O_{10}} \underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3CN}$$

(ii) ***फॉस्फोरस के ऑक्सीअम्ल*** : फॉस्फोरस कई ऑक्सीअम्ल निर्मित करता है जो फॉस्फोरस की ऑक्सीकरण अवस्था और उनकी संरचना में भिन्न होते हैं। ये ऑक्सीअम्ल $H_3PO_2, H_3PO_3, H_4P_2O_6, H_3PO_4$, $(HPO_3)_n, H_4P_2O_5, H_4P_2O_7$ हैं। इनमें से $H_3PO_2, H_3PO_3$ अपचायक हैं। $H_4P_2O_5$ (पायरो फॉस्फोरिक अम्ल) द्विक्षारीय अम्ल है।

$(HPO_3)_n$ को $316\,^oC$ पर $H_3PO_4$ के निर्जलीकरण द्वारा निर्मित करते हैं।

**सारणी : 18.6 फॉस्फोरस के ऑक्सीअम्ल**

| नाम | P की ऑक्सीकरण अवस्था एवं क्षारीयता | संरचना |
|---|---|---|
| हाइपोफॉस्फोरस अम्ल $H_3PO_2$ | +1 एकल क्षारीय |  |
| फॉस्फोरस अम्ल $H_3PO_3$ | +3 द्विक्षारीय |  |
| हाइपो फॉस्फोरिक अम्ल $H_4P_2O_6$ | +4 चतुष्क क्षारीय |  |
| ऑर्थोफॉस्फोरिक अम्ल $H_3PO_4$ | +5 त्रिक्षारीय |  |
| मेटाफॉस्फोरिक अम्ल $(HPO_3)_n$ | +5 एकल क्षारीय |  |
| पायरोफॉस्फोरिक अम्ल (डाईफॉस्फोरिक अम्ल) $H_4P_2O_7$ | +5 चतुष्क क्षारीय |  |

(5) **रासायनिक उर्वरक** (Chemical fertilizers) : रासायनिक पदार्थ जो मिट्टी में, मिट्टी की उर्वरकता बनायें रखने के लिये मिलाये जाते हैं उर्वरक कहलाते हैं।

**उर्वरकों के प्रकार** : रासायनिक उर्वरकों के मुख्यतः चार प्रकार हैं,

(i) ***नाइट्रोजनीय उर्वरक*** : उदाहरण; अमोनियम सल्फेट $(NH_4)_2SO_4$, कैल्शियम सायनामाइड $CaCN_2$, यूरिया $NH_2CONH_2$ इत्यादि।

(ii) ***फॉस्फेटिक उर्वरक*** : उदाहरण; $Ca(H_2PO_4)_2.H_2O$ (ट्रिपल सुपर फॉस्फेट), फॉस्फेटिक धातुमल इत्यादि।

(iii) ***पोटाश उर्वरक*** : उदाहरण; पोटेशियम नाइट्रेट $(KNO_3)$, पोटेशियम सल्फेट $(K_2SO_4)$ इत्यादि।

(iv) ***मिश्रित उर्वरक*** : ये उपयुक्त अनुपात में दो या दो से अधिक उर्वरकों को मिश्रित करके बनाये जाते हैं,उदाहरण *NPK* (जिनमें नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटेशियम होते हैं)।

*NPK* अमोनियम फॉस्फेट, सुपर फॉस्फेट और कुछ पोटेशियम लवणों को मिश्रित करके निर्मित होता है।

## ऑक्सीजन परिवार (Oxygen Family)

ऑक्सीजन आवर्त सारणी के 16 वें अथवा VIA समूह का प्रथम सदस्य है। इस समूह में पाँच तत्व होते हैं ऑक्सीजन (*O*), सल्फर (*S*), सेलीनियम (*Se*), टेल्यूरियम (*Te*) एवं पोलोनियम (*Po*) । ये सभी (अपवाद पोलोनियम) अयस्क बनाने वाले तत्व हैं और इस तरह **चेल्कोजन** (Chalcogens) कहलाते हैं।

(1) **इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास**

| तत्व | इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास ($ns^2\ np^4$) |
|---|---|
| $_8O$ | $[He]2s^2 2p^4$ |
| $_{16}S$ | $[Ne]3s^2 3p^4$ |
| $_{34}Se$ | $[Ar]3d^{10} 4s^2 4p^4$ |
| $_{52}Te$ | $[Kr]4d^{10} 5s^2 5p^4$ |
| $_{84}Po$ | $[Xe]4f^{14} 5d^{10} 6s^2 6p^4$ |

**भौतिक गुण**

(1) **भौतिक अवस्था :** ऑक्सीजन गैस है जबकि शेष सभी ठोस हैं।

(2) **परमाणु त्रिज्या :** समूह में नीचे जाने पर परमाणु त्रिज्या बढ़ती है क्योंकि अन्तः कोशों की संख्या में वृद्धि नाभिकीय आवेश में वृद्धि से अधिक प्रभावी है।

(3) **आयनन ऊर्जा :** समूह में नीचे जाने पर इनकी परमाणु त्रिज्या एवं परिरक्षण प्रभाव में वृद्धि के कारण इनकी आयनन ऊर्जा घटती है।

(4) **ऋणविद्युतता :** समूह में नीचे जाने पर परमाणु आकार में वृद्धि के कारण इनकी ऋणविद्युतता घटती है।

(5) **इलेक्ट्रॉन बन्धुता :** इस समूह के तत्वों की उच्च इलेक्ट्रॉन बन्धुता होती है समूह में नीचे जाने पर इलेक्ट्रॉन बन्धुता घटती है।

(6) **अधात्विक एवं धात्विक लक्षण :** इनमें अत्यन्त कम धात्विक लक्षण होता है क्योंकि इनकी उच्च आयनन ऊर्जा होती है।

(7) **बन्धन की प्रकृति :** अधातुओं के साथ ऑक्सीजन के यौगिक मुख्यतः सहसंयोजक होते हैं। निम्न ऋणविद्युतता के कारण *S, Se*, एवं *Te* अधिक सहसंयोजी लक्षण प्रदर्शित करते हैं।

(8) **गलनांक एवं क्वथनांक :** समूह में नीचे जाने पर गलनांक एवं क्वथनांक बढ़ते हैं।

(9) **श्रृंखलन :** ऑक्सीजन में थोड़ी किन्तु सल्फर में अधिक श्रृंखलन प्रवृत्ति होती है।

$$\underset{(H_2O_2)}{H-O-O-H},\quad \underset{(H_2S_2)}{H-S-S-H},$$

$$\underset{(H_2S_3)}{H-S-S-S-H},\quad \underset{(H_2S_4)}{H-S-S-S-S-H}$$

(10) **अपररुपता**

| | | |
|---|---|---|
| ऑक्सीजन | – | $O_2$ एवं $O_3$ |
| सल्फर | – | रोम्बिक, मोनोक्लिनिक, प्लास्टिक सल्फर |
| सेलीनियम | – | लाल (अधात्विक) धुसर (धात्विक) |
| टेल्यूरियम | – | अधात्विक एवं धात्विक (अधिक स्थायी) |
| पोलोनियम | – | $\alpha$ एवं $\beta$ (दोनों धात्विक हैं) |

(11) **ऑक्सीकरण अवस्था :** ऑक्सीजन – 2, + 2 एवं –1 ऑक्सीकरण अवस्थाएँ प्रदर्शित करती है। अन्य तत्व +2 ,+4 एवं +6 ऑक्सीकरण अवस्थाएँ प्रदर्शित करते हैं।

**रासायनिक गुण**

(1) **हाइड्राइड :** इस समूह के तत्व हाइड्राइड बनाते हैं जैसे $H_2O, H_2S, H_2Se, H_2Te$ एवं $H_2Po$ । इनके निम्न लक्षण होते हैं,

(i) ***भौतिक अवस्था :*** जल रंगहीन एवं गन्धहीन है जबकि इस समूह के शेष तत्वों के हाइड्राइड रंगहीन, अप्रिय गंध वाली विषैली गैसें हैं।

(ii) ***वाष्पशील प्रकृति :*** वाष्पशीलता $H_2O$ से $H_2S$ तक बढ़ती है और फिर घटती है। जल की निम्न वाष्पशीलता एवं अपसामान्य उच्च क्वथनांक जल अणुओं के संगुणन के कारण होता है यह संगुणन हाइड्रोजन बन्ध के कारण होता है क्योंकि प्रबल ऋणविद्युती ऑक्सीजन परमाणु, हाइड्रोजन परमाणु से जुड़ा रहता है। इस तरह ताप एवं दाब की सामान्य परिस्थितियों के अन्तर्गत जल द्रव है जबकि $H_2S$ एवं अन्य हाइड्राइड गैस हैं।

(iii) ***अम्लीय लक्षण :*** इस समूह के हाइड्राइड जलीय विलयन में दुर्बल द्विप्रोटिक अम्ल की तरह व्यवहार करते हैं, अम्लीय लक्षण $H_2S$ से $H_2Te$ तक बढ़ता है जबकि $H_2O$ उदासीन है।

(iv) ***तापीय स्थायित्व :*** तापीय स्थायित्व $H_2O$ से $H_2Po$ तक घटता है क्योंकि केन्द्रीय परमाणु का आकार ($O$ से $Po$ तक) बढ़ता है जिसके परिणामस्वरुप लम्बा एवं दुर्बल $M-H$ बन्ध बनता है फलस्वरुप बन्ध प्रबलता घटती है इसके परिणामस्वरुप तापीय स्थायित्व में कमी आती है।

(v) ***अपचायक लक्षण :*** हाइड्राइड की अपचयन शक्ति $H_2O$ से $H_2Po$ तक बढ़ती है क्योंकि बन्ध प्रबलता $H_2O$ से $H_2Po$ तक घटती है।

(vi) ***बन्ध कोण :*** ये सभी हाइड्राइड कोणीय अणु हैं एवं $H-X-H$ बन्ध कोण का मान ($X = O, S, Se, Te$ है) $H_2O$ से $H_2Te$ तक घटता है।

हाइड्राइडों की अपचयन शक्ति का बढ़ता क्रम :

$$H_2O < H_2S < H_2Se < H_2Te$$

हाइड्राइडों में बन्ध कोणों का बढ़ता क्रम :

$$H_2Te < H_2Se < H_2S < H_2O$$

हाइड्राइडों के स्थायित्व का क्रम :

$$H_2O > H_2S > H_2Se > H_2Te$$

हाइड्राइडों की बढ़ती अम्लीय प्रकृति का क्रम :

$$H_2O < H_2S < H_2Se < H_2Te$$

(2) **ऑक्साइड :** ये तत्व मोनोऑक्साइड (*MO*), डाईऑक्साइड ($MO_2$) एवं ट्राईऑक्साइड ($MO_3$) बनाते हैं।

(i) *डाईऑक्साइड :* सल्फर, सेलीनियम एवं टेल्यूरियम वायु में जलकर $SO_2, SeO_2$ एवं $TeO_2$ बनाते हैं। डाईऑक्साइड अणु में $p\pi - p\pi$ बन्ध होते हैं जो परमाणु क्रमांक में वृद्धि के साथ दुर्बल बन जाते हैं क्योंकि बन्ध लम्बाई में वृद्धि होती है।

(a) *सल्फर डाईऑक्साइड :* कमरे के ताप पर $SO_2$ गैस है एवं ठोस अवस्था में भी व्यक्तिगत अणुओं की तरह उत्पन्न होती है। इसके अणु की मुड़ी हुई संरचना होती है एवं ये निम्न अनुनादी संरचनाओं का अनुनाद संकर है,



$SO_2$ अम्लीय प्रकृति का होती है और इसे सल्फ्यूरस अम्ल का एनहाइड्राइड भी कहते हैं। यह अपचायक एवं ऑक्सीकारक दोनों के समान कार्य कर सकती है। नमी की उपस्थिति में $SO_2$ विरंजन कारक के समान भी कार्य कर सकती है किन्तु $Cl_2$ के विपरीत इसकी विरंजन क्रिया अस्थायी है।

$$SO_2 + 2H_2O \longrightarrow H_2SO_4 + 2[H]$$

रंगीन पदार्थ +2[*H*] $\rightleftharpoons$ रंगहीन पदार्थ

इसलिये $SO_2$ अपचयन के कारण विरंजन करती है और विरंजन क्रिया अस्थायी है।

(b) *सिलेनियम डाईऑक्साइड* : $SeO_2$ एक ठोस है जिसकी कमरे के ताप पर बहुलकी जिग-जेग संरचना होती है किन्तु गैसीय प्रावस्था में यह अनिरन्तर अणु की तरह उत्पन्न होता है।



(c) *टेल्यूरियम डाईऑक्साइड* : $TeO_2$ भी एक ठोस है जिसकी कमरे के ताप पर बहुलकी जिग-जेग संरचना होती है जो सेलीनियम डाईऑक्साइड के समान है।

(ii) ***ट्राईऑक्साइड*** : सल्फर, सेलीनियम एवं टेल्यूरियम ट्राईऑक्साइड भी बना सकते हैं।

(a) *सल्फर ट्राईऑक्साइड,* $SO_3$ : गैसीय अवस्था में एकलक $SO_3$ की समतलीय संरचना होती है जिसमें $S-O$ बन्ध दूरी 143 pm होती है एवं $O-S-O$ बन्ध कोण $120^o$ का होता है। $SO_3$ अणु निम्न संरचनाओं का अनुनाद संकर है,




ठोस प्रावस्था में सल्फर ट्राईऑक्साइड चक्रीय त्रिलक अथवा स्थायी रेखीय श्रृंखला संरचना में बहुलीकृत होता है। $SO_3$, $H_2SO_4$ का एनहाइड्राइड है। यह अम्लीय प्रकृति का होता है और ऑक्सीकारक के समान कार्य करता है।

(b) *सिलेनियम ट्राईऑक्साइड,* $SeO_3$ : यह एक ठोस पदार्थ है जो चक्रीय टेट्रामर की तरह पाया जाता है किन्तु वाष्प प्रावस्था में यह एक एकलक की तरह पाया जाता है।

(c) *टेल्यूरियम ट्राईऑक्साइड,* $TeO_3$ : यह कमरे के ताप पर एक ठोस है जो बहुलक की तरह पाया जाता है।

ऑक्साइडों की अम्लीय प्रकृति का बढ़ता क्रम है, $TeO_3 < SeO_3 < SO_3$

(3) **ऑक्सीअम्ल** :

$H_2SO_3, H_2SO_4, H_2S_2O_3, H_2SO_5, H_2S_2O_8, H_2S_2O_7, H_2S_2O_6$

(4) **हैलाइड** : ऑक्सीजन : $OF_2, Cl_2O, Br_2O$

सल्फर : $S_2F_2, S_2Cl_2, SF_2, SCl_2, SBr_2, SF_4, SCl_4$ तथा $SF_6$

सेलीनियम एवं टेल्यूरियम : $SeF_6$ एवं $TeF_6$

**ऑक्सीजन का अपसामान्य व्यवहार**

ऑक्सीजन 16 वें समूह के परिवार का प्रथम सदस्य है और परिवार के अन्य सदस्यों से भिन्न है क्योंकि इसमें निम्न विशेषतायें हैं

(1) इसका छोटा आकार

(2) इसकी उच्च ऋणविद्युतता

(3) इसकी उच्च आयनन ऊर्जा

(4) संयोजी कोश में $d$ -कक्षकों की अनुपस्थिति

यह परिवार के अन्य सदस्यों से निम्न तरह से भिन्न है,

(1) **तत्व अवस्था** : ऑक्सीजन एक द्विपरमाण्विक गैस है जबकि अन्य सदस्य अष्टपरमाण्विक ठोस हैं जिनके साथ अष्टसदस्यीय संकुचित वलय संरचना पाई जाती है।

(2) **ऑक्सीकरण अवस्थायें** : ऑक्सीजन अपने अधिकांश यौगिकों में –2 ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करती है। यह $F_2O$ में +2 ऑक्सीकरण अवस्था भी प्रदर्शित करती है और $H_2O_2$ तथा अन्य परॉक्साइडों में –1 ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करती है। यह 2 से अधिक ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित नहीं कर सकती। अन्य तत्व +2, +4 एवं +6 ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करते हैं क्योंकि इन तत्वों में रिक्त $d$ -कक्षक होते हैं इसलिये इनका संयोजी कोश विस्तारित हो सकता है।

(3) **हाइड्रोजन बन्धन** : ऑक्सीजन परमाणु अत्यन्त छोटा होता है और इसमें अति उच्च नाभिकीय आवेश होता है इसलिये इसमें ऋणविद्युतता का उच्च मान होता है और यह $H$ -बन्ध बनाने में सक्षम होता है अन्य तत्व अपने बड़े आकार के कारण $H$ -बन्ध नहीं बना सकते इसके परिणामस्वरुप $H_2O$ द्रव है जबकि $H_2S$ गैस है एवं $H_2Se$ आदि ठोस हैं।

(4) **अधिकतम सहसंयोजकता** : ऑक्सीजन की अधिकतम सहसंयोजकता दो होती है जबकि अन्य तत्व अधिकतम सहसंयोजकता छः तक दर्शा सकते हैं। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि इन तत्वों में रिक्त $d$ -कक्षक होते हैं जबकि ऑक्सीजन में $d$ -कक्षक नहीं होते ।

(5) **यौगिकों के प्रकार** : ऑक्सीजन के यौगिक ऑक्सीजन की उच्च ऋणविद्युतता के कारण मुख्यतः आयनिक एवं ध्रुवीय सहसंयोजक होते हैं जबकि अन्य तत्वों के यौगिक नहीं होते हैं।

(6) **चुम्बकीय लक्षण** : ऑक्सीजन अनुचुम्बकीय है जबकि अन्य तत्व अनुचुम्बकीय नहीं हैं।

**ऑक्सीजन एवं इसके यौगिक**

यह **कार्ल शीले** एवं **जोसेफ प्रीस्टले** द्वारा खोजी गई। यह तीन समस्थानिक रुपों में पाई जाती है।

$_8O^{16}$ (प्रचुरता: 99.76%)  $_8O^{17}$ (प्रचुरता: 0.037%)  $_8O^{18}$ (प्रचुरता: 0.204%)

तीन समस्थानिकों में से, $_8O^{18}$ रेडियोधर्मी है।

**प्राप्ति** : मुक्त अवस्था में यह वायु में पायी जाती है और वायुमण्डल का 21% भाग आयतनात्मक रुप से बनाती है।

**डाईऑक्सीजन को बनाने की विधियाँ** : ऑक्सीजन को निम्न विधियों द्वारा बनाया जाता है,

(1) **ऑक्सीजन युक्त यौगिकों के अपघटन द्वारा** : उदाहरण,

$$\underset{\text{पोटेशियम नाइट्रेट}}{2KNO_3} \xrightarrow{\text{ताप}} 2KNO_2 + O_2 ;$$

$$\underset{\text{पोटेशियम क्लोरेट}}{2KClO_3} \xrightarrow[MnO_2]{\text{ऊष्मा}} 2KCl + 3O_2$$

(2) **डाईऑक्साइड, परॉक्साइड एवं उच्च ऑक्साइडों को गर्म करके** : उदाहरण,

$$\underset{\text{सिल्वर ऑक्साइड}}{2Ag_2O} \xrightarrow{\text{ताप}} 4Ag + O_2 ;$$

$$\underset{\text{मैंग्नीज डाइऑक्साइड}}{3MnO_2} \xrightarrow{\text{ताप}} Mn_3O_4 + O_2$$

$$\underset{\text{बेरियम परॉक्साइड}}{2BaO_2} \xrightarrow{\text{ताप}} \underset{\text{बेरियम ऑक्साइड}}{2BaO} + O_2$$

(3) **प्रयोगशाला विधि** : प्रयोगशाला में $O_2$ को पोटेशियम क्लोरेट के तापीय अपघटन द्वारा बनाते हैं।

$$2KClO_3 \xrightarrow[MnO_2]{420\ K} 2KCl + 3O_2$$

$MnO_2$ उत्प्रेरक की अनुपस्थिति में अपघटन, 670-720 $K$ पर होता है इसलिये, $MnO_2$ उत्प्रेरक के समान कार्य करता है और $KClO_3$. के अपघटन के ताप को भी कम करता है।

(4) $O_2$ को सोडियम परॉक्साइड पर जल की क्रिया द्वारा भी बनाया जा सकता है जो इस तरह होता है, $2Na_2O_2 + 2H_2O \rightarrow 4NaOH + O_2$

(5) **औद्योगिक निर्माण :** डाईऑक्सीजन के औद्योगिक निर्माण के लिये मुख्य स्त्रोत वायु एवं जल हैं।

(i) ***वायु से :*** $O_2$ को वायु के प्रभाजी आसवन द्वारा बनाया जाता है। इस क्रिया के दौरान, कम क्वथनांक वाली $N_2$ (78 *K*) वाष्पों के रुप में आसवित होती है जबकि उच्च क्वथनांक वाली $O_2$ (90 *K*) द्रव अवस्था में बनी रहती है और पृथक की जा सकती है।

(ii) ***जल से :*** $O_2$ को जल के विद्युतअपघटन द्वारा भी प्राप्त कर सकते हैं जिसमें कुछ मात्रा में अम्ल अथवा क्षार उपस्थित रहता है,

$$2H_2O \xrightleftharpoons{\text{विद्युत अपघटन}} 2H_2(g) + O_2(g).$$

**$O_2$ के भौतिक गुण :** यह एक रंगहीन, स्वादहीन एवं गंधहीन गैस है। यह जल में अल्पविलेय है और 298 *K* पर इसकी विलेयता लगभग जल का 30 सेमी$^3$ प्रतिलीटर है।

**सारणी : 18.7 परमाण्विक एवं आण्विक ऑक्सीजन के भौतिक गुण**

| परमाण्विक गुण | आण्विक गुण |
|---|---|
| परमाणु त्रिज्या (pm) – 73 | बन्ध लम्बाई (pm) – 120.7 |
| आयनिक त्रिज्या $O$ (pm) – 140 | बन्ध ऊर्जा (*kJ mol*) – 493 |
| ऋणविद्युतता – 3.5 | S.T.P. पर घनत्व (*gcm*)– 1.429 |
| आयनन ऊर्जा (*kJ mol*) – 1310 | गलनांक (*K*) – 54.4 |
| इलेक्ट्रॉन बन्धुता (*kJ mol*) – 140 | क्वथनांक (*K*) – 90.2 |

**$O_2$ के रासायनिक गुण:** यह स्वयं नहीं जलती किन्तु जलने में सहायता करती है। यह प्रकृति में अतिस्थायी है और इसकी बन्ध वियोजन ऊर्जा अति उच्च है इसलिये, यह इसी रुप में अधिक क्रियाशील नहीं है, $O_2 \rightarrow O + O$

इसलिये, डाईऑक्सीजन उच्च ताप पर क्रिया करती है किन्तु, एक बार अभिक्रिया प्रारम्भ हो जाये, तो यह अपने स्वयं के द्वारा आगे बढ़ती है। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि डाईऑक्सीजन की रासायनिक अभिक्रियायें ऊष्माक्षेपी होती हैं और अभिक्रिया के दौरान उत्पन्न हुई ऊष्मा अभिक्रियाओं को बनाये रखनें में सक्षम होती है।

(1) **लिटमस के साथ क्रिया :** डाईहाइड्रोजन के समान यह भी उदासीन होती है और इसकी नीले अथवा लाल लिटमस पर कोई क्रिया नहीं होती ।

(2) **धातुओं के साथ क्रिया :** *Na, Ca* जैसी सक्रिय धातुएँ कमरे के ताप पर क्रिया कर उनके सम्बन्धित ऑक्साइड बनाती हैं।

$$4Na + O_2 \rightarrow 2Na_2O\ ; \quad 2Ca + O_2 \rightarrow 2CaO$$

यह *Fe, Al, Cu* आदि धातुओं के साथ उच्च ताप पर क्रिया करती है,

$$4Al + 3O_2 \rightarrow 2Al_2O_3\ ; \quad 4Fe + 3O_2 \rightarrow 2Fe_2O_3$$

(3) **अधातुओं के साथ क्रिया :** यह ऑक्साइड बनाती है

$$2H_2 + O_2 \xrightarrow[\text{विद्युत विसर्जन}]{1073\ K} 2H_2O\ ;$$

$$N_2 + O_2 \xrightarrow{3273\ K} \underset{\text{नाइट्रिक ऑक्साइड}}{2NO}$$

$$S + O_2 \xrightarrow{\text{ताप}} SO_2\ ; \quad C + O_2 \xrightarrow{\text{ताप}} CO_2$$

(4) **यौगिको के साथ क्रिया :** डाईऑक्सीजन एक ऑक्सीकारक है और यह कई यौगिकों को विशिष्ट परिस्थितियों में ऑक्सीकृत करती है। उदाहरण, $4HCl + O_2 \xrightarrow[CuCl_2]{700\ K} 2H_2O + 2Cl_2$ ;

$$4NH_3 + 5O_2 \xrightarrow[Pt]{1073\ K} 4NO + 6H_2O$$

$$CS_2 + 3O_2 \xrightarrow{\text{ताप}} CO_2 + 2SO_2\ ;$$

$$CH_4 + 2O_2 \rightarrow CO_2 + 2H_2O$$

### डाईऑक्सीजन के उपयोग

(1) इसे ऑक्सी हाइड्रोजन अथवा ऑक्सी एसीटिलीन टॉर्चो में प्रयुक्त करते हैं जिनका उपयोग धातुओं को काटने में एवं वेल्डिंग में करते हैं।

(2) इसे ऑक्सीकारक एवं विरंजनकारक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(3) द्रव $O_2$ रॉकेट ईंधन की तरह प्रयुक्त होती है।

(4) यह धातुकर्मीय प्रक्रमों में धातुओं की अशुद्धियों को ऑक्सीकरण द्वारा पृथक करने में प्रयुक्त होती है।

### ऑक्सीजन के यौगिक

(1) **ऑक्साइड :** ऑक्सीजन का अन्य तत्व के साथ द्विअंगी यौगिक ऑक्साइड कहलाता है। अम्ल क्षार लक्षणों के आधार पर, ऑक्साइडों को निम्न चार प्रकारों में वर्गीकृत कर सकते हैं,

(i) ***क्षारीय ऑक्साइड :*** क्षारीय, क्षारीय मृदा धातु एवं संक्रमण तत्व क्षारीय ऑक्साइड बनाते हैं जैसे $Na_2O, MgO, Fe_2O_3$ आदि। इनकी सापेक्षिक क्षारीय प्रवृत्ति इस क्रम में घटती है: क्षारीय धातु ऑक्साइड > क्षारीय मृदा धातु ऑक्साइड > संक्रमण धातु ऑक्साइड।

(ii) ***अम्लीय ऑक्साइड :*** अधातुओं के ऑक्साइड सामान्यतः अम्लीय हैं, $CO_2, SO_2, SO_3, NO_2, N_2O_5, P_4O_{10}, Cl_2O_7$ आदि।

(iii) ***उभयधर्मी ऑक्साइड :*** $Al_2O_3, SnO_2$ आदि।

(iv) ***उदासीन ऑक्साइड :*** $H_2O, CO, N_2O, NO$ आदि।

**आवर्त सारणी में ऑक्साइडों का चलन :** आवर्त सारणी में बायें से दायीं ओर चलने पर ऑक्साइडों की प्रकृति क्षार से उभयधर्मी और फिर अम्लीय प्रकृति में बदलती है। उदाहरण के लिये, तृतीय आवर्त के ऑक्साइडों का निम्न व्यवहार होता है,

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $Na_2O$ प्रबल क्षारीय | $MgO$ क्षारीय | $Al_2O_3$ उभयधर्मी | $SiO_2$ दुर्बल अम्लीय | $P_4O_{10}$ अम्लीय | $SO_2$ प्रबल अम्लीय | $Cl_2O_7$ अत्यन्त प्रबल अम्लीय |

क्षार से अम्लीय प्रकृति में वृद्धि →

किन्तु, समूह में नीचे आने पर, ऑक्साइडों की अम्लीय प्रकृति घटती है। उदाहरण के लिये तृतीय समूह में, ऑक्साइडों की अम्लीय प्रकृति इस तरह से घटती है,

| | | | |
|---|---|---|---|
| $B_2O_3$ अम्लीय | $Al_2O_3$ उभयधर्मी | $Ga_2O_3$ दुर्बल क्षारीय | $In_2O_3, Tl_2O_3$ क्षारीय |

अम्ल से क्षारीय प्रकृति में वृद्धि →

ऑक्सीजन संघटन के आधार पर ऑक्साइडों को निम्न प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है,

**सामान्य ऑक्साइड :** इनमें ऑक्सीजन परमाणु सामान्य ऑक्सीकरण संख्या के अनुसार होते हैं अर्थात् – 2 उदाहरण के लिये, $MgO$, $H_2O$, $CaO, Li_2O, Al_2O_3$ आदि ।

**पॉलीऑक्साइड :** इनमें सामान्य संयोजकता द्वारा स्वीकृत ऑक्सीजन की अपेक्षा अधिक ऑक्सीजन परमाणु होते हैं इसलिये इनमें ऑक्सीजन परमाणु –2 की अपेक्षा भिन्न ऑक्सीकरण अवस्था में होते हैं।

**परॉक्साइड :** इनमें $O_2^{2-}$ आयन होते हैं जिनमें ऑक्सीजन की ऑक्सीकरण संख्या –1 होती है। उदाहरण के लिये, $H_2O_2, Na_2O_2, BaO_2, PbO_2$ आदि ।

**सुपरऑक्साइड :** इनमें $O_2^-$ आयन होते हैं जिनमें ऑक्सीजन की ऑक्सीकरण संख्या –1/2 होती है। उदाहरण के लिये, $KO_2, PbO_2$, आदि।

**सबऑक्साइड :** इनमें सामान्य संयोजकता की अपेक्षा कम ऑक्सीजन होती है। उदाहरण के लिये, $N_2O$ ।

**मिश्रित ऑक्साइड :** ये ऑक्साइड दो साधारण ऑक्साइडों के बने होते हैं। उदाहरण के लिये, लाल लैड $Pb_3O_4(2PbO_2 + PbO_2)$, आयरन का मैंग्नेटिक ऑक्साइड, $Fe_3O_4(FeO + Fe_2O_3)$ एवं मैंग्नीज का मिश्रित ऑक्साइड $Mn_3O_4(MnO_2 + 2MnO)$ ।

**ओजोन अथवा ट्राईऑक्सीजन**

ओजोन ऑक्सीजन का एक अपररुप है। यह ऊपरी वायुमण्डल में उपस्थित है, जहाँ यह $O_2$ पर पराबैंगनी विकिरणों की क्रिया द्वारा निर्मित होती है, $3O_2 \xrightarrow{\text{पराबैगनीं विकरण}} \underset{\text{ओजॉन}}{2O_3}$ ।

$O_3$ हमारी क्षतिकारक पराबैंगनी विकरणों से रक्षा करती है जिनके कारण त्वचा का कैंसर होता है। आजकल, वायुमण्डल में ओजोन पर्त सुपरसोनिक वायुयान द्वारा उत्सर्जित $NO$ तथा क्लोरोफ्लोरो कार्बनों (CFC'S) अर्थात फ्रिऑन के कारण क्षयित हो रही है जिनका एरोसॉल में प्रयोग एवं शीतलक की तरह उपयोग होने के कारण इसकी क्षति लगातार बढ़ रही है।

**बनाने की विधियाँ :** ओजोन को, शुद्ध, ठण्डी एवं शुष्क ऑक्सीजन में से विद्युत विसर्जन के प्रवाह द्वारा बनाया जाता है यह क्रिया विशिष्ट प्रकार के उपकरण में करायी जाती है जिसे ओजोनाइजर कहते हैं। ऑक्सीजन से ओजोन का निर्माण एक ऊष्माशोषी क्रिया है।

$$3O_2 \underset{\text{विसर्जन}}{\overset{\text{शान्त विद्युत}}{\rightleftharpoons}} 2O_3 \quad \Delta H = +285.4\,kJ$$

प्रयोगशाला में ओजोन को निम्न दो प्रकार के ओजोनाइजर द्वारा बनाया जाता है

(a) सीमेन ओजोनाइजर, (b) ब्रॉडी ओजोनाइजर

*ओजोन की अच्छी मात्रा प्राप्त करने के लिये :* (a) केवल शुद्ध तथा शुष्क ऑक्सीजन प्रयुक्त करना चाहिये, (b) ओजोनाइजर पूर्णतः शुष्क होना चाहिये, (c) स्पष्ट कम ताप ($\approx 273\,K$) बना रहना चाहिये, (d) विद्युत विसर्जन चिंगारीहीन होना चाहिये ।

**भौतिक गुण :** ओजोन हल्के नीले रंग की गैस है, जिसमें तीव्र गन्ध होती है। यह वायु से भारी है। इसका वाष्प घनत्व 24 है। यह जल में कम विलेय है।

**रासायनिक गुण :** ओजोन के प्रमुख रासायनिक गुण नीचे वर्णित किये गये हैं,

(1) **अपघटन :** शुद्ध ओजोन 475 $K$ से ऊपर गर्म करने पर अपघटित होकर $O_2$ गैस देती है।

$$2O_3 \xrightarrow{475\,K} 3O_2 \quad \Delta H = -285.4\,kJ$$

(2) **ऑक्सीकारक :** ओजोन एक प्रबल ऑक्सीकारक है जिसके साथ डाईऑक्सीजन उत्सर्जित होती है बल्कि आण्विक ऑक्सीजन की अपेक्षा ओजोन एक प्रबल ऑक्सीकारक है क्योंकि ओजोन में उच्च ऊर्जा अवयव होते हैं और यह निम्न तरह से अपघटित होकर परमाण्विक ऑक्सीजन देती है,

$$O_3 \rightarrow O_2 + \underset{\text{परमाण्विक ऑक्सीजन}}{O}$$

इसलिये, ओजोन कई अधातु एवं अन्य अपचायकों को ऑक्सीकृत करती है। उदाहरण,

$$\underset{\text{धातु}}{2Ag} + O_3 \rightarrow \underset{\text{सिल्वर ऑक्साइड}}{Ag_2O} + O_2 \,; \quad \underset{\text{अधातु}}{S} + 3O_3 \rightarrow SO_3 + 3O_2$$

$$\underset{\text{यौगिक}}{PbS} + 4O_3 \rightarrow PbSO_4 + 4O_2$$

मरकरी, मरक्यूरस ऑक्साइड में ऑक्सीकृत हो जाती है,

$$2Hg + O_3 \rightarrow \underset{\text{मरक्यूरस ऑक्साइड}}{Hg_2O} + O_2$$

इस अभिक्रिया के दौरान मरकरी अपने फिसलने का गुण खो देती है और काँच की पार्श्वों पर चिपकना प्रारम्भ कर देती है। इसे मरकरी की टेलिंग (पुंछन) कहते हैं। इस अभिक्रिया में बना मरक्यूरस ऑक्साइड मरकरी में घुल जाता है और काँच की सतह पर चिपकना प्रारम्भ कर देता है।

(3) **विरंजनकारक** (Bleaching agent) **:** ओजोन अपनी ऑक्सीकारक क्रिया के कारण, दुर्बल विरंजनकारक एवं निर्जलीकारक की तरह कार्य करती है। यह वनस्पति रंगीन पदार्थों के लिये विरंजनकारक के समान कार्य करती है।

वनस्पति रंगीन पदार्थ $+ O_3 \rightarrow$ ऑक्सीकृत रंगीन पदार्थ $+ O_2$
(रंगहीन)

उदाहरण के लिये, ओजोन इन्डिगो, हाथी दाँत, कीमती वस्त्र आदि को विरंजित करती है।

(4) **ओजोनोइड का निर्माण :** $CCl_4$ की उपस्थिति में ओजोन एल्कीन के साथ क्रिया कर ओजोनोइड बनाती है। उदाहरण




**$O_3$ की संरचना :** $O_3$ अणु की संरचना कोणीय होती है जैसा कि चित्र में प्रदर्शित किया गया है। $O-O-O$ बन्ध कोण 116.8° है एवं $O-O$ बन्ध लम्बाई 128 pm है।




**ओजोन के उपयोग**

(1) $O_3$ का उपयोग दूषित पानी के लिये उसे पीने योग्य बनाने में होता है क्योंकि ओजोन में निर्जलीकारक गुण होते हैं।

(2) इसका उपयोग भीड़भाड़ युक्त स्थानों की वायु को शुद्ध करने में होता है जैसे सिनेमा, भूमिगत रेल्वे, सभागार, खदानों के पाइप आदि।

(3) इसका उपयोग उद्योगों में $KMnO_4$, के निर्माण में, कृत्रिम सिल्क बनाने में, संश्लेषित कपूर, आदि के बनाने में होता है।

**सल्फर एवं इसके यौगिक**

सल्फर ऑक्सीजन परिवार का द्वितीय सदस्य है और आवर्त सारणी के 16 वें समूह (VI A) का अनुसरण करता है।

**प्राप्ति :** सल्फर भूपर्पटी में 0.05% तक पाया जाता है। यह मुक्त एवं संयोजी दोनों अवस्था में पाया जाता है। सल्फर मुख्यतः सल्फाइड एवं सल्फेटों की तरह पाया जाता है। उदाहरण,

**सारणी : 18.8**

| सल्फाइड अयस्क | सल्फेट अयस्क |
|---|---|
| आयरन पायरिटीज (मूर्खो का सोना) – $FeS_2$ | जिप्सम – $CaSO_4.2H_2O$ |
| गैलेना – $PbS$ | एप्सम लवण – $MgSO_4.7H_2O$ |
| कॉपर पायरिटीज – $CuFeS_2$ | बेराइट्स – $BaSO_4$ |
| सिनेबार – $HgS$ | जिंक ब्लेन्डी – $ZnS$ |

**सल्फर का निष्कर्षण** (फ्रेश विधि) **:** तीन सान्द्रित पाइपों को सल्फर की सतह तक (700 – 1200 फुट गहरा) भेदित करके, भूमिगत जमाव से सल्फर को निष्कर्षित किया जाता है।

**सल्फर में अपररुपता :** सल्फर चार अपररुपों में पाया जाता है,

(1) **रोहम्बिक अथवा अष्टफलकीय अथवा α-सल्फर** : यह चमकीला पीला ठोस है, $CS_2$ में विलेय है और कमरे के ताप पर स्थायी है। सल्फर के अन्य सभी रुप रखे रहने पर धीरे-धीरे इस रुप में बदल जाते हैं।

(2) **मोनोक्लिनिक सल्फर अथवा प्रिज्मीय अथवा β-सल्फर** : इसे सल्फर को पिघलाकर बनाते हैं और फिर इसे तब तक ठण्डा करते हैं जब तक पपड़ी न बन जायें। पपड़ी के पृथक्करण पर, मोनोक्लिनिक सल्फर के सुई के आकार वाले क्रिस्टल पृथक हो जाते हैं। यह चमकहीन पीले रंग का होता है, $CS_2$ में विलेय है और केवल $369K$ के ऊपर स्थायी है। इस ताप के नीचे यह रोहम्बिक रुप में बदल जाता है।

इस तरह $369K$ ताप पर ये दोनों रुप एक साथ उत्पन्न होते हैं। इस तापमान को संक्रमण ताप कहते हैं और दोनों सल्फर को प्रतिबिम्बी पदार्थ कहते हैं। रोहम्बिक सल्फर के समान यह भी अणुओं के रुप में उत्पन्न होता है किन्तु क्रिस्टल की सममिती भिन्न होती है।

(3) **प्लास्टिक अथवा अक्रिस्टलीय अथवा γ -सल्फर** : यह अतिशीतीत द्रव है जो $CS_2$ में अविलेय है, ठोस एवं अक्रिस्टलीय है। इसमें $S$-परमाणुओं की लम्बी जिग-जेग श्रृंखला होती है।




(4) **कोलॉइडल अथवा δ -सल्फर** : इसे जल अथवा ऑक्सीकारक के विलयन से $H_2S$ के प्रवाह द्वारा बनाते हैं अथवा सोडियम थायोसल्फेट को तनु $HCl$ के साथ अभिकृत कर बनाते हैं।

**सल्फर के गुण** : यह वायु में नीली ज्वाला के साथ जलता है और $SO_2$ बनाता है, यह $F_2$ के साथ सल्फरहैक्साफ्लोराइड देता है और $Cl_2$ के साथ सल्फर मोनोक्लोराइड देता है, धातु जैसे *Na, Ca, Zn, Hg, Fe, Cu* आदि के साथ सल्फाइड बनाता है, $HNO_3$ को $NO_2$ में तथा $H_2SO_4$ को $SO_2$. में अपचयित करता है। $NaOH$ विलयन के साथ गर्म करने पर यह सोडियम सल्फाइड एवं सोडियम थायोसल्फेट देता है,

$$S_8 + 12NaOH \longrightarrow 4Na_2S + 2Na_2S_2O_3 + 6H_2O.$$

सल्फर के आधिक्य में यह इस प्रकार से होता है, $2Na_2S + S_8 \longrightarrow 2Na_2S_5$ ।

**सल्फर के उपयोग** : इसका उपयोग माचिस, गन चूर्ण (चारकोल का मिश्रण, सल्फर एवं पोटेशियम नाइट्रेट), विस्फोटक, आतिशबाजी, $SO_2, H_2SO_4$, $CS_2$ रंजक, सल्फा औषधि, मल्हम आदि को बनाने में होता है इसके अतिरिक्त त्वचा रोगों के उपचार एवं रबर के वल्कनीकरण में भी इसका प्रयोग होता है।

**सल्फर के यौगिक**

(1) **हाइड्रोजन सल्फाइड** : प्रयोगशाला में इसे किप्स उपकरण में फैरस सल्फेट पर तनु $H_2SO_4$ की क्रिया द्वारा बनाते हैं,

$FeS + H_2SO_4 \rightarrow FeSO_4 + H_2S$ यह रंगहीन गैस है जिसमें सड़े अण्डे के समान दुर्गन्ध आती है। यह कई धनायनों (II एवं IV समूह के) के साथ क्रिया कर रंगीन सल्फाइड देता है।

$$Cu^{+2} + S^{-2} \rightarrow \underset{(\text{काला})}{CuS}\ ;\ Cd^{+2} + S^{-2} \rightarrow \underset{(\text{पीला})}{CdS}\ ;$$

$$Ni^{+2} + S^{-2} \rightarrow \underset{(\text{काला})}{NiS}\ ;\ Co^{+2} + S^{-2} \rightarrow \underset{(\text{काला})}{CoS}$$

सल्फाइडों की विलेयता $H^+$ आयन सान्द्रता द्वारा नियन्त्रित कर सकते हैं और इसलिये, $H_2S$ का धनायनिक मूलकों के गुणात्मक विश्लेषण में अत्यधिक उपयोग पाया गया है।




(2) **सल्फर के हैलाइड** : सल्फर के दो प्रमुख हैलाइड हैं $SF_4$ एवं $SF_6$ ।

(i) ***सल्फर टेट्राफ्लोराइड*** : $SF_4$, सल्फर की $CoF_3$ के साथ क्रिया द्वारा बनता है।

$$S + 4CoF_3 \longrightarrow SF_4 + 4CoF_2$$

यह एक रंगीन गैस है जो अत्यधिक क्रियाशील है। यह जल के साथ जलअपघटित होती है।

$$SF_4 + 2H_2O \longrightarrow SO_2 + 4HF$$

इसका उपयोग अकार्बनिक एवं कार्बनिक यौगिकों के फ्लोरीनीकरण में होता है।

***संरचना*** : इसकी $sp^3d$ -संकरण के साथ सी-सॉ झूले के समान संरचना होती है और यह त्रिकोणीय द्विपिरामिडल ज्यामिती से व्युत्पित होता है जिसमें निरक्षीय स्थिति एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म द्वारा घेरी जाती है।




(ii) ***सल्फर हैक्साफ्लोराइड*** : सल्फर को फ्लोरीन की धारा में ज्वलित करके $SF_6$ निर्मित करते हैं। $OF_6$ ज्ञात नहीं है यद्यपि सल्फर $SF_6$ बनाता है। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि ऑक्सीजन के संयोजी कोश में कोई $d$ -कक्षक नहीं होता है।

$SF_6$ एक रंगहीन गैस है। यह अत्यन्त अक्रिय पदार्थ है और लाल तप्त होने पर भी अक्रिय है। यह जल के साथ क्रिया नहीं करता। इसकी रासायनिक अक्रियता एवं डाईइलेक्ट्रिक प्रबलता के आधार पर, यह उच्च वोल्ट के जनरेटर एवं स्विच गियर में प्रतिरोधक की तरह प्रयुक्त होता है।

***संरचना*** : इसकी $sp^3d^2$ -संकरण के साथ केन्द्रीय सल्फर परमाणु के चारों ओर अष्टफलकीय संरचना होती है।

इसलिये, इसकी संरचना में सभी $S-F$ बन्ध दूरी समान होती है।




(3) **सल्फर के ऑक्साइड** : सल्फर कई ऑक्साइड बनाता है जिनमें से सल्फर डाईऑक्साइड ($SO_2$) एवं सल्फर ट्राईऑक्साइड ($SO_3$) अधिक महत्वपूर्ण हैं।

(i) ***सल्फर डाईऑक्साइड*** (***SO***) : इसे सल्फर अथवा आयरन पायरिटीज को वायु में जलाकर बनाते हैं।

$$S_8 + 8O_2 \rightarrow 8SO_2;\quad 4FeS_2 + 11O_2 \rightarrow 2Fe_2O_3 + 8SO_2$$

प्रयोगशाला में, इसे कॉपर छीलन को सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म करके बनाते हैं।

$$Cu + 2H_2SO_4 \rightarrow CuSO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

यह एक रंगहीन गैस है जिसमें दम घोटने अथवा उत्तेजन करने वाली गन्ध होती है।

$SO_2$ अणु की मुडी हुई संरचना होती है जिसमें $O - S - O$ बन्ध कोण 119° का होता है तथा सल्फर $sp^2$ संकरित होता है।




(ii) ***सल्फर ट्राईऑक्साइड* (SO)** : यह $SO_2$ के ऑक्सीकरण द्वारा निर्मित होती है।

$$2SO_2 + O_2 \xrightarrow[V_2O_5]{700\,K,\,2atm.} 2SO_3$$

गैसीय प्रावस्था में, यह समतलीय त्रिकोणीय अणु प्रजाति के रुप मे पाया जाती है जिसमें $S$-परमाणु का संकरण शामिल है। इसमें तीन $S–O$ $\sigma$ बन्ध तथा तीन $S–O$ $\pi$ बन्ध होते हैं। $O–S–O$ बन्ध कोण 120° का होता है।




(4) **सल्फर के ऑक्सी अम्ल :** सल्फर कई ऑक्सी अम्ल बनाता है। इनमें से कुछ निम्न हैं,

**सारणी : 18.9 सल्फर के ऑक्सी अम्ल**

| सूत्र | नाम | महत्वपूर्ण गुण | संरचनात्मक सूत्र |
|---|---|---|---|
| $H_2SO_3$ (+4) | सल्फ्यूरस अम्ल | मुक्त अम्ल उत्पन्न नहीं होता द्विप्रोटिक, प्रबल अपचायक | $O = \ddot{S} - OH$<br>\|<br>$OH$ |
| $H_2SO_4$ (+6)<br>(विट्रिऑल का तेल) | सल्फ्यूरिक अम्ल | स्थायी द्विप्रोटिक, निर्जलीकारक | $O$<br>‖<br>$O = S - OH$<br>\|<br>$OH$ |
| $H_2S_2O_3$ (–2 एवं +6) | थायोसल्फ्यूरिक अम्ल | मुक्त अम्ल उत्पन्न नहीं होता किन्तु इसके लवण पाये जाते हैं। उदाहरण, $Na_2S_2O_3$ सभी अत्यधिक स्थायी अपचायक हैं। | $S$<br>‖<br>$O = S - OH$<br>\|<br>$OH$ |
| $H_2S_2O_4$ (+3) | डाईथायोनस अम्ल | | $O$ $O$<br>‖ ‖<br>$HO - S - S - OH$ |
| $H_2S_2O_6$ (+5) | डाईथायोनिक अम्ल | मुक्त अम्ल कम स्थायी है किन्तु इसके लवण अधिक स्थायी हैं। | $O$ $O$<br>‖ ‖<br>$O = S — S = O$<br>\| \|<br>$OH$ $OH$ |
| $H_2S_2O_7$ (+6)<br>(ओलियम) | डाईसल्फ्यूरिक अम्ल<br>(पायरोसल्फ्यूरिक अम्ल ) | प्रबल ऑक्सीकारक | $O$ $O$<br>‖ ‖<br>$O = S - O - S = O$<br>\| \|<br>$OH$ $OH$ |
| $H_2SO_5$ (+6)<br>(केरो अम्ल) | परॉक्सोमोनो सल्फ्यूरिक अम्ल<br>(इसका लवण परसल्फेट कहलाता है।) | स्थायी क्रिस्टलीय ठोस है, प्रबल ऑक्सीकारक है। | $O$<br>‖<br>$HO - S — OOH$<br>‖<br>$O$ |
| $H_2S_2O_8$ ;6द्ध<br>(मार्शल अम्ल) | परॉक्सोडाईसल्फ्यूरिक अम्ल (इसका लवण डाईसल्फेट कहलाता है) | प्रबल ऑक्सीकारक | $O$ $O$<br>‖ ‖<br>$O = S - O - O - S = O$<br>\| \|<br>$OH$ $OH$ |

**सल्फ्यूरिक अम्ल** ($H_2SO_4$) **:** $H_2SO_4$ सल्फर का एक अत्यधिक स्थायी ऑक्सीअम्ल है। चूँकि उद्योगों में यह एक अत्यधिक महत्वपूर्ण रसायन है इसलिये इसे प्रायः रसायनों का राजा कहते हैं।

**सल्फ्यूरिक अम्ल का निर्माण** : $H_2SO_4$ को निम्न दो विधियों द्वारा निर्मित किया जाता है।

**शीश कक्ष विधि** : इस प्रक्रम में, $SO_2$ नाइट्रोजन के ऑक्साइडों द्वारा $SO_3$ में ऑक्सीकृत हो जाती है और निर्मित $SO_3$ वाष्प में घुलकर $H_2SO_4$ बनाती है।

$$SO_2 + NO_2 \rightarrow SO_3 + NO \;;\; 2NO + O_2 \rightarrow 2NO_2$$
$$SO_3 + H_2O \rightarrow H_2SO_4$$

**सम्पर्क विधि** : सम्पर्क प्रक्रम में $SO_2$ को, $S$ या आयरन पायराइट को जलाने से प्राप्त करते हैं जिसका $SO_3$ में सूक्ष्म विभाजित $Pt$ या $V_2O_5$ की उपस्थिति में उत्प्रेरकीय ऑक्सीकरण हो जाता है।

$$S + O_2 \rightarrow SO_2 \text{ या } 4FeS_2 + 11O_2 \rightarrow 2Fe_2O_3 + 8SO_2$$
$$2SO_2 + O_2 \xrightleftharpoons{V_2O_5 \text{ या Pt, 673-732 K}} 2SO_3 .$$

$V_2O_5$ को अधिक वरीयता दी जाती है क्योंकि यह $Pt$ से सस्ता होता है और आर्सेनिक अशुद्धता द्वारा विषैला भी नहीं होता है।

$SO_3$ के अधिक उत्पादन के लिये प्रमुख स्थितियाँ हैं।

(a) $SO_2$ और $O_2$ का अधिक सान्द्रण (b) 673 से 723 $K$ का कम ताप, (c) 2 वायुमण्डलीय का अधिक दाब।

प्राप्त $SO_3$ 98% $H_2SO_4$ में अवशोषित होकर ओलियम बनाती है जो जल के साथ तनु होकर इच्छित सान्द्रता का $H_2SO_4$ देती है।

$$SO_3 + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{ओलियम}}{H_2S_2O_7} \;;\; H_2S_2O_7 + H_2O \rightarrow 2H_2SO_4$$

सम्पर्क विधि को शीश कक्ष विधि (98% शुद्ध $H_2SO_4$ देती है) से अधिक प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि, यह अधिक शुद्ध $H_2SO_4$ (100%) देती है।

**संरचना** : $H_2SO_4$ एक सहसंयोजी अणु है जिसमें सल्फर +6 ऑक्सीकरण अवस्था में होता है दो ऑक्सीजन परमाणु सल्फर से द्विबन्ध द्वारा जुड़े रहते हैं जबकि दो अन्य ऑक्सीजन परमाणु एकल सहसंयोजक बन्ध द्वारा जुड़े होते हैं। इस तरह, इसकी चतुष्फलकीय संरचना होती है।

बल्कि, हाइड्रोजन बन्धों की उपस्थिति के कारण सल्फ्यूरिक अम्ल की संगुणित संरचना होती है इसके परिणामस्वरुप यह सघन एवं गाढ़ा द्रव है और इसका उच्च क्वथनांक (590 $K$) होता है।



$H_2SO_4$ की संरचना



$H_2SO_4$ में H-बंधन

**गुण** : $H$-बन्धन के कारण $H_2SO_4$ का उच्च क्वथनांक (611$K$) होता है तथा यह अत्यधिक गाढ़ा भी होता है। इसकी $H_2O$ के लिये प्रबल बन्धुता होती है और जब इसे जल के साथ मिश्रित किया जाता है तो ऊष्मा की अत्यधिक मात्रा उत्सर्जित होती है।

(i) $H_2SO_4$ एक प्रबल द्विभास्मिक अम्ल है। यह क्षारों को उदासीन करता है, कार्बोनेट एवं बाईकार्बोनेटों से $CO_2$ उत्सर्जित करता है।

(ii) यह अधिक धनविद्युती (हाइड्रोजन की अपेक्षा) धातुओं के साथ क्रिया कर $H_2$ उत्सर्जित करता है और हाइड्रोजन की अपेक्षा कम धनविद्युती धातुओं के साथ गर्म करने पर $SO_2$ उत्पन्न करता है। उदाहरण,

$$H_2SO_4 + 2KOH \rightarrow K_2SO_4 + 2H_2O \;;$$
$$Cu + 2H_2SO_4 \rightarrow CuSO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

(iii) यह एक प्रबल ऑक्सीकारक है और निम्न तरह से ऑक्सीकृत होता है,

$$H_2SO_4 \rightarrow H_2O + SO_2 + O$$
$$C + 2H_2SO_4 \rightarrow 2SO + CO + 2H_2O$$
$$S + 2H_2SO_4 \rightarrow 3SO_2 + 2H_2O$$
$$P_4 + 10H_2SO_4 \rightarrow 4H_2PO_4 + 10SO_2 + 4H_2O$$
$$2HBr + H_2SO_4 \rightarrow Br_2 + 2H_2O + SO_2$$
$$2HI + H_2SO_4 \rightarrow 2H_2O + I_2 + 2SO_2$$

(iv) यह कई लवणों के साथ क्रिया करता है यह क्लोराइड से $HCl$, सल्फाइड से $H_2S$, नाइट्रेट से $HNO_3$ उत्सर्जित करता है।

(v) यह एक प्रबल निर्जलीकारक के समान कार्य करता है, यह शर्करा को शर्करा चारकोल (कार्बन), फॉर्मिक अम्ल को $CO$, ऑक्जेलिक अम्ल को $CO + CO_2$ एवं एथिल एल्कोहल को एथिलीन में निर्जलीकृत करता है।

(vi) यह एक अच्छा सल्फोनीकारक भी है और एरोमैटिक यौगिको के सल्फोनीकरण में प्रयुक्त होता है। उदाहरण,

***इसके निर्माण का फ्लोशीट (Flowsheet) चित्र इस तरह से है***




$$BaCl_2 + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{BaSO_4} + 2HCl$$

$$Pb(NO_3)_2 + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{PbSO_4} + 2HNO_3$$

$$\underset{\text{शर्करा}}{C_{12}H_{22}O_{11}} \xrightarrow{\text{सान्द्र } H_2SO_4} \underset{\text{कार्बन}}{12C} + 11H_2O$$

$$HCOOH \xrightarrow{\text{सान्द्र } H_2SO_4} CO + H_2O$$

**उपयोग :** $H_2SO_4$ उपयोग होता है (i) $(NH_4)_2SO_4$ जैसे उर्वरक एवं चूने के सुपरफॉस्फेट के निर्माण में, (ii) शीशा संचय बेट्री में, (iii) रंजक, पेन्ट एवं विस्फोटक के निर्माण में, (iv) वस्त्र उद्योग एवं कागज उद्योगों में, (v) चमड़े को पकाने में, (vi) निर्जलीकारक की तरह

(5) **सोडियम थायोसल्फेट** $Na_2S_2O_3.5H_2O$ **:** सोडियम कार्बोनेट के विलयन को $SO_2$ के साथ संतृप्त कर इसे निर्मित किया जाता है जो सोडियम सल्फाइट का विलयन देता है,

$$Na_2CO_3 + SO_2 + H_2O \rightarrow Na_2SO_3 + CO_2 + H_2O$$

परिणामी विलयन को चूर्ण सल्फर के साथ इस तरह से उबालते हैं,

$$Na_2SO_3 + S \xrightarrow{373\,K} Na_2S_2O_3$$

विलयन को फिर ठण्डा करके सोडियम थायोसल्फेट के क्रिस्टल प्राप्त करते हैं।

***भौतिक गुण***: (i) सोडियम थायोसल्फेट एक रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस है। जलीय रुप में, इसे हाइपो कहते हैं। (ii) यह 320 $K$ पर पिघलता है और 490$K$ तक गर्म करने पर यह अपने क्रिस्टलीकरण का जल खो देता है।

***रासायनिक गुण***

(i) ***हैलोजन के साथ क्रिया :*** यह हैलोजन के साथ निम्न प्रकार से क्रिया करता है,

(a) क्लोरीन जल सोडियम थायोसल्फेट को सोडियम सल्फेट में ऑक्सीकृत करता है और सल्फर अवक्षेपित होता है,

$$Na_2S_2O_3 + Cl_2 + H_2O \rightarrow 2HCl + Na_2SO_4 + S$$

यह गुण इसे विरंजन में एन्टीक्लोर के समान कार्य करने में सक्षमहीन बनाता है अर्थात् विरंजन की क्रिया में यह अक्रिय क्लोरीन को नष्ट करता है।

(b) ब्रोमीन जल भी सोडियम थायोसल्फेट को सोडियम सल्फेट एवं सल्फर में ऑक्सीकृत करता है,

$$Na_2S_2O_3 + Br_2 + H_2O \rightarrow Na_2SO_4 + 2HBr + S$$

(c) आयोडीन के साथ यह घुलनशील यौगिक बनाता है जिसे सोडियम टेट्राथायोनेट कहते हैं,

$$2Na_2S_2O_3 + I_2 \rightarrow \underset{\text{सोडियम टेट्राथायोनेट}}{Na_2S_4O_6} + 2NaI$$

इसलिये, हाइपों को सामान्यतः कपड़ों से आयोडीन के धब्बे पृथक करने में प्रयुक्त करते हैं।

(ii) ***ऊष्मा का प्रभाव :*** गर्म करने पर, सोडियम थायोसल्फेट अपघटित होकर सोडियम सल्फेट एवं सोडियम पेन्टासल्फाइड बनाता है,

$$4Na_2S_2O_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} 3Na_2SO_4 + \underset{\text{सोडियम पेन्टा सल्फाइड}}{Na_2S_5}$$

(iii) ***अम्लों के साथ क्रिया :*** सोडियम थायोसल्फेट तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल अथवा सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ क्रिया कर सल्फर डाईऑक्साइड एवं सल्फर बनाता है। विलयन सल्फर के कारण दूधिया पीले रंग में बदल जाता है।

$$Na_2S_2O_3 + 2HCl \rightarrow 2NaCl + SO_2 + H_2O + S$$

(iv) ***सिल्वर हैलाइड के साथ क्रिया :*** सोडियम थायोसल्फेट को जब सिल्वर क्लोराइड अथवा सिल्वर ब्रोमाइड के साथ अभिकृत करते हैं, तो घुलनशील संकुल बनता है।

$$2Na_2S_2O_3 + 2AgBr \rightarrow \underset{\text{सोडियम डाइथायोसल्फेट अर्जेन्टेट (1) संकुल}}{Na_3Ag(S_2O_3)_2} + NaBr\ .$$

हाइपों के इस गुण का उपयोग फोटोग्राफी में करते हैं।

***सोडियम थायोसल्फेट के उपयोग***

(i) यह फोटोग्राफी में स्थायीकारक की तरह अत्यधिक प्रयुक्त होता है।

(ii) यह जैम एवं शर्बत जैसे खाद्य उत्पादों के लिये संरक्षक की तरह प्रयुक्त होता है

(iii) यह विरंजन में एन्टीक्लोर की तरह प्रयुक्त होता है।

(iv) यह आयोडीन के आँकलन के लिये आयतनात्मक कारक की तरह प्रयुक्त होता है।

(v) यह दवाओं में प्रयुक्त होता है।

## हैलोजन परिवार (Halogen Family)

फ्लोरीन आवर्त सारणी के समूह 17 या VIIA का पहला सदस्य है। इसमें पाँच तत्व फ्लोरीन ($F$), क्लोरीन ($Cl$), ब्रोमीन ($Br$), आयोडीन ($I$) और एस्टाटीन ($At$) उपस्थित होते हैं। ये हैलोजन कहलाते हैं क्योंकि इनके लवण समुद्री जल में पाये जाते हैं। हैलोजन एक ग्रीक शब्द है जिसका अर्थ समुद्री लवण होता है।

(1) **इलेक्ट्रॉनिक विन्यास**

| तत्व | इलेक्ट्रॉनिक विन्यास ($ns^2\ np^5$) |
|---|---|
| $_9F$ | $[He]2s^2 2p^5$ |
| $_{17}Cl$ | $[Ne]3s^2 3p^5$ |
| $_{35}Br$ | $[Ar]3d^{10} 4s^2 4p^5$ |
| $_{53}I$ | $[Kr]4d^{10} 5s^2 5p^5$ |
| $_{85}At$ | $[Xe]4f^{14} 5d^{10} 6s^2 6p^5$ |

**भौतिक गुण**

(1) **परमाण्विक एवं आयनिक त्रिज्यायें :** हैलोजन परमाणुओं की अपने आवर्त में दूसरे तत्व की तुलना में छोटी त्रिज्या होती हैं। यह प्रभावी नाभिक आवेश में वृद्धि के कारण होता है जिसके फलस्वरुप नाभिक द्वारा इलेक्ट्रॉनों का अधिक आकर्षण होता है। कोशों की संख्या में वृद्धि के कारण समूह में नीचे जाने पर फ्लोरीन से आयोडीन तक परमाण्विक त्रिज्यायें बढ़ती है।

| तत्व | $F$ | $Cl$ | $Br$ | $I$ |
|---|---|---|---|---|
| सहसंयोजी त्रिज्या (pm) | 72 | 99 | 114 | 133 |
| आयनिक त्रिज्या (pm) | 133 | 184 | 196 | 220 |

(2) **आयनिक ऊर्जा :** इन तत्वों की आयनन ऊर्जा नाभिक आवेश बढ़ने के कारण समूह 16 के संगत तत्वों से अधिक होती है। जब हम $F$ से $I$ तक समूह में नीचे जाते हैं तो ये मान व्यवस्थित रुप से घटते हैं।

| तत्व | $F$ | $Cl$ | $Br$ | $I$ |
|---|---|---|---|---|
| I.E ($kJ\ mol^{-1}$) | 1680 | 1256 | 1142 | 1008 |

इस प्रकार आयोडीन जो तुलनात्मक रुप से I.E. का कम मान रखता है, इसमें धनात्मक आयोडिनियम आयन, $I$ निर्मित करने के लिये एक इलेक्ट्रॉन खोने की प्रवृत्ति होती है और इसलिये विद्युत धनात्मक या धात्विक गुण दर्शाता है।

(3) **ऋणविद्युतता :** फ्लोरीन आवर्त सारणी में सर्वाधिक ऋणविद्युती तत्व है। समूह में नीचे जाने पर परमाण्विक संख्या में वृद्धि के साथ, ऋणविद्युतता घटती है।

| तत्व | $F$ | $Cl$ | $Br$ | $I$ | $At$ |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋणविद्युतता | 4.0 | 3.2 | 3.0 | 2.7 | 2.2 |

ऋणविद्युतता का घटता क्रम है $F > Cl > Br > I$

(4) **इलेक्ट्रॉन बन्धुता** : क्लोरीन, ब्रोमीन और आयोडीन की इलेक्ट्रॉन बन्धुता परमाणु आकार के बढ़ने के साथ घटती है। फ्लोरीन की इलेक्ट्रॉन बन्धुता हालाँकि $Cl$ और $Br$ से कम होती है क्योंकि इसका आकार छोटा होता है जिसके फलस्वरुप इसके $2p$ उपकोशों में उपस्थित अन्तः इलेक्ट्रॉनिक प्रतिकर्षण तुलनात्मक रुप से अधिक होता है इसीलिए क्लोरीन की इलेक्ट्रॉन बन्धुता अधिक होती है।

| तत्व | F | Cl | Br | I |
|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रॉन बन्धुता (kJ mol) | 333 | 348 | 325 | 296 |

इलेक्ट्रॉन बन्धुता का घटता क्रम है $Cl > F > Br > I$

(5) **ऑक्सीकरण अवस्था** : सभी हैलोजन –1 ऑक्सीकरण दर्शाते हैं। फ्लोरीन अधिक ऋणविद्युती होने के साथ हमेशा –1 ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाता है, जबकि दूसरे हैलोजन इन परमाणुओं के संयोजी कोशों में खाली $d$-कक्षकों की उपलब्धता के कारण अधिकतम +7 (अर्थात् +1, +3, +5 एवं +7) तक धनात्मक ऑक्सीकरण अवस्था भी दर्शाते हैं। कुछ हैलोजन, ऑक्साइड और ऑक्सी अम्लों में +4 और +6 ऑक्सीकरण अवस्था भी दर्शाते हैं।

(6) **बन्धों की प्रकृति** : सभी हैलोजनों के संयोजी कोश में सात इलेक्ट्रॉन होते हैं और इसलिये इन्हें नजदीकी अक्रिय गैस अभिविन्यास प्राप्त करने के लिये एक इलेक्ट्रॉन की आवश्यकता होती है जिसके अन्तर्गत ये या तो धात्विक परमाणु से हैलाइड, $X^-$ आयन निर्मित करने के लिये एक इलेक्ट्रॉन लेते हैं या ऋणविद्युती तत्व से एक इलेक्ट्रॉन साझित करते हैं। इस प्रकार हैलोजन आयनिक और सहसंयोजी यौगिक दोनों निर्मित करती हैं। उच्च धनविद्युती धातुओं के हैलाइड आयनिक होते हैं, जबकि दुर्बल धनविद्युती धातुएँ और अधातुओं के सहसंयोजी होते हैं। आयनिक यौगिक निर्मित करने की प्रवृत्ति $F$ से $I$ तक घटती है। इस प्रकार $F$ अपनी उच्च ऋणविद्युतता के कारण कम धनविद्युत धातुओं जैसे $Hg, Bi, Sn$ इत्यादि के साथ भी आयनिक यौगिक निर्मित करती है जबकि दूसरी हैलोजन केवल सहसंयोजी यौगिक निर्मित करती हैं।

(7) **अधात्विक गुण** : सभी हैलोजन उनकी उच्च आयनन ऊर्जाओं के कारण प्रकृति में अधात्विक होती हैं। अधात्विक गुण समूह में नीचे जाने पर घटता है। आयोडीन ठोस होती है एवं धात्विक चमक रखती है।

(8) **परमाण्विकता एवं भौतिक अवस्था** : सभी हैलोजन द्विपरमाण्विक सहसंयोजी अणुओं ($F_2, Cl_2, Br_2$ और $I_2$) की तरह अस्तित्व रखती हैं। $F_2$ और $Cl_2$ कमरे के ताप पर गैस होती हैं। $Br_2$ संक्षारक द्रव है और $I_2$ वाष्पशील ठोस है।

(9) **रंग** : सभी हैलोजनों का लाक्षणिक रंग होता हैं। $F_2$ हल्की पीली, $Cl_2$ हरी पीली, $Br_2$ लाल भूरी और $I_2$ गहरी बैंगनी होती है। हैलोजन के रंगों का कारण यह है कि इनके अणु दृश्य क्षेत्र में प्रकाश अवशोषित करते हैं जिसके फलस्वरुप इलेक्ट्रॉन उच्च ऊर्जा क्षेत्र में उत्तेजित हो जाते हैं। उत्तेजना के लिये आवश्यक ऊर्जा की मात्रा $F_2$ से $I_2$ तक घटती है जिसके फलस्वरुप $F_2$ से $I_2$ तक हैलोजन के रंग गहरे हो जाते हैं। चूँकि फ्लोरीन परमाणु को इलेक्ट्रॉन की उत्तेजना के लिये ऊर्जा की अधिक मात्रा की आवश्यकता होती है इसलिये ये बैंगनी रोशनी अवशोषित करता है और पीला प्रतीत होता है। दूसरी तरफ आयोडीन को इलेक्ट्रॉनों की उत्तेजना के लिये कम ऊर्जा की आवश्यकता होती है (पीली रोशनी अवशोषित करता है) और यह गहरा बैंगनी प्रतीत होता है।

(10) **बन्ध वियोजन ऊर्जा** :जब परमाणु का आकार बढ़ता है तब क्लोरीन, ब्रोमीन और आयोडीन की बन्ध वियोजन ऊर्जायें समूह में नीचे जाने पर घटती हैं। फ्लोरीन की बन्ध वियोजन ऊर्जा क्लोरीन और ब्रोमीन से कम होती है क्योंकि फ्लोरीन के छोटे परमाणु में अंतर इलेक्ट्रॉनिक प्रतिकर्षण उपस्थित होता है।

| $X_2$ | $F_2$ | $Cl_2$ | $Br_2$ | $I_2$ |
|---|---|---|---|---|
| बंध वियोजन ऊर्जा (kJ mol) | 158 | 243 | 192 | 151 |

बंध ऊर्जा के घटने का क्रम है, $Cl_2 > Br_2 > F_2 > I_2$

(11) **$X_2$ अणु में बंध लंबाई** : जैसे ही हैलोजन परमाणु का आकार बढ़ता है, $X_2$ अणु में $X - X$ बन्ध की लंबाई $F_2$ से $I_2$ तक बढ़ती है।

| X–X बंध | F–F | Cl–Cl | Br–Br | I–I |
|---|---|---|---|---|
| बंध लंबाई (pm) | 143 | 199 | 228 | 266 |

इस प्रकार बन्ध लंबाई बढ़ने का क्रम है, $F_2 < Cl_2 < Br_2 < I_2$.

(12) **गलनांक और क्वथनांक** : इन तत्वों के गलनांक और क्वथनांक $F$ से $I$ तक समूह में नीचे जाने पर बढ़ते हैं यह वाण्डर वाल आकर्षण बल के बढ़ने के कारण होता है जो समूह में नीचे जाने पर बढ़ता है क्योंकि परमाणु का आकार बढ़ता है।

| तत्व | F | Cl | Br | I |
|---|---|---|---|---|
| गलनांक (K) | 54 | 172 | 266 | 386 |
| क्वथनांक (K) | 85 | 239 | 332 | 458 |

इसीलिए, गलनांक और क्वथनांक का क्रम है $F < Cl < Br < I$.

(13) **विलेयता** : हैलोजन प्रकृति में अध्रुवीय होने के कारण ध्रुवीय विलायक, जैसे जल में शीघ्रता से विलेय नहीं होती हैं। फ्लोरीन जल के साथ कम ताप पर (ऊष्माक्षेपी) भी शीघ्रता से अभिक्रिया करके ओजोन और ऑक्सीजन का मिश्रण निर्मित करती है।

$$2F_2 + 2H_2O \longrightarrow 4HF + O_2$$

$$3F_2 + 3H_2O \longrightarrow 6HF + O_3$$

क्लोरीन और ब्रोमीन जल में अधिक, किंतु आयोडीन जल में कम विलेय है। ब्रोमीन और आयोडीन कार्बनिक विलायकों जैसे $CCl_4, CS_2$ या $CHCl_3$ में अधिक विलेय हैं और रंगीन विलयन उत्पन्न करती हैं। इस प्रकार $Cl_2, Br_2$ और $I_2$ क्रमशः पीला, भूरा और बैंगनी रंग देती हैं। यह माना जाता है कि अध्रुवीय विलायकों में हैलोजन गैस प्रावस्था की तरह मुक्त अणुओं के रूप में पायी जाती हैं।

नाभिकस्नेही (इलेक्ट्रॉन दाता) ध्रुवीय विलायकों जैसे एल्कोहल, कीटोन या जलीय $SO_2$ में, हैलोजन भूरा विलयन उत्पन्न करती हैं। यह रंग संकुल निर्माण (विलायक $\rightarrow$ हैलोजन) के कारण होता है जो आवेश स्थानांतरित यौगिक होते हैं। जल में $KI$ या $NaI$ के योग से जल में आयोडीन की विलेयता पोलीहैलाइड (ट्राईआयोडाइड, $I_3^-$)आयन के निर्माण के कारण बढ़ती है। $KI + I_2 \rightleftharpoons KI_3$

किन्तु यह विलयन $KI$ और मुक्त $I_2$ के सरल मिश्रण की तरह व्यवहार करता है एवं $K^+$ और $I^-$ आयन तथा मुक्त $I_2$ अणु रखता है। यह भूरे रंग का होता है। जल में आयोडीन का विलयन (इसकी बहुत कम विलेयता के कारण) भी भूरा होता है।

(14) **ऑक्सीकरण क्षमता** : सभी हैलोजन प्रबल ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार करती हैं क्योंकि इनमें इलेक्ट्रॉन आकर्षित करने की प्रबल प्रवृत्ति और इलेक्ट्रोड विभव ($E^o$) का धनात्मक मान होता है किन्तु ऑक्सीकरण क्षमता समूह में नीचे जाने पर $F$ से $I$ तक घटती है, उदाहरण, $F_2 > Cl_2 > Br_2 > I_2$

चूँकि $F_2$ प्रबल ऑक्सीकारक है, यह सभी दूसरे हैलाइड आयनों को हैलोजनों में ऑक्सीकृत करती है।

$$F_2 + 2X^- \longrightarrow 2F^- + X_2 (X = Cl, Br, I)$$

इसी प्रकार $Cl_2$, $Br^-$ और $I^-$ आयनों को उनके विलयनों से विस्थापित करती है जबकि $Br_2$ केवल $I^-$ आयनों को विस्थापित करती है।

$$Cl_2 + 2X^- \longrightarrow 2Cl^- + X_2 (X = Br, I)$$

$$Br_2 + 2I^- \longrightarrow 2Br^- + I_2$$

इसलिये $F_2$ प्रबल एवं $I_2$ दुर्बल ऑक्सीकारक है। इसे समूह में नीचे जाने पर, अभिक्रिया $X_2(aq) + 2e^- \longrightarrow 2X^-(aq)$ के लिये इलेक्ट्रॉड विभव ($E^o$) में कमी द्वारा भी दर्शाया जाता है।

| $X$ | $F$ | $Cl$ | $Br$ | $I$ | $At$ |
|---|---|---|---|---|---|
| $E$(वोल्ट) | 2.87 | 1.36 | 1.09 | 0.53 | 0.3 |

फ्लोरीन की इलेक्ट्रॉन बंधुता क्लोरीन से कम होती है लेकिन आज भी यह प्रबल ऑक्सीकारक है। यह इसकी कम बंध वियोजन ऊर्जा ($158\ kJ\ mol^{-1}$) और उच्च जलयोजन ऊष्मा ($510\ kJ\ mol^{-1}$) के कारण होता है, जबकि इसकी क्लोरीन (जिसके लिये मान क्रमशः 243 और $372\ kJ\ mol^{-1}$ है) से तुलना की जाती है।

(15) **जलयोजन ऊष्मा** : हैलाइड आयन ($X^-$) की जलयोजन ऊष्मा समूह में नीचे जाने पर हैलोजन के आकार घटने के साथ $F$ से $I$ तक घटती है।

| $X$ आयन | $F^-$ | $Cl^-$ | $Br^-$ | $I^-$ |
|---|---|---|---|---|
| जलयोजन ऊष्मा ($kJ\ mol$) | 510 | 372 | 339 | 301 |

इस प्रकार हैलाइडों के जलयोजन ऊष्मा का घटता क्रम निम्न है : $F^- > Cl^- > Br^- > I^-$

**रासायनिक गुण**

(1) **क्रियाशीलता** : हैलोजन इनकी कम बंध वियोजन ऊर्जा, उच्च इलेक्ट्रॉन बंधुता और हैलाइड आयन की जलयोजन की उच्च एन्थैल्पी के कारण अधिक क्रियाशील तत्व हैं। $F > Cl > Br > I$

(2) **$H_2O$ के साथ अभिक्रिया** : हैलोजन शीघ्रता से जल को अपघटित करती हैं। यह प्रवृति समूह में नीचे जाने पर घटती है। फ्लोरीन जल को बहुत ऊर्जामय तरीके से ऑक्सीजन और ओजोन देने के लिये अपघटित करती है।

$$2H_2O + 2F_2 \rightarrow 4HF + \underset{\text{ऑक्सीजन}}{O_2} \ ; \ 3H_2O + 3F_2 \rightarrow 6HF + \underset{\text{ओजोन}}{O_3}$$

फ्लोरीन नम वायु में धूम्र देती है। यह $HF$ के निर्माण के कारण होता है जो एक द्रव है एवं नमी अवशोषित करके जलीय बूँदें निर्मित करता है और इस तरह नम वायु के साथ धूम्र देता है। क्लोरीन और ब्रोमीन मंद अभिक्रिया करती हैं।

$$Cl_2 + H_2O \rightarrow HCl + \underset{\text{हाइपोक्लोरस अम्ल}}{HClO}$$

$$Br_2 + H_2O \rightarrow HBr + \underset{\text{हाइपोब्रोमस अम्ल}}{HBrO}$$

सूर्य प्रकाश की उपस्थिति में, $HClO$ (हाइपोक्लोरस अम्ल) $HBrO$ (हाइपोब्रोमस अम्ल) ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं।

$$2HClO \rightarrow 2HCl + O_2 ; \ 2HBrO \rightarrow 2HBr + O_2$$

आयोडीन जल में कम विलेय है किन्तु यह $KI$ के 10% जलीय विलयन में $I_3^-$ आयनों के निर्माण के कारण विलेय है।

$$I_2 + KI \rightleftharpoons KI_2 + I^- \rightleftharpoons \underset{\text{संकुल आयन}}{I_3^-}$$

(3) **हाइड्रोजन के साथ अभिक्रिया** : सहसंयोजी हैलाइड निर्मित होते हैं,

$$H_2 + F_2 \xrightarrow{-200^o C} 2HF \text{ (अत्यंत तीव्र)}$$

$$H_2 + Cl_2 \xrightarrow{\text{सूर्य का प्रकाश}} 2HCl$$

$$H_2 + Br_2 \xrightarrow[Pt \text{ उत्प्रेरक}]{\text{गर्म}} 2HBr$$

$$H_2 + I_2 \overset{\text{गर्म}}{\rightleftharpoons} 2HI \text{ (कम उत्पाद)}$$

- जलीय विलयन में अम्लीय प्रबलता का क्रम है,
  $HI > HBr > HCl < HF.$
- हाइड्राइड के अपचयन गुण का क्रम है,
  $HI > HBr > HCl > HF.$
- क्वथनांक का क्रम $HF > HI > HBr > HCl$ ऊष्मीय स्थायित्वता का क्रम, $H-F > H-Cl > H-Br > H-I,$

$HCl$ म्यूरिएटिक अम्ल भी कहलाता है।

(4) **हाइड्राइड** : सभी हैलोजन हाइड्रोजन के साथ प्रत्यक्ष रुप से संयुक्त होकर हैलोजन अम्ल निर्मित करती हैं किन्तु उनकी क्रियाशीलता फ्लोरीन से आयोडीन तक कम होती है, $H_2 + X_2 \rightarrow 2HX$ ($X = F, Cl, Br$ या $I$)।

(i) ***क्वथनांक या वाष्पशीलता*** : वाष्पशीलता का घटता क्रम है : $HCl > HBr > HI > HF$ और क्वथनांक का बढ़ता क्रम है :

$HCl\ (189K) < HBr\ (206K) < HI\ (238K) < HF\ (292.5K).$

(ii) ***ऊष्मीय स्थायित्व*** : हाइड्राइडों का ऊष्मीय स्थायित्व $HF$ से $HI$ तक घटता है, अर्थात् $HF > HCl > HBr > HI.$

(iii) ***अम्लीय प्रबलता*** : हैलोजन अम्लों की अम्लीय प्रबलता $HI$ से $HF$ तक घटती है, $HI > HBr > HCl > HF$

(iv) ***अपचायक गुण*** : चूँकि हाइड्राइडों का स्थायित्व $HF$ से $HI$ तक घटता है, इनके अपचायक गुण के बढ़ने का क्रम है,

$HF < HCl < HBr < HI.$

(v) ***द्विध्रुव आघूर्ण*** : हाइड्रोजन हैलाइड के द्विध्रुव आघूर्ण का घटता क्रम है : $HF > HCl > HBr > HI$, क्योंकि हैलोजन परमाणुओं की ऋणविद्युतता $F$ से $I$ तक घटती है।

| $HX$ | $HF$ | $HCl$ | $HBr$ | $HI$ |
|---|---|---|---|---|
| द्विध्रुव आघूर्ण (D) | 1.74 | 1.07 | 0.78 | 0.38 |

(5) **ऑक्साइड** : हैलोजन ($F$ को छोड़कर) ऑक्सीजन के साथ आसानी से संयुक्त नहीं होती हैं किन्तु ऑक्सीजन के साथ हैलोजन के अधिकतर यौगिक अप्रत्यक्ष विधियों द्वारा निर्मित होते हैं। ऑक्सीजन के साथ फ्लोरीन के दो यौगिक, ऑक्सीजन डाई फ्लोरीन $(OF_2)$ और ऑक्सीजन फ्लोराइड $(O_2F_2)$ ज्ञात हैं। क्लोरीन अधिक संख्या में ऑक्साइड निर्मित करती है, अर्थात् $Cl_2O$, $ClO_2$, $Cl_2O_6$ एवं $Cl_2O_7$ जबकि आयोडीन कम ऑक्साइड बनाता है उदाहरण, $I_2O_5$। किन्तु ब्रोमीन तीन ऑक्साइड निर्मित करती है $(Br_2O, BrO_2, BrO_3)$। इन सभी यौगिकों के बंध बहुत सहसंयोजी होते हैं। हैलोजन के सभी ऑक्साइड शक्तिशाली ऑक्सीकारक होते हैं। ये यौगिक बहुत क्रियाशील एवं ऊष्मा के प्रति अस्थायी होते हैं। ऑक्साइडों की स्थायित्वता आयोडीन के लिये अधिकतम होती है जबकि ब्रोमीन के ऑक्साइड कम स्थायी होते हैं। एक निश्चित हैलोजन के लिये उच्च ऑक्साइड, निम्न ऑक्साइडों से अधिक स्थायी होते हैं।

आयोडीन–ऑक्सीजन बंध, बंध की अधिक ध्रुवीयता के कारण स्थायी होता है ($I$ और $O$ के बीच अधिक ऋणविद्युतता अन्तर के कारण) जबकि क्लोरीन–ऑक्सीजन बंध में स्थायित्व बहुबंध निर्माण के द्वारा प्राप्त होता है जिसमें क्लोरीन परमाणु के $d$-कक्षक शामिल होते हैं। ब्रोमीन में इन दोनों लवणों की कमी होती है अतः यह कम स्थायी ऑक्साइड निर्मित करती है।

क्लोरीन, ब्रोमीन और आयोडीन के ऑक्साइड अम्लीय होते हैं और अम्लीय गुण उनमें ऑक्सीजन का प्रतिशत बढ़ने के साथ बढ़ता है।

आयोडीन $I_2O_4$ और $I_4O_9$ यौगिक भी निर्मित करती है जो सत्य ऑक्साइड नहीं माने जाते किंतु क्षारीय आयोडाइलियोडेट होते हैं। $IO$, $(IO_3)$ और सामान्य आयोडीन ट्राईओयोडेट, $I(IO_3)_3$ में ट्राईपोजिटिव आयोडीन धनायन के रुप में होती है।

$OF_2$ V-आकृति का होता है जिसका बंध कोण $103^\circ$ है, $Cl_2O$ भी $111^\circ$ के साथ V-आकृति का होता है जबकि $ClO_2$ $118^\circ$ बंध कोण के साथ कोणीय आकृति का होता है। यह तीन इलेक्ट्रॉन बंध के साथ इलेक्ट्रॉनों की विषम संख्या के कारण अनुचुम्बकीय होता है। यह क्लोरिक और क्लोरस अम्ल का मिश्रित एनहाइड्राइड समझा जाता है।

$2ClO_2 + H_2O \rightarrow HClO_2 + HClO_3$

(6) **हैलोजनों के ऑक्सी अम्ल :** प्रबल ऑक्सीकारक होने के कारण फ्लोरीन कोई ऑक्सी अम्ल निर्मित नहीं करती है। क्लोरीन, ब्रोमीन और आयोडीन मुख्यतः ऑक्सीअम्लों की 4 श्रेणी निर्मित करती हैं, हाइपोहैलस अम्ल $(HXO)$, हैलस अम्ल $(HXO_2)$, हैलिक अम्ल $(HXO_3)$ और परहैलिक अम्ल $(HXO_4)$ जैसा नीचे दर्शाया गया है,

**सारणी : 18.10**

| ऑक्सीकरण अवस्था | क्लोरीन | ब्रोमीन | आयोडीन | ऊष्मीय स्थायित्व एवं अम्लीय प्रबलता | ऑक्सीकरण प्रबलता |
|---|---|---|---|---|---|
| +1 | $HClO$ | $HBrO$ | $HIO$ | वृद्धि ↓ | कमी ↓ |
| +3 | $HClO_2$ | – | – | | |
| +5 | $HClO_3$ | $HBrO_3$ | $HIO_3$ | | |
| +7 | $HClO_4$ | $HBrO_4$ | $HIO_4$ | | |
| | अम्लीयता घटती है → | | | | |

(i) ***संकरित आयन*** **:** इन सभी ऑक्सीअम्लों में, हैलोजन परमाणु $sp^3$-संकरित होते हैं।

(ii) ***अम्लीय गुण*** **:** ये सभी अम्ल एकलक्षारीय होते हैं और इनमें एक–$OH$ समूह होता है। ऑक्सी अम्लों का अम्लीय गुण ऑक्सीकरण संख्या बढ़ने के साथ बढ़ता है। अर्थात् $HClO < HClO_2 < HClO_3 < HClO_4$ एवं इन अम्लों के संयुग्मी क्षारों की प्रबलता का क्रम है,

$$ClO^- > ClO_2^- > ClO_3^- > ClO_4^-$$

(iii) ***ऑक्सीकरण क्षमता एवं ऊष्मीय स्थायित्व*** **:** ऑक्सीकरण संख्या बढ़ने के साथ इन अम्लों की ऑक्सीकरण शक्ति कम होती है अर्थात्, $HClO < HClO_2 < HClO_3 < HClO_4$, क्लोरीन के ऑक्सीअम्लों के स्थायित्व का बढ़ता क्रम है, $HClO < HClO_2 < HClO_3 < HClO_4$ एवं क्लोरीन के ऑक्सीअम्लों के संयुग्मी क्षारों का क्रम है, $ClO^- < ClO_2^- < ClO_3^- < ClO_4^-$ ।

किसी आयन में ऑक्सीजन परमाणुओं की संख्या जैसे–जैसे बढ़ती है वैसे–वैसे वहाँ ऋणात्मक आवेश का अधिक विक्षेपण होगा और इस तरह बने हुए आयन का स्थायित्व अधिक होगा। विभिन्न हैलोजनों के लिये जिनकी समान ऑक्सीकरण संख्या होती है, तापीय स्थायित्व परमाणु संख्या में वृद्धि के साथ घटता है अर्थात् यह इस क्रम में होता है, $HClO > HBrO > HIO$ और $ClO > BrO > IO$ किन्तु $HXO_3$ अधिक स्थायी होता है। स्थायित्व का क्रम है $HClO_3 < HBrO_3 < HIO_3$।

(iv) परहैलेट्स प्रबल ऑक्सीकारक है, ऑक्सीकरण शक्ति का क्रम है $BrO_4^- > IO_4^- > ClO_4^-$ ।

इस प्रकार $BrO_4$ प्रबल ऑक्सीकारक है (यद्यपि इसकी अभिक्रिया बहुत मंद है) एवं $ClO_4^-$ दुर्बल ऑक्सीकारक है।

(v) समान ऑक्सीकरण संख्या वाले विभिन्न हैलोजनों के ऑक्सीअम्लों की अम्लीयता, हैलोजन के परमाण्विक आकार में वृद्धि के साथ घटती है उदाहरण, $HClO_4 > HBrO_4 > HIO_4$

(7) **क्षारों के साथ अभिक्रिया :**

$$2F_2 + \underset{\text{ठण्डा तनु}}{2NaOH} \rightarrow 2NaF + OF_2 + H_2O$$

$$2F + \underset{\text{गर्म सान्द्र}}{4NaOH} \rightarrow 4NaF + O_2 + 2H_2O$$

फ्लोरीन के अलावा अन्य हैलोजन $(Cl_2, Br_2, I_2)$ $NaOH$ के साथ निम्न तरह से अभिक्रिया करती हैं,

$$X_2(g) + \underset{\text{ठण्डा तनु}}{2OH^-} \xrightarrow{15^oC} X^- + \underset{\text{हाइपोहैलाइट आयन}}{OX^-} + H_2O$$

$$X_2(g) + \underset{\text{गर्म सान्द्र}}{6OH^-} \xrightarrow{70^oC} 5X^- + \underset{\text{हैलेट आयन}}{XO_3^-} + 3H_2O$$

(8) **हैलोजन का विरंजन प्रभाव :** $Cl_2$ विरंजक की तरह व्यवहार करती है, इसका विरंजन प्रभाव स्थायी होता है। $Cl_2$ जल, स्याही हटाने के रूप में भी उपयोग होती है।

(9) **दूसरे हैलाइडों के साथ अभिक्रिया**

$$2KBr(aq.) + Cl_2(g) \rightarrow 2KCl(aq.) + Br_2(aq.)$$

$$2KI(aq.) + Cl_2(g) \rightarrow 2KCl(aq.) + I_2(aq.)$$

(10) **अंतर हैलोजन यौगिक :** एक हैलोजन का दूसरे हैलोजन के साथ बना यौगिक अंतर हैलोजन यौगिक कहलाता है। इनके निर्माण का मुख्य कारण अधिक ऋणविद्युतता एवं विभिन्न हैलोजनों के बीच आकार में भिन्नता है। $A$ को कम ऋणविद्युतता एवं $B$ को अधिक ऋणविद्युतता वाला हैलोजन मानने पर, ये निम्नलिखित चार प्रकारों में विभाजित हो जाते हैं और कम ऋणविद्युतता हैलोजन (A) को हमेशा पहले लिखा जाता है,

| AB | $AB_3$ | $AB_5$ | $AB_7$ |
|---|---|---|---|
| $ClF$<br>$BrF, BrCl, ICl$<br>$IBr, IF$ | $ClF_3, BrF_3$<br>$IF_3, ICl_3$ | $BrF_5 IF_5$ | $IF_7$ |

ये अंतर हैलोजन यौगिक अधिक क्रियाशील एवं अस्थायी होते हैं।

(i) ***सामान्य गुण***

(a) बड़ा हैलोजन हमेशा केन्द्रीय परमाणु की तरह व्यवहार करता है।

(b) उच्चतर अंतर हैलोजन यौगिक अर्थात् $IF_7$ आयोडीन से निर्मित होता है, बड़ा हैलोजन, छोटे हैलोजन से जुड़ा होता है।

(c) अंतर हैलोजन यौगिकों में बंध आवश्यक रूप से सहसंयोजी होते हैं।

(d) जैसे ही आकार भिन्नता घटती है तापीय स्थायित्व कम होता है और जैसे ही बंध की ध्रुवीयता बढ़ती है तापीय स्थायित्व बढ़ता है। इस प्रकार $ClF$, $IBr$ की तुलना में अधिक तापीय स्थायित्व वाला होता है।

(e) ये विलयन में या द्रव अवस्था में आयनित होते हैं,

$$2ICl \rightleftharpoons I^+ + ICl_2^-; \quad 2ICl_3 \rightleftharpoons ICl_2^+ + ICl_4^-$$

(f) अंतर हैलोजन यौगिकों का जलअपघटन हमेशा हैलाइड आयन उत्पन्न करता है जो छोटे हैलोजन से व्युत्पित होता है, एवं ऑक्सी हैलाइड बड़े हैलोजन से व्युत्पित होता है

$$ICl + H_2O \rightarrow Cl^- + OI^- + 2H^+;$$

$$BrF_5 3H_2O \rightarrow 5F^- + BrO_3^- + 6H^+$$

(g) ये प्रबल ऑक्सीकारक होते हैं।

(h) फ्लोरीन अपने छोटे आकार और उच्च ऋणविद्युतता या ऑक्सीकरण शक्ति के कारण कई अन्तर हैलोजन यौगिक निर्मित करती है।

(ii) ***संरचना*** : अंतर हैलोजन यौगिक हैं,

(a) $AB$ प्रकार अर्थात् $ICl$, $IBr$, $IF$ इत्यादि रेखीय होते हैं।

(b) $AB_3$ प्रकार अर्थात् $IF_3$, $ClF_3$, $BrF_3$ विकृत त्रिकोणीय बाइपिरामिडीय संरचना ($dsp^3$-संकरण) वाले होते हैं। $T$-आकृति की संरचना निरक्षीय स्थिति में दो एकाकी युग्मों के कारण होती है। $ICl_3$ द्विलकीय है, $I_2Cl_6$ समतलीय संरचना वाला होता है।

(c) $AB_5$ प्रकार अर्थात् $BrF_5$, $IF_5$ अक्षीय स्थिति के एक एकाकी युग्म के कारण चतुष्क पिरामिडीय या विकृत अष्टफलकीय ($d^2sp^3$- संकरण) आकृति के होते हैं।

(d) $AB_7$ प्रकार अर्थात् $IF_7$ पंचकोणीय बाईपिरामिडीय ($d^3sp^3$- संकरित) संरचना वाले होते हैं।

(11) **बहुहैलाइड आयन** (Polyhalide ions) : हैलोजन या अंतर हैलोजन, हैलाइड आयनों के साथ संयुक्त होकर बहुहैलाइड आयन निर्मित करते हैं। बहुहैलाइड आयन निर्माण का सर्वाधिक प्रचलित उदाहरण, $KI$ की उपस्थिति में आयोडीन की जल में अधिक विलेयता है जो ट्राई आयोडाइड आयन, $I_3^-$ के निर्माण के कारण होती है।

$$I^- + I_2 \longrightarrow I_3^-$$

बहुहैलाइड आयनों के अन्य उदाहरण हैं,

(i) $Cl_3^-, Br_3^-, ICl_2^-, IBr_2^-$ $I_3^-$ भी इसमें शामिल हैं। इन आयनों में हैलोजन परमाणुओं में से एक (समान परमाणुओं की स्थिति में) या आकार में बड़े हैलोजन परमाणु निरक्षीय स्थिति पर तीन एकाकी युग्मों के साथ रेखीय आकृति देता है और $sp^3d$ -संकरित हो जाता है।

(ii) $Cl_3^+, Br_3^+, I_3^+, ICl_2^+, IBr_2^+$, यहाँ हम पाते हैं कि $sp^3$ संकरित केन्द्रीय परमाणु, केन्द्रीय परमाणु पर इलेक्ट्रॉनों के दो एकाकी युग्मों के साथ मुड़ी हुई आकृति देता है।

(iii) $ICl_4^-, BrF_4^-, I_5^-$, यहाँ हम पाते हैं कि केन्द्रीय परमाणु अक्षीय स्थिति पर दो एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्मों के साथ $sp^3d^2$ संकरित होकर चतुष्फलकीय समतलीय आकृति देता है।

(iv) $ICl_4^+, BrF_4^+, I_5^+$, इन आयनों में केन्द्रीय परमाणु निरक्षीय स्थिति पर एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ $sp^3d$ संकरित होकर विकृत चतुष्फलकीय संरचना देता है।'

(v) $I_7^-, IF_6^-$, केन्द्रीय परमाणु $I$ एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ $sp^3d^3$ संकरित होकर विकृत अष्टफलकीय संरचना देता है।

(vi) $I_7^+$, यहाँ केन्द्रीय परमाणु $I$, $sp^3d^2$ संकरित होकर अष्टफलकीय संरचना देता है।

फ्लोरीन इसकी उच्च ऋणविद्युतता के कारण (और केवल –1 ऑक्सीकरण अवस्था) बहुहैलाइड आयन निर्मित नहीं करती जहाँ ये केन्द्रीय परमाणु की तरह व्यवहार करती है।

(12) **छद्म हैलोजन और छद्म हैलाइड** (Pseudohalogen and pseudohalides)

| छद्म हैलोजन | छद्म हैलाइड |
|---|---|
| सायनोजन –$(CN)_2$ | सायनाइड – $CN^-$ |
| ऑक्सोसायनोजन – $(OCN)_2$ | सायनेट – $OCN^-$ |
| थायोसायनोजन – $(SCN)_2$ | थायोसायनेट – $SCN^-$ |
| सेलेनोसायनोजन – $(SeCN)_2$ | सेलेनोसायनेट – $SeCN^-$ |

(13) **फ्लोरीन का अपसामान्य व्यवहार** : फ्लोरीन इसके परिवार के दूसरे सदस्यों से निम्न कारणों से भिन्न है (i) इसका छोटा आकार (ii) उच्च ऋणविद्युतता, (iii) कम बंध वियोजन ऊर्जा (iv) संयोजी कोश में $d$-कक्षकों की अनुपस्थिति। भिन्नता के मुख्य बिन्दु हैं,

(1) फ्लोरीन $F-F$ बंध वियोजन ऊर्जा के कम मान के कारण सभी हैलोजनों से अधिक क्रियाशील होती है।

($F_2 = 158, Cl_2 = 243$, $Br_2 = 192$ और $I_2 = 151$ $kJ\ mol^{-1}$) ।

(2) अधिक ऋणविद्युती तत्व होने के कारण यह केवल –1 ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाती है और इसके संयोजी कोश में $d$ -कक्षकों की अनुपस्थिति के कारण धनात्मक ऑक्सीकरण अवस्था नहीं दर्शाती है। अन्य हैलोजन +1, +3, +5 एवं +7 की धनात्मक ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाते हैं।

(3) $F$ के छोटे परमाण्विक आकार और उच्च ऋणविद्युतता के कारण, $HF$ प्रबल $H$ -बंधुता रखता है जबकि अन्य हैलोजन अम्ल नहीं रखते हैं। जिसके फलस्वरूप,

(i) कमरे के ताप पर $HF$ द्रव है (क्वथनांक $292.5K$), जबकि अन्य हैलोजन अम्ल गैस हैं ($HCl$ का क्वथनांक $=189K$, $HBr = 206\,K$, $HI = 238\,K$ )।

(ii) $H-F$ बंध की उच्च प्रबलता के कारण $HF$ सभी हैलोजन अम्लों से दुर्बल होता है।

(iii) $H$ -बंधुता के कारण $HF$ , $KHF_2$ प्रकार के अम्ल लवण निर्मित कर सकता है, अर्थात् $K^+[H-F.......F^-]$ जबकि $HCl, HBr$ और $HI$ ऐसे लवण निर्मित नहीं करते हैं (अर्थात्, $KHCl_2, KHBr_2$ और $KHI_2$ अज्ञात हैं)।

(4) फ्लोराइड में अधिकतम आयनिक गुण होता है। उदाहरण के लिये $AlF_3$ आयनिक है जबकि $Al$ के दूसरे हैलाइड सहसंयोजी हैं।

(5) सभी हैलाजनों में फ्लोरीन का उच्च धनात्मक इलेक्ट्रोड विभव होता है ( $F_2 = 2.87, Cl_2 = 1.36, Br_2 = 1.09$ एवं $I_2 = 0.53$ वोल्ट) अर्थात् यह आसानी से अपचयित हो जाती है और इसीलिए प्रबल ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार करती है। यह अन्य तत्वों में उच्चतम ऑक्सीकरण लाती है जब यह उनके साथ संयुक्त होती है। उदाहरण के लिये, $S$ के साथ यह $SF_6$ देती है, $I_2$ के साथ यह $IF_7$ देती है। अन्य हैलोजन हमेशा उच्च ऑक्सीकरण अवस्था नहीं लाते हैं। उदाहरण के लिये, सल्फर के साथ $Cl_2$, $SCl_4$ देती है, $Br_2$ $SBr_2$ देती है जबकि $I_2$ अभिक्रिया नहीं करती है। $F_2$ शक्तिशाली ऑक्सीकारक है इसलिये यह अक्रिय गैसों को भी ऑक्सीकृत कर देती है।

(6) $HF$ काँच की बोतलों में संग्रहित नहीं हो सकता क्योंकि यह सिलिकेट के साथ अभिक्रिया करके फ्लोरोसिलिकेट निर्मित करता है।

$$Na_2SiO_3 + 6HF \longrightarrow Na_2SiF_6 + 3H_2O$$

जबकि अन्य हैलोजन अम्ल ( $HCl, HBr$ और $HI$ ) सिलिकेट के साथ अभिक्रिया नहीं करते और काँच की बोतलों में संग्रहित हो सकते हैं।

(7) $AgF$ , $H_2O$ में विलेय है जबकि अन्य सभी सिल्वर हैलाइड अर्थात् $AgCl, AgBr$ और $AgI$ जल में अविलेय होते हैं। $CaF_2$ जल में अविलेय है जबकि दूसरे कैल्शियम हैलाइड $CaCl_2, CaBr_2, CaI_2$, जल में विलेय हैं।

(8) $d$ -कक्षकों की अनुपस्थिति के कारण, फ्लोरीन बहुहैलाइड आयन निर्मित नहीं करती है जबकि अन्य हैलोजन $I_3^-, Br_3^-, I_5^-$ इत्यादि प्रकार के बहुहैलाइड निर्मित करती हैं।

### हैलोजनों का निर्माण और इनके उपयोग

**(1) फ्लोरीन**

(i) ***फ्लोरीन की प्राप्ति*** : फ्लोरीन प्रकृति में मुक्त अवस्था में नहीं पायी जाती है लेकिन अधिकतर फ्लोरस्पार $CaF_2$, क्रायोलाइट $Na_3AlF_6$ एवं फ्लोरोपेटाइट, $CaF_2.3Ca_3(PO_4)_2$ के रूपों में प्राप्त होती है। फ्लोराइड के अंश समुद्री जल, हड्डियों, दाँतों, रक्त, दूध इत्यादि में पाये जाते हैं।

(ii) ***इसके पृथक्करण के दौरान आने वाली मुश्किलें*** : (a) $F_2$ उपकरण के सभी पदार्थों पर आक्रमण करती है जैसे काँच, प्लेटिनम, कार्बन और दूसरी धातुएँ। (b) $F_2$ प्रबल ऑक्सीकारक है और इसलिये कोई अन्य ऑक्सीकारक $F^-$ आयन को $F_2$ में ऑक्सीकृत नहीं कर सकता है। (c) $F_2$, $HF$ के जलीय विलयन के वैद्युत अपघटन द्वारा भी निर्मित नहीं हो सकती क्योंकि $F_2$ जल के साथ शीघ्रता से अभिक्रिया करती है। यह निर्जलीय $HF$ के वैद्युत अपघटन द्वारा भी निर्मित नहीं हो सकती क्योंकि यह ना केवल जहरीला, क्षारणीय और वाष्पशील है बल्कि विद्युत का कुचालक भी है।

(iii) ***बनाने की विधि*** : $F_2$ को आजकल $Ni-Cu$ मिश्र धातु या $Ni-Cu-Fe$ मिश्र धातु जो मोनल धातु कहलाती है के बने हुए बर्तन में (आधुनिक विधि) जिसमें कार्बन के इलेक्ट्रोड होते हैं, निर्जलीय $HF$ (5 भाग) में $KHF_2$ (1 भाग) के विलयन के विद्युत अपघटन द्वारा निर्मित करते हैं। वैद्युत अपघटन के दौरान निम्नलिखित अभिक्रिया होती है,

$$KHF_2 \longrightarrow KF + HF \,;\, KF \longrightarrow K^+ + F^-$$

कैथोड पर : $K^+ + e^- \longrightarrow K$ ; $2K + 2HF \longrightarrow 2KF + H_2 \uparrow$

एनोड पर : $F^- \longrightarrow F + e^-$ ; $F + F \longrightarrow F_2$

(iv) ***गुण*** : यह सभी हैलोजनों में अधिक क्रियाशील होती है। यह धातुओं और अधातुओं के साथ संयुक्त होकर फ्लोराइड निर्मित करती है। यह जल विघटित कर $O_2$ और $O_3$ निर्मित करती है एवं हाइड्रोकार्बनों के हाइड्रोजन के साथ शीघ्रता से अभिक्रिया करके फ्लोरीन युक्त हाइड्रोकार्बन बनाती है

$$2H_2O + 2F_2 \xrightarrow[\text{ऑक्सीकरण}]{\text{ठण्डा}} 4HF + O_2$$

$$3H_2O + 3F_2 \xrightarrow[\text{ऑक्सीकरण}]{\text{गर्म}} 6HF + O_3$$

($HF$ वाष्पशील होने के कारण वायु में धुआं देता है)

$$CH_4 \xrightarrow{F_2} CH_3F \xrightarrow{F_2} CH_2F_2 \xrightarrow{F_2} CHF_3 \xrightarrow{F_2} CF_4$$

यह प्रबल ऑक्सीकारक है एवं $KClO_3$ को $KClO_4$ में, $KIO_3$ को $KIO_4$ में और बाईसल्फेट को परऑक्सी सल्फेट में ऑक्सीकृत कर देती है।

$$KClO_3 + F_2 + H_2O \longrightarrow KClO_4 + H_2F_2$$

$$2NaHSO_4 + F_2 \longrightarrow Na_2S_2O_8 + 2HF$$

यह $NH_3$ के साथ अभिक्रिया करके नाइट्रोजन निर्मित करती है और $H_2S$ के साथ $SF_6$ निर्मित करती है।

$$2NH_3 + 3F_2 \longrightarrow N_2 + 6HF \text{ (ऑक्सीकरण अभिक्रिया)}$$

$$H_2S + 4F_2 \longrightarrow SF_6 + 2HF$$

फ्लोरीन ठंडे और तनु सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन के साथ अभिक्रिया कर ऑक्सीजन डाई फ्लोराइड ($OF_2$) देती है।

$$2F_2 + 2NaOH \text{ (ठण्डा, तनु)} \longrightarrow 2NaF + H_2O + OF_2$$

किन्तु गर्म एवं सांद्र सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन के साथ यह ऑक्सीजन देती है।

$$2F_2 + 4NaOH \text{ (गर्म, सान्द्र)} \longrightarrow 4NaF + 2H_2O + O_2$$

चूँकि $F_2$ प्रबल ऑक्सीकारक है, यह हमेशा अपचयित होती है और इसलिये असमानुपाती अभिक्रिया नहीं दर्शाती जबकि अन्य हैलोजन ऐसा करती हैं।

$F_2$ अन्य सभी हैलाइड आयनों को संगत हैलोजनों में ऑक्सीकृत करती है।

$$(F_2 + 2X^- \longrightarrow 2F^- + X_2); \; (X = Cl, Br \text{ या } I)$$

(v) ***फ्लोरीन के उपयोग*** : फ्लोरीन, $UF_6$ (जो नाभिक शक्ति उत्पादन में उपयोगी है) $SF_6$ (जो विद्युत कुचालक के रूप में उपयोग होता है), क्लोरोफ्लोरोकार्बन, टेफ्लॉन, क्रायोलाइट और $HF$ के निर्माण में उपयोग होती है।

(vi) **फ्लोरोकार्बन,** हाइड्रोकार्बनों के व्युत्पन्न हैं जिनमें $H$-परमाणु, $F$-परमाणु द्वारा विस्थापित हो जाते हैं। यह $CuF_2$ (उत्प्रेरक) की उपस्थिति में $N_2$ जैसी अक्रिय गैस और तनु $F_2$ के साथ हाइड्रोकार्बन के फ्लोरीनीकरण द्वारा प्राप्त होते हैं। फ्लोरोकार्बन उनकी अति अक्रियता (अज्वलनशीलता और अति स्थायित्व) के कारण उद्योगों में बहुत उपयोगी होते हैं। फ्रियॉन ($CF_2Cl_2$) शीतलक की तरह उपयोग होता है, टेट्राफ्लोरोएथिलीन ($F_2C = CF_2$) टेफ्लॉन के निर्माण में उपयोगी है, जो अति अज्वलनशील, उच्च ऊष्मा स्थायित्व वाला एवं रासायनिक अक्रिय होता है अर्थात् अम्लों और क्षारणीय रसायनों द्वारा आक्रमित नहीं होता है। यह पाइप बनाने में, सर्जीकल ट्यूब बनाने में, नॉन स्टिक बर्तन बनाने में उपयोगी हैं और विद्युत का कुचालक होता है।

### (2) क्लोरीन

(i) ***प्राप्ति*** : क्लोरीन मुख्यतः चट्टानी लवण ($NaCl$), कार्नेलाइट ($KCl, MgCl_2.6H_2O$) एवं कैल्शियम क्लोराइड ($CaCl_2$) के रूप में पायी जाती है।

(ii) ***बनाने की विधि*** : व्यवसायिक स्तर पर क्लोरीन सोडियम क्लोराइड (ब्राइन विलयन) (नेल्सन सेल, $NaOH$ के निर्माण के लिये कास्टनर एवं कैलनर सेल) के जलीय विलयन के वैद्युत अपघटन द्वारा निर्मित होती है। $Cl_2$ एनोड पर और $H_2$ कैथोड पर उत्सर्जित होती है।

$$2NaCl + 2H_2O \xrightarrow{\text{वैद्युत अपघटन}} 2NaOH + Cl_2 \uparrow + H_2 \uparrow$$

यह गलित $NaCl$ (धात्विक सोडियम के निर्माण के लिये डाउन सेल) के वैद्युत अपघटन द्वारा भी निर्मित होती है। जब $Cl_2$ एनोड पर और सोडियम धातु कैथोड पर उत्सर्जित होती हैं।

$$2NaCl \xrightarrow{\text{विद्युत अपघटन}} 2Na + Cl_2 \uparrow$$

प्रयोगशाला में $Cl_2$, $HCl$ पर या सांद्र $NaCl$ और सांद्र $H_2SO_4$ के मिश्रण पर $MnO_2$ या $KMnO_4$ या $K_2Cr_2O_7$ क्रिया द्वारा निर्मित होती है।

$$MnO_2 + 4HCl \longrightarrow MnCl_2 + Cl_2 + 2H_2O$$

$$2KMnO_4 + 16HCl \longrightarrow 2KCl + 2MnCl_2 + 5Cl_2 + 8H_2O$$

$$K_2Cr_2O_7 + 14HCl \longrightarrow 2KCl + 2CrCl_3 + 7H_2O + 3Cl_2$$

$$MnO_2 + 2NaCl + 3H_2SO_4 \longrightarrow 2NaHSO_4 + MnSO_4 + 2H_2O + Cl_2$$

$$2KMnO_4 + 10NaCl + 13H_2SO_4 \longrightarrow 10NaHSO_4 + K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 8H_2O + 5Cl_2$$

अन्य ऑक्सीकारक जैसे $PbO_2, Pb_3O_4, CaOCl_2, O_3$ इत्यादि $HCl$ के साथ भी अभिक्रिया करके $Cl_2$ उत्सर्जित करते हैं।

(iii) ***गुण*** : यह धातुओं और अधातुओं के साथ संयुक्त होकर क्लोराइड निर्मित करती है। यह जल को विघटित करके $HCl$ और $HClO$ (हाइपोक्लोरस अम्ल) निर्मित करती है जो अस्थायी है और विघटित होकर नवजात ऑक्सीजन देता है जो क्लोरीन के ऑक्सीकरण और विरंजक प्रभाव के लिये उत्तरदायी है।

$$Cl_2 + H_2O \longrightarrow HCl + HClO \,;\, HClO \xrightarrow{hv} HCl + [O]$$

रंगीन पदार्थ $+ O \longrightarrow$ रंगहीन पदार्थ

विरंजक प्रभाव स्थायी होता है और रंग रखा रहने पर पुनर्संग्रहित नहीं होता है। किन्तु यह कोमल सामान जैसे घास, सिल्क, ऊन इत्यादि को

विरंजित करने में प्रयुक्त नहीं होती है। ये सामान इसके द्वारा नष्ट हो जाते हैं।

$Cl_2$, $Br^-$ और $I^-$ आयनों को क्रमशः $Br_2$ और $I_2$ में ऑक्सीकृत कर देती है।

$Cl_2 + 2X^- \longrightarrow 2Cl^- + X_2 (X = Br$ या $I)$

यह ठंडी और गर्म परिस्थितियों में क्षारों के साथ संयुक्त होकर क्रमशः हाइपोक्लोराइट और क्लोरेट लवण निर्मित करती है।

$2NaOH(\text{तनु}) + Cl_2 \xrightarrow{\text{ठण्डा}} NaCl + NaClO + H_2O$

$6NaOH(\text{सान्द्र}) + 3Cl_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} 5NaCl + NaClO_3 + 3H_2O$

इन अभिक्रियाओं के दौरान हैलोजन क्रमशः $X^-$ आयन में अपचयित एवं हाइपोहैलाइट $(XO^-)$ या हैलेट $(XO_3^-)$ आयन में ऑक्सीकृत होती है। ये अभिक्रियायें असमानुपाती अभिक्रियायें कहलाती हैं।

बुझे हुए चूने के साथ, $Cl_2$ विरंजक चूर्ण $(CaOCl_2)$ देती है।

$Ca(OH)_2 + Cl_2 \longrightarrow CaOCl_2 + H_2O$

अमोनिया के साथ, $Cl_2$ निम्न तरह से अभिक्रिया करती है,

$8NH_3$ (आधिक्य) $+ 3Cl_2 \longrightarrow 6NH_4Cl + N_2 \uparrow$

$NH_3 + 3Cl_2$ (आधिक्य) $\longrightarrow NCl_3 + 3HCl$

$SO_2$ और $CO$ के साथ , योगात्मक यौगिक निर्मित होते हैं।

$SO_2(\text{शुष्क}) + Cl_2 \longrightarrow SO_2Cl_2$ (सल्फ्यूरिल क्लोराइड)

$CO + Cl_2 \longrightarrow COCl_2$ (कार्बोनिल क्लोराइड या फॉस्जीन)

$Cl_2$ प्रबल ऑक्सीकारक है। यह $FeCl_2$ को $FeCl_3$ में, नम $SO_2$ को $H_2SO_4$ में, $SO_3^{2-}$ को $SO_4^{2-}$ में, थायोसल्फेट को सल्फेट और सल्फर में ऑक्सीकृत कर देती है।

(iv) ***क्लोरीन के उपयोग*** : यह $HCl, NaOCl$ , विरंजक चूर्ण, क्लोरेट, विनाइल क्लोराइड, कीटनाशक जैसे DDT, क्लोरीनीकृत कार्बनिक विलायक जैसे $CHCl_3, CCl_4$ के निर्माण में उपयोगी है। यह पीने के जल के शुद्धिकरण में भी उपयोग होती है, $Au$ और $Pt$ के निष्कर्षण में उपयोग होती है और कागज, लुग्दी एवं वस्त्र उद्योगों में विरंजनीकारक के रूप में उपयोगी है।

(3) **ब्रोमीन**

(i) ***प्राप्ति*** : यह मुख्यतः समुद्र जल एवं लवण झीलों जैसे $NaBr, KBr$ एवं $MgBr_2$ इत्यादि में पायी जाती है।

(ii) ***बनाने की विधि*** : व्यवसायिक स्तर पर ब्रोमीन या तो समुद्र जल से (जिसमें $NaBr, KBr$ और $MgBr_2$ होता है) या मदर लिकर ($MgBr_2$ होता है) जो कार्नेलाइट से क्लोरीन के क्रिस्टलीकरण के पश्चात् छूट जाता है, से निर्मित होती है। इन विलयनों से $Cl_2$ गैस गुजारने पर, ब्रोमाइड, ब्रोमीन में ऑक्सीकृत होता है जो $Br_2$ द्रव में ठंडा और संघनित हो जाता है।

$$2Br^- + Cl_2 \longrightarrow 2Cl^- + Br_2$$

प्रयोगशाला में ब्रोमीन, $NaBr$ को $MnO_2$ और सांद्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म करके निर्मित करते हैं।

$$2NaBr + MnO_2 + 3H_2SO_4 \longrightarrow 2NaHSO_4 + MnSO_4 + 2H_2O + Br_2$$

यह पोटेशियम ब्रोमाइड और पोटेशियम ब्रोमेट के मिश्रण में $HCl$ मिलाकर भी प्राप्त होती है।

$$5KBr + KBrO_3 + 6HCl \longrightarrow 6KCl + 3Br_2 + 3H_2O$$

(iii) ***गुण*** : ब्रोमीन लाल भूरा भारी द्रव है।

इसकी जल के साथ अभिक्रिया, ऑक्सीकरण और विरंजक प्रभाव, क्षारों, $NH_3$, धातुओं और अधातुओं के साथ अभिक्रिया क्लोरीन के समान होती है। $Br_2$ केवल आयोडाइड आयनों को $I_2$ में ऑक्सीकृत करती है। ब्रोमीन जल मरक्यूरिक ऑक्साइड के साथ अभिक्रिया करके मरकरी ऑक्सी ब्रोमाइड निर्मित करता है।

$$2HgO + \underset{\text{ब्रोमीन जल}}{2Br_2 + H_2O} \longrightarrow \underset{\text{मरकरी ऑक्सी ब्रोमाइड}}{HgBr_2.HgO} + 2HBrO$$

(iv) ***ब्रोमीन के उपयोग*** : ब्रोमीन का मुख्य उपयोग एथिलीन ब्रोमाइड के निर्माण में है जो शीशा युक्त पेट्रोल में योगात्मक की तरह उपयोग होता है। यह $AgBr$ , ब्रोमीन जल, रंजक, दवाइयों और बेंजिल ब्रोमाइड (एक प्रभावी अश्रु गैस) के निर्माण में भी उपयोगी है।

(4) **आयोडीन**

(i) ***प्राप्ति*** : यह मुख्यतः समुद्री घास और क्षारीय धातु आयोडाइडों से प्राप्त होती है। केलीचे (क्रूड चिली साल्ट पीटर) जो मुख्यतः सोडियम नाइट्रेट है इसमें आयोडीन, सोडियम आयोडेट $(NaIO_3)$ की तरह होता है।

(ii) ***आयोडीन का निर्माण*** : व्यवसायिक स्तर पर आयोडीन समुद्री घास और केलीचे से निर्मित होता है।

(a) *समुद्री घास से* : समुद्री घास को (लेमिनेरिया किस्म) सुखाकर, जलाते हैं और इसकी राख (जिसे केल्प कहते हैं जिसमें क्लोराइड एवं सल्फेटों के अलावा लगभग 1% $I_2$ क्षारीय धातुओं के आयोडाइड की तरह होती है) को गर्म जल के साथ निष्कर्षित कर लेते हैं। सल्फेट और क्लोराइड प्रभाजी क्रिस्टलीकरण द्वारा पृथक होते हैं, मदर लिकर $Cl_2$ के साथ अभिकर्मित होता है अथवा $MnO_2$ और सांद्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म होकर $I_2$ उत्सर्जित करता है जो ठंडा और संघनित होकर बैंगनी क्रिस्टल देता है।

$$2NaI + Cl_2 \longrightarrow 2NaCl + I_2$$

$$2NaI + MnO_2 + 3H_2SO_4 \longrightarrow 2NaHSO_4 + MnSO_4 + 2H_2O + I_2$$

(b) *केलीचे से* : $NaNO_3$ के क्रिस्टलीकरण के पश्चात् बचे हुए मदर लिकर को $NaHSO_3$ के साथ अभिकर्मित करते है तब $NaIO_3$ से $I_2$ उत्सर्जित होती है।

$$2NaIO_3 + 5NaHSO_3 \longrightarrow 3NaHSO_4 + 2Na_2SO_4 + H_2O + I_2$$

प्रयोगशाला में $I_2$ को पोटेशियम आयोडाइड, $MnO_2$ और सांद्र $H_2SO_4$ के मिश्रण को गर्म करके निर्मित करते हैं।

$$2KI + MnO_2 + 3H_2SO_4 \longrightarrow 2KHSO_4 + MnSO_4 + H_2O + I_2$$

(iii) ***गुण*** : यह गहरा बैंगनी चमकीला ठोस है जो गर्म करने पर ऊर्ध्वपातित हो जाता है। यह जल में कम विलेय है किन्तु इसकी विलेयता $10\% KI$ विलयन मिलाने से, $I_3^-$ संकुल आयन निर्माण के कारण बढ़ जाती है जिसमें $I^-$ आयन लुईस क्षार (लिगेण्ड) की तरह और $I_2$ अणु लुइस अम्ल (केन्द्रीय परमाणु) की तरह व्यवहार करता है जिसका प्रतिबंधी सिग्मा $p_z$ परमाण्विक कक्षक $I^-$ आयन द्वारा दान किये गये इलेक्ट्रॉन का एकाकी युग्म ग्रहण करता है।

$$I_2 + I^- \longrightarrow I_3^- \text{ (संकुल आयन)}$$

संकुल आयन $I_3^-$ युक्त जलीय विलयन का रंग भूरा होता है। यह कई कार्बनिक विलायकों में विलेय है। $CS_2, CHCl_3$ एवं $CCl_4$ में इसका विलयन बैंगनी होता है जबकि प्रबल दाता विलायकों जैसे एल्कोहल, ईथर और एमीन में भूरा होता है।

ठंडे तनु $NaOH$ के साथ, आयोडीन हाइपोआयोडस अम्ल देती है,

$$NaOH + I_2 \xrightarrow{\text{ठण्डा}} NaI + HIO$$

किन्तु गर्म सांद्र $NaOH$ विलयन के साथ अभिक्रिया, $Cl_2$ या $Br_2$ के समान होती है।

आयोडीन, क्लोरीन और ब्रोमीन को क्रमशः क्लोराइड और ब्रोमाइड में विस्थापित नहीं करती है किंतु यह उन्हें उनके ऑक्सीलवणों में से विस्थापित करती है।

$$2KClO_3 + I_2 \longrightarrow 2KIO_3 + Cl_2$$

$$2KBrO_3 + I_2 \longrightarrow 2KIO_3 + Br_2$$

$Na_2S_2O_3$ के साथ रंगहीन आयोडाइड और टेट्राथायोनेट आयनों के निर्माण के कारण आयोडीन विलयन रंगहीन हो जाता है।

$$2Na_2S_2O_3 + I_2 \longrightarrow 2NaI + Na_2S_4O_6$$

अमोनिया के साथ यह निम्न तरह से अभिक्रिया करती है,

$$2NH_3 + 3I_2 \longrightarrow \underset{\text{विस्फोटक}}{NI_3.NH_3} + 3HI$$

$$8NI_3.NH_3 \longrightarrow 5N_2 + 9I_2 + 6NH_4I$$

प्रबल ऑक्सीकारक जैसे $HNO_3, O_3$ एवं $Cl_2$ के साथ आयोडीन, आयोडिक अम्ल $(HIO_3)$ देती है।

$$I_2 + 10HNO_3 \longrightarrow 2HIO_3 + 10NO_2 + 4H_2O$$

$$I_2 + H_2O + O_3 \longrightarrow 2HIO_3 + 5O_2$$

$$I_2 + 5Cl_2 + 6H_2O \longrightarrow 2HIO_3 + 10HCl$$

(iv) ***आयोडीन के उपयोग*** : यह टिंचर आयोडीन (एल्कोहल में 2% $I_2$ विलयन), आयोडेक्स, आयोडोफॉर्म, $KI$, आयोडीन युक्त नमक (जिसमें $NaCl$ के प्रति कि. ग्रा. में 0.5 ग्राम $KI$ या $NaI$ होता है) के निर्माण में उपयोगी है। यह प्रयोगशाला अभिकर्मक के रूप में भी उपयोगी है।

(5) **हाइड्रोजन हैलाइड** : सभी हैलोजन हाइड्रोजन के साथ संयुक्त होकर हाइड्रोजन हैलाइड $(HX)$ निर्मित करते हैं।

(i) ***HF और HCl को बनाने की विधि*** : ये सांद्र $H_2SO_4$ के साथ क्रमशः फ्लोराइडों और क्लोराइडों को गर्म करके निर्मित होते हैं।

$$CaF_2 + H_2SO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}} CaSO_4 + 2HF$$

$$2NaCl + H_2SO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}} Na_2SO_4 + 2HCl$$

(ii) ***HBr और HI को बनाने की विधि*** : ये फॉस्फोरिक अम्ल के साथ क्रमशः ब्रोमाइडों और आयोडाइडों को गर्म करके निर्मित होते हैं।

$$3NaBr + H_3PO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}} Na_3PO_4 + 3HBr$$

$$3NaI + H_3PO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}} Na_3PO_4 + 3HI$$

$HBr$ और $HI$ के निर्माण के लिये सांद्र $H_2SO_4$ उपयोग नहीं हो सकता क्योंकि प्रबल अपचायक होने के कारण ये $H_2SO_4$ को $SO_2$ में अपचयित कर देते हैं और स्वयं क्रमशः $Br_2$ और $I_2$ में ऑक्सीकृत हो जाते हैं।

$$2HBr + H_2SO_4 \longrightarrow SO_2 + Br_2 + 2H_2O$$

(6) विरंजक चूर्ण, शुष्क बुझे हुए चूने पर क्लोरीन के प्रभाव द्वारा प्राप्त होता है (हेसेनक्लेवर विधि)।

$$Ca(OH)_2 + Cl_2 \xrightarrow{313\,K} CaOCl_2 + H_2O$$

विरंजक चूर्ण का जलीय विलयन $Cl^-$ और $ClO^-$ आयनों के लिये परीक्षण देता है। लम्बे समय तक रखने पर यह स्वऑक्सीकृत होकर कैल्शियम क्लोरेट निर्मित करता है। किन्तु जब $COCl_2$ की उपस्थिति में गर्म करते हैं तो यह $O_2$ देता है।

$$6CaOCl_2 \longrightarrow 5CaCl_2 + Ca(ClO_3)_2$$

$$2CaOCl_2 \xrightarrow{CoCl_2} 2CaCl_2 + O_2$$

यह कॉटन, काठ की लुग्दी इत्यादि के विरंजन के लिये उपयोगी है, कीटाणुनाशक के रूप में पीने के पानी के निर्जमीकरण के लिए यह उपयोगी है; क्लोरोफार्म के निर्माण में उपयोगी है और ऊन को सिलवटहीन बनाने में उपयोगी है।

## उत्कृष्ट गैसें (Noble gases)

हीलियम आवर्त सारणी के समूह 18 या शून्य समूह का प्रथम सदस्य है। इसमें 6 तत्व होते हैं हीलियम (*He*), निऑन (*Ne*), आर्गन (*Ar*), क्रिप्टॉन (*Kr*), जेनॉन (*Xe*) और रेडॉन (*Rn*)। शून्य समूह IA (1*st*) समूह और VIIA (17*th*) समूह के तत्वों के बीच मध्यवर्ती स्थिति रखता है।ये सामूहिक रुप से निष्क्रिय या अक्रिय गैसें कहलाती हैं। किन्तु इन्हें अब उत्कृष्ट गैस कहते हैं, क्योंकि इन गैसों के कुछ यौगिक कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में प्राप्त होते हैं।

(1) **इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास**

| तत्व | खोज | इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास $(ns^2\ np^6)$ |
|---|---|---|
| $_2He$ | लॉकयर एवं जेनसन (1868) | $1s^2$ |
| $_{10}Ne$ | रामसे | $1s^2, 2s^2 2p^6$ |
| $_{18}Ar$ | रेले एवं रामसे (1894) | $1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^6$ |
| $_{36}Kr$ | रामसे एवं ट्रेवर्स (1898) | $1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^6 3d^{10}, 4s^2 4p^6$ |
| $_{54}Xe$ | रामसे एवं ट्रेवर्स (1898) | $1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^6 3d^{10}, 4s^2 4p^6 4d^{10} 4f^{14}, 5s^2 5p^6$ |
| $_{86}Rn$ | डॉर्न (1900) | $1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^6 3d^{10}, 4s^2 4p^6 4d^{10} 4f^{14}, 5s^2 5p^6 5d^{10}, 6s^2 6p^6$ |

(2) **प्राप्ति** : उत्कृष्ट गैसों की अक्रिय प्रकृति के कारण, ये हमेशा मुक्त अवस्था में प्राप्त होती हैं। वायुमण्डल में रेडॉन को छोडकर, शेष सभी गैसें परमाण्विक अवस्था में उपस्थित हैं,

| तत्व | *He* | *Ne* | *Ar* | *Kr* | *Xe* |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रचुरता (आयतन %) | $5.2 \times 10^{-4}$ | $1.8 \times 10^{-3}$ | $9.3 \times 10^{-1}$ | $1.4 \times 10^{-3}$ | $8.7 \times 10^{-6}$ |

प्राकृतिक गैस में 2 से 7% तक *He* भी उपस्थित होती है।

(3) **विलगन** (Isolation)

(i) ***हीलियम*** : यह प्राकृतिक गैस से व्यवसायिक रुप में प्राप्त होती है। प्राकृतिक गैस में हाइड्रोकार्बन (मेथेन इत्यादि), *CO*, $H_2S$ और *He* प्रमुख संघटक के रुप में होते हैं।

प्राकृतिक गैस को लगभग 100 *atm* तक संपीडित एवं 73*K* तक ठंडा करते हैं। *He* द्रवित नहीं होती है जबकि अन्य गैसें द्रवित हो जाती है। इस विधि द्वारा लगभग 99% शुद्ध *He* निर्मित होती है।

(ii) ***आर्गन, निऑन, क्रिप्टॉन एवं जेनॉन*** : ये गैसें द्रवित वायु के प्रभाजी आसवन द्वारा निर्मित होती हैं। वायु का प्रभाजी आसवन $O_2$, $N_2$ एवं उत्कृष्ट गैसों का मिश्रण देता है। व्यक्तिगत गैसें नारियल चारकोल पर वायु के अधिशोषण द्वारा प्राप्त की जा सकती हैं। चारकोल विभिन्न ताप पर विभिन्न गैसें अधिशोषित करता है और गैसें एकत्रित की जा सकती हैं।

(iii) ***रेडॉन*** : यह रेडियम (226) के रेडियोधर्मी विघटन द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। $_{88}Ra^{226} \rightarrow {}_{86}Rn^{222} + {}_2\alpha^4$

**गुण**

(1) **परमाण्विक त्रिज्यायें :** समूह में नीचे जाने पर उत्कृष्ट गैसों की परमाण्विक त्रिज्यायें बढ़ती है और उनकी परमाण्विक त्रिज्यायें, वाण्डर वॉल त्रिज्यायों के संगत होती हैं।

(2) **क्वथनांक :** वाण्डर वॉल बल के परिमाण में वृद्धि के कारण गलनांक और क्वथनांक *He* से *Rn* तक बढ़ते हैं।

(3) **ध्रुवणता :** समूह में नीचे जाने पर ध्रुवणता में वृद्धि होती है,
$He < Ne < Ar < Kr < Xe$

(4) **आयनन ऊर्जा और इलेक्ट्रॉन बन्धुता :** उत्कृष्ट गैसों का $ns^2np^6$ युक्त पूर्ण पूरित स्थायी इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास होता है इसलिये इनमें इलेक्ट्रॉन खोने और पाने की प्रवृति नहीं होती इसलिये उत्कृष्ट गैसों की आयनन ऊर्जा बहुत अधिक होती है। दूसरी तरफ इनकी इलेक्ट्रॉन बन्धुता शून्य होती है।

(5) **वाष्पीकरण की ऊष्मा :** इनके एकलपरमाणु अणुओं के बीच बहुत दुर्बल वाण्डर वॉल आकर्षण बल की उपस्थिति के कारण, इनकी वाष्पीकरण ऊष्मा के मान बहुत कम होते हैं। किन्तु समूह में नीचे जाने पर वाष्पीकरण की ऊष्मा परमाणु संख्या के साथ बढ़ती है और ये यह दर्शाता है कि उच्च परमाणु संख्या के साथ तत्वों के बड़े इलेक्ट्रॉनिक बादलों की ध्रुवीयता बढ़ती है।

(6) **जल में विलेयता :** ये जल में कम विलेय होती हैं समूह में नीचे जाने पर परणण्विक संख्या में वृद्धि के साथ इनकी विलेयता बढ़ती है।

(7) **चारकोल द्वारा अधिशोषण :** हीलियम को छोडकर शेष सभी कम ताप पर नारियल चारकोल द्वारा अधिशोषित होती हैं। अधिशोषण की सीमा समूह में नीचे जाने पर बढ़ती है।

(8) **लाक्षणिक वर्णक्रम :** ये सभी लाक्षणिक वर्णक्रम देती हैं, जिसके द्वारा ये पहचानी जा सकती हैं।

(9) **गैसों का द्रवीकरण :** उत्कृष्ट गैसों को द्रवीकृत करना कठिन होता है क्योंकि उनके परमाणु दुर्बल वाण्डर वॉल बलों द्वारा बंधे रहते हैं। समूह में नीचे जाने पर द्रवीकरण की सुगमता *He* से *Rn* तक बढ़ती है। हीलियम का क्वथनांक सबसे कम होता है (4.18 *K*)। द्रवीकरण की सुगमता समूह में नीचे जाने पर अन्तराण्विक बलों में वृद्धि के कारण बढ़ती है।

तत्व हीलियम (*He*), निऑन (*Ne*), आर्गन (*Ar*), क्रिप्टॉन (*Kr*), जेनॉन (*Xe*) और रेडॉन (*Rn*), आवर्त सारणी के शून्य समूह में आते हैं। साधारण ताप पर ये गैस हैं और इनमें रासायनिक क्रियाशीलता नहीं होती, इस कारण से ये अक्रिय गैसें कहलाती हैं।

**जेनॉन के यौगिक**

1962 में एन. बर्टलेट ने देखा कि $PtF_6$ एक प्रबल ऑक्सीकारक है जो आण्विक ऑक्सीजन के साथ जुड़कर आयनिक यौगिक निर्मित करता है, $O_{2(g)} + PtF_{6(g)} \rightarrow O_2^+[PtF_6]^-$, डाईऑक्सीजेनिल हैक्साफ्लोरो प्लेटिनेट [v] $O_2^+[PtF_6]^-$, यह दर्शाता है कि $PtF_6$ $O_2$ को $O_2^+$ में ऑक्सीकृत करता है। ऑक्सीजन और जेनॉन में कुछ समानतायें होती हैं,

(i) *Xe* गैस की प्रथम आयनन ऊर्जा ($1170\, kJ\, mol^{-1}$) लगभग ऑक्सीजन ($1166\, kJ\, mol^{-1}$) के समान होती है।

(ii) ऑक्सीजन का आण्विक व्यास एवं *Xe* की परमाण्विक त्रिज्या (4Å) समान होती है।

इस आधार पर, बर्टलेट ने जेनॉन को गैस प्रावस्था में $PtF_6$ से अभिकृत कराया और $XePtF_6$ संघटन का एक नारंगी पीला ठोस प्राप्त किया,

$Xe_{(g)} + PtF_{6(g)} \rightarrow \underset{\text{नारंगी पीला}}{Xe^+[PtF_6]^-_{(s)}}$ ।

*Xe* के कुछ महत्वपूर्ण स्थायी यौगिक हैं,

| +2 | +4 | +6 |
|---|---|---|
| $XeF_2$ | $XeF_4$, $XeOF_2$ | $XeF_6$, $XeOF_4$, $XeO_3$ |

**फ्लोराइड** : जेनॉन फ्लोरीन के साथ तीन यौगिक निर्मित करता है, ये हैं, जेनॉन डाईफ्लोराइड ($XeF_2$), जेनॉन टेट्रा फ्लोराइड ($XeF_4$) एवं जेनॉन हैक्साफ्लोराइड ($XeF_6$)।

(1) **जेनॉन डाई फ्लोराइड** ($XeF_2$) : जब जेनॉन तथा फ्लोरीन का मिश्रण आयतन द्वारा 1 : 3 अनुपात में 673 *K* पर निकिल ट्यूब से गुजारा जाता है, तो $XeF_2$ निर्मित होता है, $Xe + Fe \xrightarrow{\text{Ni, 673K}} XeF_2$

***संरचना*** : *Xe* के $sp^3d$-संकरण के कारण $XeF_2$ त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय ज्यामिती वाला होता है। इलेक्ट्रॉनों के एकाकी युग्मों द्वारा तीन निरक्षीय स्थिति घेरी जाती हैं जो अणुओं को रेखीय आकृति देती हैं।

***गुण*** : $XeF_2$ रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस है, $H_2$ के साथ अभिक्रिया कर *Xe* और *HF* देता है। यह जल द्वारा पूर्णतः जलअपघटित हो जाता है,

$$2XeF_2 + 2H_2O \rightarrow 2Xe + O_2 + 4HF.$$

यह क्रियाशील पेण्टाफ्लोराइड जैसे $SbF_5$, $TaF_5$ इत्यादि के साथ योगात्मक यौगिक भी निर्मित करता है।

$$XeF_2 + 2SbF_5 \rightarrow XeF_2.2SbF_5$$

यह दुर्बल फ्लोरीनीकारक है और इसलिये बेन्जीन के साथ अभिक्रिया करके फ्लोरोबेन्जीन देता है।

(2) **जेनॉन टेट्राफ्लोराइड** ($XeF_4$) : जेनॉन और फ्लोरीन के 1 : 5 अनुपात के मिश्रण को 673 K पर निकिल नलिका में गर्म करने पर और एसीटोन में अचानक इसे ठंडा करने पर यह निर्मित होता है। जब एक विद्युत विसर्जन को जेनॉन और अत्याधिक फ्लोरीन के मिश्रण से गुजारते हैं तब भी $XeF_4$ निर्मित होता है, $Xe + 2F_2 \xrightarrow{\text{Ni, 673K}} XeF_4$

***संरचना*** : $XeF_4$ की वर्ग समतलीय संरचना होती है क्योंकि *Xe* के $sp^3d^2$ संकरण के कारण यह अष्टफलकीय ज्यामिती देता है जिसके साथ दो ट्रान्स स्थितियाँ इलेक्ट्रॉनों के एकाकी युग्म द्वारा घेरी जाती हैं।




***गुण*** : $XeF_4$ रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस है, निर्जलीय *HF* में विलेय है, $H_2$ के साथ अभिक्रिया करके *Xe* और *HF* निर्मित करता है जल के साथ अभिक्रिया करके बहुत विस्फोटक ठोस $XeO_3$ (पूर्ण अपघटन) देता है,

$$6XeF_4 + 12H_2O \rightarrow 4Xe + 2XeO_3 + 24HF + 3O_2$$

आंशिक जलअपघटन पर $XeOF_2$ निर्मित करता है,

$$XeF_4 + H_2O \xrightarrow{\text{193K}} XeOF_2 + 2HF$$

यह $SbF_5$ के साथ योगात्मक यौगिक भी बनाता है,

$$XeF_4 + SbF_5 \rightarrow [XeF_3]^+[SbF_6]^-$$

यह प्रबल फ्लोरीनीकारक की तरह भी व्यवहार करता है।

(3) **जेनॉन हैक्सा फ्लोराइड** ($XeF_6$) : 50 वायुमण्डलीय दाब और 473–523*K* ताप पर 1 : 20 अनुपात में फ्लोरीन और जेनॉन के मिश्रण को गर्म करके निर्मित होता है।

$$Xe + 3F_2 \xrightarrow{473-523\,K,\,50\,atm.} XeF_6$$

***संरचना*** : $XeF_6$ *spd* संकरण के कारण पंचकोणीय द्विपिरामिडीय ज्यामिती वाला होता है। एक ट्रांस स्थिति एकाकी युग्म द्वारा घेरी जाती है जो विकृत अष्टफलकीय आकृति देती है।



***गुण*** : यह रंगहीन, क्रिस्टलीय ठोस है और निर्जलीय $HF$ में उच्च विलेय है और विद्युत सुचालक विलयन देता है।

$$HF + XeF_6 \rightarrow XeF_5^+ + HF_2^-$$

यह बहुत प्रबल फ्लोरीनीकारक है तथा $H_2$ के साथ अभिक्रिया करके $Xe$ एवं $HF$ देता है। $XeF_6$ का आंशिक जलअपघटन $XeOF_4$ उत्पादित करता है, एवं पूर्ण जलअपघटन जेनॉन ट्राईऑक्साइड, $XeO_3$ देता है।

$$XeF_6 + H_2O \rightarrow XeOF_4 + 2HF$$

$$XeF_6 + 3H_2O \rightarrow XeO_3 + 6HF$$

यह क्षारीय धातु फ्लोराइडों ($LiF$ को छोडकर) के साथ $XeF_6.MF$ सूत्र का योगात्मक यौगिक निर्मित करता है जहाँ $M$ क्षारीय धातु को प्रदर्शित करता है।

**ऑक्साइड** : जेनॉन दो ऑक्साइड निर्मित करता है जैसे कि जेनॉन ट्राईऑक्साइउ ($XeO_3$) और जेनॉन टेट्राऑक्साइड ($XeO_4$)।

(1) **जेनॉन ट्राईऑक्साइड ($XeO_3$)**: $XeF_4$ और $XeF_6$ के पूर्ण जलअपघटन द्वारा निर्मित होता है।

$$6XeF_4 + 12H_2 \rightarrow 2XeO_3 + 4Xe + 3O_2 + 24HF$$

$$XeF_6 + 3H_2O \rightarrow XeO_3 + 6HF$$

***संरचना*** : $Xe$ के $sp^3$ संकरण के कारण $XeO_3$ की चतुष्कफलकीय ज्यामिती होती है। एक संकरित कक्षक में इलेक्ट्रॉन का एकाकी युग्म होता है जो इसे त्रिकोणीय पिरामिडीय आकृति देता है। अणु में तीन $Xe = O$ द्विबन्ध होते हैं जिनमें $p\pi - d\pi$ अतिव्यापन होता है।

***गुण*** : यह एक रंगहीन ठोस, उच्च विस्फोटी और प्रबल ऑक्सीकारक है।

(2) **जेनॉन टेट्राऑक्साइड *($XeO_4$)***: कमरे के ताप पर सोडियम या बेरियम जेनेट ($Na_4XeO_6$; $Ba_2XeO_6$) पर सान्द्र $H_2SO_4$ की क्रिया द्वारा निर्मित होता है, $Na_4XeO_6 + 2H_2SO_4 \rightarrow XeO_4 + 2Na_2SO_4 2H_2O$

$$Ba_2XeO_6 + 2H_2SO_4 \rightarrow XeO_4 + 2BaSO_4 + 2H_2O$$

$XeO_4$ को 195 $K$ पर निर्वात ऊर्ध्वपातन द्वारा शुद्ध करते हैं।

***संरचना*** : $Xe$ के $sp^3$ संकरण के कारण $XeO_4$ की चतुष्फलकीय संरचना होती है। यहाँ चार $Xe–O$ द्विबन्ध होते हैं जिनमें $p\pi - d\pi$ अतिव्यापन होता है।

***गुण*** : यह अत्यंत अस्थायी गैस है और जेनॉन तथा ऑक्सीजन में अपघटित हो जाती है, $XeO_4 \rightarrow Xe + 2O_2$ ।

**ऑक्सीफ्लोराइड** : जेनॉन तीन प्रकार के ऑक्सीफ्लोराइड निर्मित करता है जैसे जेनॉन ऑक्सी डाई फ्लोराइड ($XeOF_2$), जेनॉन ऑक्सी टेट्रा फ्लोराइड ( $XeOF_4$ ) एवं जेनॉन डाईऑक्सी फ्लोराइड ($XeO_2F_2$)।

(1) **जेनॉन ऑक्सी डाईफ्लोराइड ($XeOF_2$)** 193 $K$ पर $XeF_4$ के आंशिक जलअपघटन द्वारा निर्मित होता है।

$$XeF_4 + H_2O \xrightarrow{193\,K} XeOF_2 + 2HF .$$

***संरचना*** : $Xe$ के $sp^3d$-संकरण के कारण $XeOF_2$ की त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय ज्यामिती होती है। दो निरक्षीय स्थितियाँ इलेक्ट्रॉन के एकाकी युग्मों द्वारा घेरी जाती हैं और अणु को $T$-आकृति प्रदान करती हैं। यहाँ एक $Xe–O$ द्विबन्ध होता है जिसमें $p\pi - d\pi$ अतिव्यापन होता है।

(2) **जेनॉन ऑक्सी टेट्राफ्लोराइड ($XeOF_4$)**, $XeF_6$ के आंशिक जलअपघटन द्वारा निर्मित होता है। $XeF_6 + H_2O \rightarrow XeOF_4 + 2HF,$ यह $XeF_6$ के साथ $SiO_2$ की अभिक्रिया द्वारा भी निर्मित होता है।

$$2XeF_6 + SiO_2 \rightarrow 2XeOF_4 + SiF_4$$

***संरचना*** : $Xe$ के $sp^3d^2$-संकरण के कारण $XeOF_4$ की अष्टफलकीय ज्यामिती होती है। एक ट्रांस स्थिति एकाकी युग्म द्वारा घेरी जाती है जो अणु को पिरामिडीय आकृति देती है। यहाँ एक $Xe–O$ द्विबन्ध होता है जिसमें $p\pi - d\pi$ अतिव्यापन होता है।

***गुण*** : यह रंगहीन वाष्पशील द्रव है जो 227 $K$ पर गल जाता है। यह जल के साथ अभिक्रिया करके $XeOF_2$ और $XeO_3$ देता है।

$$XeOF_4 + H_2O \rightarrow XeO_2 + 2HF ,$$

$$XeO_2F_2 + H_2O \rightarrow XeO_3 + 2HF .$$

यह $H_2$ द्वारा अपचयित होकर $Xe$ बनाता है।

$$XeOF_4 + 3H_2 \rightarrow Xe + H_2O + 4HF$$

(3) **जेनॉन डाईऑक्सी डाईफ्लोराइड ($XeO_2F_2$)**, $XeOF_4$ या $XeF_6$ के आंशिक जलअपघटन द्वारा निर्मित होता है।

$$XeOF_4 + H_2O \rightarrow XeO_2F_2 + 2HF$$

$$XeF_6 + 2H_2O \rightarrow XeO_2F_2 + 4HF$$

यह कम ताप (195$K$) पर $XeO_3$ और $XeOF_4$ को मिश्रित करके भी प्राप्त होता है। उत्पाद प्रभाजी आसवन द्वारा शुद्ध होता है, $XeO_3 + XeOF_4 \xrightarrow{195\,K} 2XeO_2F_2$ ।

***संरचना*** : $Xe$ के $sp^3d$-संकरण के कारण $XeO_2F_2$ की त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय ज्यामिती होती है। एक निरक्षीय स्थिति इलेक्ट्रॉन के एकाकी युग्म द्वारा घेरी जाती है जो अणु को झूले (सी–सॉ) जैसी आकृति प्रदान करती है। यहाँ दो $Xe–O$ द्विबन्ध होते हैं जिनमें $p\pi - d\pi$ अतिव्यापन होता है।

***गुण*** : यह रंगहीन ठोस है जो 303$K$ पर गल जाता है। यह आसानी से जल अपघटित होकर $XeO_3$ देता है।

$$XeO_2F_2 + H_2O \rightarrow XeO_3 + 2HF$$

### उत्कृष्ट गैसों के उपयोग

(1) $He$ इसकी अज्वलनशीलता और उच्च शक्ति (जो हाइड्रोजन का 92.6% होता है) के कारण हवाई जहाज और गुब्बारों में भरी जाती है।

(2) ऑक्सीजन हीलियम (1 : 4) मिश्रण अस्थमा के उपचार के लिये एवं गहरे समुद्र की गोताखोरी में कृत्रिम साँस के लिये उपयोग होता है क्योंकि नाइट्रोजन के विपरीत हीलियम उच्च दाब पर भी रक्त में विलेय नहीं है।

(3) हीलियम रासायनिक अभिक्रियायों में अक्रिय वातावरण उत्पन्न करने के लिये भी उपयोगी है।

(4) द्रव हीलियम क्रायोजेनिक द्रव की तरह प्रयुक्त होता है, जो शोध कार्यों को कराने के लिये कम ताप उत्पन्न करके उसे बनाये रखता है तथा परमाणु संयत्रक एवं अतिचालक चुम्बक में शीतलक की तरह उपयोगी है।

(5) यह कम ताप वाली गैस ऊष्मामिति और आर्क बेल्डिंग के लिये शील्ड गैस के रुप में भी उपयोगी है।

(6) आर्गन रासायनिक क्रियाओं में अक्रिय वातावरण उत्पन्न करने के लिये, बेल्डिंग के लिये, धातुकर्मीय क्रियाओं के लिये और स्फूरदीप्ती एवं उत्ताप से चमकने वाले बल्बों में भरने के लिये उपयोगी है। यह गीगर–काउन्टर ट्यूब और ऊष्मआयनिक ट्यूब भरने में भी प्रयुक्त होता है।

(7) क्रिप्टॉन और जेनॉन गैस बल्बों को भरने में भी उपयोगी हैं। क्रिप्टॉन और जेनॉन का मिश्रण उच्च गति फोटोग्राफी के लिये प्रयुक्त कुछ चमकने वाले ट्यूब्स में भी प्रयुक्त होती है।

(8) रेडॉन, रेडियोधर्मी शोध और रसोचिकित्सा (कीमोथैरेपी) में एवं कैन्सर की अशल्यचिकित्सा उपचार तथा अन्य नुकसानकारी वृद्धि रोकने के लिये उपयोगी है।

## Tips & Tricks

✍ सभी क्षारीय धातुओं के बीच *Li* प्रबलतम एवं *Na* दुर्बल अपचायक है।

✍ क्वीनोलीन में *BaSO* के साथ विषैला *Pd* लिंडलर उत्प्रेरक है।

✍ कीन सीमेन्ट : प्लास्टर ऑफ पेरिस का जमाव सोडियम क्लोराइड द्वारा उत्प्रेरित हो सकता है जबकि यह बोरेक्स या एलम द्वारा बाधित होता है। प्लास्टर ऑफ पेरिस में फिटकरी का योग उसके जमाव को कठोर बनाता है। यह मिश्रण कीन सीमेन्ट कहलाता है।

✍ *BC* (बोरॉन कार्बाइड) अब तक ज्ञात सबसे कठोर कृत्रिम पदार्थ है एवं नोर्बिया कहलाता है।

✍ कडवें बादामों में *HCN* मुक्त अवस्था में होता है। एन्जाइम इमल्सन (यह भी कडवें बादाम में उपस्थित होता है) की उपस्थिति में यह एमाइगेडेटिन (कडवे बादाम में उपस्थित) पर जल की क्रिया द्वारा उत्पन्न होता है।

✍ औद्योगिक स्नेहक ऑयलडग, तेल में ग्रेफाइट का सस्पेंशन है एवं ग्रेफाइट का कोलॉइडी विलयन एक्वाडग कहलाता है।

✍ ग्लास निर्माण के दौरान टूटे हुए काँच के टुकड़ों का योग कुलेट कहलाता है।

## Ordinary Thinking

### Objective Questions

### क्षारीय धातुएँ

1. पोटेशियम की तुलना में सोडियम का/की [MP PMT 1985]
   (a) ऋण-विद्युतता कम है (b) आयनन विभव अधिक है
   (c) परमाणु त्रिज्या अधिक है (d) गलनांक कम है
2. पोटेशियम को रखते हैं [CPMT 1976]
   (a) एल्कोहल में (b) जल में
   (c) मिट्टी के तेल में (d) द्रव अमोनिया में
3. $BaSO_4$ और $Na_2CO_3$ के गलन पर प्राप्त होने वाला उत्पाद है [AFMC 2005]
   (a) $BaCO_3$ (b) $BaO$
   (c) $Ba(OH)_2$ (d) $BaHSO_4$
4. क्षार धातुओं के सन्दर्भ में सत्य कथन है [NCERT 1981]
   (a) धनायन परमाणु से कम स्थायी होता है
   (b) धनायन परमाणु से छोटा होता है
   (c) धनायन व परमाणु का प्रायः एक ही आकार होता है
   (d) धनायन परमाणु से बड़ा होता है
5. क्षार धातुओं में संयोजी इलेक्ट्रॉन होते हैं [CPMT 1972]
   (a) 1 (b) 7
   (c) 4 (d) 2
6. निम्न में से किसका परिमाण क्षार-धातुओं के परमाणु क्रमांक बढ़ने के साथ बढ़ता है [MP PMT 1987]
   (a) विद्युत-ऋणात्मकता (b) आयनिक त्रिज्या
   (c) प्रथम आयनीकरण ऊर्जा (d) गलनांक
7. सोडियम, लीथियम की अपेक्षा जल से तीव्रता से क्रिया करता है, क्योंकि [NCERT 1978, 80]
   (a) इसका अणुभार कम है (b) यह प्रबल ऋण-विद्युती है
   (c) यह प्रबल धन-विद्युती है (d) यह एक धातु है
8. पोटेशियम का अयस्क है [DPMT 1984; CPMT 1986; Kurukshetra CEE 1998]
   (a) कार्नेलाइट (b) क्रायोलाइट
   (c) बॉक्साइट (d) डोलोमाइट
9. सॉल्वे विधि द्वारा $Na_2CO_3$ का उत्पादन किया गया परन्तु $K_2CO_3$ का उत्पादन संभव नहीं है, क्योंकि
   (a) $K_2CO_3$ अधिक विलेय है
   (b) $K_2CO_3$ कम विलेय है
   (c) $NaHCO_3$ की अपेक्षा $KHCO_3$ अधिक विलेय है
   (d) $NaHCO_3$ की अपेक्षा $KHCO_3$ कम विलेय है
10. निम्न में से कौनसी क्षारीय धातु आकार में सबसे छोटी है [CPMT 1990]
    (a) $Rb$ (b) $K$
    (c) $Na$ (d) $Li$
11. जब पोटेशियम डाइक्रोमेट क्रिस्टल को सांद्र *HCl* के साथ गर्म करते हैं, तब [DCE 1999]
    (a) $O_2$ निकलती है
    (b) क्रोमिल क्लोराइड की वाष्प निकलती है
    (c) $Cl_2$ निकलती है
    (d) कोई अभिक्रिया नहीं होती है
12. निम्न में से कौनसा लीथियम के असंगत गुणों को प्रदर्शित नहीं करता [MP PET 1993]
    (a) $Li$ के गलनांक तथा क्वथनांक तुलनात्मक रूप से अधिक हैं
    (b) $Li$ समूह I की अन्य धातुओं से अधिक मृदु है
    (c) समूह I धातुओं के विपरीत $Li$ एक नाइट्राइड $Li_3N$ बनाती है
    (d) $Li$ का आयन तथा इसके अन्य यौगिक समूह के अन्य तत्वों से अधिक जलयोजित हैं
13. बढ़ती हुई क्रियाशीलता का सही क्रम है
    (a) $Cu, Mg, Na$ (b) $Na, Mg, Cu$
    (c) $Mg, Na, Cu$ (d) $Cu, Na, Mg$
14. निर्जलीय $Na_2CO_3$ को गर्म करने से ........ निकलती है [CPMT 1971, 79]
    (a) $CO_2$ (b) जल वाष्प
    (c) $CO$ (d) कोई गैस नहीं
15. चिली साल्टपीटर है [DPMT 1984; CPMT 1986, 89; CET Pune 1998; MP PMT 2003]
    (a) $NaNO_3$ (b) $Na_2SO_4$
    (c) $KNO_3$ (d) $Na_2SO_3$
16. सोडियम क्लोराइड में $KCl$ तथा $KF$ का मिश्रण क्यों मिलाते हैं

(a) $NaCl$ की चालकता बढ़ाने हेतु
(b) $NaCl$ का गलनांक घटाने हेतु
(c) $NaCl$ की वियोजन की मात्रा घटाने हेतु
(d) $NaCl$ की वाष्पशीलता घटाने हेतु

17. एक प्रचलित अभिकर्मक जिसमें कॉपर सल्फेट, सोडियम पोटेशियम टार्टरेट तथा सोडियम हाइड्रॉक्साइड होते हैं, वह है
(a) फेन्टोन्स अभिकर्मक (b) शिफ अभिकर्मक
(c) फेहलिंग विलयन (d) नैसलर अभिकर्मक

18. सोडियम धातु को ........ में रखा जा सकता है [CPMT 1972, 85; BHU 1983]
(a) बेंजीन (b) कैरोसीन
(c) एल्कोहल (d) टॉलुईन

19. किससे $HCl$ की क्रिया हाइड्रोजन बनाने की सबसे विध्वंसकारी विधि है [JIPMER 2000]
(a) $Al$ से (b) $K$ से
(c) $Fe$ से (d) $Zn$ से

20. जालक ऊर्जा और अन्य धारणाओं के आधार पर निम्नलिखित क्षारीय धातु क्लोराइडों में से किसका अनुमानित गलनांक बिन्दु उच्चतम है [AIEEE 2005]
(a) $LiCl$ (b) $NaCl$
(c) $KCl$ (d) $RbCl$

21. हाइपो का सही सूत्र है
(a) $Na_2S_2O_3.5H_2O$ (b) $Na_2SO_4$
(c) $Na_2S_2O_3.4H_2O$ (d) $Na_2S_2O_3.3H_2O$

22. अनुमापन द्वारा सामान्यतः किस अभिकर्मक का उपयोग जल की कठोरता निर्धारण में करते हैं [AIIMS 2003]
(a) ऑक्जेलिक अम्ल
(b) $EDTA$ का डाईसोडियम लवण
(c) सोडियम सिट्रेट
(d) सोडियम थायोसल्फेट

23. $K_2CS_3$ को कहा जा सकता है [CPMT 1972, 74]
(a) पोटेशियम थायोसायनेट (b) पोटेशियम थायोकार्बोनेट
(c) पोटेशियम थायोकार्बाइड (d) पोटेशियम सल्फोसायनाइड

24. निम्न में से कौन सबसे अधिक क्षारीय है [BHU 1982]
(a) $RbOH$ (b) $KOH$
(c) $NaOH$ (d) $LiOH$

25. जब धावन सोडा को गर्म करते हैं [AFMC 2005]
(a) $CO$ उत्सर्जित होती है
(b) $CO + CO_2$ उत्सर्जित होती है
(c) $CO_2$ उत्सर्जित होती है
(d) जल वाष्प उत्सर्जित होती है

26. निम्न में कौनसा कथन सही है [CPMT 1971]
(a) सभी कार्बोनेट जल में घुलनशील होते हैं
(b) $Na$, $K$ एवं $NH_4$ के कार्बोनेट्स जल में घुलनशील होते हैं
(c) $Ca$, $Sr$, $Ba$ के कार्बोनेट्स जल में घुलनशील होते हैं
(d) सभी कार्बोनेट्स अघुलनशील होते हैं

27. नाइटर होता है [CPMT 1986]
(a) $AgNO_3$ (b) $KNO_3$
(c) $NH_4NO_3$ (d) $NaNO_3$

28. नेल्सन सैल निम्न के बनाने में प्रयुक्त होता है [CPMT 1985]
(a) बुझा हुआ चूना (b) बेरायटा
(c) सोडियम (d) कास्टिक सोडा

29. पोटाश एलम होता है [CPMT 1986; MNR 1981]
(a) एक जटिल लवण (b) (एसिड साल्ट) अम्लीय लवण
(c) द्विक लवण (d) साधारण लवण

30. सोडियम कार्बोनेट के औद्योगिक निर्माण की विधि को कहते हैं [CPMT 1978, 86; MP PMT 1995]
(a) कास्टनर प्रक्रम (b) हैबर प्रक्रम
(c) ली-ब्लांक प्रक्रम (d) कक्ष प्रक्रम

31. हाइड्रोजन का रंग होता है [IIT 1980]
(a) काला (b) पीला
(c) नारंगी (d) इनमें से कोई नहीं

32. निम्न में से कौनसा लवण जलीय विलयन देता है जो दुर्बल क्षारीय होता है [Bihar CEE 1995]
(a) $NaHCO_3$ (b) $NaHSO_4$
(c) $NaCl$ (d) $NH_4HCO_3$

33. एक द्विक लवण का उदाहरण है [KCET 2002]
(a) सिल्वर नाइट्रेट (b) मोहर लवण
(c) पोटेशियम फैरीसायनाइड (d) क्यूप्रोमोनियम सल्फेट

34. समूह IA के तत्व बुन्सन बर्नर की ज्वाला को रंग किस कारण से प्रदान करते हैं [AIIMS 1987]
(a) निम्न आयनन विभव के कारण
(b) निम्न गलनांक के कारण
(c) मृदु होने के कारण
(d) बाह्यतम कक्ष में एक इलेक्ट्रॉन होने के कारण

35. निम्न में से कौनसा धनायन सबसे छोटा है [MP PMT 1993]
(a) $Na^+$ (b) $Mg^{+2}$
(c) $Ca^{+2}$ (d) $Al^{+3}$

36. $K$, $Ca$ और $Li$ धातुओं को उनके मानक इलेक्ट्रोड विभव के घटते हुए क्रम में किस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है [CPMT 1990]
(a) $K, Ca, Li$ (b) $Li, K, Ca$
(c) $Li, Ca, K$ (d) $Ca, Li, K$

37. क्षारीय धातु इलेक्ट्रॉन खोते हैं [CBSE PMT 1990]
(a) $s$-कक्षक से (b) $p$-कक्षक से
(c) $d$-कक्षक से (d) $f$-कक्षक से

38. कौनसी क्षारीय धातु नाइट्रोजन के साथ क्रिया करके सीधे नाइट्राइड बनाती है [Roorkee 1992; MP PMT 2000; BHU 2000]
(a) $Li$ (b) $Na$
(c) $K$ (d) $Rb$

39. निम्नलिखित में से किसका घनत्व जल से अधिक है [MP PET 1994]
(a) $Li$ (b) $Na$
(c) $K$ (d) $Rb$

40. जल के साथ क्षारीय धातु सोडियम की सक्रियता का प्रयोग किया जाता है [MP PMT 1994]
(a) एल्कोहल को सुखाने में
(b) बेंजीन को सुखाने में
(c) अमोनिया घोल को सुखाने में
(d) सामान्य शुष्ककारक के रूप में

41. निम्न में से किसका छोटा आकार होता है [RPET 2003]

(a) $H$ (b) $He^+$

(c) $_1H^2$ (d) $Li^{2+}$

42. $KF$ और $HF$ के संयोजन से $KHF_2$ निर्मित होता है। इस यौगिक में उपस्थित हैं [IIT 1996]

(a) $K^+$, $F^-$ और $H^+$ (b) $K^+$, $F^-$ और $HF$

(c) $K^+$ और $[HF_2]^-$ (d) $[KHF]^+$ और $F^-$

43. कौनसी क्षार धातु में धात्विक गुण अत्यधिक होता है [MH CET 2001]

(a) $K$ (b) $Cs$

(c) $Na$ (d) $Li$

44. हाइड्रोजन का वह गुण जो इसे अन्य क्षार धातुओं से भिन्न करता है [MP PET 1996]

(a) इसका विद्युत धनात्मक गुण है

(b) इसकी अधातुओं के प्रति बन्धुता है

(c) इसका अपचायक गुण है

(d) इसका अधात्विक गुण है

45. निम्नलिखित में से कौन जल के साथ तीव्र गति से अभिक्रिया करता है [AFMC 1995]

(a) $Li$ (b) $K$

(c) $Na$ (d) $Rb$

46. क्षार धातुओं के संयोजकता कोश का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास होता है [MP PET 1996; UPSEAT 2001]

(a) $ns^2np^1$ (b) $ns^1$

(c) $(n-1)p^6ns^2$ (d) $(n-1)d^2ns^2$

47. क्षारीय धातुएँ हैं [MP PMT 1996]

(a) Li, Na, Be, Mg, Cs (b) Li, Na, K, Rb, Cs

(c) Na, K, Mg, Ca, Rb (d) K, Rb, Cs, Ba, Sr

48. किसी तत्व का परमाणु क्रमांक 11 है। इसके ऑक्साइड का गुण होगा [MP PMT 1996]

(a) अम्लीय (b) क्षारीय

(c) अम्लीय एवं क्षारीय दोनों (d) उदासीन

49. सोडियम कार्बोनेट का औद्योगिक निर्माण होता है [CPMT 1982; MP PMT 1996]

(a) शीश-कक्ष विधि द्वारा (b) हैबर विधि द्वारा

(c) सॉल्वे विधि द्वारा (d) कास्टनर विधि द्वारा

50. क्षार धातुएँ प्रबल अपचायक हैं क्योंकि

(a) ये एकल संयोजी हैं

(b) इनके आयनन विभव काफी उच्च हैं

(c) इनके मानक इलेक्ट्रोड विभव बहुत अधिक ऋणात्मक हैं

(d) ये धातुएँ हैं

51. $LiCl$ तथा $NaCl$ के लिये निम्न में से कौनसा कथन सही है [Kurukshetra CEE 2002]

(a) $LiCl$ का $NaCl$ की तुलना में उच्च गलनांक होता है

(b) $LiCl$ जल में विलेय होता है, जबकि $NaCl$ नहीं

(c) $LiCl$ जल में $NaCl$ की तुलना में अधिक आयनित होता है

(d) गलित $LiCl$ गलित $NaCl$ की तुलना में कम चालक होता है

52. सोडियम निष्कर्षण की कास्टनर विधि में ऐनोड किस धातु का बना होता है [EAMCET 2003]

(a) कॉपर (b) आयरन

(c) सोडियम (d) निकिल

53. निम्न में से कौनसा s-ब्लॉक तत्व नाइट्राइड बनाता है [RPET 2003]

(a) $Ba$ (b) $Be$

(c) $Ca$ (d) $Li$

54. टिंकल (Tincal) है [Pb. PMT 2001]

(a) $Na_2CO_3.10H_2O$ (b) $NaNO_3$

(c) $NaCl$ (d) $Na_2B_4O_7.10H_2O$

55. निम्न में से किसकी न्यूनतम विलेयता होती है [BHU 2003]

(a) $Br_2S_3$ (b) $Ag_2S$

(c) $CoS$ (d) $PbS$

56. क्रायोलाइट निम्न में सहायता करता है [BHU 2003]

(a) गलनांक के अवनमन (b) गलनांक वृद्धि

(c) विद्युत चालकता में वृद्धि (d) विद्युत चालकता में कमी

57. लीथियम कुछ बातों में अन्य क्षारीय धातुओं के साथ भिन्नता प्रदर्शित करती है, जिसका प्रमुख कारण है [MP PET/PMT 1998]

(a) $Li$ परमाणु का और $Li^+$ आयन का छोटा आकार

(b) $Li$ की अत्यधिक उच्च विद्युत धनात्मकता

(c) $Li$ की उच्च कठोरता

(d) $Li^+$ आयन का जलयोजित होना

58. अम्लीकृत पोटेशियम परमैंग्नेट विलयन को रंगहीन किया जाता है [UPSEAT 2001]

(a) विरंजक चूर्ण से (b) माइक्रोकॉस्मिक लवण से

(c) मोहर लवण से (d) सफेद विट्रोल से

59. निम्न में से कौनसा पदार्थ जल को कीटाणुरहित एवं शुद्ध करने के लिये उपयोग किया जाता है [NDA 1999]

(a) एलम (b) चारकोल

(c) किसेलगुहर (Kieselguhr) (d) पोटेशियम परमैंग्नेट

60. फोटोग्राफी में सोडियम थायो सल्फेट का उपयोग किया जाता है [UPSEAT 1999]

(a) धात्विक चाँदी को सिल्वर लवण में परिवर्तित करने के लिए

(b) $AgBr$ चूर्ण को अधात्विक सिल्वर में अपचयित करने के लिए

(c) अपचयित सिल्वर को हटाने के लिए

(d) अविघटित $AgBr$ को $Na_3[Ag[S_2O_3)_2]$ (संकुल लवण) हटाने के लिए

61. बोरेक्स का संघटन है [UPSEAT 2001;04]

(a) $Na_2B_4O_7.4H_2O$ (b) $Na_2B_4O_7.10H_2O$

(c) $NaBO_2$ (d) $Na_2BO_3$

62. सोडियम बाइकार्बोनेट को जब एक भट्टी में प्रबलता से गर्म करके कैल्सीकरण किया जाता है, तो यह बनाता है [CPMT 2000; KCET (Med.) 2000]

(a) $Na$ (b) $Na_2CO_3$

(c) $NaCO_3$ (d) $NaHCO_3$

63. प्रबल अपचायक है [MP PET 2001]

(a) $K$ (b) $Al$

(c) $Mg$ (d) $Br$

64. क्षार धातुओं के लिए 'क्षार' शब्द उपयोग किया जाता है, जो कि दर्शाता है [RPMT 1999]

(a) पौधों की राख (b) धात्विक गुण

(c) चाँदी सी चमक (d) क्रियाशील धातु

65. पोटेशियम नाइट्रेट को कहते हैं [RPMT 1999]
(a) मोहर लवण (b) जिप्सम
(c) इंडियन साल्ट पीटर (d) चिली साल्ट पीटर

66. सॉल्वे विधि द्वारा $Na_2CO_3$ बनाने में निम्न में से कौनसा रसायन जल के साथ मिलाया जाता है [Roorkee 1999]
(a) $NaCl, CO$ तथा $NH_3$
(b) $NaCl, CO_2$ तथा $NH_3$
(c) $NaCl, NH_4Cl$ तथा $CO_2$
(d) $NaHCO_3, CO$ तथा $NH_3$

67. कौनसी धातु $300^oC$ पर $NH_3$ के साथ एमाइड बनाती है [CPMT 1994]
(a) $Mg$ (b) $Pb$
(c) $Al$ (d) $Na$

68. जब सोडियम को आर्द्रवायु के साथ गर्म किया जाता है, तब प्राप्त होने वाला उत्पाद है [AIIMS 1999]
(a) $Na_2O$ (b) $NaOH$
(c) $Na_2CO_3$ (d) $Na_2O_2$

69. एक अकार्बनिक यौगिक जो कि गलने के बाद फिर से ठोस हो जाता है, तथा गैस निकालता है, तो वह यौगिक हो सकता है [DPMT 2002]
(a) $MnO_2$ (b) $Al_2O_3$
(c) $KMnO_4$ (d) $KClO_3$

70. कम तापमान पर द्रव अमोनियम में सोडियम की औसत मात्रा मिलाने पर निम्न में से कौनसा परिवर्तन नहीं पाया जाता है [AIIMS 2003]
(a) विलयन का नीला रंग प्राप्त होता है
(b) विलयन में $Na^+$ आयन निर्मित होते हैं
(c) द्रव अमोनिया विद्युत की अच्छी सुचालक हो जाती है
(d) द्रव अमोनिया प्रतिचुम्बकीय रहती है

71. क्षार धातु कार्बोनेटों की घुलनशीलता [Pune CET 1998]
(a) पहले बढ़ती है फिर घटती है
(b) नियमित परिवर्तन नहीं दर्शाती
(c) समूह में नीचे जाने पर बढ़ती है
(d) समूह में नीचे जाने पर घटती है

72. निम्न में से कौनसा गुण क्षार धातु के सन्दर्भ में सही नहीं है [Pune CET 1998]
(a) निम्न परमाणु आयतन (b) निम्न आयनन ऊर्जा
(c) निम्न घनत्व (d) निम्न ऋण विद्युतता

73. निम्न में से किस क्षार धातु की $M(g) \rightarrow M^+(aq) + e^-$ अर्द्ध अभिक्रिया करने की उच्चतम प्रवृत्ति होती है [DPMT 2001]
(a) लीथियम (b) सोडियम
(c) सीजियम (d) पोटेशियम

74. निम्न में से कौनसा धातु हाइड्रॉक्साइड सोडियम हाइड्रॉक्साइड में विलेय नहीं होता है [KCET (Med.) 2001]
(a) $Zn(OH)_2$ (b) $Al(OH)_3$
(c) $Fe(OH)_3$ (d) $Pb(OH)_2$

75. निम्न में से कौन गर्म करने पर $CO_2$ नहीं देता है [NDA 1999; BHU 2000]
(a) $CaCO_3$ (b) $Na_2CO_3$
(c) $PbCO_3$ (d) $Li_2CO_3$

76. निम्न में से किस विधि के द्वारा $NaOH$ प्राप्त करते हैं [AFMC 2005]
(a) डाउन सेल (b) कास्टनर सेल
(c) सॉल्वे विधि (d) कास्टनर केलनर सेल

77. सोडियम अमोनिया विलयन में नीला रंग देता है। यह नीला रंग किसके कारण होता है [UPSEAT 2000,02; AMU 2002; RPMT 2002]
(a) अमोनियाकृत $Na^{\oplus}$ (b) अमोनियाकृत $Na^{\ominus}$
(c) अमोनियाकृत $e^-$ (d) $Na^+ / Na^-$ युग्म

78. क्षार धातुओं में प्रबलतम अपचायक है [CPMT 1999; Pb.CET 2001]
(a) $Li$ (b) $Na$
(c) $K$ (d) $Cs$

79. क्षार धातुओं के गलनांक उनके परमाणु भार बढ़ने के साथ-साथ [MP PMT 1995]
(a) बढ़ते हैं
(b) घटते हैं
(c) स्थिर रहते हैं
(d) निश्चित क्रम नहीं प्रदर्शित करते

80. सोडियम तथा पोटेशियम की जल के साथ क्रिया होती है [BHU 1999]
(a) ऊष्माक्षेपी
(b) ऊष्माशोषी
(c) उत्क्रमणीय
(d) अनुत्क्रमणीय तथा ऊष्माशोषी

81. पोटेशियम फैरोसायनाइड क्रिस्टलों को जब सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ गर्म करते हैं, तब गैस निकलती है [CBSE PMT PMT 1999; KCET 2000]
(a) अमोनिया (b) सल्फर डाईऑक्साइड
(c) कार्बन डाईऑक्साइड (d) कार्बन मोनोऑक्साइड

82. क्षारीय धातुओं की विशेषताएँ हैं [RPMT 2000; MP PMT 2004]
(a) ऊष्मा तथा विद्युत की सुचालक होती है
(b) उच्च गलनांक
(c) निम्न ऑक्सीकरण विभव
(d) उच्च आयनन विभव

83. एक पदार्थ $x$ जो कि IA समूह के तत्व का यौगिक है, ज्वाला परीक्षण में बैंगनी रंग देता है, तो $x$ है [MP PMT 1980, 85, 86; CPMT 1985; DCE 2000]
(a) $LiCl$ (b) $NaCl$
(c) $KCl$ (d) इनमें से कोई नहीं

84. निम्न में से कौनसे क्षार धातु आयन की जलीय विलयन में चालकता कम होती है [KCET 2000]
(a) $Rb^+$ (b) $Cs^+$
(c) $Li^+$ (d) $Na^+$

85. लीथियम, मैंग्नीशियम से रासायनिक व्यवहार में समानता दर्शाती है क्योंकि इनमें निम्न गुण होते हैं [Pb. PMT 2000]
(a) समान आकार, उच्च ऋणविद्युतता तथा समान ध्रुवीय शक्ति
(b) समान आकार, समान ऋणविद्युतता तथा निम्न ध्रुवीय शक्ति

(c) समान आकार, समान ऋणविद्युतता तथा समान उच्च ध्रुवीय शक्ति
(d) इनमें से कोई नहीं

**86.** निम्न में से कौन सबसे अधिक विद्युत-धनात्मक तत्व है [Pb. PMT 2000]
(a) कैल्शियम (b) क्लोरीन
(c) पोटेशियम (d) कार्बन

**87.** गलित सोडियम क्लोराइड का विद्युत अपघटन निम्न के निर्माण को अग्रित करता है [KCET 1990]
(a) $Na$ और $H_2$ (b) $Na$ और $O_2$
(c) $H_2$ और $O_2$ (d) $Na$ और $Cl_2$

**88.** जब सोडियम बाईकार्बोनेट को गर्म करते हैं तब उत्पाद प्राप्त होता है [Pb. CET 2000; DCE 2004]
(a) $Na$ (b) $Na_2CO_3$
(c) $NaCO_3$ (d) $Na_2(HCO_3)$

**89.** निम्नलिखित में से किसमें फिटकरी का उपयोग होता है [CPMT 2004]
(a) विस्फोटक बनाने में (b) कपड़ों के विरंजन में
(c) जल मृदुकरण में (d) सभी

**90.** निम्नलिखित में से कौनसा लवण जल में जल अपघटित नहीं होता है [CPMT 2004]
(a) $KClO_4$ (b) $NH_4Cl$
(c) $CH_3COONa$ (d) इनमें से कोई नहीं

**91.** लीथियम, सोडियम और पोटेशियम की आग को निम्न अग्निशामक द्वारा बुझा सकते हैं [DCE 2003]
(a) $H_2O$ (b) नाइट्रोजन
(c) $CO_2$ (d) एस्बेस्टस कम्बल

**92.** निम्नलिखित में से किस धातु का स्थायी कार्बोनेट है [AFMC 2004]
(a) $Na$ (b) $Mg$
(c) $Al$ (d) $Si$

**93.** एल्यूमीनियम, कॉस्टिक सोडा के साथ क्रिया करके बनाती है [DCE 2004]
(a) एल्यूमीनियम हाइड्रॉक्साइड
(b) एल्यूमीनियम ऑक्साइड
(c) सोडियम मेटा-एल्यूमीनेट
(d) सोडियम टेट्रा एल्यूमीनेट

**94.** क्षारीय मृदा धातुएँ, क्षारीय धातुओं की अपेक्षा सघन होती हैं क्योंकि क्षारीय मृदा धातुओं में धात्विक बंधन होता है। यह है [BHU 2004]
(a) अपेक्षाकृत प्रबल (b) अपेक्षाकृत दुर्बल
(c) वाष्पीकृत (d) उपस्थित नहीं

**95.** निम्नलिखित में से असत्य कथन है [CPMT 2004]
(a) क्लोरीन की अपेक्षा फ्लोरीन अधिक ऋणविद्युती है
(b) ऑक्सीजन की अपेक्षा, नाइट्रोजन की $IE_1$ अधिक होती है
(c) लीथियम उभयधर्मी है
(d) क्लोरीन ऑक्सीकारक है

**96.** निम्नलिखित में से किसकी क्षारीय प्रकृति सबसे अधिक है [UPSEAT 2004]
(a) $CsOH$ (b) $KOH$
(c) $NaOH$ (d) $LiOH$

**97.** निम्नलिखित में से किसमें प्रकाश विद्युत प्रभाव अधिकतम है [AFMC 2004]
(a) $Cs$ में (b) $Na$ में
(c) $K$ में (d) $Li$ में

**98.** एक धातु $M$, $N_2$ के साथ क्रिया करके यौगिक '$A$' ($M_3N$) देती है। उच्च ताप पर '$A$' को गर्म करने पर पुनः '$M$' देती और '$A$' जल के साथ क्रिया करके गैस '$B$' देता है। '$B$' को $CuSO_4$ विलयन में से गुजारने पर वह विलयन को नीला करता है $A$ और $B$ हो सकते हैं [DCE 2003]
(a) $Al$ और $NH_3$ (b) $Li$ और $NH_3$
(c) $Na$ और $NH_3$ (d) $Mg$ और $NH_3$

**99.** ठोस यौगिक '$X$' गर्म करने पर $CO_2$ गैस तथा अवशेष देता है। अवशेष को जल के साथ मिलाते हैं तो '$Y$' बनता है। '$Y$' को $CO_2$ की अधिकता में जल में से गुजारने पर साफ विलयन '$Z$' प्राप्त होता है। '$Z$', को उबालने पर, यौगिक '$X$' पुनः बनता है। यौगिक '$X$' है [CBSE PMT 2004]
(a) $Na_2CO_3$ (b) $K_2CO_3$
(c) $Ca(HCO_3)_2$ (d) $CaCO_3$

**100.** $LiCl, RbCl, BeCl_2$ और $MgCl_2$ यौगिकों में सबसे अधिक और सबसे कम आयनिक गुण क्रमशः हैं [Pb. CET 2004]
(a) $LiCl$ और $RbCl$ (b) $MgCl_2$ और $BeCl_2$
(c) $RbCl$ और $BeCl_2$ (d) $RbCl$ और $MgCl_2$

**101.** लवण केक है
(a) सोडियम सल्फेट
(b) सोडियम क्लोराइड
(c) सोडियम बाइसल्फाइट
(d) सोडियम सल्फेट और सोडियम क्लोराइड

**102.** ग्लोबर लवण है [BHU 1983; CPMT 1988, 91; IIT 1985; MP PET 2000]
(a) $MgSO_4.7H_2O$ (b) $CuSO_4.5H_2O$
(c) $FeSO_4.7H_2O$ (d) $Na_2SO_4.10H_2O$

**103.** सोडियम लवणों द्वारा ज्वाला को दिया जाने वाला रंग है [CPMT 1980; MP PET 1986]
(a) हल्का लाल (b) सोने जैसा पीला
(c) हरा (d) गुलाबी

**104.** सॉल्वे विधि किसे बनाने के लिए उपयोग करते हैं [CPMT 1982; AIIMS 1987]
(a) अमोनिया (b) सोडियम बाईकार्बोनेट
(c) सोडियम कार्बोनेट (d) कैल्शियम कार्बोनेट

**105.** शुष्क अमोनिया के प्रवाह में जब सोडियम को गर्म करते हैं तो प्राप्त होता है [NCERT 1981; KCET 2000]
(a) सोडियम नाइट्राइट (b) सोडियम हाइड्राइड
(c) सोडियम एमाइड (d) सोडियम एजाइड

**106.** धावन सोडा है [CPMT 1982; DPMT 1982; CBSE PMT 1990; MP PMT 1987, 96]
(a) $Na_2CO_3.10H_2O$ (b) $Na_2CO_3.H_2O$
(c) $Na_2CO_3.5H_2O$ (d) $Na_2CO_3$

**107.** वह पदार्थ जिसका उपयोग तेलों के विरंजन और शुद्धिकरण में होता है, वह है [MP PMT 1987]
(a) सोडियम कार्बोनेट (b) सोडियम क्लोराइड
(c) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (d) सोडियम सल्फेट

**108.** मुख्य लवण जो समुद्री जल में घुलनशील है [MP PMT 1998]

(a) $MgCl_2$ (b) $NaCl$

(c) $MgSO_4$ (d) $CaSO_4$

**109.** सोडियम द्वारा धात्विक चमक दर्शायी जाती है इसे निम्न के द्वारा वर्णित करते हैं [IIT 1987]

(a) सोडियम आयनों के विसरण द्वारा

(b) ढीले इलेक्ट्रॉनों के दोलन द्वारा

(c) स्वतंत्र प्रोटॉनों के उत्तेजन द्वारा

(d) काय केन्द्रित घनीय जालक के अस्तित्व द्वारा

**110.** वह धातु जो कमरे के ताप पर जल के साथ क्रिया करती है [CPMT 1985; MP PMT 1996; MP PET 1998]

(a) कॉपर (b) आयरन

(c) मैग्नीशियम (d) सोडियम

**111.** जब जल में $NaCl$ घोला जाता है, तब सोडियम आयन होते हैं [CPMT 1989]

(a) ऑक्सीकृत (b) अपचयित

(c) जल अपघटित (d) जलयोजित

**112.** सोडियम धातु को किसमें नहीं रख सकते हैं [CPMT 1985, 88, 94]

(a) बेंजीन (b) मिट्टी का तेल

(c) एल्कोहल (d) टॉलुईन

**113.** कॉस्टीकरण विधि निम्न के बनाने में उपयोग होती है [CPMT 1985; BHU 1986]

(a) कॉस्टिक सोडा (b) कॉस्टिक पोटाश

(c) बैरायटा (d) बुझा चूना

**114.** ठोस $NaOH$ के ऊपर से, $200^oC$ तक, जब $CO$ प्रवाहित करते हैं तो यह बनाती है [MP PMT 1985]

(a) $Na_2CO_3$ (b) $NaHCO_3$

(c) $HCOONa$ (d) इनमें से कोई नहीं

**115.** ब्राइन विलयन के विद्युत अपघटन द्वारा $NaOH$ का निर्माण करते हैं इस अभिक्रिया के उत्पाद हैं [KCET 1990]

(a) $Cl_2$ और $H_2$ (b) $Cl_2$ और $Na-Hg$

(c) $Cl_2$ और $Na$ (d) $Cl_2$ और $O_2$

**116.** सॉल्वे विधि द्वारा सोडियम कार्बोनेट का निर्माण करते हैं। उत्पाद जो पुनः निर्मित होते हैं [KCET 1993; DCE 1999]

(a) $CO_2$ और $NH_3$ (b) $CO_2$ और $NH_4Cl$

(c) $NaCl, CaO$ (d) $CaCl_2, CaO$

**117.** सोडियम कार्बोनेट के निर्माण की सॉल्वे विधि में उपयोगी सह-उत्पाद प्राप्त होते हैं [KCET 1989, 93]

(a) बिना बुझा चूना और $CO_2$

(b) $NaHCO_3$ और $NH_4Cl$

(c) $NH_4Cl$ विलयन और बिना बुझा चूना

(d) $NaHCO_3$ और $CO_2$

**118.** सोडियम कार्बोनेट के बनाने में निम्नलिखित में से किसका उपयोग होता है [AFMC 1992]

(a) बुझा चूना (b) बिना बुझा चूना

(c) चूने का पत्थर (d) $NaOH$

**119.** जब $NaOH$ क्रिस्टलों को खुली हवा में छोड़ते हैं तब ये प्रत्येक क्रिस्टल के चारों ओर द्रवीय परत बनाते हैं, क्योंकि [CPMT 1974]

(a) ये पिघलना शुरू करते हैं

(b) ये वायु से नमी अवशोषित करते हैं

(c) ये वायु से क्रिया करके द्रव यौगिक बनाते हैं

(d) ये वायु से $CO_2$ अवशोषित करते हैं

**120.** जलीय माध्यम में सोडियम कार्बोनेट $SO_2$ के साथ क्रिया करके देता है [MP PMT 1982, 85]

(a) $NaHSO_3$ (b) $Na_2SO_3$

(c) $NaHSO_4$ (d) $Na_2SO_4$

**121.** बेकिंग सोडा है [CPMT 1974, 78, 79, 91; BHU 1979; Manipal MEE 1995; AIIMS 1996; CPMT 1973; RPET 1999; AFMC 2001, 05; Pb. CET 2002]

(a) $Na_2CO_3$ (b) $NaHCO_3$

(c) $Na_2SO_4$ (d) $K_2CO_3$

**122.** सोडा राख है [KCET 1993]

(a) $Na_2CO_3.H_2O$ (b) $NaOH$

(c) $Na_2CO_3$ (d) $NaHCO_3$

**123.** सोडा लाइम है [KCET 1993]

(a) $NaOH$ (b) $CaO$

(c) $NaOH$ और $CaO$ (d) $Na_2CO_3$

**124.** नाभिकीय रिएक्टरों में गलित सोडियम उपयोग किया जाता है [KCET 1989]

(a) श्रृंखला अभिक्रिया को नियंत्रित करने के लिए, न्यूट्रॉनों के अवशोषण के लिए

(b) तेज न्यूट्रॉनों को धीमा करने के लिए

(c) नाभिकीय विखण्डन द्वारा उत्पन्न ऊष्मा अवशोषित करने के लिए

(d) रिएक्टर में उत्पन्न रेडियो समस्थानिकों को निष्कर्षित करने के लिए

**125.** निम्न में किसको मिलाकर शर्बत को संग्रहित करते हैं [AFMC 1989]

(a) सिट्रिक अम्ल (b) $KCl$

(c) $Na_2SO_3$ (d) सोडियम मैटा बाईसल्फाइट

**126.** सोडियम थायो सल्फेट ($Na_2S_2O_3.5H_2O$) फोटोग्राफी में निम्न के लिए उपयोग होता है [CPMT 1972, 74, 79; DPMT 1983; Bihar CEE 1995; MNR 1995]

(a) सिल्वर ब्रोमाइड को धात्विक सिल्वर में अपचयित करने के लिए

(b) धात्विक सिल्वर को सिल्वर लवण में परिवर्तित करने के लिए

(c) विलेय सिल्वर थायो सल्फेट संकुल के रूप में, अनअपघटित $AgBr$ को हटाने के लिए

(d) अनअपचयित सिल्वर को हटाने के लिए

**127.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म विलयन में नहीं पाया जा सकता है [IIT 1986; DCE 1999]

(a) $NaHCO_3$ और $NaOH$ (b) $Na_2CO_3$ और $NaOH$

(c) $Na_2CO_3$ और $NaCl$ (d) $NaHCO_3$ और $NaCl$

**128.** सोडियम थायोसल्फेट निम्न के द्वारा बनाते हैं [IIT 1996]

(a) $Na_2SO_4$ विलयन को $H_2S$ के साथ अपचयित करके

(b) क्षारीय माध्यम में $Na_2SO_3$ विलयन को सल्फर के साथ उबालने पर

(c) $H_2S_2O_3$ विलयन का $NaOH$ द्वारा उदासीनीकरण

(d) अम्लीय माध्यम में $Na_2SO_3$ विलयन को सल्फर के साथ उबालकर

129. जब $NaOH$ बनाते हैं तब उत्सर्जित गैस है [CPMT 1996]
(a) $Cl_2$ (b) $H_2$
(c) $O_2$ (d) $H_2O$

130. 'लाई' क्या है [BHU 1997]
(a) $NaCl$ का 10% विलयन
(b) $KOH$ का 10% विलयन
(c) $Ca(OH)_2$ का 10% विलयन
(d) $Na_2CO_3$ का 10% विलयन

131. बुन्सन ज्वाला में सोडियम किस कारण से पीला रंग देता है [RPMT 1997]
(a) निम्न आयनन विभव
(b) संवेदनशीलता
(c) ऊर्ध्वपातन
(d) उच्च विकिरण अवशोषित करता है

132. $NaOH$ विलयन की अधिकता में $Sn$ को घोला जाता है तब बनने वाला यौगिक है [RPMT 1997]
(a) $Sn(OH)_2$ (b) $Na_2SnO_3$
(c) $Na_2SnO_2$ (d) $SnO_2$

133. सही कथन की पहचान करो [CPMT 1997]
(a) सोडियम क्लोराइड के जलीय विलयन के विद्युत अपघटन द्वारा तात्विक सोडियम बनाकर उसे पृथक कर सकते हैं
(b) तात्विक सोडियम प्रबल ऑक्सीकारक है
(c) तात्विक सोडियम अमोनिया में घुलनशील है
(d) तात्विक सोडियम आसानी से ऑक्सीकृत होता है

134. कैल्शियम प्राप्त करते हैं [CBSE PMT 1997]
(a) लाइम स्टोन के भर्जन द्वारा
(b) जल में कैल्शियम क्लोराइड विलयन के विद्युत अपघटन द्वारा
(c) कार्बन द्वारा कैल्शियम क्लोराइड के अपचयन से
(d) गलित निर्जलीय कैल्शियम क्लोराइड के विद्युत अपघटन द्वारा

135. जब सोडियम क्लोराइड विलयन को विद्युत-अपघटित किया जाता है, तब कैथोड पर उत्सर्जित होने वाली गैस है [Kurukshetra CEE 1998]
(a) ऑक्सीजन (b) हाइड्रोजन
(c) क्लोरीन (d) वायु

136. गलित सोडियम क्लोराइड के विद्युत अपघटन के दौरान एनोड पर होने वाली अभिक्रिया है [KCET 1998]
(a) सोडियम आयनों का अपचयन
(b) सोडियम आयनों का ऑक्सीकरण
(c) क्लोराइड आयनों का अपचयन
(d) क्लोराइड आयनों का ऑक्सीकरण

137. $Na_2CO_3$ के निर्माण की सॉल्वे विधि में निम्न में से कौन भाग नहीं लेता है [EAMCET 1998]
(a) $NH_3$ (b) $NaCl$ विलयन
(c) $CO_2$ (d) $H_2SO_4$

138. $HgCl_2$ में $NaOH$ विलयन मिलाने पर उत्पन्न अवक्षेप का रंग होगा [KCET 1998]
(a) पीला (b) काला
(c) भूरा (d) सफेद

139. गलित $NaCl$ के विद्युत अपघटन के लिए उपयोग किया जाने वाला सेल है [AFMC 1999; Kerala (Mea.) 2002]
(a) डाउन सेल (b) कास्टनर सेल
(c) सॉल्वे सेल (d) नैल्सन सेल

140. बुझा हुआ चूना $[Ca(OH)_2]$ किसके निर्माण में उपयोगी है [UPSEAT 2000]
(a) सीमेण्ट (b) अग्नि सह ईंटों
(c) वर्णक (d) दवाईयाँ

141. जल शुद्धिकरण के लिए उपयोगी फिटकरी है [KCET (Med.) 2001]
(a) फैरिक फिटकरी (b) क्रोम फिटकरी
(c) पोटाश फिटकरी (d) अमोनियम फिटकरी

142. निम्नलिखित में से कौनसा धात्विक हाइड्रॉक्साइड, सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन में विलेय नहीं है [KCET (Med.) 2001]
(a) $Zn(OH)_2$ (b) $Al(OH)_3$
(c) $Fe(OH)_3$ (d) $Pb(OH)_2$

143. निम्नलिखित में से किस विधि में सोडियम के निष्कर्षण के लिए, $330^oC$ ताप पर गलित सोडियम हाइड्रॉक्साइड को विद्युत अपघटित करते हैं [CBSE PMT 2000; AFMC 2001]
(a) कास्टनर विधि (b) डाउन विधि
(c) सायनाइड विधि (d) (b) और (c) दोनों

144. हमारे तंत्र में $Na^+$ आयनों की अधिकता का कारण है [KCET (Med.) 2001]
(a) उच्च रक्त चाप (b) निम्न रक्त चाप
(c) मधुमेह (d) एनीमिया

145. फैरिक एलम का संघटन $(NH_4)_2SO_4.Fe_2(SO_4)_3.xH_2O$ है, $x$ का मान है [Orissa JEE 2002]
(a) 7 (b) 24
(c) 6 (d) 15

146. यदि वायु की उपस्थिति में $Na$ को गर्म करते हैं, तो यह बनाता है [AFMC 2002]
(a) $Na_2CO_3$ (b) $Na_2O_2$
(c) $Na_2O$ (d) (b) और (c) दोनों

147. निम्नलिखित में से कौन प्रबलतम अपचायक है [RPMT 2002]
(a) $HNO_3$ (b) $Na$
(c) $Cl_2$ (d) $Cr$

148. पायरोल्यूसाइट है [DPMT 2002]
(a) कार्बोनेट अयस्क (b) सल्फर अयस्क
(c) सिलिकॉन अयस्क (d) इनमें से कोई नहीं

149. गलित लवण विद्युत अपघटन (डाउन विधि) द्वारा सोडियम धातु के निर्माण में कैल्शियम क्लोराइड की सूक्ष्म मात्रा मिलाते हैं [MP PET 1993; MP PMT 1994]
(a) विद्युत चालन बढ़ाने के लिए
(b) विद्युत अपघटन के तापमान वृद्धि के लिए

(c) गलन ताप कम करने के लिए
(d) सोडियम धातु के स्थायित्व के लिए

150. सोडियम धातु निम्न के द्वारा निष्कर्षित करते हैं [MP PMT 1996]
(a) सोडियम क्लोराइड के जलीय विलयन के विद्युत अपघटन द्वारा
(b) गलित सोडियम क्लोराइड के विद्युत अपघटन द्वारा
(c) कार्बन के साथ सोडियम ऑक्साइड को गर्म करने पर
(d) हाइड्रोजन के साथ सोडियम ऑक्साइड को गर्म करने पर

## क्षारीय मृदा धातुएँ

1. एल्कोहल से जल का अन्तिम अंश हटाने में प्रयुक्त धातु है
(a) सोडियम (b) पोटेशियम
(c) कैल्शियम (d) एल्यूमीनियम

2. प्लास्टर ऑफ पेरिस है
[CPMT 1972, 76, 78, 83, 87, 88, 90, 91, 93, 94; JIPMER 2002; MP PET 1986, 2001; BHU 1992, 95, 2000; MNR 1982; DCE 2000; Manipal MEE 1995; NCERT 1976; Bihar MEE 1997; EAMCET 1978; AMU 1982, 84; DPMT 1982, 83]
(a) $CaSO_4.2H_2O$ (b) $CaSO_4.3H_2O$
(c) $CaSO_4.H_2O$ (d) $CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O$

3. निम्न में से किसका उपयोग प्रयोगशाला में सामान्यतः निर्जलीकारक के रूप में किया जाता है [MP PMT 1987]
(a) कैल्शियम क्लोराइड (b) सोडियम क्लोराइड
(c) सोडियम कार्बोनेट (d) पोटेशियम नाइट्रेट

4. समुद्री जल से निष्कर्षित की जाने वाली एक धातु है
[EAMCET 1978; CPMT 1988; CET Pune 1998; MP PET 2000]
(a) $Ba$ (b) $Mg$
(c) $Ca$ (d) $Sr$

5. वह अयस्क जिसमें मैग्नीशियम व कैल्शियम दोनों धातुएँ हैं
[MDAT Bihar 1984; MP PET 2003]
(a) मैग्नेसाइट (b) डोलोमाइट
(c) कार्नेलाइट (d) फॉस्फोराइट

6. एप्सम लवण है
[EAMCET 1978, 80; BHU 1979; MP PET 1999; CPMT 1988, 89, 90; Bihar MEE 1996]
(a) $CaSO_4.2H_2O$ (b) $BaSO_4.2H_2O$
(c) $MgSO_4.2H_2O$ (d) $MgSO_4.7H_2O$

7. प्लास्टर ऑफ पेरिस का अस्तमन (Setting) है
[MP PMT 1985; CPMT 1989]
(a) वायुमण्डलीय ऑक्सीजन द्वारा ऑक्सीकरण
(b) वायुमण्डलीय $CO_2$ से संयोजन
(c) निर्जलीकरण
(d) जलयोजन द्वारा अन्य हाइड्रेट बनाना

8. विद्युत-अपघटन निष्कर्षण विधि में मैग्नीशियम के ऑक्सीकरण को रोकने के लिए
(a) कुछ कैल्शियम फ्लोराइड मिलाते हैं
(b) कुछ क्लोराइड मिलाते हैं
(c) धातु को चमचों द्वारा निकालते जाते हैं
(d) सम्पूर्ण प्रक्रम कोल गैस के वातावरण में किया जाता है

9. पेड़-पौधों के हरे रंग के वर्णक क्लोराफिल में कौन-सा धातु तत्व पाया जाता है [KCET 1993; RPMT 1999; MP PET 2002]
(a) $Fe$ (b) $Mg$
(c) $Na$ (d) $Al$

10. निम्न में कौन-सा धातु कार्बोनेट गर्म करने पर अपघटित होता है
[MNR 1985; MP PET 1994; Pb. CET 2004]
(a) $MgCO_3$ (b) $Na_2CO_3$
(c) $K_2CO_3$ (d) $Rb_2CO_3$

11. क्षारीय -मृदा धातुओं का बाह्यतम इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है
[BHU 1980; CPMT 1985, 93; MP PAT 1993]
(a) $ns^2$ (b) $ns^1$
(c) $np^6$ (d) $nd^{10}$

12. धात्विक मैग्नीशियम बनाया जाता है [BHU 1973, 77]
(a) $MgO$ को कोक के साथ अपचयित करके
(b) $Mg(NO_3)$ के जलीय घोल का विद्युत अपघटन करके
(c) $MgSO_4$ के विलयन से आयरन द्वारा $Mg$ का विस्थापन करने से
(d) पिघले हुए $MgCl_2$ के विद्युत अपघटन से

13. II A समूह की $Be$, $Mg$, $Ca$ और $Sr$ धातुओं में सबसे कम आयनिक क्लोराइड बनाने वाली धातु है
[NCERT 1980; CPMT 1980]
(a) $Be$ (b) $Mg$
(c) $Ca$ (d) $Sr$

14. निम्न में से कौन-सा फ्लोरस्पार है
(a) $CaF_2$ (b) $CaO$
(c) $H_2F_2$ (d) $CaCO_3$

15. निम्न में से कौन-सा बैराइट है [CPMT 1987]
(a) $BaSO_4$ (b) $BaCl_2.2H_2O$
(c) $BaO$ (d) $BaCO_3$

16. निम्न में से किस सल्फेट की जल में विलेयता सर्वाधिक है
[EAMCET 1980,84,85; MP PMT 1994; Kurukshetra CEE 1998; AFMC 1990; MP PET 1994]
(a) $MgSO_4$ (b) $BaSO_4$
(c) $CaSO_4$ (d) $BeSO_4$

17. जिप्सम का संघटन सूत्र है
[CPMT 1975, 78, 82; DPMT 1982; IIT 1978; MNR 1981; MP PMT 1996; RPMT 1997]
(a) $(CaSO_4)_2.H_2O$ (b) $2CaSO_4$
(c) $CaSO_4.2H_2O$ (d) $2CaSO_4.H_2O$

18. मोर्टार एक मिश्रण है [EAMCET 1998; AIIMS 2000]
(a) $CaCO_3$, रेत तथा जल का
(b) बुझा हुआ चूना तथा जल का
(c) बुझा हुआ चूना, रेत (Sand) तथा जल का
(d) $CaCO_3$ तथा $CaO$ का

19. जिप्सम $(CaSO_4.2H_2O)$ को $120^oC$ तक गर्म करने से एक यौगिक बनता है जिसका रासायनिक संघटन है
[CPMT 1978, 82, 88, 90; EAMCET 1978; DPMT 1982, 83; NCERT 1979]
(a) $CaSO_4$ (b) $2CaSO_4.H_2O$
(c) $CaSO_4.H_2O$ (d) $2CaSO_4.3H_2O$

20. बेरिलियम को प्राप्त करने की सबसे दक्ष विधि है [NCERT 1982]
(a) बेरिलियम कार्बाइड का वियोजन
(b) गलित बेरिलियम क्लोराइड का विद्युत अपघटन
(c) कार्बन के साथ बेरिलियम ऑक्साइड का अपचयन
(d) मैग्नीशियम के साथ बेरिलियम हैलाइड का अपचयन

21. गलत कथन को चिन्हित करें
(a) लिथोपोन सस्ता पदार्थ है तथा इसकी कवरिंग क्षमता अच्छी है
(b) लिथोपोन पीला पिगमेण्ट (रंजक) है
(c) लिथोपोन को बेरियम सल्फाइड तथा जिंक सल्फेट को मिलाकर बनाया जाता है
(d) लिथोपोन बेरियम सल्फेट तथा जिंक सल्फाइड का मिश्रण है

22. शुद्ध निर्जलीय $MgCl_2$ हाइड्रेटेड लवण से बनाया जा सकता है [CPMT 1986; MP PMT 1989]
(a) हाइड्रेट को कोक के साथ गर्म कर
(b) हाइड्रेट को मैग्नीशियम रिबिन के साथ गर्म कर
(c) हाइड्रेट को पिघला कर
(d) $HCl$ के वायुमण्डल में हाइड्रेट को लाल होने तक गर्म कर

23. ब्लीचिंग पावडर को क्लोरीन तथा ........ की अभिक्रिया से प्राप्त किया जा सकता है [CPMT 1972, 78, 89; 2002; DPMT 1983]
(a) सान्द्र $Ca(OH)_2$ का विलयन
(b) $Ca(OH)_2$ का तनु विलयन
(c) शुष्क कैल्शियम ऑक्साइड
(d) शुष्क बुझा हुआ चूना

24. किसके लवण से ज्वाला को गहरा गुलाबी रंग दिया जाता है
(a) स्ट्रॉन्शियम (b) पोटेशियम
(c) जिंक (d) बेरियम

25. कैल्शियम लवण जब ज्वाला में रखते हैं तो यह कौनसा रंग देता है
(a) ईंट लाल (b) हरा
(c) सफेद (d) गुलाबी

26. फॉस्फीन को निम्न में से किस अयस्क द्वारा प्राप्त किया जाता है [Roorkee 1995]
(a) कैल्शियम सुपरफॉस्फाइट (b) कैल्शियम फॉस्फाइड
(c) पोटेशियम फॉस्फाइड (d) कैल्शियम हाइपोफॉस्फाइड

27. कैल्शियम प्राप्त किया जाता है [DPMT 1980; IIT 1980; CPMT 1996;AIIMS 2001]
(a) लाइम स्टोन के भर्जन द्वारा
(b) $CaCl_2$ का अपचयन कार्बन से करके
(c) $CaCl_2$ के जलीय विलयन का विद्युत अपघटन करके
(d) पिघले हुए $CaCl_2$ का विद्युत अपघटन करके

28. निम्न मे से किसकी परमाण्विक त्रिज्या सर्वाधिक है
(a) $P$ (b) $Si$
(c) $Al$ (d) $Mg$

29. "मैग्नेशिया" है
(a) $MgCO_3$ (b) $MgO$
(c) $MgSO_4$ (d) $MgCl_2$

30. $MgO$ तथा $MgCl_2$ के मिश्रण को कहते हैं [DPMT 1984]
(a) द्विक लवण (b) सॉरेल सीमेण्ट
(c) पोर्टलैण्ड सीमेण्ट (d) इनमें से कोई नहीं

31. लिथोपान है [AFMC 1992; BHU 1983, 86, 95; JIPMER 1999; RPET/PMT 1999]
(a) $BaO + ZnSO_4$ (b) $ZnO + BaSO_4$
(c) $BaS + ZnSO_4$ (d) $ZnS + BaSO_4$

32. ब्लीचिंग पावडर के लिये कौनसा कथन गलत है [EAMCET 1984; CPMT 1985]
(a) यह तनु अम्ल से क्रिया करके क्लोरीन उत्सर्जित करता है
(b) यह ऑक्सीकारक है
(c) यह हल्के पीले रंग का पावडर है
(d) यह जल में अत्यधिक घुलनशील है

33. ब्लीचिंग पावडर एक यौगिक है जिसका अणुसूत्र है [CPMT 1986, 89, 90, 93; MP PMT 1996; BHU 2005]
(a) $CaOCl_3$ (b) $CaOCl_2$
(c) $CaClO$ (d) $CaClO_3$

34. कैल्शियम सायनामाइड का सूत्र है [CPMT 1986, 93]
(a) $CaCHNH_2$ (b) $CaCN_2$
(c) $CaC_2N_2$ (d) $Ca(CN)_2$

35. निम्न में से कौनसा सही परॉक्साइड है [RPET 1999; CPMT 1981; Roorkee 1995]
(a) $SO_2$ (b) $BaO_2$
(c) $MnO_2$ (d) $NO_2$

36. निम्न में से कौनसा जल शोषक और निर्जलीकारक पदार्थ नहीं है [CBSE 1989; JIPMER 2002]
(a) सिलिका जैल (b) $P_2O_5$
(c) सान्द्र $H_2SO_4$ (d) जलीय $CaCl_2$

37. आतिशबाजी में गहरा लाल रंग किसके कारण से होता है [Roorkee 1989; DPMT 2001 MP PMT 1985; AFMC 1989; Roorkee 1989]
(a) $Na$ (b) $Ba$
(c) $Sr$ (d) $K$

38. क्षारीय मृदा धातुओं में सबसे अधिक विद्युत धनात्मक है [MP PMT 1993]
(a) बेरिलियम (b) मैग्नीशियम
(c) कैल्शियम (d) बेरियम

39. निम्नलिखित में से कौनसा लवण कमरे के तापक्रम पर जल में अविलेय है, परन्तु उबालने पर जल में विलेय है [MP PMT 1993]
(a) $CaCl_2$ (b) $BaCl_2$
(c) $SrCl_2$ (d) $PbCl_2$

40. बेरिलियम की विद्युत ऋणात्मकता निम्न में से लगभग किसके समान है [MP PMT 1993]
(a) एल्यूमीनियम (b) बोरॉन
(c) मैग्नीशियम (d) सोडियम

41. क्षारीय मृदा धातुओं के सल्फेटों की जल में विलेयता का सही क्रम है [MP PET 1993; Pb. CET 2000; DPMT 2004]
(a) $Be > Ca > Mg > Ba > Sr$
(b) $Mg > Be > Ba > Ca > Sr$
(c) $Be > Mg > Ca > Sr > Ba$
(d) $Mg > Ca > Ba > Be > Sr$

42. निम्न में से किसका इलेक्ट्रोड विभव सबसे अधिक है

[CPMT 1990]

(a) $Be$ (b) $Mg$

(c) $Ca$ (d) $Ba$

43. क्षारीय मृदा-धातुओं $Ba$, $Sr$, $Ca$ और $Mg$ को उनके प्रथम आयनन विभव के घटते हुए क्रम में किस प्रकार व्यवस्थित कर सकते हैं [CPMT 1990]

(a) $Mg, Ca, Sr, Ba,$ (b) $Ca, Sr, Ba, Mg$

(c) $Sr, Ba, Mg, Ca$ (d) $Ba, Mg, Ca, Sr,$

44. निम्न में से कौनसी क्षारीय मृदा-धातु एल्यूमीनियम के समान गुणों को प्रदर्शित करती है [BHU 1983]

(a) $Be$ (b) $Ca$

(c) $Sr$ (d) $Ba$

45. निम्न में से कौनसा आयन जल में अत्यधिक घुलनशील हाइड्रॉक्साइड बनाता है [CPMT 1974, 76, 79, 82]

(a) $K^+$ (b) $Zn^{++}$

(c) $Al^{+++}$ (d) $Ca^{++}$

46. सोडियम सल्फेट जल में घुलनशील है जबकि बेरियम सल्फेट धीरे-धीरे घुलता है क्योंकि [IITJEE 1989]

(a) $Na_2SO_4$ की जलयोजन ऊर्जा इसकी जालक ऊर्जा से कम होती है

(b) $Na_2SO_4$ की जलयोजन ऊर्जा इसकी जालक ऊर्जा से अधिक होती है

(c) $BaSO_4$ की जालक ऊर्जा इसकी जलयोजन ऊर्जा से अधिक होती है

(d) घुलनशीलता में जालक ऊर्जा की कोई भूमिका नहीं है

47. निम्न में से कौनसा सबसे अधिक क्षारीय है [CPMT 1977, 83]

